आश्विन कृष्ण पक्ष सप्तमी उपरांत 12:39 अष्टमी विक्रम संवत 2081
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
मंगलवार, 24 सितंबर 2024
वर्ष 34, अंक 236, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



दिसानायके ने नया युग लाने का किया वादा 16
सुर्खियों से दूर भारत के तारणहार बने रहे हैं जडेजा 15

# पूरे परिवार का अपहरण, महिला की हत्या

## कामतानाथ के दर्शन कराने के बहाने किया अपहरण, गला कसने पर पति कार से कूदा

संवाददाता, राठ/सरीला (हमीरपुर)

- पुलिस ने कार बरामद कर चालक को किया गिरफ्तार
- चार लोगों के खिलाफ दर्ज कराई गई एफआईआर

**अमृत विचार :** कामतानाथ के दर्शन के बहाने एक परिवार का अपहरण कर जान से मारने का प्रयास किया गया। गला कसने पर पति चलती कार से कूद गया, जबकि पत्नी की गला कसकर हत्या कर दी और राठ-उरई हाईवे पर गोहांड कस्बे के पास शव फेंक दिया। बेटे को भी मरा समझ कर रास्ते में फेंक दिया, जबकि बेटी को औरैया में छोड़ा। पुलिस ने तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ अपहरण और हत्या का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने कार बरामद कर ली है और चालक को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। आरोपियों की तलाश में चार टीमें गठित की गई हैं।

कानपुर नगर के चौबेपुर थाना क्षेत्र के मदारीपुर निवासी सूरज सिंह पुत्र छोटेलाल यादव परिवार के साथ कानपुर नगर के गुजैनी क्षेत्र के प्लाट नंबर 3 बी बर्रा में किराए पर रहता है। वह जूता फैक्ट्री में काम करता है। उसी मकान में त्रिभुवन उर्फ चाचा नाम का व्यक्ति भी रहता है। सूरज ने जरिया पुलिस को बताया कि त्रिभुवन ने चित्रकूट में कामतानाथ के दर्शन के लिए जाने की बात कही तो वह भी पत्नी अमन, बेटा रामजी और बेटी परी के साथ तैयार हो गया।

चित्रकूट जाने के लिए संजीव नामक व्यक्ति की अर्टिगा कार बुक की गई। शनिवार शाम त्रिभुवन ने अपने साथी वीर सिंह और रामप्रसाद को बुला लिया। सभी लोग कार से रवाना हुए। रविवार रात त्रिभुवन ने राठ-उरई हाईवे पर कुम्हरिया गांव के पास सूरज का गला दबाकर मारने का प्रयास किया। वह चलती कार से कूद गया। इसके बाद सूरज के पुत्र शिवा उर्फ रामजी को गोहांड के पास फेंक दिया। बेटी परी और पत्नी अमन को लेकर भाग गए। कार सवारों ने अमन की गला दबाकर हत्या करने के बाद जरिया थाना क्षेत्र के रहंक बंबी के पास फेंक दिया। बेटी परी को औरेया में फेंक दिया। रविवार सुबह रामजी ने गोहांड के पास एक मंदिर में घटना की जानकारी पुजारी को दी। पुजारी ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्चे को अपने साथ लेकर उसके पिता सूरज यादव की तलाश की तो वह भी मिल गया। सोमवार सुबह पुलिस ने रहंक बंबी के पास खेत से महिला का शव बरामद किया।

# हम बंटे थे इसीलिए अयोध्या से कटे थे : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- मीरजापुर में 127 परियोजनाओं का किया लोकार्पण-शिलान्यास
- 1500 से अधिक युवाओं को वितरित किया स्मार्टफोन व टैबलेट
- मत्स्य आहार प्लांट के लिए लगभग चार करोड़ का चेक भी सौंपा

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या धाम और रामलला के नवनिर्मित मंदिर का उदाहरण देते हुए सवाल पूछा है कि ऐसी स्थिति क्यों हुई कि अयोध्या में 500 वर्षों तक इंतजार करना पड़ा? रामलला के भव्य मंदिर को तोड़कर आक्रांताओं ने क्यों गुलामी का ढांचा खड़ा कर दिया था? उसका एक ही कारण है कि हम बंटे थे, इसलिए कटे थे। इसलिए बंटिए मत, बल्कि एकजुट होकर विकास व सुरक्षा के माहौल में आगे बढ़िए।

योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को मीरजापुर के गोपालपुर, विकासखंड पहाड़ी में 765 करोड़ रुपये की 127 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया। स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत 1500 से अधिक युवाओं को स्मार्टफोन व टैबलेट वितरित किए। मत्स्य आहार प्लांट की स्थापना की पहली क़िस्त के रूप में लगभग चार करोड़ का चेक भी सौंपा। विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित करते हुए विद्या शक्ति पोर्टल की भी शुरुआत की।

### माफिया को प्रशासन करता था सैल्यूट

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 के पहले माफिया समानांतर सरकार चलाते थे। खनन, पशु, संगठित अपराध, भूमाफिया हावी थे। जब उनका काफिला निकलता था तो सामान्य जनप्रतिनिधि सहम जाते थे, प्रशासन सैल्यूट करता था। आज माफिया गिड़गिड़ा रहे हैं कि जान बख्श दो।

### अपराधियों के सामने नाक रगड़ते थे विपक्षी

योगी ने विपक्षियों पर निशाना साधते हुए कहा कि जाति का खेल खेलने वाले लोग माफिया व दुर्दांत अपराधियों, दंगाइयों के सामने नाक रगड़ते थे। आज जब राज्य की विकास की नई धारा के साथ बढ़ रहा है तो यह फिर से अवरोध बनकर खड़ा होना चाहते हैं। ऐसे लोग वर्तमान के साथ भावी पीढ़ी के भविष्य के साथ भी खिलवाड़ कर रहे हैं।

## एक नजर

### विधायक अमानतुल्लाह की हिरासत 7 अक्टूबर तक

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को धन शोधन के एक मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्लाह खान की न्यायिक हिरासत 7 अक्टूबर तक बढ़ा दी। खान की न्यायिक हिरासत की समय सीमा समाप्त होने पर उसे विशेष न्यायाधीश राकेश स्याल के समक्ष पेश किया गया जिन्होंने यह आदेश पारित किया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दो सितंबर को खान को गिरफ्तार किया था। एजेंसी ने अदालत को बताया था कि अगर उसे रिहा किया गया तो वह गवाहों को प्रभावित कर सकता है और जांच को बाधित कर सकता है।

### अवैध पटाखा फैक्ट्री से बड़ी मात्रा में बारूद बरामद

**मुरैना।** मध्यप्रदेश के मुरैना जिले के महुआ थाना पुलिस ने एक अवैध पटाखा फैक्ट्री पर छापा मारकर बड़ी मात्रा में बने हुए पटाखे, पोटाश और बारूद बरामद किया है। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि महुआ थाना पुलिस को कल रात सूचना मिली कि ग्राम रुधावली में एक अवैध पटाखा फैक्ट्री में दीपावली के लिए बड़ी मात्रा में प्थाखों का निर्माण किया जा रहा है। महुआ थाना पुलिस ने इसकी सूचना समीप के अंबाह थाना पुलिस को भी दी। अंबाह और महुआ थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से ग्राम रुधावली में जाकर उक्त फैक्ट्री पर छापा मार करवाई की।

# चाइल्ड पोर्नोग्राफी देखना डाउनलोड करना अपराध

## सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट का फैसला पलटा, कहा-अदालतें इस शब्द का इस्तेमाल भी न करें

नई दिल्ली, एजेंसी



### चाइल्ड पोर्नोग्राफी शब्दावली बदलने को लाया जाए अध्यादेश

तीन जजों की पीठ ने कहा कि संसद को चाइल्ड पोर्नोग्राफी शब्दावली को चाइल्ड सेक्शुअल एक्सप्लॉइटेटिव एंड अब्यूजिव मटीरियल शब्दावली से प्रतिस्थापित करने के लिए से पॉक्सो में संशोधन लाने पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। पीठ ने यह भी कहा कि इस संशोधन के लिए फिलहाल सरकार अध्यादेश जारी कर सकती है। शीर्ष अदालत ने इसके साथ ही देश में यौन शिक्षा कार्यक्रमों को व्यापक रूप से लागू करने का भी सुझाव दिया, जिसमें नाबालिगों के साथ रतिक्रिया के चित्रण के कानूनी और नैतिक नतीजों की भी जानकारी शामिल की जाए।

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अपने एक ऐतिहासिक फैसले में बच्चों से जुड़ा पोर्नोग्राफी कंटेंट देखना या डाउनलोड करना कानूनी अपराध घोषित किया है। शीर्ष न्यायालय ने कहा है कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी कंटेंट को देखना या डाउनलोड करना पॉक्सो एक्ट और आईटी लॉ (सूचना एवं तकनीकी कानून) के तहत अपराध है।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने गैर सरकारी संगठन ''जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन अलायंस'' की अपील और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के हस्तक्षेप पर इस विषय में मद्रास हाईकोर्ट के एक फैसले को पलटते हुए नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। पीठ ने अपने फैसले में केंद्र सरकार को बाल पोर्नोग्राफी (चाइल्ड पोर्नोग्राफी ) शब्द की जगह संशोधित शब्दावली ''बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री'' (चाइल्ड सेक्शुअल एक्सप्लॉइटेटिव एंड अब्यूजिव मटीरियल) रखने के लिए जरूरी प्रक्रिया अपनाने के निर्देश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अदालतें भी चाइल्ड पोर्नोग्राफी शब्द का इस्तेमाल न करें।

अदालत ने पूरे देश में बच्चों को कम उम्र से ही पॉक्सो के बारे में जागरूक बनाने पर जोर दिया है, ताकि बाल संरक्षण, शिक्षा और यौन कल्याण के लिए एक मजबूत और सुविचारित दृष्टिकोण सुनिश्चित किया जा सके। शीर्ष अदालत ने यह भी माना है कि यदि सोशल मीडिया मंच सरकार या उसकी एजेंसियों द्वारा समुचित रूप से बाल यौन सामग्री के रूप में अधिसूचित आपत्तिजनक सामग्री को साक्ष्य को अप्रभावित रखते हुए अपने मंच से शीघ्रता पूर्वक नहीं हटाते हैं तो ऐसे मंचों को सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 79 के तहत दी गई सुरक्षा का लाभ नहीं मिलेगा।

दरअसल, एक मामले की सुनवाई में मद्रास हाईकोर्ट ने कहा था कि अगर कोई पोर्नोग्राफी कंटेंट डाउनलोड करता और देखता है, तो यह अपराध नहीं, जब तक कि नीयत इसे प्रसारित करने की न हो। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऐसे कंटेंट का स्टोरेज, इसे डिलीट न करना और इसकी शिकायत न करना बताता है कि इसे प्रसारित करने की नीयत से स्टोर किया गया है। हाईकोर्ट ने यह मामला खारिज करके अपने फैसले में गंभीर गलती की है। हम उसका फैसला रद करते हैं और मामले को वापस सेशन कोर्ट भेजते हैं।

# छत्तीसगढ़ में वज्रपात से पांच बच्चों समेत आठ लोगों की मौत

- भोजनावकाश में स्कूल में खेल रहे थे बच्चे

**राजनांदगांव, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में सोमनी के पास जोरातराई गांव के स्कूल में सोमवार को बिजली गिरने (वज्रपात) से पांच बच्चों समेत आठ लोगों की मौत हो गई तथा कुछ अन्य घायल हो गए। ये बच्चे भोजन अवकाश में खेल रहे थे। तभी बारिश के बीच बिजली गिरी जिसकी चपेट में उक्त छात्र और अन्य लोग आ गए। जिलाधिकारी संजय अग्रवाल ने स्कूली बच्चों समेत आठ लोगों की मौत की पुष्टि की है। बताया गया कि सोमनी थाना क्षेत्र के जोरातराई गांव में करीब डेढ़ बजे के आसपास मौसम खराब हुआ और बिजली की कडक़ड़ाहट के साथ बारिश हुई। उस वक्त गांव के सरकारी स्कूल के बच्चे भोजन अवकाश पर मैदान में खेल रहे थे और वे बिजली की चपेट में आ गए। इससे घटनास्थल पर ही पांच बच्चों समेत आठ लोगों की मौत हो गई। कुछ बच्चों के घायल होने की भी खबर है। जिलाधिकारी संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक व जिला शिक्षाधिकारी के साथ मेडिकल टीम गांव पहुंची और घायल बच्चों का उपचार शुरू किया।

# सुल्तानपुर डकैती का एक और आरोपी ढेर

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव



- मारे गए बदमाश अनुज सिंह पर घोषित था एक लाख रुपये का इनाम
- सोमवार भोर में एसटीएफ लखनऊ व अचलगंज पुलिस से हुई मुठभेड़

**अमृत विचार :** सुल्तानपुर जिले के एक ज्वैलर्स की दुकान में 28 अगस्त को पड़ी डकैती में शामिल रहे दो बदमाशों की अचलगंज क्षेत्र में पुलिस और एसटीएफ से सोमवार भोर में मुठभेड़ हो गई। इसमें एक बदमाश पुलिस की गोली लगने से ढेर हो गया जबकि दूसरा भागने में सफल रहा। मुठभेड़ में मारे गए बदमाश अनुज प्रताप सिंह पर एक लाख रुपये का इनाम था।

सुल्तानपुर स्थित एक ज्वैलर्स की दुकान में 28 अगस्त को दिनदहाड़े डकैती पड़ी थी। वारदात में शामिल रहे दो बदमाशों की लोकेशन एसटीएफ लखनऊ की टीम को उन्नाव के अचलगंज थाना क्षेत्र में मिली थी। एसटीएफ ने उन्नाव पुलिस के साथ घेरने की योजना तैयार की। रविवार देर रात एसटीएफ व पुलिस ने बदमाशों की घेराबंदी की। बदमाश बाइक से भागने लगे। उन्नाव के थाना अचलगंज क्षेत्र में बदमाशों का पुलिस से आमना-सामना हो गया। अपने को घिरा देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया, पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के सिर में गोली लगी। दूसरा बदमाश भागने में सफल रहा। मारे गए बदमाश की पहचान अनुज प्रताप सिंह पुत्र धर्मराज सिंह निवासी गांव जनापुर थाना मोहनगंज अमेठी के रूप में हुई। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

अनुज की बहन मनीषा सिंह ने भाई को निर्दोष बताया। जो डकैती में शामिल थे सभी का एनकाउंटर होना चाहिए। सजा देने का काम कोर्ट का है। मेरे भाई को विपिन सिंह और विनय शुक्ला ने फंसाया है। पिता धर्मराज सिंह ने कहा कि विपक्ष ने कहा था केवल जाति विशेष का एनकाउंटर सरकार करवा रही है। आज देख लीजिए ठाकुर का भी एनकाउंटर हो गया। जिन पर 35 से 40 केस हैं। उनका एनकाउंटर नहीं हो रहा है।

# खाली छोड़ी केजरीवाल की कुर्सी

नई दिल्ली, एजेंसी



- आतिशी ने संभाला दिल्ली के 8वें मुख्यमंत्री पद का प्रभार
- कहा-भरत की तरह करेंगी मुख्यमंत्री पद का काम

आम आदमी पार्टी (आप) की नेता आतिशी ने सोमवार को दिल्ली की 8वीं मुख्यमंत्री का प्रभार संभाला और कहा कि वह उसी तरह काम करेंगी, जैसे भरत ने अपने बड़े भाई भगवान राम की 'खड़ाऊं' को अयोध्या के सिंहासन पर रखकर काम किया था। वह मुख्यमंत्री कार्यालय में केजरीवाल की कुर्सी पर नहीं बैठीं और उन्होंने कहा कि केजरीवाल की कुर्सी खाली रहेगी। वह केजरीवाल की कुर्सी के बगल में रखी सफेद रंग की एक अन्य कुर्सी पर बैठीं।

आतिशी ने केजरीवाल सरकार में उनके पास रहे 13 विभागों का प्रभार अपने पास रखा है जिनमें शिक्षा, राजस्व, वित्त, बिजली और पीडब्ल्यूडी शामिल हैं। उन्होंने प्रभार संभालने के बाद कहा कि मैं दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में चार महीने तक उसी तरह काम करूंगी, जैसे भरत ने भगवान राम की खड़ाऊं को सिंहासन पर रखकर काम किया था। अरविंद केजरीवाल ने इस्तीफा देकर राजनीति में गरिमा की मिसाल कायम की है।

### मुख्यमंत्री पद का अनादर : भाजपा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री का कार्यभार संभालने के बाद आतिशी के बयान पर भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने तंज किया है। उन्होंने कहा कि आतिशी एक खाली कुर्सी दिखाती हैं तो इसका मतलब वह अपने को मुख्यमंत्री नहीं मानती हैं। यह कृत्य मुख्यमंत्री पद और संविधान का अनादर है। भाजपा की दिल्ली इकाई के प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा ने आतिशी की आलोचना करते हुए कहा कि यह मुख्यमंत्री के पद का अपमान है। भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा आतिशी जी और अरविंद केजरीवाल जी दिल्ली में लालू-राबड़ी मॉडल और सोनिया-मनमोहन मॉडल चलाना चाहते हैं।

# भारत में एमपॉक्स क्लेड-1 बी का पहला मामला मिला

- यूएई से केरल लौटे युवक में मिले लक्षण

**नई दिल्ली।** एमपॉक्स वायरस के जिस स्वरूप (स्ट्रेन) को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने पिछले महीने सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया था, भारत में उसका पहला मामला सामने आया है। पिछले सप्ताह केरल में एक व्यक्ति के इससे संक्रमित होने की पुष्टि हुई।

सूत्रों ने बताया कि मल्लपुरम निवासी 38 वर्षीय व्यक्ति को 'क्लेड-1बी स्ट्रेन' से संक्रमण का पता चला है, जो हाल में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से लौटा है। सूत्रों ने बताया कि रोगी की हालत स्थिर है। यह इस स्वरूप का पहला मामला है। इस स्वरूप के कारण विश्व स्वास्थ्य संगठन ने पिछले महीने दूसरी बार एमपॉक्स को सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया था। इससे पहले राजधानी दिल्ली में सामने आया एमपॉक्स का एक मामला हरियाणा के हिसार निवासी 26 वर्षीय व्यक्ति का था, जो इस महीने की शुरुआत में पश्चिमी अफ्रीकी 'क्लेड 2' स्वरूप से संक्रमित पाया गया था।

# तिरुपति मंदिर का हुआ शुद्धिकरण

## प्रसाद विवाद : मंदिर में किया गया शांति होम

तिरुमला, एजेंसी



मंदिर की रसोई में शुद्धि अनुष्ठान करते पुजारी।

तिरुमला मंदिर में लड्डू प्रसाद में मिलावट के परिप्रेक्ष्य में तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने सोमवार सुबह तिरुमाला मंदिर की यज्ञशाला में वैखानस आगम के सिद्धांतों के अनुसार मंदिर का शुद्धिकरण करते हुए 'शांति होम' किया। टीटीडी के कार्यकारी अधिकारी जे. श्यामला राव और अतिरिक्त कार्यकारी अधिकारी सीएच वेंकैया चौधरी ने पवित्र समारोह के संपन्न होने के बाद बताया कि महा शांति होम का उद्देश्य बुरे प्रभावों को दूर करना, लड्डू प्रसादम और अन्य नैवेद्यम की पवित्रता को बहाल करना और श्रीवारी भक्तों का कल्याण करना है।

उन्होंने कहा कि यह पवित्र अनुष्ठान एक पाप-मुक्त अनुष्ठान है और इसके एक हिस्से के रूप में ऋत्विकों द्वारा वास्तु शुद्धि, कुंभजला संप्रोक्षण किया गया। भक्त लड्डू प्रसादम और नैवेद्यम की गुणवत्ता के बारे में अपनी आशंकाओं और गलतफहमियों को दूर कर सकते हैं। मंदिर के मुख्य पुजारियों में से एक वेणुगोपाल दीक्षितुलु ने कहा कि सुबह छह से दस बजे तक यज्ञशाला में संकल्पम, विश्वक्सेना आराधना, पुण्याहवचनम, वास्तु होम, कुंभ प्रतिष्ठा, पंचगव्य आराधना की गई।

### घी की आपूर्ति करने वाली कंपनी को दी नोटिस

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने तिरुमला तिरुपति बालाजी मंदिर में लड्डू प्रसादम के लिए घी की आपूर्ति करने वाली एक कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। मंत्रालय ने मंदिर में घी की आपूर्ति करने वाली चार कंपनियों के उत्पाद के नमूने मांगे थे और उनका परीक्षण किया था। इनमें से एक कंपनी के उत्पाद का नमूना मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया है।केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि तिरुमला तिरुपति प्रसाद मामले में आंध्र प्रदेश सरकार से रिपोर्ट मांगी गई है और इस पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# बिहार में निर्माणाधीन पुल का एक हिस्सा ढहा

पटना, एजेंसी



- प्रांत में हाल के दिनों में ढह चुके हैं एक दर्जन से अधिक पुल

बिहार में पटना जिले के बख्तियारपुर-ताजपुर गंगा महासेतु का एक निर्माणाधीन हिस्सा रविवार रात को ढह गया। इस घटना को हाल के दिनों में बिहार के कई जिलों में एक दर्जन से अधिक पुलों के ढहने की कड़ी में देखा जा रहा है।

बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने घटना के पीछे निर्माण कार्य में वित्तीय भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। हालांकि बिहार राज्य सड़क विकास निगम लिमिटेड (बीएसआरडीसीएल) के मुख्य महाप्रबंधक प्रबीन चंद्र गुप्ता ने बताया कि घटना बियरिंग बदलने के दौरान हुई है जो एक नियमित अभ्यास है। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। बख्तियारपुर-ताजपुर गंगा महासेतु के निर्माण की देखरेख बीएसआरडीसीएल कर रहा है। प्रबीन गुप्ता ने बताया कि खंभों पर गर्डर रखते समय उनमें से एक गिर गया।

# फिल्म लापता लेडीज ऑस्कर के लिए नामित

**चेन्नई।** किरण राव की 'लापता लेडीज' को ऑस्कर पुरस्कार 2025 के लिए भारत की आधिकारिक प्रविष्टि के तौर पर चुना गया है। फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया ने सोमवार को यहां यह घोषणा की। पितृसत्ता पर हल्के-फुल्के व्यंग्य से भरपूर इस हिंदी फिल्म को 29 फिल्मों में से चुना गया है जिनमें बॉलीवुड की हिट फिल्म एनिमल, मलयालम की राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अट्टम और कान फिल्म महोत्सव की विजेता ऑल वी इमेजिन एज लाइट शामिल हैं। असमी फिल्म निर्देशक जाहनु बरुआ की अध्यक्षता वाली 13 सदस्यीय चयन समिति ने सर्वसम्मति से चुनाव किया।

# अतीत में शनि ग्रह के समान छल्लों से घिरी हुई थी पृथ्वी

## 466 मिलियन वर्ष पहले थे वलय, नए शोध से हुआ खुलासा

संवाददाता, नैनीताल



### दुनिया के तमाम क्षेत्रों का किया अध्ययन

वास्तव में इस पृथ्वी के वलयों का पता लगाना आसान नहीं था। जिसके लिए शोधकर्ताओं ने पृथ्वी के तलछट या बर्फ के नीचे दबे क्षेत्रों, नष्ट हुए क्षेत्रों और टेक्टोनिक गतिविधि से प्रभावित क्षेत्रों को बाहर रखा और पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया, अफ्रीका, उत्तरी अमेरिकी क्रेटन और यूरोप के छोटे हिस्सों सहित विभिन्न महाद्वीपों को अध्ययन क्षेत्र बनाया। तब यह जानकारी सामने आ पाई।

**अमृत विचार :** बेहद रोचक जानकारी सामने आ रही कि पृथ्वी भी कभी शनि ग्रह के समान छल्लों से घिरी हुई थी। ऑस्ट्रेलिया स्थित मोनाश यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने यह दावा किया है। शोध में बताया गया है कि 466 मिलियन वर्ष पहले पृथ्वी के चारों ओर वलय थे।

इसमें दो राय नहीं कि प्रकृति कभी एक समान नहीं हो सकती। बदलना इसका स्वभाव रहा है। हमारी धरती भी इससे अछूती नहीं है। कभी यह धधकती आग का गोला हुआ करती थी तो कभी भीषण हिमयुग की चपेट में रही। मगर अब जो जानकारी सामने आई है, वह आश्चर्य व्यक्त करने वाली है। हमारे सौर मंडल में रिंग सिस्टम आम हैं। शनि, बृहस्पति, यूरेनस, नेपच्यून और यहां तक कि कुछ बौने ग्रहों और क्षुद्रग्रहों में भी छल्ले हैं। अतीत में पृथ्वी के वलयों को लेकर किए गए शोध पर सच्चाई झलकती है। ऑस्ट्रेलिया के मोनाश विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने 16 सितंबर को इसका खुलासा किया है। 466 मिलियन वर्ष पहले यानी पृथ्वी मध्य ऑर्डोविशियन काल के दौरान छल्लों से घिरी हुई थी। वैज्ञानिकों ने कहा कि क्षुद्रग्रह प्रभाव से बने क्रेटर के अध्ययन से इसका पता चलता है। अर्थ एंड प्लैनेटरी साइंस लेटर्स में यह शोध प्रकाशित किया गया है। शोधकर्ताओं का अनुमान है कि लगभग 466 मिलियन वर्ष पहले एक बड़ा क्षुद्रग्रह पृथ्वी के रोश सीमा के भीतर से गुजरा था। रोश सीमा पृथ्वी से न्यूनतम दूरी होती है। जिसके भीतर पृथ्वी का आंतरिक गुरुत्वाकर्षण बल प्रभावी होता है। जिसके चलते पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण ने क्षुद्रग्रह को तोड़ दिया और मलबा छिटककर वलय बनकर पृथ्वी की परिक्रमा करने लगा।

शोधकर्ताओं ने 466 मिलियन वर्ष पहले मध्यकाल के 21 ज्ञात क्षुद्रग्रह प्रभावों के स्थानों की जांच की। तब पता चला कि सभी क्रेटर भूमध्य रेखा के 30 डिग्री के भीतर स्थित थे। अनुसंधान दल ने अनुमान लगाया कि क्रेटर मलबे से बने हैं जो धीरे-धीरे पृथ्वी से टकराते चले गए।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

# बिना भेदभाव हर वर्ग को मिल रहा योजनाओं का लाभ

## सेवा पखवाड़ा के तहत स्वास्थ्य केन्द्रों पर निःशुल्क शिविर आयोजित, सांसद और विधायक भी रहे मौजूद

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के मौके पर चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत जिले के नगर की सीएचसी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शाहाबाद संवाददाता के अनुसार सीएचसी में आठ दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन सांसद जय प्रकाश ने किया।

सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में आज पूरे विश्व में भारत की शक्ति, सामर्थ्य व कूटनीति का लोहा माना जा रहा है। केंद्र व भाजपा शासित राज्य सरकारें सबका साथ सबका विकास के मुद्दे पर जन कल्याणकारी योजनाएं चला रही हैं। जिनका लाभ सभी को बिना भेदभाव दिया जा रहा है। उन्होंने आरबीएसके कार्यक्रम के अंतर्गत कराए गए आपरेशन के प्रमाण पत्र, आयुष्मान और आभा आईडी, टीबी के मरीजों की पोषण पोटली वितरित की और सीएचसी प्रांगण में पौधरोपण किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य शिविर के आयोजक सीएचसी प्रभारी डा. प्रवीण दीक्षित, डा. मुरारी लाल गुप्ता, डा. जीशान, डा. फरहाना, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश अग्निहोत्री, नगर अध्यक्ष अनिल पांडेय पिंटू, वेद राम राजपूत सहित स्वास्थ्य विभाग की एएनएम, आशा स्टाफ उपस्थित रहा।



अतरौली में लाभार्थी को पोषण पोटली देते सांसद व विधायक। अमृत विचार

अतरौली संवाददाता के अनुसार सीएचसी भरावन में सेवा पखवाड़ा के तहत स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मिश्रिख सांसद अशोक रावत ने कहा कि मोदी सरकार में जन-जन को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। सीमावर्ती गांवों में भी त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। विधायक अलका सिंह अर्कवंशी ने कहा कि आज ही के दिन आयुष्मान कार्ड का शुभारंभ किया गया था। प्रत्येक कार्ड धारक को पांच लाख का निःशुल्क इलाज मिल रहा है। ब्लॉक प्रमुख विनोद सिंह तोमर ने कहा कि मोदी-योगी सरकार में स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर हुई हैं। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष कर्मवीर चौहान, नरेंद्र बाजपेई, राजेश अवस्थी, ओमप्रकाश अर्कवंशी, सूरज चौहान, पप्पू त्रिवेदी, केपी सिंह, अशोक तिवारी, आयुष अर्कवंशी, मोनू सिंह, सुनील पांडे, विष्णु मिश्र, विकास रावत मौजूद रहे। कछौना सीएचसी प्रांगण में 160 विधानसभा बालामऊ के विधायक रामपाल वर्मा ने फीता काटकर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का उद्घाटन किया। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 17 सितंबर जन्मदिन से 2 अक्टूबर तक पूरे देश में सेवा पखवाड़ा चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत दिव्यांग वृद्ध, पुरुष, वृद्ध महिलाएं एवं हर गरीब व्यक्ति को उसके लिए स्वास्थ्य, चिकित्सा व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार संकल्प बंद है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कछौना में आयुष्मान कार्ड के वितरण किए गए और 70 वर्ष के ऊपर वृद्ध जनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया गया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष राधा रमण शुक्ला (पंकज), जिला मंत्री अजय शुक्ला, मंडल अध्यक्ष नवीन पटेल, शिवम मिश्रा, अधीक्षक मुक्ति धवल ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

बिलग्राम संवाददाता के अनुसार आयुष्मान भारत योजना के छह वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलग्राम पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। विधायक आशीष सिंह आशू की मां विमला देवी ने शिविर की फीताकाट कर शुरुआत की। विधायक ने फोन करके 5 टीबी के मरीजों को गोद लिया। इनके अलावा अन्य लोगों ने 30 मरीजों को गोद लिया। स्वास्थ्य शिविर में गोल्डन कार्ड का वितरण भी किया गया। बड़ी तादाद में महिला, पुरुष, बच्चे, बुजुर्ग और नौजवान स्वास्थ्य में पहुंचे। विमला देवी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन को लेकर देशभर में सेवा पखवाड़ा के तहत कई तरह के सामाजिक जनकल्याण से जुड़े आयोजन कराए जा रहे हैं। सीएचसी इन्चार्ज डॉ राजेन्द्र कुमार ने बीमारियों के लक्षण और उनसे बचाव के तरीके बताए। ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक अनिरुद्ध मिश्रा ने स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी दी। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष अनिल राठौर, नीरज गुप्ता, आरती गुप्ता, दीपा विस्वाश, अशोक सिंह, मंगतराम आदि नेता मौजूद रहे।



शाहाबाद में डोर टू डोर संपर्क करते सांसद जयप्रकाश रावत। अमृत विचार

### स्वास्थ्य परीक्षण कर वितरित की गईं दवाएं

**हरदोई, अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के मौके पर मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन श्रीश चंद्र बारात घर में संपन्न हुआ। जिसका उद्घाटन जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने एवं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती ने किया। जिसमें लोगों को परीक्षण के साथ ही दवा, सीरप आदि का भी वितरण किया गया। आयुष्मान कार्ड रजिस्ट्रेशन एवं आयुष्मान कार्ड वितरण भी संपन्न हुआ। इस मौके पर क्षेत्रीय महामंत्री अनुसूचित मोर्चा पीके वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्र मधुर, जिला महामंत्री अनुराग मिश्रा, कोषाध्यक्ष एवं शिविर के संयोजक डॉ अनुज गुप्ता, जिला मंत्री अविनाश पांडे, नीतू चंद्रा, जिला मीडिया प्रभारी गांगेश पाठक आदि मौजूद रहे।



लाभार्थी को आयुष्मान कार्ड वितरित करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष व भाजपा अध्यक्ष। अमृत विचार

### एक नजर

#### लूट में शामिल रहा तीसरा आरोपी भी भेजा गया जेल

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली पुलिस ने फतेहपुर गयंद और कामेपुर के बीच में हुई शराब सेल्समैन से लूट में शामिल तीसरे आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। शाहाबाद कोतवाली के ग्राम मिश्रीपुर निवासी धर्मपाल राठौर फत्तेपुर गाजी में शराब की दुकान पर सेल्समैन है। 7 सितंबर की रात्रि में वह बाइक से अपने घर आ रहा था फतेहपुर गयंद और कामेपुर के बीच में एक झाड़ी में से निकले तीन बदमाशों ने उसे 33,000 की नकदी और एक ओप्पो मोबाइल छीन लिया था। इस सिलसिले में कोतवाली पुलिस पहले ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। तीसरे आरोपी की गुड्डन मिश्रा उर्फ अवनीश कुमार निवासी ग्राम नवरोजपुर नगरिया थाना शाहाबाद को गिरफ्तार किया गया। जिसके पास से 4700 की नौकरी बरामद हुई। आरोपी गुड्डन मिश्रा को जेल भेज दिया गया।

#### वरासत के लिए वसूले पैसे लेखपाल ने लौटाये

**हरदोई, अमृत विचार।** अमृत विचार अख़बार में लगी खबर का हुआ असर विरासत के नाम पर लेखपाल ने लिए पैसे तत्काल वापस किये और अनुशासन दिया कि जल्द ही विरासत करके देंगे। बताते चलें एक दिन पहले 23 सितंबर को अमृत विचार अखबार में खबर लगी थी। जिसमें सवाजयपुर क्षेत्र के लेखपाल का विरासत करवाने के नाम पर पैसे लेने का ऑडियो वायरल हो हुआ था। जिसमें लेखपाल कह रहा था पैसे सब कोई देता है तुम क्या कुछ अलग हो। जानकारी के साथ ऑडियो मिलने जिसको लेकर अमृत विचार अखबार में खबर छपी थी। उसका तत्काल असर हुआ। लेखपाल ने लिए पैसे तुरंत वापस किये और तुरंत ऑनलाइन किया। उसके बाद पीड़ित को जल्द ही विरासत देने की बात कही।

#### सांसद ने ग्रहण कराई भाजपा की सदस्यता

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** नगर भाजपा द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान को गति देने के लिए सोमवार को सांसद जयप्रकाश रावत ने शक्ति केंद्रों पर जाकर लोगों से मुलाकात की। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। सांसद जयप्रकाश रावत शक्ति केंद्र पठकाना के मोहल्ला खत्ता जमाल खां और शक्ति केंद्र खेड़ा बलाय कोर्ट के मोहल्ला खेड़ा बीवीजयी में पहुंचे। डोर टू डोर जनसंपर्क कर सदस्यता ग्रहण कराई। इस मौके पर भाजपा नगर अध्यक्ष अनिल पांडे पिंटू, युवा नेता अनुराग श्रीवास्तव, सुभाष रस्तोगी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# व्यापारियों ने सांसद को दिया ज्ञापन

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के कार्यकर्ताओं ने रेल मंत्री भारत सरकार को संबोधित ज्ञापन क्षेत्रीय सांसद को देकर रेलवे स्टेशन पर सुविधाएं बढ़वाने की मांग की। व्यापार संगठन ने आंझी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर नंबर दो की ऊंचाई कम होने की वजह से यात्रियों को ट्रेन में चढ़ने उतरने में दिक्कत का सामना करना पड़ता है। ऊंचा करवाने की मांग की।प्लेटफार्म नंबर दो पर शौचालय बनवाने की मांग की। प्लेटफार्म नंबर दो पर पैदल सीढ़ी पुल पर रोशनी का इंतजाम करवाने की मांग की गई। प्लेटफार्म नंबर एक पर यात्रियों के लिए पड़े टीन शेड को बढ़वाने की मांग की गई ताकि वर्षा और सर्दी के मौसम में यात्रियों को सुविधा मिल सके इसके अलावा क्षेत्रीय संसद से आधा दर्जन अप और डाउन गाड़ियों के ठहराव की मांग की गई है। जिनमें अवध आसाम 15909 अप 15910 डाउन, 3151 अप सियालदा, 15073अप, 15074, 15076डाउन त्रिवेणी और 14266 डाउन जनता एक्सप्रेस के ठहराव की मांग यात्रियों की सुविधा के लिए की है। सांसद ने व्यापार संगठन की बात रेल मंत्रालय से करने का वादा किया है। इस अवसर पर महामंत्री संदीप गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील गुप्ता, उपाध्यक्ष रामू राठौर, दिनेश वर्मा सहित संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



सांसद जयप्रकाश को ज्ञापन देते व्यापारी। अमृत विचार

# सड़क दुर्घटना में बाइक चालक पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ग्राम कपूरपुर बहोरन निवासी अधेड़ की बाइक की टक्कर से इलाज के दौरान मृत्यु होने पर थाना बेहटा गोकुल पुलिस ने बाइक चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के ग्राम कपूरपुर बहोरन निवासी प्रभांशु वर्मा ने बताया कि उसके पिता छेदा 20 सितंबर को गांव से पैदल टोडरपुर जा रहे थे, हरदोई-शाहाबाद मार्ग पर ग्राम बेड़ी लीक के सामने तेज रफ्तार बाइक चालक ने उसके पिता के टक्कर मार दी। घायल पिता को टोडरपुर सीएचसी ले जाया गया जहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया। हरदोई जाते समय रास्ते में उनकी मृत्यु हो गई। पुत्र के प्रार्थना पत्र पर पुलिस ने आरोपी केस दर्ज कर लिया है।

# तीन साल की बच्ची को सांप ने डसा, अस्पताल में मौत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** चारपाई पर सो रही तीन साल की बच्ची जैसे ही उतर कर खड़ी हुई, उसी बीच वहां बैठे सांप ने पैर में डस लिया। इसका पता होते ही बच्ची के घर में चीख-पुकार मच गई। आनन-फानन में उसे सीएचसी से मेडिकल कालेज ले जाया गया। जहां से उसे लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। घर वाले उसे लखनऊ ले जाने का बंदोबस्त कर रहे थे। उसी बीच मौत हो गई।

बताया गया है कि माधौगंज थाने के खुर्दा मदारपुर निवासी रोहन लाल ने बताया कि उसके दो बेटे और एक तीन वर्षीय बेटी अंजलि है। शनिवार की रात अंजलि चारपाई पर सो रही थी। उसी बीच वह नींद से जागी और चारपाई से नीचे उतर कर ज़मीन पर खड़ी हो गई। उसी बीच वहीं बैठे ज़हरीले सांप ने उसके पैर में काट लिया। इसका पता होते ही वहां अफरा-तफरी मच गई। अंजलि को आनन-फानन में गांव से सीएचसी पहुंचाया गया,वहां के डाक्टरो ने उसे लखनऊ के लिए रिफर कर दिया। अंजलि के घर वाले उसे वहां से मेडिकल कालेज ले गए, जहां के डाक्टरो ने उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रिफर कर दिया। उसे ले जाने की तैयारी कर ही रहे थे कि उसी बीच उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है।

### सार-संक्षेप

#### थाने से छूटे युवक ने पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप

**हरदोई, अमृत विचार।** दुकानदार और अंडे का ठेला लगाने वाले के बीच हुए झगड़े के बाद पुलिस ने जो तरीका अपनाया उसने पहले ही काफी किरकिरी कराई थी, लेकिन अब उसके ऊपर ब्राह्मण होने के नाते बेइज्जत करने का आरोप लग रहा है। आरोप कोई और नहीं, वही दुकानदार लगा रहा है जिसे पुलिस ने माफी मंगवाते हुए गली-गली घुमाया था। पुलिस की पकड़ से छूटने के बाद उसने जो कहा कि उससे पुलिस महकमां सन्न रह गया। बताते चलें कि शनिवार को पाली कस्बे के मोहल्ला सराय सैफ निवासी ब्रजेश मिश्रा उर्फ वीरू और अंडे का ठेला लगाने वाले राजू गुप्ता निवासी काज़ी सराय के बीच झगड़ा हो गया था। ब्रजेश मिश्रा उर्फ वीरू पर आरोप था कि उसने राजू के सारे अंडे तोड़ डाले थे,जबकि राजू के ऊपर आरोप था कि उसने ब्रजेश मिश्रा उर्फ वीरू की बुरी तरह से पिटाई कर दी,जिसका वीडियो भी वायरल हुआ था। शिकायत पुलिस के पास पहुंची तो वह ब्रजेश मिश्रा उर्फ वीरू को पकड़ ले गई और फिर उसे सरेबाज़ार हाथ जोड़ कर माफी मंगवाते हुए घुमाया गया। पुलिस की पकड़ से छूटे ब्रजेश मिश्रा ने पुलिस पर ब्राह्मण होने के नाते बेइज्जत करने का आरोप लगाया। ब्रजेश मिश्रा उर्फ वीरू ने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि उसी की पिटाई हुई और उसी को सरेबाज़ार बेइज्जत करते हुए घुमाया गया। ब्राह्मण था, इसी वजह से एकतरफा कार्रवाई की गई।



मारपीट के आरोप में युवक को हाथ जुड़वाकर माफी मंगवाती पुलिस। फाइल फोटो।

#### भ्रष्टाचार को लेकर लगाई न्याय की गुहार

**टोंडरपुर, हरदोई, अमृत विचार।** विकास खंड टोंडरपुर की ग्राम पंचायत नगला भगवान निवासी विपिन कुमार पुत्र विजेंद्र ने ग्राम पंचायत में हुए भ्रष्टाचार को लेकर एसडीएम शाहाबाद से लिखित शिकायती पत्र लेकर न्याय की गुहार लगाई। शिकायती पत्र में बताया कि ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा विकास कार्यों के नाम पर जमकर धनउगाही की गई है। भ्रष्टाचार चरम सीमा पर फैला हुआ है। मनरेगा के कार्यो में नाली निर्माण, नल रिबोर, मटेरियल ट्रांसपोर्ट,के नाम पर लाखों रुपया हड़प लिया गया है। सरकारी धन का मिलकर बंदर बांट किया गया है, लेकिन यहाँ विकास कार्य शून्य है। गांव में नल आधा दर्जन खराब पड़े हैं, मनरेगा कार्य को तीन बार दिखाया गया, और मास्टर रोल चलता रहा गांव में सिर्फ 12 लाइट लगी हैं ,वह भी खराब है कोई भी लाइट जल नहीं रही है, इन सब मामलों की जांच कमेटी तहसील स्तर से टीम गठित कर जांच कराए जाने की मांग की है, वहीँ शिकायतकर्ता ने प्रार्थना पत्र के साथ निकाले गए धन खर्च करने के बाउचर भी लगाए हैं।

#### डाला वाहन की टक्कर से कार चालक की मौत



**माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में शनिवार को टैम्पों डाला आल्टो कार की भिड़ंत हो गई, जिससे कार चालक की उपचार के दौरान मौत हो गई। थाना क्षेत्र के पड़रा लखनपुर निवासी ऋषि कुमार त्रिवेदी पुत्र सतीश कुमार शनिवार की रात्रि कन्नौज से अपनी आल्टो कार से घर जा रहे थे। सेलापुर रोड़ स्थित भट्ठे के पास उनकी आल्टो कार आगे जा रही टैम्पों डाला से टक्कर हो गई, जिससे कार चला रहा ऋषि कुमार त्रिवेदी घायल हो गया। सूचना पर पहुची पुलिस ने घायल को सीएचसी पहुचाया व परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन सीएचसी पहुंचे, जहां चिकित्सक लोकेश ने सिर में गम्भीर चोट लगने पर जिला अस्पताल रिफर कर दिया। उसे ट्रामा सेन्टर रिफर कर दिया, जहां पर इलाज के दौरान रविवार देर रात मौत हो गई। कस्बे के मोहल्ला नेहरु नगर ऋषि त्रिवेदी, अपूर्वा आईसक्रीम फैक्ट्री चलाते थे। उनका एक लड़का उत्कर्ष 18वर्ष और एक लड़की अपूर्वा 12 वर्ष पत्नी रेनू का रो-रो कर बदहवास हो गई है।




विजेता को पुरस्कृत करते कंपनी के अधिकारी। अमृत विचार

#### जोन मीटिंग में सेल बढ़ाने पर दिया गया जोर

**हरदोई, अमृत विचार।** यूपी सेंट्रल में डालमिया सीमेंट भारत लिमिटेड की सीतापुर जोन की मीटिंग हुई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जोनल हेड सुनील सागवान, स्टेट हेड पुष्पेंद्र कौशिक व सीतापुर जोन के सीएफए विभू गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में रिटेलर्स व डीलर्स को कार्यशाला लगाकर उनकी सेल बढ़ाने के बारे में जानकारी दी व इस वर्ष बने रिटेलर्स के गिफ्ट, फ्रिज, एलईडी टीवी, लैपटॉप, मिक्सर ग्राइंडर व वाशिंग मशीन इत्यादि का वितरण किया गया। डालमिया सीमेंट ने अपना व्यवसाय आज़ादी से पहले सन 1939 में शुरू किया था। कार्यक्रम में चार जिला हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर व शाहजहांपुर के रिटेलर व डीलर एवं कम्पनी के अधिकारी ब्रजेश चौकसी, मानस मालिक, संजय शुक्ला, अमित तिवारी व विकास जायसवाल मौजूद रहे।

# भांजी की मौत पर मामा ने चाचा व उसके परिवार पर लगाया आरोप

संवाददाता, हरदोई

फॉलोअप

**अमृत विचार।** बहाउद्दीनपुर में किशोरी की मौत मामले में उसके मामा ने मृतका के चाचा व उसके परिवार पर आरोप लगाये हैं। कहा कि बहनोई की जायदाद की इकलौती वारिस उसकी भांजी ने फांसी नहीं लगाई, बल्कि उसके चाचा-चाची और चचेरे भाइयो ने हत्या कर शव फांसी पर लटका दिया था। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट को लेकर भी संशय बना हुआ है।

बताते चलें कि बेहटा गोकुल थाने के बहाउद्दीनपुर निवासी दिनेश की 22 वर्षीय पुत्री शीलू का शव रविवार को उसके घर में बरामदे के अंदर दुपट्टे से फांसी पर लटका हुआ देखा गया था। शीलू अपने पिता की इकलौती वारिस थी,उसकी मां परमोदा की पहले ही मौत हो चुकी थी। दिनेश के पास 7 एकड़ ज़मीन और मकान है। शीलू के मामा रामजी दीक्षित निवासी बहर कोतवाली देहात ने एसपी को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाते हुए बताया था कि उसकी भांजी के साथ उसके रिश्ते के चाचा ने साल 2021 में दुष्कर्म किया था। अगले साल अप्रैल में शीलू की शादी भी होनी थी।वहीं अगले महीने कोर्ट में उसके बयान भी होने थे। मामा रामजी दीक्षित का आरोप है कि शीलू के चाचा-चाची ने उसकी सारी जायदाद हड़पने के लिए अपने पुत्रों के साथ मिल कर हत्या कर दी और शव फांसी पर लटका दिया।उधर रविवार को ही बेहटा गोकुल पुलिस ने शीलू के शव का पोस्टमार्टम कराया,वीडियोग्राफी के साथ हुए पोस्टमार्टम की रिपोर्ट में आया है कि शीलू की मौत फांसी से हुई,उसकी गर्दन में वी-मार्क आया,जबकि अगर हत्या हुई होती तो गर्दन में ओ-मार्क होता। शीलू की मौत फांसी से हुई,इसका खुलासा होने के बाद अब सवाल उठ रहा है कि तो फिर क्या उसे आत्महत्या के लिए मजबूर किया गया था? फिलहाल बेहटा गोकुल पुलिस उसकी मौत के हर एक पहलू की गहराई से जांच करने में जुटी हुई है।

# झोलाछाप के इलाज से श्रमिक की मौत

संवाददाता, हरपालपुर,हरदोई,

**अमृत विचार।** झोलाछाप के इलाज से बुखार से पीड़ित मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अरवल थाना क्षेत्र के उगड़नपुर गांव निवासी विश्राम (45) केरल की एक प्राइवेट कंपनी में मजदूरी करता था। बुखार से पीड़ित होने के कारण 2 दिन पूर्व वह गांव आया हुआ था। रविवार को इलाज करने के लिए हरपालपुर थाना क्षेत्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सांडी के अंतर्गत आने वाले कुशलपुरवा चौराहे पर झोलाछाप के यहां इलाज आया था। सोमवार की दोपहर वह दोबारा इंजेक्शन लगवाने आया। इंजेक्शन लगने के बाद उसकी हालत बिगड़ गई। इसके बाद झोलाछाप उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती करने के लिए लाया था। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सांडी लाया गया। जहां पर डॉक्टरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में सीएमओ डा. रोहतास कुमार ने कहा कि प्रकरण की जांच कराकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।



### अवैध रूप से संचालित क्लीनिक पर छापेमारी

**हरपालपुर, हरदोई, अमृत विचार।** हरपालपुर-बड़ा गांव मार्ग पर अवैध रूप से संचालित एक क्लीनिक पर सीएचसी अधीक्षक ने छापा मारा। इस दौरान एक मरीज को भर्ती कर उसको बोतल चढ़ाई जा रही थी। चिकित्साधीक्षक ने अवैध क्लीनिक संचालक से कागजात तलब किये है। बताते चलें कि हरपालपुर-बड़ागांव मुख्य मार्ग पर चाऊंपुर में डोली मेडिकल स्टोर की दुकान है। मेडिकल स्टोर की लाइसेंस के साथ ही यहां अवैध रूप से क्लीनिक संचालित किया जा रहा है। सूचना मिलते ही सीएचसी अधीक्षक डॉ. आनंद पांडेय ने स्वास्थ्य टीम के साथ छापा मारा। जिसमें क्लीनिक संचालक कोई भी वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर पाया। निरीक्षण के दौरान डोली मेडिकल स्टोर पर भर्ती एक मरीज के बोतल चढ़ाई जा रही थी। अधीक्षक ने बताया कि इनके पास सिर्फ मेडिकल का लाइसेंस है। बताया कि अभिलेख देखकर जो भी कमी मिलेगी उस पर विधिवत कार्यवाही की जाएगी।

# भैंस चोर गिरोह के दो सदस्य किए गिरफ्तार

संवाददाता, हरदोई

कामयाबी

- टड़ियावां थाने की पुलिस ने स्वाट/सर्विलान्स टीम के साथ बर्रा बैरियर पर दबोचा

**अमृत विचार।** भैंस चोरी होने का खुलासा करने में जुटी टड़ियावां पुलिस ने स्वाट/सर्विलान्स टीम के साथ भैंस चोर गिरोह के दो शातिर चोरों को दबोच लिया। बर्रा बैरियर पर चेकिंग के दौरान सीतापुर से आ रही पिकअप को रोका गया,उस पर सवार दोनों शातिर उतर कर भागने लगे,जिन्हे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। उन दोनों के पास से पिकअप के अलावा 21,500 रुपये कैश, तीन मोबाइल, दो तमंचे और चार कारतूस बरामद किए गए है।

बतातें चलें कि 28 अगस्त को टड़ियावां थाने के मामपुर मजरा आदमपुर निवासी वीरेन्द्र कुमार की पत्नी विमला देवी ने पुलिस को अपनी भैंस चोरी होने की तहरीर दी थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर भैंस चोरी का खुलासा करने में जुट गई। रविवार की रात में टड़ियावां पुलिस और स्वाट/सर्विलांस की टीम बर्रा बैरियर पर चेकिंग कर रही थी,उसी बीच एक पिकअप सीतापुर से आती हुई दिखाई दी। पुलिस के रोकने पर उस सवार लोग भागने लगे,जिस पर पुलिस के पीछा करने पर पिकअप सवार दो लोग पिकअप से उतर कर भागने लगे,जिन्हें पुलिस टीम ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। पुलिस की पकड़ में आने वालों ने अपना नाम सईद बंजारा उर्फ सईदा उर्फ जुम्मी पुत्री चांद खां निवासी ककरहा थाना निगोही शाहजहांपुर और दूसरा बब्बन पुत्र सरपु निवासी सहजनिया थाना पसिगवां लखीमपुर खीरी बताया। उन दोनों के पास से पिकअप,21,500 रुपये कैश,तीन मोबाइल,दो तमंचे और चार कारतूस बरामद किए गए है। भैंस चोर गिरोह के सईद बंजारा उर्फ सईदा उर्फ जुम्मी और बब्बन की गिरफ्तारी करने में एसएचओ टड़ियावां अशोक कुमार सिंह के साथ इंस्पेक्टर (रिज़र्व) ओमप्रकाश सिंह के अलावा पुलिस टीम के साथ स्वाट/सर्विलांस प्रभारी ब्रजेश कुमार मिश्रा,सर्विलांस टीम प्रभारी संतोष सिंह और एसओजी टीम के तेज़तर्रार जवान शामिल थे।

### सईद बंजारा पर दर्ज हैं 59 मुकदमे

पुलिस के रिकार्ड के मुताबिक भैंस चोरी गिरोह में शामिल सईद बंजारा उर्फ सईदा उर्फ जुम्मी के खिलाफ 59 मुकदमें दर्ज है। उसके ऊपर शाहजहांपुर ज़िले के सिधौली, खुदागंज, रोज़ा, निगोही, खुटार, पुवायां, कटरा, बण्डा और कोतवाली शहर में अनगिनत मामले दर्ज है। उसी तरह सीतापुर ज़िले के पिसावां, जमालपुर, महोली, रामकोट और सुल्तानपुर इमलिया और लखीमपुर खीरी ज़िले के हैदराबाद,मैगलगंज,मोहम्मदी और पसिगवां थाने में कुल मिलाकर 59 मुकदमें दर्ज है। जबकि बब्बन के खिलाफ दो लखीमपुर खीरी ज़िले में और एक जीआरपी वाराणसी अनुभाग प्रयागराज में दर्ज है।

# लापरवाह अधिकारियों का वेतन रोकने का दिया निर्देश

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में पोषण समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि केंद्रों पर वितरण समय से सुनिश्चित किया जाये। आपूर्ति कर्ताओं को उन्होंने समय से आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। हॉट कुक्ड मील के लिए बर्तनों की खरीद सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

पाली नगर क्षेत्र में बर्तनों की खरीद न होने पर उन्होंने अधिशाषी अधिकारी पाली और सम्बंधित सीडीपीओ का वेतन रोकने के निर्देश दिए। एनआरसी केन्द्र में सुविधाओं को बढ़ाया जाये। नये आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण की धीमी प्रगति को लेकर टोडरपुर, माधौगंज, बिलग्राम व बेंहदर के बीडीओ व सीडीपीओ का वेतन रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ई-कवच पोर्टल पर फीडिंग की प्रगति बढ़ाई जाये। 15 अक्टूबर तक फीडिंग का कार्य पूर्ण किया जाये। वहीं जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि अनुसूचित जाति के उत्पीड़ित व्यक्तियों को नियमानुसार सहायता की जाये। अनुसूचित जाति की महिला के उत्पीड़न के मामलों में त्वरित कार्रवाई की जाये।

## एक नजर

### ग्राम्य विकास तथा पंचायती राज की बैठक 26 को

**हरदोई, अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी ने बताया है कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता मे 26 सितम्बर स्वामी विवेकानन्द सभागार कलेक्टेट में ग्राम्य विकास तथा पंचायती राज की बैठक आयोजित की गई है।

### जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक 26 को

**हरदोई, अमृत विचार।** उपायुक्त उद्योग हर्ष प्रताप सिहं ने बताया है कि जिला उद्योग बन्धु समिति की माह सितम्बर की बैठक 26 सितम्बर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानन्द सभागार में आयोजित की गई है।

### गांधी जयन्ती कार्यक्रम को लेकर बैठक 26 को

**हरदोई, अमृत विचार।** प्रभारी अधिकारी नजारत ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गांधी जयन्ती 2 अक्टूबर के कार्यक्रम आयोजन के सम्बन्ध में एक बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 26 सितम्बर स्वामी विवेकानन्द सभागार में आहूत की गई है।

### आरएसएस ने बाढ़ पीड़ितों को वितरित की राहत सामग्री

**मल्लावां, हरदोई।** गंगा का जलस्तर बढ़ने से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों द्वारा बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री वितरित की है। संघ के कार्यकर्ताओं ने बिस्कुट, मोमबत्ती, दवाइयां, वितरण आदर्श खंड कार्यवाह योगेश जिला धर्म जागरण प्रमुख राम जीवन, सहखंड कार्यवाह अखिलेश, खंड शारीरिक प्रमुख सचिन मुख्य शिक्षक शाहपुर पवार और पुष्प और अन्य स्वयंसेवकों के द्वारा वितरण किया गया।

### खेत से लौटते समय नाले में गिरा किशोर, मौत

**हरपालपुर, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक की नाले में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने



शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अरवल थाना क्षेत्र के कडरिया मजरा श्री मऊ गांव निवासी मोहनलाल का लगभग 11 वर्षीय पुत्र विकास सोमवार को खेत में मेहंदी का फूल तोड़ने गया था। उसी समय अचानक पैर फिसलने से वह गहरे पानी में गिर गया। घटना के बाद ग्राम वासियों की मदद से उसको पानी से निकलकर उपचार के लिए कन्नौज ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। परिवारीजन शव को लेकर घर वापस आ गए और पुलिस को सूचना दी।

# बुखार ने पकड़ी रफ्तार, ओपीडी में मरीजों की संख्या 1500 के पार

## 100 बेड हॉस्पिटल में भीड़ को देखते हुए बढ़ाए गए रजिस्ट्रेशन काउंटर

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** बदलते मौसम में बुखार की रफ्तार और तेज हो गई है। 100 बेड हॉस्पिटल की ओपीडी की बात करें तो वहां 8-8 सैकड़ा बुखार से तप रहे मरीज हर रोज देखे जा रहें हैं। बढ़ती भीड़ को देखते हुए रजिस्ट्रेशन काउंटर भी बढ़ा दिए गए है। इस वक्त चार काउंटरों पर मरीजों का रजिस्ट्रेशन हो रहा है। सरकारी आकंड़ों के मुताबिक ओपीडी 1500 के पार हो चुकी है।

मौसम के बदलते रुख ने बुखार की रफ्तार की धार और तेज कर दी है। अकेले 100 बेड हास्पिटल में बुखार से तप रहे हर दिन करीब 800 मरीज देखे जा रहे हैं। हास्पिटल के आस-पड़ोस के गांवों के अलावा अहिरोरी, सुरसा, टड़ियावां और कछौना सीएचसी तक के मरीज़ वहां पहुंच रहें हैं। दिनों-दिन बढ़ रही मरीज़ो की भीड़ को देखते हुए उन्हे कोई दिक्कत न उठानी पड़े, इस लिए सीएमएस डा.मनोज श्रीवास्तव ने वहां चार रजिस्ट्रेशन काउंटर शुरु कराए है। सुबह से ही रजिस्ट्रेशन काउंटर से ले कर ओपीडी और दवा काउंटर पर ऐसी भीड़ रहती है कि पानी पीने तक की फुर्सत नहीं।



100 बेड हास्पिटल में रजिस्ट्रेशन काउंटर पर लगी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

### मरीज उमस से बेहाल

लगातार बढ़ रही मरीज़ो की भीड़ की वजह से 100 बेड हास्पिटल में गजब की उमस है। वैसे तो वहां पंखे लगे हुए है लेकिन उमस के आगे उनकी हवा खुद हवा हो गई। नतीजतन उमस से बेहाल मरीज और उनके तीमारदार वहां से बाहर निकल कर पेड़ की छांव का सहारा ले रहें हैं। उमस से बेहाल मरीज़ो को राहत पहुंचाने के इरादे से सीएमएस डा. मनोज श्रीवास्तव ने अपने आवास पर रखा निजी कूलर वहां से उठवा कर उसे 100 बेड हास्पिटल के मरीजों के लिए सौंपा है।

### प्रिंसिपल के मना करने पर भी लिखी बाहर की दवा

**हरदोई, अमृत विचार।** मेडिकल कालेज के डाक्टर किसी भी हालत में बाहर से दवा लिखने की आदत से बाज़ नहीं आ रहें है। सोमवार को हद ही हो गई, मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल डा. आर्य भूषण तिवारी ने ईएनटी सर्जन को फोन किया और पूजा नाम की मरीज को देखने की सिफारिश की। सर्जन ने पूजा को देखा और उसके सरकारी पर्चे पर बाहर की दवाएं लिख दी। पूजा का कहना है कि अगर इतने ही पैसे होते तो फिर वह एक रुपये के पर्चा बनवा कर सरकारी इलाज कराने क्यों आती। लोगों का कहना है कि ऐसा करने वाले डाक्टरों को फटकारने के बाद भी उनकी आदत में कोई बदलाव आता नहीं दिख रहा है।



एक रुपये के पर्चे पर लिखी गईं दवाइयां।

### एक आउट सोर्सिंग कर्मी बर्खास्त, दो को कारण बताओ नोटिस जारी

**हरदोई, अमृत विचार।** 100 बेड हास्पिटल में तैनात आउट सोर्सिंग कर्मी ने मरीज़ के साथ अभद्रता की, जिससे नाराज़ सीएमएस ने उसकी बर्खास्तगी के लिए चिट्ठी लिखी है, वहीं दो कर्मियों को कारण बताओ की नोटिस जारी की गई है। 100 बेड हास्पिटल में तैनात आउट सोर्सिंग कर्मी सुशील कुमार पाल के बारे में बराबर ऐसी शिकायतें आ रहीं थी कि एक तो वह ड्यूटी में पूरी तरह से लापरवाह है, दूसरे यह कि वह आए दिन मरीजों के साथ अभद्र व्यवहार करता रहता है। इस तरह की शिकायत पर सीएमएस डा. मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. मनोज श्रीवास्तव ने एक्शन लेते हुए उसे बर्खास्त करने के लिए चिट्ठी लिखी है। उसके अलावा आउट सोर्सिंग कर्मी प्रदीप पाल के अलावा एक दूसरे कर्मी को कारण बताओ नोटिस जारी की गई है। सीएमएस डा. श्रीवास्तव की इस कार्रवाई से 100 बेड हास्पिटल में हड़कंप मचा हुआ है।

**बाहर से दवाएं व जांच लिखने पर सीएमएस ने लिया एक्शन**

### बाहर से दवा और जांच लिखने वाले डाक्टरों को नोटिस जारी

**हरदोई।** 100 बेड हास्पिटल के डाक्टरो के बारे में कहा जाता है कि वे मरीज़ो को बाहर की दवाएं और जांच लिख रहें है। इस तरह की शिकायत सुनने के बाद वहां के डाक्टरों को सुधरने का मौका देते हुए उन्हे नोटिस जारी की गई है। डाक्टरों की ऐसी आदत से खफा हुए सीएमएस ने कहा है कि फिर कभी बाहर से दवा या जांच लिखने की शिकायत आई तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सीएमएस डा .मनोज श्रीवास्तव ने नोटिस जारी करते हुए कहा है कि 100 बेड हास्पिटल का कोई भी डाक्टर मरीज़ को न तो बाहर की दवा लिखेगा और न ही जांच। उन्होंने कहा है कि सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाया है, दवाओं की कोई कमी नहीं है, फिर बाहर ने दवा लिखने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने सख्ती से कहा है कि अगर कोई भी डाक्टर बाहर की दवा या जांच लिखता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### 1 से 31 अक्टूबर तक चलेगा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान

**हरदोई, अमृत विचार।** संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए एक से 31 अक्तूबर तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 11 से 31 अक्तूबर तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। अभियान क तैयारियों को लेकर सोमवर को जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि आपसी समन्वय के साथ काम करें और अभियान को सफल बनाएं। सभी विभाग समय से फ्रंट लाइन वर्कर का प्रशिक्षण तथा संवेदीकरण करा लें। नगर विकास विभाग नाली की सफाई फागिंग मच्छर रोधी गतिविधियां करना सुनिश्चित करें।दस्तक अभियान में आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बुखार, इंफ़्लुएंजा लाइक इलनेस (आईएलआई), फाइलेरिया, काला जार, कुष्ठ रोग के लक्षण वाले व्यक्तियों और कुपोषित बच्चों का नाम, पता, मोबाइल नंबर सहित सम्पूर्ण विवरण ई–कवच पोर्टल पर अपलोड करेंगी। इसके साथ ही क्षेत्रवार घरों की सूची जहां मच्छरों का प्रजनन पाया गया है, इसका विवरण निर्धारित प्रपत्र पर भरकर संबंधित अधिकारी को उपलब्ध कराएंगी।

# हत्या में दोषी को आजीवन कारावास की सजा, जुर्माना

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** अपर सत्र न्यायाधीश सपना त्रिपाठी ने एक फैसले में हत्या के मामले में आरोपित को जुर्म साबित होने पर आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जज ने आरोपी पर 15,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। शासकीय अधिवक्ता वीरेश सिंह ने बताया कि थाना कोतवाली शहर के बहरा सौदागर सौदागर निवासी राजेश शर्मा ने मोहल्ले के अजीत कुमार सिंह की हत्या करके सबूत मिटाने की गरज से उसका सिर काट कर रेलवे क्रॉसिंग के पास डाल दिया। इस मामले की रिपोर्ट मृतक के पिता भगवानदीन ने दर्ज कराई। कहा कि घटना के पूर्व आरोपित ने उसकी बेटी से बदसलूकी की थी। जिसकी शिकायत घर वालों से उसने की। जिसको लेकर उसके बेटे अजीत और आरोपी कहा सुनी हुई। आरोपित ने उसके बेटे को जान से मारने की धमकी दी। जिसके चलते घटना को अंजाम दिया गया। कहा की 18 अप्रैल 2007 की रात करीब आठ बजे एक व्यक्ति उसके बेटे को बुला ले गया वापस नहीं आया ।बाद में अखबार में पढ कर मालूम हुआ कि एक सिर कटी लाश रेलवे क्रॉसिंग पर पड़ी मिली । मौके पर पहुंच कर देखने पर वह शव उसके बेटे का निकला। न्यायाधीश ने अदालत के समक्ष पेश सबूत के आधार पर दोनों पक्षों की दलीलों को सुनकर आरोपित पर हत्या का जुर्म साबित पाया और उसे आजीवन कारावास और 15000 रुपये जुर्माना अदा करने की सुनाई।

# खराब प्रगति वाले विभागों पर की जाए कड़ी कार्रवाई

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** सोमवार को विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड की प्रगति के सम्बन्ध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि विभागीय योजनाओं की प्रगति को विभागीय पोर्टल पर ससमय फीड किया जाये। आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाये। उन्होंने खराब प्रगति वाले विभागों को कठोर चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। 5 से अधिक शिकायतों के डिफाल्टर श्रेणी में आने पर उन्होंने कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निर्माण कार्य में धीमी प्रगति वाली कार्यदायी संस्थाओं को उन्होंने कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में समय व गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाये। जनसुनवाई में डी व ई श्रेणी में आने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाये। लगातार ख़राब श्रेणी में रहने पर सम्बंधित अधिकारी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र से जुड़े विभागों को सख्त निर्देश दिए कि प्रमाण पत्र जारी करने में किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी रोहतास कुमार व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।




समीक्षा बैठक करते डीएम एमपी सिंह। अमृत विचार

### नुमाइश चौराहे पर दिखाया गया त्रिआयामीय मॉडल

**हरदोई, अमृत विचार।** विवेकानंद सभागार में डीएम मंगला प्रसाद सिंह, अधिकारियों व जिले के नागरिकों की उपस्थिति में पर्यटन विभाग की ओर से नुमाइश चौराहा के प्रस्तावित सौंदर्यीकरण का त्रिआयामीय मॉडल दिखाया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्लेटफार्म ऐसा हो जिस पर कम से कम चार लोग खड़े हो सकें। चौराहे की बाहरी सीमा के अंदर हरियाली की व्यवस्था हो। चौराहे पर स्थापित की जाने वाली पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेई की मूर्ति का आधार मजबूत बनाया जाये। कार्य की शुरुआत जल्द की जाये। उपस्थित गणमान्य नागरिकों ने भी अपने सुझाव दिए।

### डीएम ने अधिकारियों की उपस्थिति जानने के लिए लिया वर्चुअल माध्यम का सहारा

**हरदोई, अमृत विचार।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह जन सुनवाई के दौरान उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों व खण्ड विकास अधिकारियों की उपस्थिति को जांचने के लिए सोमवार को औचक रूप से करीब 10 बजे वर्चुअल माध्यम से जोड़ा। जो भी वीसी में नहीं जुड़ा उसको तत्काल फोन कर कारण जानने के निर्देश उन्होंने ई–डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को दिए। वीसी के माध्यम से अधिकांश अधिकारी जनसुनवाई करते दिखाई दिए। उन्होंने कहा कि जन सुनवाई में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। अधिकारियों की इसी प्रकार से औचक उपस्थिति ली जाएगी। पर्ची व्यवस्था को सभी स्तरों पर कड़ाई से लागू किया जाये। शिकायत निस्तारण में पूरी संवेदनशीलता बरती जाये। जिलाधिकारी स्वयं नियमित रूप से आमजन की शिकायतों को सुन रहे हैं। शिकायत क्रमांक के माध्यम से वह निस्तारण की स्थिति की मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

# 10 साल से चल रही केस की विवेचना

संवाददाता, हरदोई

**लेट-लतीफी**

▸▸ **समीक्षा बैठक में एसपी को हुई जानकारी, मामलों के जल्द निस्तारण के दिए निर्देश**

**अमृत विचार।** 19 सितंबर को हुई गूगल मीट में एसपी ने सभी थानों की अपराध के संबंध में समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने काफी दिनों से लंबित चल रहीं विवेचनाओं पर नाराजगी जताते हुए जल्द से जल्द निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में अपराधों पर नियंत्रण रखने को सख्त निर्देश जारी किए। समीक्षा से पता चला कि एक विवेचना तो पिछले 10 सालों से चल रही है। उसका निस्तारण आज तक नहीं हो पाया है।

एसपी नीरज कुमार जादौन ने वर्ष 2014 से 2023 तक की लम्बित विवेचनाओं की समीक्षा की तो पाया गया कि वर्ष 2014 की 01, वर्ष 2017 की 01, वर्ष 2018 की 03, वर्ष 2019 की 01, वर्ष 2020 की 04, वर्ष 2021 की 02, वर्ष 2022 की 19 एवं वर्ष 2023 की 33 कुल 64 विवेचनायें अभी भी लम्बित चल रही हैं। इसके अतिरिक्त वर्ष 2024 की 1356 विवेचना लम्बित हैं। इस प्रकार जनपद में कुल 1420 विवेचना लम्बित चल रही हैं। लम्बित विवेचनाओं की संख्या बहुत अधिक है। इन अभियोगों की विवेचनाओं के निस्तारण हेतु सम्बन्धित विवेचकों / पर्यवेक्षण अधिकारियों द्वारा कोई सार्थक प्रयास भी नहीं किये जा रहे हैं इस बात पर एसपी ने काफी नाराजगी जताई। एसपी ने सभी को अल्टीमेटम देते हुए समय निर्धारित किया है। 3 अक्टूबर को फिर से समीक्षा की जाएगी। अपराध की समीक्षा करते हुए सभी को अपने-अपने क्षेत्रों में गश्त तेज किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर प्रभावी कार्रवाई करने के अलावा निर्देशों का कड़ाई से पालन करने को कहा। उन्होंने कर्मचारियों से विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण करने के अलावा वांछित, वारंटी अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी को निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने महिला संबंधी अपराधों पर रोकने को सख्त कदम उठाए जाने को कहा।



कांस्टेबल को सम्मानित करते एसपी नीरज जादौन। अमृत विचार

### प्रतियोगिता में लहराया हरदोई पुलिस का परचम

**हरदोई, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक खेल प्रतियोगिता में लखनऊ जोन की टीम में शामिल कांस्टेबल उमेश कुमार ने तैराकी व क्रासकंट्री की वाटर पोल प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल किया है। एसपी नीरज कुमार जादौन ने राजधानी में हरदोई पुलिस का परचम लहराने वाले कांस्टेबल को सम्मानित किया है। 35 वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ 62 वीं वार्षिक तैराकी व क्रासकंट्री प्रतियोगिता–2024 में लखनऊ जोन की टीम में प्रतिभाग करने वाले कांस्टेबल उमेश कुमार ने दूसरा स्थान हासिल किया है। एसपी श्री जादौन ने उमेश कुमार की इस उपलब्धि के लिए सराहना व प्रशंसा करते हुए उनका उत्साहवर्धक कर सम्मानित किया है।

# सेल्समैन को थप्पड़ मारने वाला एसआई निलंबित

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** शराब ठेके के सेल्समैन से 15 दिन के अंदर दूसरी बार लूट मामले में पीड़ित को थप्पड़ मारने वाले एसआई को एसपी ने निलंबित कर दिया है। मामले की जानकारी होने पर एसपी ने शाहाबाद कोतवाली में तैनात एसआई अंगद सिंह को निलंबित कर जांच सीओ (क्राइम) को सौंपते हुए उनसे 7 दिन में रिपोर्ट तलब की है। एसआई पर एक और आरोप है कि तबादला होने के बाद भी उसने आमद नहीं दर्ज कराई।

बताते चलें कि शाहाबाद कोतवाली के मिश्रीपुर निवासी शराब ठेके का सेल्समैन धर्मपाल राठौर के साथ शनिवार की रात गन प्वाइंट पर लूट हो गई थी। धर्मपाल का आरोप है कि जब वह अपनी शिकायत लेकर पुलिस के पास पहुंचा तो उसके थप्पड़ जड़ दिया गया। उसका इस तरह का आरोप सोशल मीडिया पर बड़ी तेज़ी से वायरल हो गया। एसपी नीरज कुमार जादौन ने छानबीन कराई तो आरोपी सही पाये गए। जांच में यह भी पता चला कि एसआई अंगद सिंह का शाहाबाद से टड़ियावां के लिए तबादला हुआ लेकिन उसने अभी तक टड़ियावां थाने में आमद दर्ज नहीं कराई।

### दो चोरों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली पुलिस ने चोरी की साइकिल सहित दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सैय्यद वाड़ा निवासी अध्यापक होरीलाल राजपूत के पास ट्यूशन पढ़ने आए छात्र की साइकिल चोरी हो गई थी। इस सिलसिले में अध्यापक ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। प्रभारी निरीक्षक निर्भय सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर सुरजीत निवासी ग्राम सुहागपुर थाना शाहाबाद तथा कौशल निवासी ग्राम कोतवापुर मजरा और थाना सेहरामऊ दक्षिणी जनपद शाहजहांपुर को गिरफ्तार किया।

## सार-संक्षेप



खेत में फसल चरते गोवंश। अमृत विचार

### फसल को बर्बाद कर रहे छुट्टा गोवंश

**सुरसा, हरदोई, अमृत विचार।** प्रदेश सरकार गौशाला के नाम पर प्रति करोड़ों रुपए खर्च कर रही है, लेकिन ब्लॉक स्तर के जिम्मेदार अधिकारी अपने आंखों पर पट्टी बांधे हुए हैं। आवारा जानवर किसानों की फसल को नष्ट कर रहे हैं। फोटो में साफ देख सकते हैं कि आवारा पशुओं का झुंड खेतों में घुसकर धान व मूंगफली की फसल को किस तरह बर्बाद करते हुए दिखाई दे रहे हैं। सुरसा ब्लाक क्षेत्र मे इन दिनों छुट्टा गौवंश की समस्या से समाधान नहीं हो पा रहा है। किसान फसलों की रखवाली के लिए दिन रात मेहनत करके अपनी फसल को बचाते हैं और उसी दौरान किसानों की पलक झपकते ही छुट्टा गौवंश का झुंड, धान व मूंगफली आदि के खेतों में घुसकर फसल बर्बाद कर देते हैं। वहीं दूसरी तरफ सड़कों पर झुंड बनाकर आपस में धमाचौकड़ी करते है, जिससे राहगीर चुटहिल हो जाते हैं। प्रशासन की ओर से छुट्टा जानवरों के रखरखाव के लिए ग्राम पंचायतों में गौशाला बनवाई है। जिसमें प्रति गौवंश के लिए सरकार भूसा व हरे चारे के लिए 50 रुपये के हिसाब से बजट भेज रही है, लेकिन गौशाला कागजों पर चलाए जा रहे हैं।

### गाजे-बाजे के साथ निकली पठकाना रामलीला की शिव बारात शोभा यात्रा

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** पठकाना रामलीला की शोभा यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से बीती रात कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निकाली गई। शिव बारात शोभा यात्रा को देखने के लिए सड़कों पर भारी भीड़ देर रात तक जुटी रही। पठकाना रामलीला मेला की शिव बारात शोभा यात्रा का शुभारंभ नगर पालिका परिषद के समक्ष हुआ। तत्पश्चात शोभा यात्रा स्टेट बैंक, बड़ी बाजार, घास मंडी, गुलाब बैंड चौराहा, आरपीएम इंटर कॉलेज, सदर बाजार, घंटाघर, चौक, सराफा बाजार, सरदारगंज होते हुए कटरा पहुंची। जहां पर शोभा यात्रा का समापन किया गया। शोभा यात्रा में तमाम देवी देवताओं की मनोरम झांकियों का प्रदर्शन किया गया। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से प्रभारी निरीक्षक निर्भय सिंह तथा समस्त उपनिरीक्षक और पुलिस बल तैनात रहा। शोभा यात्रा का जगह–जगह भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर मेला कमेटी के अध्यक्ष संजय मिश्रा बबलू, आशीष मोहन तिवारी, रिसी मिश्रा, अनमोल गुप्ता आदि मौजूद रहे।



**उदासीनता**

**मंडल के अधिकारियों ने भी नियमानुसार कार्यवाही करने की बात कहकर झाड़ा पलड़ा**

# चार दिन बाद भी स्टेशन के पोल पर नहीं लग सका तिरंगा



हरदोई रेलवे स्टेशन पर स्थापित 100 फीट ऊंचे पोल से नदारद तिरंगा झंडा। अमृत विचार

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** रेलवे स्टेशन के उच्च अधिकारियों की लापरवाही का मंडल के अधिकारी भी संज्ञान नहीं ले रहे हैं। हरदोई रेलवे स्टेशन पर 100 फीट ऊंचे पोल से तिरंगा झंडा बीते कई महीनों से गायब है। आलम यह है कि डीआरएम मुरादाबाद राजकुमार सिंह ने हरदोई रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया, लेकिन स्टेशन पर स्थापित पोल से नदारद झंडे पर उनकी भी नजर नहीं पड़ी।

19 सितंबर को सोशल मीडिया के माध्यम से हरदोई रेलवे स्टेशन पर लगे 100 फीट ऊंचे झंडे की शिकायत मंडल के अधिकारियों से की गई थी। लेकिन 23 सितंबर की शाम तक स्टेशन के अधिकारी तिरंगा झंडा स्टेशन पर नहीं लगा सके। स्टेशन पर पोल से कई महीनों से तिरंगा झंडा गायब है लेकिन जिम्मेदार इस बात को मानने को तैयार नहीं है। जिम्मेदारों का कहना है कि 15 अगस्त के बाद झंडा उतारा गया जो कि आंधी पानी के चलते फट गया था, लेकिन उसके बाद दोबारा झंडा लगाने की जहमत नहीं उठाई गई। हरदोई रेलवे स्टेशन पर केवल ध्वज का पोल लगा हुआ है जबकि तिरंगा झंडा महीनो से गायब है।

कहने को तो हरदोई ए श्रेणी जो कि अब एसजी में बदल गया है में शामिल है, लेकिन यात्री सुविधाओं से लेकर रखरखाव और निर्माण संबंधित कार्य में यह किसी हाल्ट स्टेशन से कम नहीं है। इस स्टेशन को थर्ड क्लास स्टेशन बनाने में स्टेशन के उच्च अधिकारियों की बड़ी भूमिका है। इसके साथ ही मंडल के अधिकारियों का भी संरक्षण इन अधिकारियों को प्राप्त रहता है। मंडल के अधिकारियों को मामले की जानकारी दी गई थी, लेकिन मंडल कार्यालय के जिम्मेदारों ने तिरंगा झंडा तत्काल लगवाए जाने के स्थान पर जवाब में आंधी तूफ़ान एवं वर्षा के कारण झंडा फट गया था, उपलब्ध होने पर अविलम्ब लगाया जायेगा, कहकर पल्ला झाड़ लिया।

बता दें कि रेल मंत्रालय की ओर समस्त श्रेणी के स्टेशनों पर 100 फीट ऊंचे तिरंगे झंडे को लगाने का आदेश जारी हुआ था जिसके लिए बजट भी जारी हुआ था। इसके साथ स्टेशन के रख-रखाव को लेकर भी बजट जारी होता है।

## एक नजर

### वाहन की चपेट में आया सेल्समैन, हालत गंभीर

**हरगांव :** हरगांव थाना क्षेत्र के सीतापुर लखीमपुर मार्ग पर झरेखापुर चौराहे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार सेल्समैन गंभीर रूप से घायल हो गया। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के सुंदर नगर नैपालापुर निवासी राकेश जायसवाल हरगांव में शराब की दुकान पर सेल्समैन है। राकेश बाइक से घर वापस जा रहा था, तो झरेखापुर चौराहे पर किसी अज्ञात वाहन की चपेट मे आने से गंभीर रूप से घायल हो गया।

### किसान करेंगे डीएम कार्यालय का घेराव

**सीतापुर :** राष्ट्रीय किसान मंच विभिन्न मांगे पूरी न होने को लेकर डीएम कार्यालय का घेराव करेगा। किसान मंच के राष्ट्रीय संगठन मंत्री संजय द्विवेदी ने बताया कि रामगढ़ सहित अन्य स्थानों पर फर्जी खतौनी बनवाई जा रही है। इससे किसानों का शोषण हो रहा है। यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो किसान संगठन डीएम कार्यालय का घेराव करेगा।

### बीईओ के कार्यक्षेत्र बदले

**सीतापुर :** बीएसए ने कई बीईओ के कार्यक्षेत्र बदल हैं। विभा सचान को बेहटा का प्रभार मिला। बेहटा बीईओ प्रियांशी सक्सेना मुख्यालय पर बीईओ बनी हैं। बीईओ मुख्यालय वीरेंद्र कुमार पांडेय को महोली का प्रभार दिया गया है। बीईओ गोंदलामऊ पुष्पराज सिंह को पहला का प्रभार मिला है। बीईओ लहरपुर सिमी नागर को गोंदलामऊ स्थानांतरित किया गया है। बीईओ सकरन ओंकार सिंह को लहरपुर का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

### चकबंदी की बैठक में दो पक्षों में चले लाठी-डंडे

**सीतापुर :** इमिलया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के कोरैय्या उदयपुर में चकबंदी को लेकर बैठक आयोजित की गई। इसमें सीओ चकबंदी, एसीओ चकबंदी व अन्य विभागीय कर्मी मौजूद थे। तभी दो पक्ष आपस में भिड़ गए। बताचीत बढ़ने पर दोनों पक्षों में लाठी– डंडे चले। जिसमें कुलदीप, श्याम किशोर, दिलीप, आदित्य, रविन्द्र वर्मा गंभीर रूप से घायल हुए। थानाध्यक्ष दयाशंकर ने बताया है कि बैठक में चकबंदी को लेकर विवाद हुआ था, जिसमें मारपीट हुई है। एक पक्ष की मिली तहरीर के आधार पर केस दर्ज हुआ है।

# परिवार को बेहोश कर लूटे नकदी और गहने

## रामपुर मथुरा थानाक्षेत्र की ग्राम पंचायत रघवापुर मजरे बरुई-बरुआ में बदमाशों ने वारदात को दिया अंजाम

संवाददाता रामपुर मथुरा, सीतापुर

- पीड़ित पक्ष बोला- डेढ़ लाख की नकदी और 15 लाख के गहने लूट ले गए बदमाश


अनुज कुमार।

**अमृत विचार:** लूट का अंदेशा आखिर सच साबित हुआ। रामपुर मथुरा इलाके की ग्राम पंचायत रघवापुर के मजरा बरुई बरुआ में बदमाशों ने इंडियन बैंक के बीसी संचालक के घर धावा बोल दिया। गृहस्वामी सहित अन्य लोगों को बेहोश कर डेढ़ लाख से अधिक नकदी और सोने के गहने लूटकर फरार हो गए। वहीं पीड़ित पक्ष ने डेढ़ लाख की नकदी व 15 लाख के गहनों की लूटपाट किये जाने बात कही है। वहीं क्षेत्रीय पुलिस इसे पांच से छह लाख रुपये की लूट मान रही है।

रामपुर मथुरा थानाक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत रघवापुर मजरा बरुई-बरुआ के अनुज कुमार तिवारी इंडियन बैंक रामपुर मथुरा के बीसी संचालक हैं। इनका कहना है कि देर रात करीब 12 बजे उनकी छत पर चढ़कर बदमाश आ गए। उस समय वे उनका पूरा परिवार सो रहा था। दावा है कि सभी को नशीला पदार्थ सुघां दिया। जिससे वे बेहोश हो गए, फिर कमरे में घुसकर बदमाशों ने पत्नी की नाक पर नशीला पदार्थ डाल दिया। इसके बाद मुंह में कपड़ा ठूंस कर उसके साथ मारपीट की। फिर असलहे के बल पर लॉकर की चाबी ले ली। इसमें 1 लाख 70 हजार रुपये नकदी थी। 15 अदद सोने-चांदी के गहने भी थे, जिनकी कीमत 15 लाख से कुछ अधिक थी। अनुज ने बताया उसके कमरे में तीन लोग आए थे, जो काला रंग का नकाब पहने थे। सभी के चेहरे पूरी तरीके से ढके हुए थे। वारदात के बाद सभी उसी रास्ते से फरार हो गए। दहशत में आने के कारण परिजनों ने पुलिस को देर से सूचना दी। इसी के बाद इलाका पुलिस मौके पर पहुंची और मुआयना किया। परिजनों के बयान लेकर जांच पड़ताल शुरू की।


इस आवास पर बदमाशों ने बोला था धावा।


लूटपाट के बाद बिखड़ा पड़ा समान।

वहीं प्रभारी निरीक्षक प्रभारी निरीक्षक कृष्णानंद तिवारी ने बताया कि परिजनों का कहना है कि मुंह में कपड़ा ठूंस कर मारा पीटा गया है। बदमाश नकदी सहित जेवर उठा ले गए हैं। करीब पांच से छह लाख की लूट का अनुमान है। कुछ लोग हिरासत में लिये गए हैं।

**व्यापारी के साथ हुई डेढ़ लाख की टप्पेबाजी,** इमलिया **सुल्तानपुर:** इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के काजीकमलापुर चौराहे पर लखीमपुर का मैगलगंज निवासी व्यापारी शालू अपने वाहन से इलाके में आया था। व्यापारी के मुताबिक, उसने पिकअप खड़ा कर डेढ़ लाख के करीब रुपयों से भरा बैग आगे रख दिया। इसी बीच कुछ संदिग्ध उसका बैग लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना डायल 112 के बाद इलाका पुलिस को दे दी गई है।

# विद्यालय परिसर में शुरू हुई साफ-सफाई

संवाददाता कमलापुर, सीतापुर

## खबर का असर

- राजकीय बालिका विद्यालय में पसरी गंदगी को लेकर अमृत विचार ने प्रकाशित की थी खबर
- जिलाधिकारी ने लिया था संज्ञान, एसडीएम सिधौली ने किया था मौका मुआयना

**अमृत विचार:** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्रा की संक्रमण से हुई मौत के बाद प्रशासन ने आसपास महीनों से जमा गंदे पानी को संज्ञान लिया। एसडीएम सिधौली के मौका मुआयना करने के बाद इलाके में सघन सफाई अभियान चलाया गया।

अमृत विचार ने संक्रमण के बाद छात्रा की हुई मौत, कई अन्य बीमार शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। इसको जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने गंभीरता से लिया और एसडीएम सिधौली को मामले की जांच करने के निर्देश दिए। इसी के बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने विद्यालय के भीतर और बाहर सड़ते पानी को हटाकर साफ-सफाई के साथ नाला बनाए जाने के निर्देश दिए थे। इसी के बाद विकास खण्ड कार्यालय से जुड़े जिम्मेदारों ने विद्यालय और आसपास साफ-सफाई का कार्य शुरू कराया। विद्यालय परिसर के भीतर सड़ते पानी को हटाकर सफाई करते हुए कीटनाशक का छिड़काव कराया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य मिनल वर्मा ने अमृत विचार का आभार जताया है।

# 24 घंटे से लापता युवक का मिला शव

पिसावां संवाददाता, सीतापुर

- पिसावां थाना क्षेत्र के बहुबनी गांव का मामला
- परिजनों ने जताई हत्या किए जाने की आशंका

**अमृत विचार:** 24 घंटे से लापता युवक का शव गांव के बाहर संपर्क मार्ग के करीब मिला। वहीं परिवार के लोगों ने हत्या का संदेह जताते हुए कुछ लोगों के विरुद्ध आशंका जताई है। पिसावां थाना क्षेत्र के बहुबनी गांव में हुई घटना को लेकर पुलिस कुछ लोगों से पूछताछ कर रही है।

पिसावां थानाक्षेत्र के बहुबनी गांव का 18 वर्षीय संदीप मौर्य रविवार को घर से निकलकर कहीं लापता हो गया था। उसके पिता रामपाल के मुताबिक, उन लोगों ने नजदीकी रिश्तेदारों के अलावा आसपास इलाको में भी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। रात में आसपास खेतों को भी खंगाला गया। सुबह होने पर गांव के कुछ लोग शौच के लिए निकले थे। इसी दौरान संदीप का शव गांव के बाहर मुख्य मार्ग के करीब शीशम के पेड़ के पास पड़ा दिखाई दिया। उनकी सूचना पर परिवार के लोगों के अलावा बड़ी संख्या में लोग वहां जमा हो गए। परिजनों की सूचना पर पिसावां पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पूछताछ के बीच परिजनों ने आरोप लगाया कि संदीप के पुत्र को अगवा कर मार डाला गया है। परिजनों के हत्या किए जाने के गंभीर आरोपों के बीच पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

वहीं थानाध्यक्ष पिसावां वीरेन्द्र सिंह तोमर ने बताया है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। शव की मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद ही सभी स्थितियां पूरी तरह स्पष्ट हो जाएंगी। रिपोर्ट आने के बाद उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई भी होगी।

### लापता ग्रामीण का पेड़ से लटका मिला शव

**कमलापुर संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार :** घर से निकलकर लापता हुए ग्रामीण का शव गांव के बाहर पेड़ से लटका हुआ मिला। अचानक हुई मौत पर परिवार के लोगों ने हत्या किए जाने का संदेह जताया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू की है। घटना कमलापुर थाना क्षेत्र के थानापट्टी गांव की है। परिजनों के मुताबिक, 42 वर्षीय वीरेन्द्र उर्फ पंडित घर से सुबह किसी काम को लेकर निकला था। इसी के बाद वो लापता हो गया। काफी तलाश के बावजूद उसका पता नहीं चल सका। सायंकाल वीरेंद्र का शव गांव के बाहर आम की बाग में लटका हुआ मिला। कमलापुर थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने पहुंचकर मौका मुआयना करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# रेशम फार्म से काट ले गए प्रतिबंधित पेड़

संवाददाता पिसावां, सीतापुर

**अमृत विचार:** राजकीय रेशम फार्म स्थित पेड़ों को अवैध रूप से काट लिया गया। विभाग के अधिकारी ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करने के लिए कहा है। मामला पिसावां थाना क्षेत्र के खाजाडाबर गांव में स्थित राजकीय रेशम फार्म से जुड़ा हुआ है।

राजकीय रेशम फार्म नन्सोहा के सहायक रेशम विकास अधिकारी सतीश कुमार ने स्थानीय पुलिस को विभागीय पत्र देते हुए बताया कि राजकीय रेशम फार्म के चौकीदार द्वारा सूचना दी गई कि उक्त फार्म के बाउंड्रीवाल पर स्थित शहतूत एवं यूकेलिप्टस के पेड़ों को अनाधिकृत रूप से कटवाया गया। उन्होंने कहा कि उक्त पेड़ पूर्ण रूप से राजकीय संपत्ति है। विभागीय अधिकारी ने कुछ व्यक्तियों पर भी आरोप लगाया गया है। उनका कहना है कि जब वे शिकायती पत्र देने आ रहे थे। तो उन्हें धमकाया भी गया। सहायक रेशम विकास अधिकारी सतीश कुमार ने थाने पर घटना को लेकर पत्र दिया है।

**रातोंरात चला हरियाली पर आरा, लकड़ी जब्त, सकरन, सीतापुर:** सकरन गांव के दक्षिण रातो-रात सात पेड़ कटवा डाले गए। तम्बौर मंडी ले जाते समय इसे वन दरोगा नरेन्द्र पाल यादव ने पकड़ लिया। प्यारापुर गांव के पास लकड़ी भरे वाहन को जब्त करते हुए विभागीय कार्रवाई की गई। वहीं इस मामले में वन क्षेत्राधिकारी कमाल अहमद सिदिकी ने बताया कि ट्रैक्टर ट्राली कब्जे में है, ठेकेदार द्वारा जुर्माना जमा करवाया जाएगा।

**कार्यालयः जिला प्रोबेशन अधिकारी, बाराबंकी**

पत्रांक: 1766/प्रोबे0का0/प्रेस विज्ञप्ति/2024–25 दिनांक 23/09/2024

**निविदा सूचना**

**चाइल्ड हेल्प लाइन बाराबंकी हेतु किराये के भवन की आवश्यकता**

भारत सरकार द्वारा महिला कल्याण विभाग के अन्तर्गत संचालित चाइल्ड हेल्प लाइन बाराबंकी हेतु किराये के भवन की आवश्यकता है, जिसमें कमश: बच्चों हेतु 01 कक्ष, 01 कार्यालय कक्ष, 01 जिला समन्वयक कक्ष, 01 काउंसिलिंग कक्ष, 01 रसोई घर, 01 स्टोर रूम, 01 स्नानागार, 01 शौचालय एवं बच्चों के खेलने हेतु खुला स्थान व सुरक्षा की दृष्टि से बांउड्रीवाल होना चाहिए। कृपया इच्छुक व्यक्ति अपना प्रस्ताव/आवेदन–पत्र के साथ 07 दिवस के अन्दर कार्यालय जिला प्रोबेशन अधिकारी, भारत स्टूडियों के पीछे कलेक्ट्रेट, बाराबंकी से सम्पर्क स्थापित करें।

**जिला प्रोबेशन अधिकारी, बाराबंकी**

क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?
SINCE 2006
जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!
कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं? जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।
दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें
VACHAK वाचक आयुर्वेद®

आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश

प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?
उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?
उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?
उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?
उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?
उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?
उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीआॅक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?
उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अत: वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?
उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?
उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?
उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है


डॉ. ओम प्रकाश वर्मा
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

पुरस्कार एवं सम्मान
- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी /उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in
अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें –
7080239313
7570060266

आलमबाग
पताः शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय– सुबह 10:00 से 02:00 तक

मुंशीपुलिया
पताः 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय– सांय 06:00 से 09:00 तक

रविवार सांय अवकाश

# घर में घुसकर भाभी पर हमला, जख्मी


सकरन पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। अमृत विचार

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार:** एक युवक ने अपनी ही भाभी पर चाकुओं से हमला कर दिया, बाद में वो फरार हो गया। बिसवां सर्किल क्षेत्र के सकरन इलाके में हुई वारदात को लेकर पुलिस ने केस दर्ज करते आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। महिला की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

सकरन इलाके के रुद्रपुर गांव में मोबीन की भाभी घर पर थी। आरोप है कि मोबीन घर में घुस आया। दावा है कि उसकी नियत ठीक नहीं थी। इसी के बाद उसने चाकू से कई वार अपनी भाभी पर कर दिये। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। चीख पुकार के बीच परिजनों के बाद गांव के लोग इकट्ठा हो गए। जख्मी महिला स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर है। सकरन उपनिरीक्षक रमेश चन्द्र के मुताबिक, आरोपी को चाकू सहित गिरफ्तार कर लिया है। केस दर्ज करते हुए विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## चोरी के आरोपियों के पास से ढाई हजार की नकदी बरामद

**संवाददाता सीतापुर, अमृत विचार:** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा अभियान चलाया गया। प्रभावी कार्रवाई चोरी करने के आरोपी को गिरफ्तार करते हुए कब्जे से नकदी भी बरामद हुई है।

सकरन पुलिस ने छिछिया निवासी वारंटी सलीम को गिरफ्तार किया। संदना पुलिस द्वारा लोहंगपुर निवासी राजेश की गिरफ्तारी की गई। रामकोट पुलिस द्वारा जिहुरी गांव वासी निर्मल, ललित और दीपक को गिरफ्तार किया। पुलिस का दावा है कि आरोपियों ने भउवापुर गांव में चोरी की थी। ऐसे में आरोपियों के कब्जे से ढाई हजार नकदी बरामद हुई है। पिसावां पुलिस ने बबुर्दीपुर निवासी हरिप्रसाद को गिरफ्तार करके जेल भेजा है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मै सूचित करना चाहती हूँ कि गरिमा शुक्ला व गरिमा त्रिपाठी दोनों मेरे ही नाम है। भविष्य में मुझे **गरिमा शुक्ला पत्नी अरुण कुमार त्रिपाठी निवासी –मो0 शेखर कालोनी हरदोई** के नाम से जाना जाए।

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा नाम संजय कुमार संजू पुत्र रामाधर के नाम से जाना जाता है दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है। – **संजय कुमार संजू, पुत्र रामाध, ग्राम व पो0 सदरपुर, सीतापुर, उ0प्र0, मो0–93699586674**

**सूचना**
पहले मेरा नाम RAIS AHAMAD था अब मैने बदलकर अपना नाम MOHAMMAD RAEESH AHMAD रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O:MAKBOOL, VILL -SEUR CHAMURKHA, POST- KUREBHAR THANA-KUREBHAR,SULTANPUR, UTTAR PRADESH-228151

**सूचना**
पहले मेरा नाम MOHAMMAD FAROOQ KHAN था अब मैं आपना नाम बदलकर FAROOK KHAN रख लिया हूँ अब मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।– **फारुक खान मोहल्ला बजार, रौनाही– अयोध्या**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **माता प्रसाद सिंह पुत्र स्व0 प्रताप सिंह मौजा–जगदीशपुर, पोस्ट–बौरिहा पर0महादेवा तहसील तरबंगज वारिहाता ग्राम–पूरे पेदी शिवा वक्तावर पोस्ट बुधईपुरवा, परगना तहसील जिला–गोण्डा,** मैने अपने बड़े पुत्र मलखान सिंह पुत्र माता प्रसाद सिंह का चाल– चलन ठीक नहीं है वह आपराधिक किस्म का होने के कारण अपना पारिवारिक रिश्ता समाप्त करते हुए अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। अब मेरा उससे कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सूचना**
गाटा संख्या की संपत्ति भूमि के संबंध में पारुल मल पुत्र दादूमल द्वारा कन्हैया लाल जावरानी, चंद्र नाथ लेवरानी और सेवक राम जावरानी और लाल चंद्र जावरानी के पक्ष में निष्पादित मूल विक्रय पत्र। 849बीए, सिविल लाइंस हरदोई, परगना बांगर (अंदर नगर पालिका), तहसील और जिला हरदोई में स्थित है, जो विधिवत उप–रजिस्ट्रार सदर, जिला हरदोई के कार्यालय में बुक नंबर के तहत पंजीकृत था। 1, वाल्यूम नं. 515, पृष्ठ 181/182, दस्तावेज् संख्या। 1326, दिनांक 16.09.1966. उपरोक्त कागजात घर से दुकान तक परिवहन के दौरान खो गये थे।

**सूचना**
सूच्य हो कि मेरे एनटीपीसी सेवा अभिलेखों में मेरी पत्नी का नाम ताहिरा और जन्मतिथि 01/07/1968 अंकित है , जो अपूर्ण और अशुद्ध है ।जबकि अन्य अभिलेखों में मेरा नाम ताहिरा खातून और जन्मतिथि 15/03/1972 दर्ज है , जो पूर्ण और सही है । अतः सेवा अभिलेखों में मेरी पत्नी का सही नाम ताहिरा खातून और जन्मतिथि 15/03/1972 दर्ज किया जाए । **इस्तिखार अहमद पुत्र अब्दुल वहाब निवासी – वार्ड नंबर 10 , भीतरी गांव , नगर पंचायत ऊंचाहार – रायबरेली**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं अर्चना कपूर मेरे प्रापर्टी के कागज जिसकी गाटा सं0–849Ba है जो कि सिविल लाइन हरदोई परगना बंगर (नगर पालिका के अन्तर्गत) तहसील एवं जनपद हरदोई में स्थित है और सब–रजिस्ट्रार सदर हरदोई के कार्यालय में बुक नं0–1, वैल्यूम नं0–515, पृष्ठ सं0–181/182, प्रपत्र सं0–1326 दिनांक–16.09.1966 में अंकित है। वास्तव में खो गये है।

**सूचना**
सूचित हो कि **जमील अहमद** (JAMILAHAMAD) **पुत्र हाजी अब्दुल रज्जाक, निवासी– मोहल्ला मिर्जागंज, कस्बा व परगना व तहसील– मलिहाबाद, जिला लखनऊ** मेरी पुत्री रमशा जमील (RAMSHA JAMEEL) के विद्यालय के अभिलेखों में मेरा नाम त्रुटिवश जमील अहमद (JAMIEL AHMAD) दर्ज हो गया है जो कि गलत है, मेरा सही नाम जमील अहमद (JAMIL AHAMAD) है। अतः मेरी पुत्री के विद्यालय अभिलेखों में मेरा नाम संशोधन कर जमील अहमद (JAMILAHAMAD) दर्ज किया जाये ।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम सचिन जायसवाल पुत्र श्रवण कुमार जायसवाल निवासी ग्राम व पोस्ट अरसिया बाजार तहसील शाहगंज जनपद जौनपुर ही लेकिन मेरे अभिलेख में मेरा नाम त्रुटि बस कृतिक जायसवाल हो गया है जो सही नहीं है। मेरा नाम सचिन जायसवाल पुत्र श्रवण कुमार जायसवाल ही जाना एवं समझा जाए। – **सचिन जायसवाल पुत्र श्रवण कुमार जायसवाल, निवासी– ग्राम व पोस्ट अरसिया बाजार तहसील शाहगंज, जनपद जौनपुर**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **मोहम्मद इदरीश खाँ पुत्र स्व0 रफी खॉ निवासी–हाता हजरत साहब मोहल्ला काकोरी लखनऊ** मेरी पुत्री MEHVISH KHAN के जन्म प्रमाण पत्र में माता का नाम त्रुटिवश KAUSER KHAN के स्थान पर QAUSER KHAN नाम अंकित हो गया है जो कि सत्य व सही है। अतः मेरी पुत्री की माता का नाम QAUSER KHAN के स्थान पर KAUSER KHAN पढा व समझा जाये तथा पुत्री की माता का नाम समस्त दस्तावेजो मे QAUSER KHAN के स्थान पर KAUSER KHAN नाम संशोधित कर अंकित किया जाय।

**सूचना**
मेरे शैक्षिक प्रमाणपत्रों में मेरा नाम अखिलेश कुमार पुत्र बृजपाल है। जबकि आधार पैन कार्ड पासपोर्ट में अखिलेश शर्मा पुत्र बृजपाल शर्मा दर्ज है। मुझे अखिलेश शर्मा के नाम से जाना जाए । अखिलेश कुमार व अखिलेश शर्मा एक ही व्यक्ति है। **अखिलेश शर्मा पुत्र बृजपाल शर्मा, निवासी मानिकपुर मोड सेंट्रल बैंक के पास इटावा**

**NOTICE**
We, Sudipto Banerji and Monica Banerji, Directors of AdvantageSB Communications Private Limited, located at 1605, Rupa Solitaire, MBP, Mahape, Navi Mumbai 400710, Registered at 406, Drosia Apartment, Chandganj Garden Lucknow hereby declare that we have no business relationship with Mr. Alok Mukherjee, residing at Hauz Khas, New Delhi, or with Incite Infotech Private Limited, located at 208, 2nd Floor, Triveni Complex, E 10-12, Jawahar Park, Laxmi Nagar 110092, New Delhi, India. Any individual or organization engaging with them on matters related to us or our company does so at their own risk. Please consider this notice as a formal statement of our separation.

**NOTICE**
Original sale deed executed by Parul, Mal S/O Dadumal, in favour of Kanhaiya Lal Javrani, Chandra Nath levrani & Sevak Ram Javrani & Lal Chandra Javrani, in respect of the property land of Gata no. 849Ba, Situated at Civil Lines Hardoi, Pargana Bangar (Andar Nagar Palika), Tehsil & District Hardoi, which was duly registered in the office of the Sub-Registrar Sadar, District Hardoi, Vide Book no. 1, Volume no. 515, Pages 181/182, Document no. 1326, dated 16.09.1966.The above papers were lost during transit from home to shop

## एक नजर

### बिसवां में फिल्म-मालिक की शुरू हुई शूटिंग

सीतापुर : बिसवां की सकसेरिया चीनी मिल में बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव की फिल्म मालिक की शूटिंग शुरू हुई। इस दौरान एक्शन शॉट फिल्माए गए। इस फिल्म का निर्देशन पुलकित कर रहे हैं। इसमें एक्शन शॉट के लिए बिसवां शुगर मिल में दो दिवसीय शूटिंग का आयोजन किया गया है। इस दौरान एक्शन शॉट फिल्माए गये। मंगलवार को भी फिल्म की शूटिंग होगी।

### अवैध तमंचा लहराकर वीडियो बनाया, गिरफ्तार

सीतापुर : अवैध तमंचा लहराकर वीडियो बनाने वाला आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा। महमूदाबाद पुलिस ने मनबढ़ को गिरफ्तार कर लिया है। कट्टा-कारतूस की बरामदगी कर केस दर्ज करते हुए आरोपी के विरुद्ध जेल भेजने की कार्रवाई की गई है। जिले में एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ। जिसमें युवक तमंचा लहराता हुआ दिख रहा था। एसपी चक्रेश मिश्रा ने बताया कि वीडियो को संज्ञान लेते हुए सभी थाना पुलिस को निर्देश दिए गए। इसी क्रम में महमूदाबाद इलाका पुलिस ने वीडियो की जांच की तो पता चला कि क्षेत्र उनके परिक्षेत्र में है। ऐसे में पुलिस ने महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के बघाइन मोड़ के करीब से रमद्वारी निवासी संजय कुमार पुत्र किशोरीलाल को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से कट्टा-कारतूस बरामद होने का दावा पुलिस ने किया है।

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने दिलाई सदस्यता

गोंडा : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद देश का नही अपितु विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है। संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता विगत कई दिनों से सदस्यता अभियान चलाया चला रहे है। सोमवार को जनपद के सालपुर नगर इकाई के श्री परमेश्वर दत्त इंटर कालेज समेत कई विद्यालयों में विद्यार्थियों की सदस्यता दिलाई गई। सदस्यता अभियान में प्रमुख रूप से जिला प्रमुख पवन शुक्ला, विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश चौबे, जिला संगठन मंत्री हरिओम, विभाग संयोजक मुकेश सोनी, नगर मंत्री सालपुर प्रभात शुक्ल, पूर्व नगर मंत्री रवि शुक्ल, नगरमंत्री अमरेश, सूरज चतुर्वेदी आदि उपस्थित रहे।

# एसडीओ-जेई पर केस दर्ज करने का आदेश

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

▸▸ पिपरी घूरा गांव की महिला प्रधान से घूस मांगने का मामला

अमृत विचार: न्यायालय विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट) कोर्ट ने विद्युत विभाग के जेई व एसडीओ पर हरगांव पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया है। दोनों अधिकारियों पर एक दलित महिला प्रधान से घूस मांगने का आरोप है।

हरगांव थाना क्षेत्र के पिपरी घूरा गांव की प्रधान विमला सिंह का आरोप है कि विद्युत विभाग से संबंधित अधिकारियों ने विद्युत कनेक्शन को लेकर घूस मांगी। न देने पर जातिसूचक गालियां व अभद्रता की गई। पुलिस से राहत न मिलने पर ग्राम प्रधान ने अदालत का दरवाजा खटखटाया। बताया कि उसने अपना एक सब्मर्सिबल (ट्यूबवेल) का विद्युत कनेक्शन लिया। जिसकी लाइन विद्युत विभाग द्वारा मुख्य विद्युत 11 हजार लाइन टोडरपुर पुलिया से खींची गयी। जिसको लेकर नहर विभाग ने आपत्ति की। नहर विभाग ने उसे 10 दिन के अन्दर हटाये जाने का नोटिस भी दिया। इसके लेकर उसने कई बार बिजली विभाग को लाइन हटाने के लिए कहा। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। दावा है कि एसडीओ व जेई ने लाइन हटाने के नाम पर पच्चीस हजार रुपये घूस मांगी गई। इसके बाद 17 मई को एसडीओ व जेई ने विनोद कुमार, बहादुर, संदीप, प्रदीप सहित अन्य लोगों के नये कनेक्शन आवेदिका की उसी लाइन में जोड़ दिये। इसका विरोध करने पर उसे जाति सूचक गालियां दी गईं। न्यायालय विशेष न्यायाधीश मो. शफीक ने इस वाद की सुनवाई की। इसके बाद एसडीओ व जेई पर मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। आदेश में लिखा है कि विपक्षीगण का यह कार्य लोक सेवक के कर्तव्यों के निर्वहन में नहीं आता है। प्रभारी निरीक्षक थाना हरगांव को आदेशित किया गया है।

# तिहरे हत्याकांड के आरोपी को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता सीतापुर



▸▸ वर्ष 2018 में हरगांव थाना क्षेत्र में मिले शवों के बाद दर्ज हुआ था अभियोग

▸▸ विवेचना करने वाले अश्वनी पांडेय पर साक्ष्य मिटाने का आरोप, डीजीपी को भेजी कॉपी

अमृत विचार: अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या 14 पॉक्सो एक्ट ने तिहरे हत्याकांड में बड़ा फैसला सुनाया। मुख्य आरोपी को आजीवन कारावास के साथ दस हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा मिली है। घटना में शामिल छह आरोपी बरी हुए हैं। वहीं अदालत ने तत्कालीन विवेचक निरीक्षक अश्वनी पांडेय को साक्ष्य मिटाने का दोषी माना है। इसको लेकर एक प्रति पुलिस महानिदेशक को कार्यवाही के लिए भेजी गई है।

मामला हरगांव थाना क्षेत्र में वर्ष 2018 का है। यहां तीन स्थानों पर एक महिला व दो बालिकाओं के शव मिले थे। जिसको लेकर पुलिस ने कोतवाली नगर क्षेत्र के आवास विकास कॉलोनी निवासी नवीन कुमार गुप्ता को गिरफ्तार किया। मुख्य आरोपी नवीन गुप्ता ने पुलिस पूछताछ में बताया कि मृतका से उसके अवैध संबंध थे। बाद में महिला अन्य लोगों के भी संपर्क में आ गई। मना करने पर महिला नहीं मानी, तो उसकी हत्या कर शव सरायन नदी में फेंका गया। ये सब कुछ मृतका की बेटियों ने देखा। इसलिए उनकी भी हत्या कर दी गई। एक बालिका के साथ एक साथी ने दुष्कर्म भी किया। जेसीबी का इंतजाम नहीं हुआ तो कार की मदद से शवों को तीन स्थानों पर फेंका गया। इस मामले में अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या 14 पॉक्सो एक्ट भगीरथ वर्मा ने नवीन कुमार गुप्ता को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही न्यायाधीश ने दस हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। वहीं लचर विवेचना के कारण छह आरोपियों को मिला संदेह का लाभ भी मिला। अदालत ने माना कि विवेचक अश्वनी पाण्डेय ने वारदात के संबंध में साक्ष्य मिटाने के प्रयास किये, इसलिए उनके विरुद्ध कार्रवाई को लेकर डीजीपी को एक पत्र भेजा गया।

# खराब प्रदर्शन करने वालों पर होगी कार्रवाई

## जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान दिए निर्देश

संवाददाता सीतापुर

अमृत विचार: जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं एवं आपरेशन कायाकल्प की समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने अधीनस्थों को निर्देश दिया कि निपुण परीक्षा में खराब प्रदर्शन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

बैठक के दौरान अधीनस्थ अधिकारियों ने योजना से संबंधित कार्यप्रगति की रिपोर्ट जिलाधिकारी के समक्ष पेश की। इस दौरान जिलाधिकारी ने डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स एवं ब्लॉक टास्क फोर्स के सदस्यों को निर्देश दिए कि लक्ष्य के अनुसार निरीक्षण करना सुनिश्चित करें। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी प्रकार का डाटा संबंधित पोर्टल पर पूरी शुद्धता के साथ भराया जाए। उन्होंने कहा कि निपुण परीक्षा में खराब प्रदर्शन करने वाले विकास खण्डों के खण्ड शिक्षा अधिकारियों एवं विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



समीक्षा बैठक के दौरान अधीनस्थों को निर्देश देते जिलाधिकारी। अमृत विचार

समीक्षा बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, प्रशिक्षु आईएएस नितिन सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरपाल सिंह, जिला विकास अधिकारी हरिश्चंद्र प्रजापति, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी निरीश चंद्र शाहू सहित संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### सोलर प्लांट के लिए सब्सिडी का उठाएं लाभः डीएम

संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार : जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजनान्तर्गत विद्युत सोलर प्रकोष्ठ की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजान्तर्गत जिले में निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति के लिए अधिक से अधिक विद्युत उपभोक्ताओं के घरों पर सोलर रूफटॉप संयंत्र की स्थापना को बढ़ावा दिया जाए। वहीं जिलाधिकारी ने लोगों से अपील की कि सोलर प्लांट लगाने के लिए सब्सिडी का लाभ लेने के बढ़-चढ़कर आगे आएं। वहीं यूपी नेडा के परियोजना अधिकारी कमलेश यादव द्वारा बताया गया कि योजना के अन्तर्गत उपभोक्ता अपने घर पर आनग्रिड सोलर प्लांट लगाकर 1 लाख 80 हजार रुपये की सब्सिडी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस योजना से उपभोक्ता बिजली बिल के बोझ से भी मुक्त हो सकते हैं। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुनील कुमार सिंह, विद्युत विभाग के अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### ट्रक की चपेट में आया छात्र, मौके पर पहुंचीं विधायक

संवाददाता, महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार : तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में साइकिल सवार छात्र आ गया। कस्बे के पैंतेपुर मार्ग स्थित एशिया कॉलोनी के करीब तेज रफ्तार ट्रक में घायल छात्र की सूचना मिलने पर विधायक महमूदाबाद मौके पर पहुंची। घायल की हालत देखते हुए उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। कोतवाली क्षेत्र के रेवान गांव का 10 वर्षीय रवि कुमार कस्बे के आदर्श विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कक्षा दो का छात्र हैं। वो विद्यालय परीक्षा देने आया था। समाप्ति के बाद घर लौट रहा था। तभी फतेहपुर की ओर से आ रहे ट्रक की चपेट में आकर घायल हो गया। हादसे की खबर पाकर विधायक आशा मौर्या पहुंची और उसकी हालत को देखते हुए लखनऊ ट्रामा सेंटर भिजवाने की व्यवस्था कराई, इस दौरान परिवार के लोग भी उपस्थित थे।

### आवास योजना ग्रामीण की बैठक आयोजित

कमलापुर, सीतापुर : ग्राम पंचायत नवागाव में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण प्लस 2018 में पात्र लाभार्थियों का नाम जोड़ने को लेकर ग्राम प्रधान जनक कुमारी सिंह की अध्यक्षता में ग्रामीणों के साथ बैठक की गई। ग्राम पंचायत सचिव संदीप रावत ने बताया कि पात्रता का मानक आवास विहीन परिवार, कच्ची दीवार, कच्ची छत विहीन के मकान में रहने वाले परिवार, कच्चे आवास में निवास करने वाला परिवार हैं। इन्हें योजना ग्रामीण के तहत आवास मिलेगा।

# युवक को भीड़ ने चोरी करते रंगे हाथों पकड़ा, केस दर्ज



युवक को पकड़कर घेरे ग्रामीण। अमृत विचार

संवाददाता महमूदाबाद, सीतापुर

▸▸ महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र की घटना, जमकर की पिटाई

अमृत विचार: शराब पीने के इरादे से सिंचाई पाइप चोरी कर ले जा रहे युवक को भीड़ ने रंगे हाथों पकड़ लिया। इस दौरान आक्रोशित भीड़ ने युवक की जमकर पिटाई कर दी। पुलिस ने आरोपी से हुई पूछताछ के बाद केस दर्ज कर लिया है।

कोतवाली इलाके के महमूदाबाद-रेउसा मार्ग स्थित सेमरी पेट्रोल पंप के पास लगी आटा चक्की के निकट पड़े सिंचाई पाइप को एक युवक ने चोरी करने का प्रयास किया। पाइप ले जाते युवक का पकड़ा गया तो पता चला कि वो इसे बेंचकर शराब पियेगा। इसी के बाद युवक की जमकर पिटाई की गई। पीआरवी 112 को सूचना देकर उनके हवाले कर दिया। पकड़े गए युवक की पहचान महमूदाबाद कोतवाली इलाके के सेमरा गांव निवासी लवकुश पुत्र रामऔतार के रूप में हुई। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि युवक हिरासत में है, कार्रवाई की जा रही है।

# स्वास्थ्य परीक्षण कर आयुष्मान कार्डों का वितरण



सीएचसी महमूदाबाद में योजनाओं की जानकारी देतीं विधायक महमूदाबाद।



फीता काटकर आयुष्मान पखवाड़े की शुरुआत करते पूर्व विधायक लहरपुर।

अमृत विचार टीम, सीतापुर

▸▸ जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयुष्मान पखवाड़े का आयोजन

अमृत विचार: जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयुष्मान पखवाड़े का आयोजन किया गया। इस दौरान मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण करके आयुष्मान कार्डों का वितरण भी किया गया।

महमूदाबाद संवादादाता के अनुसार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयुष्मान पखवाड़ा के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा विधायक आशा मौर्या पहुंचीं। उन्होंने आयुष्मान कार्ड बनने के बाद हर व्यक्ति को पांच लाख रुपये तक कैशलेस इलाज की व्यवस्था की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान आयुष्मान कार्डों का वितरण किया गया। 440 मरीजों ने अपन स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा ली।

लहरपुर संवाददाता के अनुसार स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आयुष्मान पखवाड़ा का शुभारंभ निवर्तमान विधायक सुनील वर्मा द्वारा फीता काट कर किया गया। इस मौके पर केंद्र अधीक्षक डॉ. अरविंद बाजपेई, डॉ. प्रणव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पिसावां संवाददाता के अनुसार आयोजित स्वास्थ्य शिविर में कुल 369 मरीजों ने पंजीकरण कराया। 60 आयुष्मान भारत के नये कार्ड बनाये गये। सबसे अधिक दो सौ के करीब बुखार के मरीज शामिल रहे। इस दौरान आयुष्मान भारत कार्ड बनने के साथ ही कुष्ठ रोग परीक्षण, क्षयरोग परीक्षण, नेत्ररोग परीक्षण भी हुआ। स्वास्थ्य शिविर के दौरान डॉ. अवनीश कुमार, डॉ. सर्वेश कुमार, डॉ. पूर्णिक पटेल सहित अन्य उपस्थित रहे।

### गांव पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम

संवाददाता सांडा, सीतापुर, अमृत विचार : सकरन क्षेत्र के सांडा ग्राम पंचायत के गोपालापुर गोपालापुर गांव में कैंप आयोजित कर संक्रमण की चपेट में आकर दम तोड़ चुके करमदीन के परिजनों की जांच की और उनमें दवा वितरण की गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम के चिकित्सकों ने गांव के 58 लोगों का भी परीक्षण किया, साथ ही उन्हें रोगों की चपेट में आने से बचाव के तरीके और सतर्क रहने की सलाह दी। इस दौरान 18 लोगों के मलेरिया टेस्ट भी कराए गए। टीम ने लोगों से अपने घरों में साफ सफाई रखने के सख्त निर्देश दिए और स्वास्थ्य परीक्षण कराने की बात कही।

# जंगली जानवर ने गोवंश का किया शिकार, दहशत



ब्रह्मावली मूड़ा गांव में मौके पर मौजूद वन विभाग की टीम। अमृत विचार

संवाददाता नेरी, सीतापुर

▸▸ वन विभाग की टीम पहुंची, मिले दो अलग-अलग पगचिन्ह

▸▸ वन महोली कोतवाली क्षेत्र के ब्रह्मावली मूड़ा गांव की घटना

अमृत विचार: महोली क्षेत्र में 24 घंटे के भीतर जंगली जानवर ने छुट्टा गोवंश को अपना निशाना बनाया। ग्रामीण बाघ के होने की आशंका जता रहे हैं।

महोली के ब्रह्मावली मूड़ा गांव के बाहर घूम रहे छुट्टा गोवंश के झुण्ड पर बाघ ने हमला कर दिया। जिसमें एक गाय को अपना निशाना बनाया। हरैय्या फत्तेपुर निवासी ग्रामीणों के मुताबिक, इस बार उन लोगों ने एक नहीं दो-दो बाघ देखे हैं। एक बाघ के मुंह में रक्त भी लगा था। फिलहाल इन्हीं दावों के बीच वन विभाग के क्षेत्राधिकारी सिकंदर सिंह टीम सहित गांव पहुंचे, तो उन्हें गांव के बाहर पगचिह्न मिले। वन दरोगा संतराम, वन दरोगा विनीत कुमार, वन दरोगा अक्षय पाण्डे ने ग्रामीणों के बयान दर्ज किये। सभी को सतर्क और बच्चों को बाहर न निकलने की सलाह दी गई। उधर देर शाम, हरैय्या फत्तेपुर गांव के दक्षिण में लीला के निजी नलकूप के पास बाघ को खड़े देखा गया है।

## सार-संक्षेप

### भाजपा नेताओं की टिप्पणी पर भड़के कांग्रेस कार्यकर्ता

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : कांग्रेस पार्टी के नेता व संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर भाजपा नेताओ के टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस के पिछड़ा वर्ग के जिलाध्यक्ष के अगुवाई में कांग्रेसियों ने प्रदर्शन कर जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन पिछड़ा वर्ग विभाग के अध्यक्ष अर्जुन वर्मा के नेतृत्व सौपा गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि भाजपा के टिप्पणी करने वाले नेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। राहुल गांधी संसद में विपक्ष के नेता हैं। उनके खिलाफ की गई टिप्पणी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भाजपा सरकार लगातार हिटलर शाही वाला रवैया अपना रही है। उनके नेता अनावश्यक टिप्पणी कर रहे हैं। उनको रोकने वाला कोई नहीं है। भाजपा के वरिष्ठ नेता चुप्पी साधे हुए हैं। कांग्रेसी इस टिप्पणी को लेकर लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। जब तक टिप्पणी करने वाले नेताओं के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती है प्रदर्शन में तेजी आती रहेगी। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के सहित आम जनमानस भी की गई अनुचित टिप्पणी से आक्रोशित है। जनता भाजपा को माफ नहीं करेगी। ज्ञापन देने मे मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा, जिला प्रवक्ता शिव कुमार दुबे, शहर अध्यक्ष रफीक रैनी अल्पसंख्यक कांग्रेस के अध्यक्ष सगीर अहमद खान, विनय प्रकाश त्रिपाठी, चांद खान, शहजाद मेवाती,,अजय रस्तोगी, रिजवान, राजू सेवादल ,बेबी मिश्रा सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

### रास्ता बनाने को लेकर दो भक्ष भिड़े, छह लोग गंभीर

संवाददाता कमलापुर, अमृत विचार : इंटरलॉकिंग लगाने को विवाद हुआ। झगड़ा इतना बढ़ा कि लाठी-डण्डे चल गए। जानलेवा हमले में 6 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घटना कमलापुर थाना क्षेत्र के पताराकला गांव की है। पताराकला गांव के प्रधान मोहम्मद नफीस गांव के भीतर इंटरलॉकिंग का कार्य करा रहे थे। ये कार्य गांव के संतू के मकान से दीनबंधु के मकान तक हो रहा रहा था। रास्ते में जब्बार व इसरार पुत्रगण बड़कऊ व मुन्ना पुत्र इसरार का मकान पड़ता है। ग्राम प्रधान के मुताबिक, यहीं इंटरलॉकिंग को लेकर विवाद शुरू हो गया। इंटरलॉकिंग करा रहे पवन यादव, राधे और दीनबंधु से विपक्षी झगड़ा करने लगे। बातचीत इतनी बढ़ गई कि गाली-गलौज के साथ मारपीट शुरू हो गया। ईंट-पत्थर और लाठी-डण्डे चले। जानलेवा हमले में दोनों ही पक्षों के तीन-तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी लोगों को गंभीर चोटे आईं, खबर मिलते ही इलाका पुलिस मौके पर पहुंची। फिर सभी छह घायलों को स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। बिगड़ी हालत में घायल दोनों पक्षों के 6 लोग जिला अस्पताल में भर्ती कराए गए हैं। अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रवीण रंजन सिंह गांव पहुंचे और मौका मुआएना किया। थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह का कहना है दोनों ही पक्षों की ओर से मिली तहरीर के आधार क्रास केस दर्ज किया गया है। फिलहाल ग्राम प्रधान सहित पांच लोग हिरासत में लिये गए हैं। गांव में पुलिस बल तैनात है।

### मां के चरणों में सिर चढ़ा देना तुम



कवि सम्मेलन में कवियों का अभिवादन करते विधायक शशांक त्रिवेदी।

नेरी संवाददाता सीतापुर, अमृत विचार : जन्माष्टमी मेला महोत्सव कवि सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक शशांक त्रिवेदी ने दीप प्रज्वलित करके किया। कवि राज कुमार तिवारी की अध्यक्षता में देर रात तक चले इस साहित्यिक आयोजन में कवियों ने अपने काव्यपाठ से श्रोताओं को मन्त्र मुग्ध किया। कवि जगजीवन मिश्र ने वाणी वन्दना के पश्चात कविता पाठ करते हुए मुक्तक पढ़ा-वीरता सैनिकों की सुना देना तुम, मैं भी लड़ने चलूंगा सिखा देना तुम, लड़ते-लड़ते मेरा सर ये कट जाए तो, मां के चरणों में सिर ये चढ़ा देना तुम। हरदोई के हास्य कवि अजीत शुक्ल ने कहा- जंगल में लोकतंत्र के लिए होंगे चुनाव, सुनकर हाथी घोड़े कुत्ते झूमने लगे, एक बार हमको जिता दो कह कह कर सिंह मेमनों के भी चरण चूमने लगे। वीर रस के सुप्रसिद्ध कवि योगेश चौहान ने ओजस्वी काव्यपाठ करते हुए कहा-मृत्यु आई शौर्य सिद्ध करने से पूर्व यदि, भारती के लाल मौत को ही मार डालेंगे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए रायबरेली से आए नीरज पाण्डेय शून्य ने कविता पाठ करते हुए कहा-शान्तिदूत बनने से जब कोई हल नहीं निकलता है, तब मेरी कविता का अक्षर-अक्षर आग उगलता है। कविताएंसुनकर भाव विभोर होते श्रोताओं ने कवियों का तालियांबजाकर व जोशीले नारे लगाकर खूब उत्साह वर्धन किया।

बदहाली

ऐलिया ब्लॉक स्थित अल्लीपुर-बण्डिया की झील देखरेख के अभाव में हुई वीरान, जलकुंभी और गंदगी से मछलियां भी मरीं

# कभी कलरव करते थे साइबेरियन पक्षी, आज जलकुंभी ने घेरा

आशुतोष अग्निहोत्री, इमलिया सुल्तानपुर (सीतापुर)

अमृत विचार: ऐलिया ब्लॉक की अल्लीपुर-बण्डिया झील कभी साइबेरियन पक्षी के कलरव से भरी रहती थी। इन्हें देखने के लिए गैर जनपदों के भी पर्यटक यहां पहुंचते थे। जबकि अब बदहाली और देखरेख के अभाव में झील वीरान हो चली है। यहां जमा जलकुंभी और गंदगी के कारण मछलियां भी बड़ी संख्या में मर चुकी हैं।

वर्तमान में शासन झील और वन्य क्षेत्रों के लिए बेहद गंभीर है। पर्यटन स्थल को बढ़ावा देने के लिए तमाम योजनाएं भी चल रही हैं। बावजूद इसके जिले के कई स्थान वीरान हो चले हैं। हम बात कर रहे हैं कुछ समय पहले जिले की सबसे खूबसूरत झील अल्लीपुर-बण्डिया की, ये ऐलिया ब्लॉक क्षेत्र में स्थित है। झील के बारे में व्यवसाई राजकुमार मिश्रा बताते हैं कि कुछ समय पहले तक इस झील पर हजारों की संख्या में साइबेरियन पक्षी के अलावा देश-विदेश के सैकड़ों पक्षी कलरव करते थे। दूर-दूर से आने वाले पर्यटकों के कारण हम सब लोगों की अच्छी आमदनी होती थी। बीतते समय में देखरेख के अभाव में झील अब वीरान हो चली है।



राजकुमार मिश्रा।



सुरेंद्र कुमार शुक्ला।



ऐलिया ब्लॉक स्थित अल्लीपुर-बण्डिया की झील में जमा जलकुंभी। अमृत विचार

वहीं प्रगतिशील किसान सुरेंद्र कुमार शुक्ला का कहना है कि सैकड़ों की संख्या में झील के पास आने वाले पक्षियों के कारण बीट और अन्य उपजाऊ कारकों से आसपास के खेतों की उवर्रक क्षमता बढ़ने लगी थी। लेकिन अब तो झील की मछलियां भी गंदे पानी के कारण बड़ी संख्या में मरने लगी हैं। उधर, अनिरुद्ध कुमार का कहना है कि शासन की योजनाएं तो बड़ी अच्छी हैं। अगर जमीनी स्तर पर इसे अमल में सभी जिम्मेदार लोग मिलकर लाने लगें तो प्राकृतिक व्यवस्था एक बार अच्छी रफ्तार पकड़ सकती है। उन्होंने बताया कि झील के आसपास अब आने वाले सारस भी कम हो चले हैं। जिससे झील का अस्तित्व खत्म होता जा रहा है। उनके साथ आसपास के लोगों ने जिला प्रशासन से झील के संरक्षण के लिए आगे आने के लिए मांग की है।

> सारस की गणना कराई जाएगी, झील की साफ-सफाई को लेकर अधीनस्थों को निर्देश दिए गए हैं। प्रयास किया जा रहा है कि जल्द ही झील अपने पुराने स्वरूप में आ सके।
>
> -बीनू पाल, वन रेंजर, हरगांव वन्य रेंज।

# विदेश से आ रहे फोन, मांग रहे रंगदारी

संवाददाता महमूदाबाद, सीतापुर: मोहल्ला सरावगी टोला निवासी ऋषि जैन ने कोतवाली महमूदाबाद में प्रार्थना पत्र देकर गत 30 अगस्त को मुकदमा दर्ज करवाया था कि उसके मोबाइल पर विदेशी नंबर से कॉल करके पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगी जा रही है। ऋषि जैन ने बताया कि मुकदमा दर्ज होने के बाद भी लगातार धमकी मिल रही हैं। जिसकी शिकायत उसने पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजकर की है। ऋषि जैन का आरोप है कि अभी तक उसे धमकी मिल रही थीं, अब पिता अमृत चंद्र जैन, छोटा भाई अर्पित जैन को फोन करके धमकाया जाने लगा है। रुपये न देने पर जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है।

## एक नजर

### अभियान चलाकर दिलाई भाजपा की सदस्यता

**सुबेहा, अमृत विचार :** भाजपा द्वारा चलाये जा रहे सदस्यता अभियान के अंतर्गत आज बूथ नंबर 362 रोहना मीरापुर और बूथ नंबर 358 सिधियावाँ मंडल सुबेहा में अभियान चलाकर सदस्यता कराया गया। इस मौके पर विवेक मिश्रा मंडल महामंत्री, मिथिलेश शुक्ला शक्तिकेंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष राम बिलास तिवारी, रामकेवल विश्वकर्मा, चंद्रभान तिवारी, वेदप्रकाश तिवारी, रमेश पांडेय, सुशील दुबे, संतराम रावत आदि मौजूद रहे।

### बैक होते ट्रक से कुचलकर मजदूर की मौत

**बाराबंकी, अमृत विचार :** ट्रक चालक के अचानक वाहन बैक करने से बिहार निवासी एक मजदूर की पहियों के नीचे दबकर मौत हो गई। बिहार के जिला खगड़िया के थाना मड़ैया के गांव हरईया निवासी इंदल कुमार (38) अपने भाई मुन्ना कुमार के साथ नगर कोतवाली के सफेदाबाद स्थित दयाल फैक्ट्री में काम करता था। सोमवार को वह फैक्ट्री के पास चाय पी रहा था। इस दौरान एक ट्रक चालक ने वाहन बैक कर दिया जिससे इंदल ट्रक के पहियों के नीचे दब गया। घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।

### अधिक से अधिक संख्या में पहुंचें कार्यकर्ता

**फतेहपुर, अमृत विचार :** क्षेत्रीय भाजपा विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने अपने जन सहयोग केंद्र पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। उन्होंने बताया कि मंगलवार को जीआईसी ऑडिटोरियम में मुख्यमंत्री कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा लोग पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। इस मौके पर सरोज वर्मा, विशाल सिंह, विनय मौर्या, दिलीप वर्मा, रंगनाथ त्रिपाठी, राजीव नयन तिवारी, करुणा शंकर शुक्ला, बाबा हेमंतदास, पंकज वर्मा, रामचंद्र वर्मा आदि रहे।

# फाइनेंसर और किसान बनकर एजेंसी से उठा ले गए तीन ट्रैक्टर

## फर्जी निकले जमा किए गए कागज, एजेंसी मालिक की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** फाइनेंसर व किसान बनकर ट्रैक्टर एजेंसी पहुंचे चार लोग फर्जी कागजात व प्रमाण पत्र लगाकर तीन ट्रैक्टर उठा ले गए। अब एजेंसी मालिक ट्रैक्टर तलाश रहा है। एक स्थान पर उसे यह तीनों ट्रैक्टर दिखे भी पर वहां भीड़ एकत्र होने से वह चुपचाप चला गया। आरोप है कि चारों लोग गैंग बनाकर यही काम करते हैं फिर उन वाहनों को बेंच लेते हैं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

लखनऊ मार्ग पर गांधी आश्रम के निकट आर्यन मोटर्स के नाम से वीरेन्द्र सिंह की महिन्द्रा ट्रैक्टर एजेंसी है। उसने तहरीर में कहा है कि आशीष वर्मा ग्राम झलिया थाना सफदरगंज फाइनेंस कम्पनी का फर्जी प्रतिनिधि, निखिल वर्मा पुत्र मिथलेश कुमार वर्मा ग्राम पल्हरी, कमल कुमार पुत्र ननकऊ निवासी ग्राम इलिचपुर थाना कोठी, आशीष वर्मा निवासी झलिया, धनेश कुमार पुत्र जय नरायन निवासी नंदपुर सरायं शेख थाना चिनहट लखनऊ आदि किसान बनकर उसकी एजेंसी पर पहुंचे। इन लोगों ने आधार कार्ड देते हुए फाइनेंसर आशीष कुमार से फाइनेंस कराकर प्रपत्र कम्पनी में उपलब्ध कराने की बात कही। उसने भरोसा कर अलग अलग तिथियों में ट्रैक्टर उपलब्ध करा दिया। इसके बाद फाइनेंसर तथा ट्रैक्टर मालिकों से पैसा मांगने पर टालते हुए ट्रैक्टरों को लगातार इस्तेमाल में रखा।

25 जून को ट्रैक्टरों की तलाश के दौरान पता चला कि तीनों ट्रैक्टर किराये पर थाना जैदपुर में लगाये गए हैं। जैदपुर थाने से पहले पेट्रोल पम्प के पास रोड के पास तीनों ट्रैक्टर खड़े मिल गये, उसने ट्रैक्टरों को कब्जे में लेने का प्रयास किया तो आशीष वर्मा, निखल, धनेस कुमार, कमल कुमार व अनिल कुमार वर्मा, अखिलेश कुमार आदि लोगों ने जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि उन लोगों ने ट्रैक्टर फर्जी कागजातों के सहारे लिया है, अब इन्हें खोज नहीं पाओगे।

उसने बताया कि तीनों ट्रैक्टरों की कीमत लगभग 19 लाख रुपये के करीब है। आरोपियों के कृत्यों के कारण उसको आर्थिक हानि पहुंच रही है। यह लोग उसके ट्रैक्टरों का दुरुपयोग दुर्घटना, खनन तथा अन्य आपराधिक कृत्य में कर सकते हैं।

### 15 लाख ऋण के फेर में गंवाए 85 हजार रुपये

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** 15 लाख के ऋण के लिए निजी क्षेत्र की फाइनेंस कंपनी पर भरोसा करना एक सरकारी अध्यापक को भारी पड़ा और फाइल चार्ज के रूप में वह 85 हजार रुपये गवां बैठे। पीड़ित लखनऊ में बैठे कंपनी के एजेंट से संपर्क कर रहा लेकिन लोन मिला न फाइल चार्ज में जमा किया गया रुपया ही वापस हुआ। पीड़ित ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। शहर कोतवाली क्षेत्र में डिवाइन ग्रीन सिटी के रहने वाले सरकारी शिक्षक शैलेन्द्र कुमार पुत्र काशीनाथ के अनुसार उसे जमीन खरीदने हेतु धन की आवश्यकता थी, जिसके लिये उसने मीशो फाइनेंस कंपनी डीएलएफ टावर, फेज-तीन साइबर हब, गुड़गांव, हरियाणा के लखनऊ स्थित कम्पनी के एजेन्ट राजेश कुमार सिंह से 15 लाख के ऋण के लिए संपर्क किया। राजेश कुमार सिंह ने ऋण के लिए फाइल चार्ज स्वरूप 85,681 रुपये अदा करने को कहा जिस पर विश्वास करके उसने फाइनेंस कंपनी के डायरेक्टर के खाते में अलग-अलग तिथियों में कुल रकम भेज दी। कंपनी की निर्धारित फाइल चार्ज धनराशि की अदायगी के बाद राजेश सिंह ने बताया कि एक सप्ताह के अंदर लोन पास हो जायेगा। एक सप्ताह के पश्चात जब उसका लोन पास नहीं हुआ तो उसने उक्त राजेश सिंह से बात की तब राजेश सिंह ने यह कहते हुए टाल दिया कि दो तीन दिन और लगेगा। वह जब भी राजेश सिंह से लोन के संबंध में बात करता तो उसको बराबर आज कल की हीलाहवाली करते हुए टाल देता है। अंदेशा है कि कंपनी व उसके लखनऊ स्थित एजेंट राजेश कुमार सिंह उसके साथ धोखाधड़ी व जालसाज कर पैसा हड़प कर लिया है।

### पारिवारिक कलह के चलते स्टांप वेंडर ने फांसी लगाकर दी जान

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** स्टांप वेंडर का शव उसके घर में फांसी के फंदे से लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की वजह पारिवारिक कलह बताई जा रही। उधर, घटना की खबर से रजिस्ट्री कार्यालय में शोक फैल गया। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सुभाषनगर के रमाकांत वर्मा 63 जिला मुख्यालय पर रजिस्ट्री कार्यालय में स्टांप वेंडर थे। रविवार की देर रात उनका शव घर के बरामदे में फांसी के फंदे से लटकता मिला। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस के अनुसार पारिवारिक कलह के चलते रमाकांत ने फांसी लगा ली। घटना की जानकारी होने पर रजिस्ट्री कार्यालय में कामकाज ठप हो गया।

# पैरेंट्स काउंसलिंग कराई

**सिद्धौर, बाराबंकी, अमृत विचार:** समेकित शिक्षा अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के उन्मुखीकरण के लिए विकास खंड सिद्धौर के केसरगंज बीआरसी केंद्र में खंड शिक्षा अधिकारी, प्रमोद कुमार उपाध्याय और जिला समन्वयक समेकित शिक्षा, सुधा जायसवाल के निर्देशन में पैरेंट्स काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला समन्वयक समेकित शिक्षा ने दिव्यांग बच्चों के प्रमाण पत्र की उपयोगिता उनसे प्राप्त होने वाले लाभ, एस्कॉर्ट, स्टाइपेंड, उपकरण, इन लार्ज प्रिंट बुक, लो विजन किट, आदि के बारे में विस्तृत चर्चा की साथ ही खंड शिक्षा अधिकारी ने दिव्यांग बच्चों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने और विद्यालय में दिव्यांग बच्चों की उपस्थिति प्रत्येक दिन होनी है की अपील की। उन्होंने सभी अभिभावकों से दिव्यांग बच्चों की समस्याओं के निराकरण के लिए हर समय उपलब्धता और सहयोग की बात कही। इस मौके पर आदर्श पाण्डेय एआरपी, गणित एवं स्पेशल एजुकेटर सवितानंद मिश्रा व स्पेशल एजुकेटर अल्पना वर्मा एवं अभिभावकों ने अपना सकारात्मक सहयोग प्रदान किया।

# अपात्रों को शौचालय, जांच पर पर्दा डाल रहे अधिकारी

सतरिख, बाराबंकी

**अमृत विचार:** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत अपात्रों को शौचालय देने के मामले में अफसर जांच के बजाय उस पर पर्दा डालने में जुटे हैं। उनके इस रवैये से नाराज सामाजिक कार्यकर्ता ने इसकी शिकायत सीएम से की है। आरोप है कि इसमें ब्लॉक के अफसर भी शामिल हैं।

विखं हरख की ग्राम करौंदी कलां में सबीना, हसीब, यासमीन, शबनम और नाजिया समेत कुछ लोगों को शौचालय दिया गया। इसमें सबीना के पति हमजा को 2018 में शौचालय का लाभ दिया जा चुका था। दोबारा छह वर्ष बाद उसकी पत्नी को भी शौचालय का लाभ दे दिया गया। निर्माण के लिए छह हजार की पहली किश्त भी उसके खाते में भेज दी गई। इसके साथ ही आठ अन्य लोगों के खाते में भी शौचालय की पहली किश्त भेजी जा चुकी है। लेकिन निर्माण शुरू नहीं किया गया। गांव के अनिल कुमार गोस्वामी का आरोप है कि जिन लोगों को शौचालय दिया गया है उसमें छह अपात्र हैं। अफसर जांच के बजाय उस पर पर्दा डालने में जुटे हुए हैं। उधर, इस मामले में डीपीआरओ नीतेश भोंडेले ने बताया कि मामले की जांच कराई जाएगी। दोषियों पर कार्रवाई होगी।

# खेती व पशुपालन के गुर सीखेंगे किसान

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** जिले के 55 किसानों के भ्रमण दल ने सब मिशन आन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) योजनान्तर्गत अन्तर्राज्यीय भ्रमण व प्रशिक्षण के लिए भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान और राष्ट्रीय पशुपालन अनुसंधान संस्थान करनाल, हरियाणा के लिये प्रस्थान किया। किसानों की बस को जिला पंचायत सदस्य डॉ. अवधेश वर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक श्रवण कुमार मौजूद रहे।


किसानों के भ्रमण दल को हरी झंडी दिखाते जिला पंचायत सदस्य। अमृत विचार

किसानों का यह भ्रमण दल सात दिनों तक भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान में जहां गेहूं एवं जौ के साथ विभिन्न फसलों की उच्च उत्पादन की तकनीकी जानकारी प्राप्त करेगा। वहीं राष्ट्रीय पशुपालन अनुसंधान संस्थान में पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन की भी जानकारी प्राप्त करेंगे एवं कुरूक्षेत्र में प्राकृतिक खेती का भ्रमण कर जानकारी लेंगे।

उप कृषि निदेशक श्रवण कुमार ने बताया कि प्रदेश एवं प्रदेश के बाहर कृषि से सम्बन्धित विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं में योजना के लक्ष्यों के अनुसार कृषकों को भ्रमण एवं प्रशिक्षण के लिए भेजा जाता है। जिससे किसान अपनी पारम्परिक खेती के साथ ही विविधीकरण एवं नवोन्वेषी खेती की जानकारी लेकर आय में वृद्धि करने के साथ ही क्षेत्र के अन्य किसानों को भी लाभान्वित कर सकें।



शिविर में बोलते अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश। अमृत विचार

### हिंदी पखवाड़ा पर जागरूकता शिविर का आयोजन

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** कंपोजिट विद्यालय संदौली उमरपुर में हिंदी पखवाड़ा पर जागरूकता शिविर का आयोजन अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश व सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीकृष्ण चंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुआ। बच्चों को बताया गया कि संविधान के अनुच्छेद 343 (1) के तहत हिंदी को राजभाषा का दर्जा 14 सितंबर 1949 को मिला था। यदि कोई नया कानून बनता है तो वह इंग्लिश में बनता है लेकिन उसका अनुवाद हिंदी भाषा में भी जारी किया जाता है। इस मौके पर सचिव ने बच्चों को हिंदी में कई कविताएं भी सुनाईं। इस अवसर पर शुभा दीक्षित, अनीता सिंह, ऊषा सिंह, नलिनी वर्मा, कुसुमलता विश्वकर्मा, वर्षा ओझा, विभा वर्मा, भारती सिंह, संजू सिंह, बुशरा परवीन, सबिहा खानम, रूकसाना परवीन, राजेश कुमार, अनीता वर्मा, वंदना यादव एवं नीतू आदि मौजूद रहीं।

# सड़क दुर्घटना में अधेड़ की मौत

**रामसनेहीघाट, अमृत विचार:** अयोध्या-लखनऊ राजमार्ग पर रविवार को अज्ञात वाहन से घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत हो गई। शाहपुर मुरारपुर निवासी 55 वर्षीय रामकुमार अयोध्या के सुल्तानपुर गांव गए थे। देर शाम वह साइकिल से सुल्तानपुर से गांव लौट रहे थे तभी ताला मोड़ के पास पीछे से आ रहे वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। राहगीरों की सूचना पर एंबुलेंस द्वारा उन्हें सीएचसी भेजा गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला मुख्यालय रेफर किया। जिला अस्पताल में देर रात इलाज के दौरान रामकुमार की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# भाषण में खुशी प्रथम व अंशिका रहीं द्वितीय

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** सेवा पखवाड़ा के तहत सोमवार को देवा मंडल के प्रतिभा शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज नरैनी में भाषण एवं क्विज प्रतियोगिता आयोजित हुई। आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत 2047 एवं वोकल फॉर लोकल विषयक प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

एमएलसी अशोक अग्रवाल ने बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए कहा कि भारत को 2047 तक विकसित बनाने के लिए युवाओं की बड़ी भूमिका है। पीएम मोदी की दृढ़ इच्छा शक्ति के चलते आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव विकसित भारत के सपने को पूरा करेगी। महिला मोर्चे की जिला अध्यक्ष रामेश्वरी त्रिवेदी ने विद्यार्थियों से स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करने का आग्रह किया। अतिथियों ने विजेताओं को प्रतीक चिन्ह देकर पुरस्कृत किया।


विजेता खुशी मौर्य को पुरस्कृत करते एमएलसी अशोक अग्रवाल। अमृत विचार

भाषण प्रतियोगिता में खुशी मौर्य प्रथम, अंशिका यादव द्वितीय एवं गीतांजलि तृतीय स्थान पर रहीं। अनुज्ञा, मानवी, शालू, दिव्यांशी, अंशिका वर्मा, रिंकी कश्यप, प्रियंका वर्मा, पल्लवी यादव और आयुषी मिश्रा को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य इंद्र कुमार वर्मा ने अतिथियों का स्वागत एवं आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद उपेन्द्र सिंह रावत, संदीप गुप्ता, डॉक्टर रामकुमारी मौर्य, विजय आनंद बाजपेई, पुनीत मिश्रा, रामेश्वरी त्रिवेदी और रवि वर्मा मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### प्रताड़ित करने का लगाया आरोप

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** जिले के नौशाद आलम ने पुलिस पर जबरन परेशान करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि उन पर एक बार फिर एफआईआर दर्ज करा दी गई है। पहले भी उन पर एफआईआर हुई और उसके आधार पर उन्हें जेल भेजा गया था। उन्होंने अपने वकील पवन वैश्य के आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ये बातें कहीं। बताया कि 2016 में उनके द्वारा 50 लाख वाले 1943 .42 वर्ग मीटर के एक प्लाट का एग्रीमेंट उपनिबंधक कार्यालय नवाबगंज में हुआ था। तीन साल बाद उन्हें जब पता चला कि यह जमीन विवादित है तो उन्होंने अपना एग्रीमेंट खारिज कर दिया। मामला उपनिबंधक कार्यालय में दर्ज है। मेरा उस जमीन से मतलब नहीं रह गया है। फिर भी मुकदमा दर्ज करा दिया गया जो गलत है।

### सफाईकर्मी निभाते हैं महती भूमिका


सफाई कर्मचारियों को ड्रेस वितरित करते चेयरमैन व सभासद। अमृत विचार

**सुबेहा, बाराबंकी, अमृत विचार :** आदर्श नपं सुबेहा के नपं कार्यालय परिसर में नगर पंचायत में कार्यरत सफाई कर्मचारियों को चेयरमैन देवी दीन रावत की उपस्थिति में ड्रेस के तौर पर टी-शर्ट व टोपी वितरित की गयी। चेयरमैन ने कहा कि नगर पंचायत को स्वच्छ व आदर्श बनाये रखने में हमारे सफाई कर्मचारी अपनी महती भूमिका निभाते हैं। यह सभी पूरी ईमानदारी व कर्तव्य निष्ठता के साथ अपने कार्य का निर्वाहन करते हैं। इस मौके पर ईओ अशोक खरवाल, चौधरी अदनान, जितेन्द्र सिंह, सतीश श्रीवास्तव, सभासद जहीर, महेन्द्र, प्रदीप, जय प्रकाश आदि मौजूद रहे।

### काला कपड़ा पहनकर अधिवक्ता जताएंगे विरोध

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** इलाहाबाद जिला बार द्वारा पास किये गये छह सूत्रीय मांगपत्र का समर्थन करते हुए तहसील बार में आगामी दो दिनों तक न्यायिक कार्यों से विरत रहते हुए बुधवार को अधिवक्ता काला कपड़ा बांधकर विरोध जताएंगे और छह सूत्रीय मांगो को लेकर ज्ञापन डीएम अथवा जिला न्यायधीश को भेजेंगे। दी बार एसो. तहसील फतेहपुर सभागार में अधिवक्ताओं की बैठक हुई। अध्यक्ष प्रदीव निगम ने कहा इलाहाबाद जिला बार द्वारा पास किये छह सूत्रीय मांगों जैसे अधिवक्ताओं की मूलभूत एवं मौलिक अधिकार व जरूरतों की पूर्ति तथा प्रदेशव्यापी समस्याओं के बारे में निराकरण के लिए प्रदेश स्तरीय समिति का गठन किया जाना आदि शामिल है। इस मौके पर महामंत्री संजय सिंह, रघुनाथ वर्मा, अलीउद्दीन शेख, अनीक अहमद, श्रवण वर्मा आदि मौजूद रहे।

### राज्यमंत्री ने किया सीसी मार्ग का लोकार्पण


सीसी मार्ग का लोकार्पण करते राज्यमंत्री सतीश शर्मा। अमृत विचार

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** विकासखंड बनीकोडर के ग्राम पंचायत खेवली में पूर्वांचल क्षेत्र विकास निधि योजनांतर्गत ग्राम भवनियापुर में राज्य मंत्री सतीश शर्मा द्वारा 19 .15 लाख रुपये की लागत से 350 मीटर सीसी मार्ग से गांव होते हुए शिव मंदिर तक इंटरलाकिंग का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर जवाहर वर्मा, ओम प्रकाश तिवारी, साहब बक्स सिंह पूर्व प्रधान, उदय राज रावत प्रधान मौजूद रहे।

### गोल्डन कार्ड बनाने में तेजी लाएं कर्मचारी

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** बीडीओ अदिति श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने के लिए ब्लॉक सभागार में बैठक हुई। इसमें सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर संतोष सिंह, पूर्ति निरीक्षक निरीक्षक अनुज कुमार सिंह, प्रभारी सीडीपीओ अर्चना वर्मा एडीओ पंचायत, पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान मौजूद रहे। बीडीओ ने कहा सभी पात्र गृहस्थी राशनकार्ड धारक जिनके कार्ड में छह यूनिट है उन सभी लाभार्थियों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाए जाएंगे। प्रधानों को पंचायत भवन में पंचायत सहायक, आंगनबाड़ी कार्यकत्री व आशाबहू के सहयोग से आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड बनवाना है। जिनका अभी तक कार्ड नहीं बना उनकी सूची तैयार कर ली गई है। उन लाभार्थियों को आंगनबाड़ी कार्यकत्री व आशाबहू घर से लाकर पंचायत भवन में पंचायत सहायक द्वारा आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड बनाया जाएगा। बीडीओ ने सभी पंचायत सचिवों को निर्देशित किया कि सभी बैठक कर कार्ड बनाए जाने की एक योजना तैयार करें जिससे आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड बनाने में तेजी आ सके।

# क्राइम सीरियल देख बच्चों ने रची अपहरण की कहानी

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार:** तीन छात्रों के अपहरण की खबर गलत निकली। पुलिस ने जब पड़ताल की तो मामला कुछ और ही निकला। पता चला टीवी सीरियल देखने के शौकीन बच्चों ने अपने अपहरण की कहानी रची और स्कूल के बजाए घूमने निकल गए। तीनों बच्चे सकुशल और अपने घर पर हैं। सोमवार को एक खबर वायरल हुई जिसमें कहा गया कि कार सवार बदमाश ने तीन बच्चों का अपहरण कर लिया है। संज्ञान लेते हुए पुलिस एक्शन में आई और सीसीटीवी फुटेज तलाशने के साथ कई पहलुओं पर जांच शुरू की। बाद में पता चला कि मखदूमपुर स्थित नीलकंठ चिल्ड्रेन एकेडमी के कक्षा छह के एक छात्र और कक्षा सात की दो छात्रा (आपस में सगी बहनें) स्कूल नहीं जाना चाहते थे। घर वालों के दबाव में बैग को छिपाकर घूमने निकल गए। तीनों ने अपहरण की मनगढ़ंत कहानी रच डाली। एएसपी अखिलेश नारायण ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि अपहरण की बात पूरी तरह फर्जी है।

# 55 लाख से लगेंगी 11 इकाइयां, मिलेगा रोजगार

## मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग योजना के तहत बैंकों से मिलेगा ऋण, अब तक 26 लोग कर चुके हैं आवेदन

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** जिले में मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग योजना के तहत 11 इकाइयां 55 लाख की वित्त पोषण से लगाई जाएंगी। लक्ष्य के सापेक्ष जिला ग्रामोद्योग कार्यालय में इकाइयों का आवेदन प्राप्त होने लगा है। विभाग आवेदनों की जांच के बाद मानक पूरा करने पर स्वीकृति देकर वित्त पोषण के लिए बैंकों को भेजेगा। हालांकि अब किसी भी इकाई का वित्त पोषण बैंकों द्वारा नहीं किया गया है।

ग्रामीणों को स्वरोजगार से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से योजना संचालित है, जिसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में व्यवसाय या ग्रामोद्योग की इकाई लगाने पर सरकार वित्तपोषण की सुविधा देती है। इकाइयों को पांच से दस लाख तक बैंकों से वित्त पोषण किया जाता है।

बैंकों द्वारा इकाई को दिए गए ऋण पर सामान्य वर्ग के उद्यमी को चार फीसदी ब्याज देना होता है जबकि एससीएसटी, ओबीसी के अभ्यर्थियों को ब्याज से मुक्त रखा गया है।

व्यवसाय व उद्योग लगाने के लिए जिले से आवेदन आने शुरू हो गए हैं। अब तक 26 आवेदन आ चुके हैं। शासनस्तर से विभाग को वित्तीय वर्ष में 11 इकाइयों का लक्ष्य मिला है। बैंकों की आर्थिक मदद से आवेदक निर्धारित उद्योगों में से अपनी इच्छानुसार इकाई लगाकर आत्मनिर्भर बन सकेंगे।

### योजना में लगेंगी ये इकाइयां

योजना में जिन प्रमुख इकाइयों को सूचीबद्ध किया गया है। उनमें तेल मिल, फ्लोर मिल, बेकरी उद्योग, हथकरघा, हस्त शिल्प, इलेक्ट्रीशियन उद्योग, इंटरलॉकिंग, टेंट हाउस, शटरिंग समेत अन्य व्यवसाय और ग्रामोद्योग शामिल हैं। विभाग को मिले 26 आवेदनों का सत्यापन करने के बाद मानक पूरा करने वालों को वित्त पोषण के लिए बैंकों को भेजा जाएगा। वित्त पोषण के बाद इकाइयां लगाई जाएंगी। इकाइयों के लगने से करीब तीन सौ युवाओं को रोजगार मिलेगा।

### पॉपकार्न की मुफ्त मशीन

खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग पॉपकार्न निर्माण के कार्य में रुचि रखने वालों को नि:शुल्क पॉपकार्न मशीन देगा जिससे वह स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बन सकेंगे। इसके लिए भी संबंधितों को विभाग के कार्यालय में आवेदन करना होगा। नि:शुल्क पॉपकार्न मशीन के लिए आवेदक की आयु 18 वर्ष से 45 वर्ष तक होनी चाहिए। इच्छुक आवेदक विकास भवन स्थित ग्रामोद्योग कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं। पात्र लाभार्थियों का चयन जिला स्तरीय समिति द्वारा किया जाएगा।

> वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए जिले को 55 लाख के वित्त पोषण से 11 इकाई लगाने का लक्ष्य मिला है। प्रत्येक इकाई के लिए पांच लाख निर्धारित किए गए हैं। इकाइयों को लगाने के लिए आवेदन मिलना शुरू हो चुका है। आवेदनों का सत्यापन कर वित्त पोषण के लिए बैंकों को भेजा गया है। वित्त पोषण होने के बाद इकाई लगाई जाएगी।
>
> -आरके श्रीवास्तव, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी

# पीएम ने पसमांदा की आवाज को बनाया राष्ट्रीय विमर्श का मुद्दा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी को पिछड़ों में सिर्फ़ हिन्दू ओबीसी ही दिखते हैं। इन्हें देश के कुल 52 प्रतिशत ओबीसी में करीब 13% मुस्लिम पिछड़ों यानी पसमांदा मुसलमानों से कोई मतलब नहीं हैं।


वसीम राईन।

यह बात ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने अपने एक बयान में कही हैं। उन्होंने कहा कि ज्यादातर मुस्लिम पिछड़े 10 अगस्त 1950 के पहले दलित वर्ग में थे और अन्य धर्मों के एससी दलितों की तरह इन्हें भी एससी आरक्षण का लाभ मिलता था। जिन्हें तत्कालीन कांग्रेस नेहरू सरकार ने इन्हें आरक्षण से बाहर कर दिया था। पहले धार्मिक प्रतिबंध लगाकर इनसे इनका एससी आरक्षण का अधिकार छीना और अब इन्हें पिछड़ा नहीं, सिर्फ मुस्लिम मानकर अपनी पार्टी के सत्ता और संगठन में भी हिस्सेदारी देने को तैयार नहीं। इसलिये कांग्रेस फ्रंटल संगठनों व पार्टी कार्यकारणी में कोई मुस्लिम, पिछड़ा या पूर्व का कोई दलित (अछूत) मुसलमान, किसी अहम पद पर नहीं है।

वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने दलितों से बदतर हालात में पहुंच चुके मुस्लिम पिछड़ों और दलितों यानी पसमांदा की आवाज़ उठाकर न सिर्फ इसे एक राष्ट्रीय विमर्श का मुद्दा बनाया बल्कि मुस्लिम पिछड़ों को अपने राष्ट्रीय संगठन, राज्यसभा, MLC, यूपी में मंत्री, निगमों, आयोगों में चेयरमैन आदि बनाकर और कुछ राज्यों में विस टिकट देकर एक बेहतर हिस्सेदारी देने की शुरुआत की।

# आवास और मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने में मांगा जा रहा कमीशन

दरियाबाद, बाराबंकी

**अमृत विचार:** पीएम आवास योजना व मृत्यु सार्टिफिकेट को लेकर खुली बैठक 28 अगस्त को ग्राम पंचायत में होनी थी लेकिन उस दिन भी सचिव बैठक में नहीं पहुंचे। सोमवार को पुनः आयोजन प्रधान द्वारा किया गया था। जिसमें देरी से पहुंचे सचिव ने प्रधान के अनुसार 10 हजार की मांग की गई। जिससे ग्राम प्रधान और सचिव के बीच झड़प हो गई और सचिव ग्राम प्रधान पर मुकदमा लिखाने की धमकी देकर वापस लौट आए।


विकासखंड कार्यालय पर मौजूद ब्लॉककर्मी व ग्राम प्रधान। अमृत विचार

दरियाबाद विखं के खजुरी गांव में खुली बैठक का आयोजन बीते 28 अगस्त को होना था लेकिन सोमवार को पुनः बैठक होनी थी ग्राम प्रधान का आरोप है की पंचायत सचिव बैठक में देरी से पहुंचे और मौजूद ग्राम वासी जाने लगे थे। वहीं प्रधान शोएब के अनुसार सचिव विनोद कुमार ने दस हजार रुपए की मांग की। प्रधान ने पैसा न देने से मना किया और बातों का सिलसिला झड़प में बदल गया। बीडीओ संदीप श्रीवास्तव ने बताया की सचिव की तरफ से शिकायती पत्र मिला है। जांच की जा रही है।

## एक नजर

### महिला को अपशब्द कहा जान से मारने की धमकी

**जैदपुर, अमृत विचार :** दो साल पहले दर्ज मुकदमें में सुलह न करने पर महिला को जान से मारने की धमकी दी। तहरीर मिलने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। जैदपुर थाना क्षेत्र के नई बस्ती कोला निवासी गिरदेश राजभर की पत्नी कालन्दी ने बताया कि दो साल पहले उसकी पुत्री के साथ हुई घटना के सम्बंध में लल्लन व दीप रावत के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। अब विपक्षी उस पर मुकदमे में सुलह करने का दबाव बना रहे हैं। उसने सुलह करने से इंकार किया तो उसे अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दी।

### शत-प्रतिशत लोगों को उपलब्ध कराए जाएं आयुष्मान कार्ड

**हैदरगढ़, अमृत विचार :** हैदरगढ़ विकास खंड मुख्यालय के सभागार में विकास खंड के सभी प्रधानों एवं ग्राम पंचायत सचिवों की बैठक खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बीडीओ ने प्रधानों और सचिवों को निर्देश देते हुए कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि आयुष्मान योजना के तहत चयनित हुए शत-प्रतिशत लोगों को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध करा दिया जाए। फिर भी अभी तमाम गांव में सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का काम पूरा नहीं हो सका है। उन्होंने बैठक में मौजूद खराब प्रदर्शन वाले ग्राम पंचायत अमरवल किरसिया, जमीन हुसैनाबाद, अंसारी, बेहटा, भटगवा, चौबीसी, दतौली चंदा, गौरा, इस्लामपुर सहित अन्य गांव के प्रधानों और सचिवों को गांव में विशेष शिविर लगाकर जल्द से जल्द शत-प्रतिशत लोगों को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। अधिकारी ने कहा कि काम में किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। सभी पूरी लगन के साथ अपने-अपने काम को सफलतापूर्वक करें।

# योगी आज करेंगे पं. दीनदयाल की प्रतिमा का अनावरण

## राजकीय इंटर कॉलेज में प्रदर्शनी का अवलोकन करने के बाद सभा को संबोधित करेंगे मुख्यमंत्री

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को विजय उद्यान पार्क में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। उनकी अगवानी पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह करेंगे। वहीं सोमवार की दोपहर सीएम की फ्लीट का रिहर्सल किया गया। डीएम-एसपी ने तैयारियों का जायजा लिया। मंडलायुक्त गौरव दयाल और आईजी रेंज अयोध्या भी जायजा लेने पहुंचे।



सीएम योगी आदित्यनाथ के लिये सजा मंच व बैठक करते डीएम और एसपी।



तैयारियों का जायजा लेते कमिश्नर गौरव गयाल व आईजी रेंज अयोध्या प्रवीण कुमार।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ से हेलीकाप्टर द्वारा 2.40 बजे प्रस्थान कर तीन बजे स्थानीय केडी सिंह बाबू स्टेडियम में उतरेंगे। 3.05 बजे स्टेडियम से कार द्वारा विजय उद्यान पार्क जाएंगे। जहां पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद 3.15 बजे राजकीय इंटर कॉलेज पहुंचेगे। यहां पंडित दीनदयाल के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन करने के बाद सभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद स्टेडियम आकर 4.10 बजे वह लखनऊ रवाना हो जाएंगे। सीएम के कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किए गए हैं। जीआईसी से विजय उद्यान पार्क तक यातायात पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। इसके अलावा रूट डायवर्जन सोमवार की देर रात से लागू हो जाएगा। दोनों कार्यक्रम स्थलों को पुलिस बल व आला अफसरों के हवाले कर दिया गया। सोमवार को जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार व एसपी दिनेश सिंह ने दोनों आयोजन स्थलों का जायजा लिया।

### बाद में होगा महादेवा कॉरिडोर का भूमि पूजन

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पहले सीएम के कार्यक्रम में करीब 725 करोड़ की लागत की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास भी किया जाना था लेकिन इस कार्यक्रम को आगे के लिए टाल दिया गया। भाजपा में हुए मंथन के बाद सीएम को दोबारा बाराबंकी आमंत्रित करने का निर्णय हुआ, सीएम का पुन: आगमन महादेवा कारिडोर के भूमि पूजन के समय होना तय माना जा रहा है। जिला प्रभारी एवं एमएलसी अवनीश सिंह ने बताया कि महादेवा कारिडोर के भूमि पूजन के समय ही लोकार्पण, शिलान्यास भी हो जाएगा। कारिडोर निर्माण प्राथमिकता में है।

## लड़की को परिजनों के किया सुपुर्द

**जैदपुर, अमृत विचार:** घर से बिना बताए नाबालिग लड़की के लापता होने की सूचना मिलते ही पुलिस ने चंद घंटों में उसे बरामद कर लिया। रविवार को जैदपुर के एक मोहल्ला से नाबालिग के अचानक लापता होने की खबर आग की तरह फैल गयी। जिसे तलाशने के लिये परिवार के लोग भी अपनी कोशिश में लगे रहे। लड़की के गायब होने की सूचना मिलते ही कस्बा इंचार्ज राजेश कुमार गुप्ता, धीरेन्द्र कुमार, पंकज राठौर, शैलेश सिंह, रामनाथ और गुफरान खान सहयोगी पुलिस के जवानों ने चंद घंटों में ही लखनऊ में उसके मामा के घर से बरामद कर परिवार को सुपुर्द कर दिया। पुलिस के इस सराहनीय कार्य की क्षेत्र में चर्चा हो रही है।

# एमएलसी ने शुरू किया आयुष्मान पखवाड़ा

जैदपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार:** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ज़ैदपुर परिसर में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत आयुष्मान पखवाड़ा का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप मे एमएससी अंगद सिंह शामिल हुए। उनके पहुंचते ही सभी डॉक्टरों की टीम ने बुके देकर स्वागत किया। इस अवसर पर एमएससी अंगद सिंह ने फीता काट कर आयुष्मान पखवाड़ा का शुभारंभ किया। इसके पश्चात उन्होंने ओपीडी के तहत रजिस्ट्रेशन संख्या सहित अन्य आवश्यक सुविधाओ की जानकारी लेने के पश्चात स्वयं भी मेडिकल परीक्षण कराया तथा साफ सफाई



शिविर में ब्लड प्रेशर की जांच करवाते एमएलसी अंगद सिंह। अमृत विचार

व्यवस्था का निरीक्षण के उपरांत सभी डॉक्टरों के साथ उन्होंने बैठक किया। कार्यक्रम संयोजक सीता शरण वर्मा, मंडल अध्यक्ष संजय अवस्थी, प्रमोद गोस्वामी, नीतू रावत व सीएचसी अधीक्षक डॉ सुशील कुमार सरोज, सतरिख अधीक्षक डॉ नीतीश सिंह, डॉ आफताब, डॉ सुरेंद्र कुमार, डॉ देवेश पटेल, डॉ नजमुल हसन, डॉ हेमंत कुमार, डॉ रीना कुमारी, डॉ साहिंदा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

**आयुष्मान योजना में बेहतर इलाज की व्यवस्था: फतेहपुर:** स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत कस्बे के सर्वोदय इंटर कालेज में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुर्सी विधायक साकेन्द्र प्रताप ने शिरकत की।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने आयुष्मान योजना लाकर गरीबों के भी वेहतर इलाज की व्यवस्था की है। गरीब इलाज के दौरान अपने खेत तक बेच देते थे लेकिन अब इस योजना के तहत हर गरीब का इलाज हो सकेगा। प्रधानमंत्री ने 70 साल से अधिक आयु के व्यक्ति के लिए अलग से पांच लाख के इलाज की व्यवस्था की है।शिविर में 203 मरीजों का परीक्षण कर दवाई दी गई। डिप्टी सीएमओ डॉ. राजीव दीक्षित, सीएचसी प्रभारी अवनीश चौधरी, प्रधानाचार्य प्रेमचन्द्र लोधी, दिनेश पांडेय, पूजा सिंह, अनिल सोनी उपस्थित रहे।

## प्रधान व पंचायत सचिव में मारपीट

**सिरौलीगौसपुर, अमृत विचार:** गांव में हो रही खुली बैठक में प्रधान व पंचायत सचिव में मारपीट हो गई। ग्रामीणों ने दोनों पक्षों में बीच बचाव करा मामला शांत कराया। दोनों पक्षों ने कोतवाली बदोसराय में शिकायत दर्ज कराई। सोमवार को विखं दरियाबाद की ग्रापं खजूरी में परिवार रजिस्टर संशोधन को लेकर खुली बैठक हो रही थी। इसमें सहायक विकास अधिकारी पंचायत अनिल सिंह के साथ पंचायत सचिव विनोद कुमार चर्चा कर रहे थे। इसी बीच अचानक किसी बात को लेकर नाराज ग्राम प्रधान शोएब अहमद व पंचायत सचिव के मध्य वाद विवाद होने लगा और देखते ही देखते मारपीट होने लगी।

# तटबंध के निकट दिखे जंगली जानवर, दहशत

रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार:** सोमवार की दोपहर गणेशपुर स्थित बांध के पास जंगली जानवर देखे जाने के बाद ग्रामीणों में खौफ है। ग्रामीणों ने वीडियो बनाया जिसमें इनके भेड़िया होने का दावा किया गया है। हालांकि अमृत विचार इसकी पुष्टि नहीं करता। सूचना पाकर पहुंचे वन कर्मचारियों ने कांबिंग की जिसमें जंगली जानवर के पग चिन्ह होने की पुष्टि हुई। गणेशपुर स्थित ठाकुर द्वारा मंदिर के पास स्थित तटबंध के पास खेतों में तीन भेड़िए चहलकदमी करते नजर आए। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने शोर मचाया जिससे जानवर नदी की ओर चले गए। ग्रामीणों ने वीडियो भी बना लिया है। वह इन जानवरों को भेड़िया बता रहे। जानवरों के देखे जाने के बाद गणेशपुर व उसके आसपास दर्जनों गांव में हड़कंप मचा हुआ है। वन कर्मचारी की गस्त जारी है और ग्रामीणों को सतर्कता बरतने की हिदायत दी गई है। खेत में आने जाने वाले ग्रामीण डर के कारण लाठी डंडा लेकर समूह में आने जाने लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गणेशपुर बांध के नीचे आगे का जंगली रास्ता बहराइच जनपद को जाता है। पिछले काफी दिनों से बहराइच जनपद में आतंक मचाने के बाद जानवर यहां आ धमके हैं।

# अचानक बेहोश हुईं दर्जनभर से ज्यादा छात्राएं

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार:** राजकीय इंटर कॉलेज सिरौलीगौसपुर में एक दर्जन से अधिक छात्राओं की अचानक तबियत बिगड़ गई। बेहोशी की हालत में बीमार छात्राओं को संयुक्त चिकित्सालय सिरौली गौसपुर में भर्ती कराया गया। जहां उनका उपचार किया जा रहा। बीमार छात्राओं की सूचना पाकर अस्पताल पहुंची एसडीएम प्रीति सिंह ने सभी का हाल-चाल लिया और डॉक्टरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

राजकीय इंटर कॉलेज सिरौलीगौसपुर में अध्ययनरत्न कक्षा नौ की छात्राएं अचानक पेट दर्द व सिर दर्द की समस्या के साथ बेहोश होने लगी। जिससे कॉलेज में



बीमार छात्राओं का हाल जानतीं एसडीएम प्रीति सिंह। अमृत विचार

हड़कंप मच गया। आनन फानन में विद्यालय के शिक्षकों ने इसकी सूचना छात्राओं के परिजनों को देकर सभी को संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर में भर्ती कराया। अस्पताल में भर्ती कक्षा 9 की छात्राएं नैंसी, लाली, हिमांशी, रुचि, प्रियांशी, व कक्षा 12 की छात्रा रेखा यादव का डॉक्टर ने तत्काल उपचार शुरू कर दिया। छात्र प्रियांशी ने बताया कि दोपहर करीब एक बजे पानी पीकर कक्षा में पहुंचते ही पेट और सिर में तेज दर्द होने लगा। इसके बाद बेहोशी छाने लगी। इसी प्रकार सभी छात्राएं पेट व सिर दर्द के साथ ही बेहोशी की समस्या से पीड़ित थी। इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर इक़बाल ने बताया कि चार छात्राएं सिर वह पेट दर्द की समस्या से पीड़ित हैं। वही दो को बुखार है। इस संबंध में एसडीएम प्रीति सिंह ने बताया कि कॉलेज की बेसिक व्यवस्थाएं ठीक हैं। अचानक किन्हीं कारणों से छात्राएं बीमार हो गई। जिनका उपचार अस्पताल में करवाया जा रहा है। कॉलेज के प्रधानाचार्य अनंत यादव ने बताया की दोपहर करीब एक बजे अचानक दो-तीन छात्राओं ने पेट व सिर दर्द की समस्या बताई थी। जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाने के लिए एंबुलेंस बुलाई गई। इसके बाद दो-तीन और छात्राओं ने वहीं समस्या बताई। इसके बाद सभी को अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया गया। जहां सभी का इलाज चल रहा है।

### सड़क दुर्घटना में घायल ऑटो चालक की इलाज के दौरान गयी जान, दो लोग अस्पताल में भर्ती

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** सलारपुर गांव के पास रविवार की शाम हुए सड़क हादसे में घायल आटो चालक तुफैल की इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई। मृतक के पुत्र की तहरीर पर पुलिस केस दर्ज किया है। मालूम हो कि देवा थाना क्षेत्र के देवा फतेहपुर मार्ग पर सलारपुर गांव स्थित हनुमान मंदिर के पास रविवार की शाम पांच बजे फतेहपुर की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक से जा रहे राम सिंह उम्र 50 निवासी भट्ठापुरवा थाना जहांगीराबाद को पीछे से टक्कर मारने के बाद एक ई रिक्शा में ठोकर मार दी जिससे ई रिक्शा के चालक तुफैल उम्र 50 वर्ष निवासी विशुनपुर थाना देवा, मोनू उम्र 30 वर्ष और उसकी पत्नी आरती राठौर उम्र 29 वर्ष निवासी कस्बा कुर्सी, अशोक कुमार निवासी मोहम्मद विशुनपुर थाना देवा और मिट्ठू उम्र 17 पुत्री कमलेश गौतम निवासी सलारपुर थाना देवा घायल हो गए थे। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी देवा भेजा गया, जहां से तुफैल, मोनू और आरती राठौर की हालत गंभीर देख उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था।

# 16 घंटे हो रही बिजली कटौती से हाहाकार

**बनीकोडर, बाराबंकी, अमृत विचार:** विद्युत उपकेंद्र देवीगंज के अंतर्गत आने वाले गांवों में पिछले दो दिनों से हो रही बिजली की बंपर कटौती से हाहाकार मचा है। कटौती का आलम यह है कि दिन भर में 15 से 16 घंटे की कटौती की जा रही है। ऐसे में गांवों को बमुश्किल आठ घंटे ही बिजली मिल पा रही है।

हैदरगढ़ डिवीजन के विद्युत उपकेंद्र देवीगंज के अंतर्गत आने वाले गांवों में पिछले दो दिनों से बिजली की बंपर कटौती की जा रही है। दिन भर में 15 से 16 घंटे बिजली की कटौती की जा रही है। रात में मुश्किल से चार घंटे की आपूर्ति रहती है। हर समय ट्रिपिंग से उपभोक्ता परेशान हैं। वहीं लो वोल्टेज कोढ़ में खाज साबित हो रही है। उपकेंद्र के सुबेहा फीडर की हालत सबसे दयनीय है। लटकते जर्जर तारों के सहारे आपूर्ति हो रही है। जरा सी हवा चलने पर लाइन फाल्ट में चली जाती हैं। सुबेहा फीडर के अंतर्गत आने वाले गांवों जरौली धनौली गैरिया बेलिया गजपतीपुर मवैया लकड़िया और दांदूपुर के कई उपभोक्ताओं ने बताया कि पिछले दो दिनों से बिजली की जबरदस्त कटौती की जा रही है। जब आपूर्ति बहाल भी होती है तो लो वोल्टेज से नलकूपों के मोटर भी नही चलते। बीते रविवार की रात सुबेहा फीडर के अंतर्गत आने वाले गांवों में शाम से ही लाइट काट दी गई। रात में नौ बजे लाइट आई भी लेकिन घंटे भर बाद फिर काट दी गई। पूरी रात बिजली आंख मिचौली का खेल करती रही। एसडीओ शैलेंद्र गुप्ता का कहना है कि लोड बढ़ने से समस्या हुई है। जल्द सुधार होगा।

### छह घंटे बंद रहेगी आपूर्ति

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** विद्युत सब स्टेशन दुल्हादेपुर से जुड़े 11 केवीए निमातिया पुर उपभोक्ताओं को अब बेहतर बिजली मिलने लगेगी। इसके लिए ओवर लोड नीयमापुर फीडर को नए फीडर से जोड़ने का काम किया जाएगा। इसके लिए मंगलवार को सुबह 10 :30 से शाम साढ़े चार बजे तक आपूर्ति बंद रहेगी।

## स्वास्थ्य शिविर में 450 मरीजों का किया उपचार

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार:** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र देवा में सोमवार को आयुष्मान भारत के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ एमएलसी अशोक अग्रवाल ने फीता काटकर किया। शिविर में सैकड़ों मरीजों की स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाएं दी गईं। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र देवा के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राधेश्याम गोंड ने बताया की आयोजित शिविर में 450 मरीजों का उपचार किया गया। जिसमें 60 वर्ष से अधिक उम्र के मरीजों के लिए अलग से विशेष काउंटर बनाया गया था। इस दौरान विधान परिषद सदस्य अशोक अग्रवाल ने पूर्व सांसद उपेन्द्र सिंह रावत, डॉ. रामकुमारी मौर्या के साथ शिविर का भ्रमण कर चिकित्सा व्यवस्था का जायजा भी लिया। चिकित्सा सिविल में आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें लोगों को आयुष्मान कार्ड से मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी भी दी जा रही थी।

### स्वच्छता पखवाड़े पर शुरू हुई गांवों की सफाई

**सिरौलीगौसपुर, अमृत विचार:** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत गांवों में साफ-सफाई का कार्य तेजी के साथ शुरू कर दिया गया है। सोमवार को ग्राम पंचायत बदोसरांय में ग्राम प्रधान निसार मेंहदी ने दर्जनों सफाई कर्मचारियों को लगाकर गांव के प्रमुख मार्गों और नालियों की सफाई कराई। ग्राम प्रधान निसार मेंहदी ने बताया कि बरसात के मौसम में मार्गों पर घास फूस उंगने के साथ ही नालियां चोक हो जाती हैं। बरसात के बाद अब गांव के सभी मार्गों और नालियों की सफाई कराई जा रही है। सफाई के बाद ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव भी कराया जाएगा। ग्रामीणों को रोगों से बचाने के लिए हर आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

# आबादी 2.80 लाख और आधार काउंटर एक

सूरतगंज, बाराबंकी

**अमृत विचार:** आबादी के सापेक्ष एक बैंक में आधार कार्ड बनवान, अपडेट कराने वालों की भारी भीड़ एकत्र हो रही है। पहले आओ और पहले पाओ का नियम विवाद उत्पन्न कर रहा है। सोमवार को टोकने पाने को लेकर कुछ विवाद हो गया तब बैंककर्मियों को पुलिस बुलानी पड़ी।

दो लाख अस्सी हजार आबादी एवं एक सौ तीन पंचायत वाले सूरतगंज विखं क्षेत्र के बैंक आफ इंडिया सूरतगंज बैंक पर नए आधार कार्ड बनाएं जाने व पुराने आधार कार्ड को अपडेट का कार्य चल रहा है। एक दिन में करीब पचास से 55 आधार कार्ड के काम यूपीआईडी के आपरेटर संदीप कुमार करते हैं।



आधार बनवाने के लिए उमड़ी भीड़। अमृत विचार

दीपांशी, रमेश, नेम कुमार, पंकज कुमार, रामावती, विमला देवी, रोशनलाल, राजन सिंह व जानवी, जोरू सिंह आदि का कहना है कि एक काउंटर होने व 11 बजे से तीन बजे तक आधार का कार्य होने से बहुत दिक्कतें हो रही है। सोमवार को बैंक खुलने के बाद में टोकन वितरण का कार्य शुरू ही हुआ था तभी गलत व्यवहार को लेकर बैंक कर्मियों और जनता में कुछ विवाद होने लगा। किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे, सूरतगंज चौकी प्रभारी सतेंद्र पाण्डेय ने स्थिति संभाला। बैंक के मैनेजर जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बैंक के समय में आधार कार्ड कार्य होते हैं। एक काउंटर की वजह से दिक्कत हो रही है।



अग्निर्यथैको भुवनं प्रविष्टो रूपं रूपं प्रतिरूपो बभूव।
एकस्तथा सर्वभूतान्तरात्मा रूपं रूपं प्रतिरूपो बहिश्च!

एक ही अग्नि इस संसार में अदृश्य रूप से प्रवेश करते हुए जिस किसी वस्तु में प्रज्ज्वलित होती है और उसी के अनुरूप दृश्यमान होती है, उसी प्रकार सभी प्राणियों में विद्यमान परमात्मा एक होते हुए भी जिसमें प्रविष्ट होता है उसी के अनुसार रूप धारण कर लेता है और उनसे बाहर भी रहता है। (कठोपनिषद 2-5-9)

## संपादकीय

# बड़ा फैसला

पिछले कुछ वर्षों के दौरान बच्चों से जुड़ी अश्लील फिल्मों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। पूरे इंटरनेट का 37 फीसदी पोर्नोग्राफी है और इसके बड़े हिस्से में बच्चों को शामिल किया गया है। बाल पोर्नोग्राफी से निपटने के लिए राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग कई नियामक दिशानिर्देशों की अनुशंसा कर चुका है। गौरतलब है कि सोशल मीडिया पर पोर्नोग्राफी और बच्चों एवं समाज पर इसके प्रभाव जैसे चिंताजनक मुद्दे पर अध्ययन के लिए गठित राज्यसभा की एडहॉक कमेटी ने 25 जनवरी, 2020 को सौंपी अपनी रिपोर्ट में सुझाव दिया था कि बाल पोर्नोग्राफी की परिभाषा को व्यापक बनाया जाए ताकि उसमें लिखित सामग्री और ऑडियो रिकॉर्डिंग भी शामिल की जा सके जोकि नाबालिग के साथ यौन गतिविधि का समर्थन करती हो या उसे प्रदर्शित करती हो। कानून में 'यौन स्पष्टता' को भी परिभाषित किया जाए। कमेटी ने सुझाव दिया था कि नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो को बाल पोर्नोग्राफी के सभी मामलों को अनिवार्य रूप से रिकॉर्ड और रिपोर्ट करना चाहिए। इस संबंध में सोमवार को उच्चतम न्यायालय ने एक बड़े फैसले में कहा कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी को देखना और उसे डाउनलोड करना अपराध है। न्यायालय का मानना है कि पॉक्सो कानून में बच्चों के साथ यौन शोषण और दुर्व्यवहार के लिए 'बाल पोर्नोग्राफी' की जगह 'बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री' (सीएसईएएम) लिखना सही होगा। क्योंकि बाल पोर्नोग्राफ़ी शब्द का प्रयोग अपराध को गौण बना सकता है।

पोर्नोग्राफ़ी को अक्सर वयस्कों के बीच सहमति से किया गया कार्य माना जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट के फैसले को पलटते हुए यह फैसला सुनाया है। मद्रास उच्च न्यायालय ने एक निर्णय में कहा था कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी डाउनलोड करना सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 67 बी के तहत अपराध नहीं माना जा सकता। इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका में कहा गया था कि मद्रास उच्च न्यायालय के फैसले से बाल पोर्नोग्राफी की मांग बढ़ेगी, लोग बच्चों को पोर्नोग्राफी में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित होंगे। उच्च न्यायालय के फैसले से तय हो गया है कि चाइल्ड पोर्न डाउनलोड करना और देखना पॉक्सो अपराध की श्रेणी में आता है। इस संबंध में अदालत ने जो निर्देश दिए हैं उनसे संभावित अपराधों को रोकने में मदद मिल सकती है। फिलहाल सरकार अध्यादेश जारी कर सकती है। जरूरी है कि यौन शिक्षा जैसे कार्यक्रमों के संबंध में जनसामान्य के बीच भ्रामक सोच को दूर किया जाना चाहिए और युवाओं को यौन सहमति और यौन शोषण के प्रभाव की स्पष्ट समझ कराई जानी चाहिए।

# ऊर्जा क्षेत्र में करने होंगे नए प्रयोग



अमित बैजनाथ गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार

> भारत की बात करें, तो इसके ऊर्जा संकट से निपटने की राह में कई चुनौतियां हैं। पहली बात तो यह है कि सभी के पास सीमित ऊर्जा संसाधन हैं। भारत के पास कोयला, तेल और गैस जैसे सीमित ऊर्जा संसाधन ही मौजूद हैं और यह अपनी बढ़ती ऊर्जा मांगों की पूर्ति के लिए आयात पर निर्भर है।

दुनिया में एक बार फिर ऊर्जा क्षेत्र को लेकर चर्चा हो रही है। यह ऊर्जा क्षेत्र के बढ़ते महत्व को दर्शाता है। आखिर क्यों बार-बार एनर्जी सेक्टर पर इतनी गंभीरता से बातचीत की जा रही है? क्यों वैश्विक मंचों पर इस मुद्दे को उठाया जा रहा है? असल में दुनिया ऊर्जा के क्षेत्र में संकटों का सामना कर रही है। सभी इस बात को समझ चुके हैं कि इस क्षेत्र पर अभी गंभीरता से ध्यान नहीं दिया गया, तो आने वाला समय चुनौतीपूर्ण होगा। उभरते ऊर्जा संकट, घटते जीवाश्म ईंधन संसाधनों और उच्च तेल की कीमतों के साथ जलवायु परिवर्तन की चिंताओं ने बढ़ती ऊर्जा मांगों को पूरा करने के लिए नवीकरणीय, वैकल्पिक, पर्यावरण अनुकूल और कार्बन तटस्थ ईंधन के विकास की ओर वैश्विक ध्यान आकर्षित किया है। अधिकांश ऊर्जा संकट स्थानीय कमी, युद्ध और बाजार में हेरफेर के कारण हुए हैं।

भारत की बात करें, तो इसके ऊर्जा संकट से निपटने की राह में कई चुनौतियां हैं। पहली बात तो यह है कि सभी के पास सीमित ऊर्जा संसाधन हैं। भारत के पास कोयला, तेल और गैस जैसे सीमित ऊर्जा संसाधन ही मौजूद हैं और यह अपनी बढ़ती ऊर्जा मांगों की पूर्ति के लिए आयात पर निर्भर है। परिणामस्वरूप भारत ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों की तलाश कर रहा है, जैसे कि सौर, पवन और जल विद्युत। वहीं देश के ऊर्जा क्षेत्र में अभी अपर्याप्त निवेश है। देश के ऊर्जा क्षेत्र को अपने बुनियादी ढांचे में सुधार और अपनी ऊर्जा क्षमता का विस्तार करने के लिए वृहद निवेश की आवश्यकता है, लेकिन सरकार और निजी क्षेत्र ऊर्जा क्षेत्र में पर्याप्त निवेश नहीं कर पा रहे हैं। देश की निम्न प्रति व्यक्ति आय और उच्च गरीबी दर भी लोगों के लिए स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों का वहन कर सकना कठिन बनाती है। भारत विश्व के सबसे बड़े ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जकों में से एक है और इसका ऊर्जा क्षेत्र इन उत्सर्जनों का एक प्रमुख योगदानकर्ता है।

हालांकि सरकार की ओर से अल्पकालिक और दीर्घकालिक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता वृद्धि के लिहाज से 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन क्षमता के 500 गीगावाट के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। इधर, दुनिया में भारत

> निवेश की बात करें तो देश के एनर्जी सेक्टर में साल 2000 से 2019 के बीच 14 .32 अरब डॉलर का विदेशी निवेश आया है। सरकार इस सेक्टर पर खासा ध्यान दे रही है, जिसके कारण आने वाले समय में इस सेक्टर में निवेश और बढ़ेगा। इससे नौकरी की संभावनाएं भी बढ़ेंगी।

एनर्जी ट्रांजिशन में ग्लोबल लीडर के रूप में उभर रहा है। यह उस विकास से स्पष्ट है, जो हमने अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में हासिल किया है। अक्षय ऊर्जा क्षेत्र सेक्टर रोजगार उत्पादन की दृष्टि से भी उम्मीदें बंधाता हुआ नजर आ रहा है। पूरी दुनिया जहां जलवायु परिवर्तन के खतरे को रोकने के लिए इस क्षेत्र को विकसित करने में जुटी है, वहीं भारत जैसे विकासशील देश ने इस स्रोत के विकास में अच्छी सफलता हासिल की है। पिछले दस सालों में देश ने अक्षय ऊर्जा उत्पादन की अपनी क्षमता में पांच गुना बढ़ोतरी की है। इसके साथ ही ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में नए लक्ष्यों को तय किया है।

वहीं अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में रोजगार पैदा करने के लिहाज से चीन, ब्राजील और अमेरिका के बाद भारत दुनिया में चौथे नंबर पर है। पूरे विश्व में अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में नियुक्त लोगों का 5.7 प्रतिशत भारत में है। इंटरनेशनल रिन्यूएबल एनर्जी एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, दस साल पहले तक सेक्टर ने भारत में चार लाख नौकरियां उत्पन्न की थीं। असल में भारत में एनर्जी सेक्टर में आगे काफी ग्रोथ की संभावनाएं हैं और इस सेक्टर में जाने के लिए छात्रों को कुछ खास कोर्स करने की जरूरत पड़ेगी। एनर्जी सेक्टर में बीटेक पावर, एमबीए ऑयल एंड गैस, एमए एनर्जी इकोनॉमिक्स, सोलर एनर्जी आदि से जुड़े कई कोर्स होते हैं, लेकिन आने वाले समय में सबसे ज्यादा संभावनाएं सोलर एनर्जी में है, इसलिए छात्रों को इसी कोर्स का चुनाव करना चाहिए। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत को पांच ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने के लिए एनर्जी सेक्टर को रिवाइव करना जरूरी होगा।

वहीं देश में एलईडी बल्ब के इस्तेमाल से उजाले के लिए खर्च होने वाली बिजली में करीब 75 फीसदी की कमी आई है। अध्ययन बताते हैं कि ऊर्जा दक्ष उपकरणों के इस्तेमाल से करीब 30 फीसदी बिजली खपत कम की जा सकती है यानी भवनों में 1.20 लाख गीगावाट बिजली बचाए जाने की संभावना है। यदि भवनों में ऊर्जा दक्षता के मानक लागू हो जाएं, तो अतिरिक्त 30 फीसदी बिजली बच सकती है। यह बिजली बिहार और झारखंड जैसे राज्यों के एक साल की जरूरत के बराबर है। सांख्यिकी मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार, देश में उद्योग जगत सबसे ज्यादा 42 फीसदी बिजली खर्च करता है। घरेलू क्षेत्र 24 फीसदी बिजली खर्च करता है। व्यावसायिक भवनों में बिजली की खपत आठ फीसदी है। भवन क्षेत्र की कुल खपत 32 फीसदी है, लेकिन भवनों में ऊर्जा दक्षता के मानकों का क्रियान्वयन सबसे कम हुआ है।

निवेश की बात करें तो देश के एनर्जी सेक्टर में साल 2000 से 2019 के बीच 14.32 अरब डॉलर का विदेशी निवेश आया है। सरकार इस सेक्टर पर खासा ध्यान दे रही है, जिसके कारण आने वाले समय में इस सेक्टर में निवेश और बढ़ेगा। इससे नौकरी की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। 2022 तक भारत सरकार नवीकरणीय ऊर्जा की क्षमता को बढ़ाकर 175 गीगावाट कर चुकी है। इसमें 100 गीगावाट सोलर पावर और 60 गीगावाट पवन ऊर्जा शामिल है। वहीं भारत की कोल आधारित क्षमता 2040 तक 191 गीगावाट से बढ़कर 400 गीगावाट होने की संभावना है। हालांकि भारत लंबे समय से ऊर्जा उत्पादन के लिए सबसे ज्यादा भरोसा कोयले पर करता आया है, लेकिन पिछले दशक के मध्य से इसमें ग्रीन एनर्जी की भागीदारी महत्वपूर्ण रही है।

मौजूदा समय में भारत की ऊर्जा पर निर्भरता दूसरे देशों पर ज्यादा है। देश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई पहल की जा रही हैं। इसी क्रम में नवीकरणीय ऊर्जा एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है, जिसके लिए सोलर एनर्जी के क्षेत्र में सरकार की ओर से काफी काम किया जा रहा है। भारत ने साल 2070 तक कार्बन उत्सर्जन को शून्य करने का लक्ष्य रखा है, जिसके लिए लगभग 50 प्रतिशत ऊर्जा नवीकरणीय स्रोतों से उत्पादित करना बड़ा लक्ष्य है। साल 2040 तक भारत की ओर से 15,820 टेरावाट आवर बिजली का उत्पादन नवीकरणीय स्रोत से करने का भी लक्ष्य रखा गया है। ऐसे में सोलर एनर्जी इस लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विभिन्न कंपनियां सोलर एनर्जी की तरफ तेजी से काम कर रही हैं। इसकी वजह से इस सेक्टर की कंपनियों में अच्छी ग्रोथ देखने को मिल रही है।

देखा जाए तो देश में ऊर्जा क्षेत्र में त्वरित सुधारों की दरकार है। सबसे पहले तो आयात पर निर्भरता कम करने के लिए घरेलू कोयले की गुणवत्ता में सुधार पर ध्यान देना होगा। इसे कोयले के कैलोरी मान को बढ़ाने और राख की मात्रा को कम करने के लिए प्रौद्योगिकी में निवेश कर प्राप्त किया जा सकता है। वहीं नवीकरणीय ऊर्जा को प्रोत्साहित करना होगा। देश में सौर, पवन और जल विद्युत जैसे ऊर्जा स्रोतों की अपार क्षमता मौजूद है। सरकार को प्रोत्साहन राशि और सब्सिडी के माध्यम से नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के विकास को प्रेरित करना चाहिए।

असल में वैश्विक ऊर्जा संकट के समाधानों का व्यापक रूप से उपयोग नहीं किया जा रहा है। सबसे अच्छा विकल्प यह है कि गैर-नवीकरणीय संसाधनों पर दुनिया की निर्भरता को खत्म किया जाए और समग्र संरक्षण प्रयासों में सुधार किया जाए। पीले बल्बों की जगह एलईडी बल्ब लगाएं। वे कम ऊर्जा की खपत करते हैं और लंबे समय तक चलते हैं। अगर दुनिया में लाखों लोग आवासीय और व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए एलईडी का उपयोग करते हैं, तो ऊर्जा की मांग कम होगी और संकट से बचा जा सकेगा। इसके अलावा, सौर पैनलों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जानी चाहिए ताकि जनता को अक्षय ऊर्जा विकल्पों की जांच करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। ज्यादा स्टार वाले उपकरण खरीदे जाने चाहिए, इससे बिजली की बचत होगी। वहीं बिना रेटिंग वाले उपकरणों की बिक्री पर रोक होनी चाहिए। ऊर्जा दक्षता को लेकर लोगों को अभी भी जागरूक होने की दरकार है। इस तरह छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखकर हम बिजली की बचत कर सकेंगे।

## प्रसंगवश

# अव्यावहारिक मुद्दा

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद कमेटी ने एक देश एक चुनाव की सिफारिश कर दी थी,जिसे केंद्रीय कैबिनेट ने अंगीकार कर लिया है और संसद के शीतकालीन सत्र में इस हेतु विधेयक लाने पर सरकार विचार कर रही है। इस पर विपक्ष का एक बड़ा धड़ा विरोध कर रहा है और इसे महत्वपूर्ण मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने की सत्ता पक्ष की चाल बता रहा है। वैसे भी यह काफी कुछ अव्यावहारिक लग रहा है और इसे लागू करना लोहे के चने चबाने के समतुल्य है। इसे कार्यान्वित करने हेतु 18 संविधान संशोधनों की जरूरत होगी,जिसके लिए दोनों सदनों में उपस्थित और मत देने वाले सदस्यों के 2/3 बहुमत की आवश्यकता होगी,जो सत्तारूढ़ गठबंधन के पास नहीं है। सरकार के सहयोगी दल जनता दल(यूनाइटेड)और तेलगू देशम् पार्टी भी अभी तक मौन धारण किए हैं। इन संशोधनों में कुछ को विधानसभाओं से भी पारित कराना होगा,जिनमें अनेक में विरोधी दलों की सरकारें हैं,वे इसमें रोड़े अटकाएंगी। आने वाले विधेयक का मसौदा तो अभी सामने नहीं है,किंतु कोविंद समिति की संस्तुतियां ही समस्या का सही और संपूर्ण निदान नहीं बता पा रही हैं। उदाहरणार्थ यदि बीच में कोई विधानसभा भंग हो जाए,तो समिति कहती है कि उसका चुनाव सिर्फ बचे हुए कार्यकाल के लिए हो। यह क्या बात हुई? चुनाव तो बीच में हुआ ही;'फिर एक देश एक चुनाव'कैसे रह पाएगा? इसके अलावा यदि लोकसभा ही अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाती है,तब क्या होगा? ऐसी कई परिस्थितियां हो सकती हैं। मिली जुली सरकार हो और सहयोगी समर्थन वापस ले लें;फिर कोई दल या गठबंधन सरकार बनाने की स्थिति में न हो। या सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पास हो जाए और कुछ दल सत्ता और विपक्ष दोनों से दूरी बना लें। दरअसल,देश के संघीय ढांचे के चलते एक देश एक चुनाव सम्भव नहीं हो पायेगा और संघीय ढॉचा बदला नहीं जा सकता क्योंकि सुप्रीमकोर्ट ने आदेशित कर रखा है कि कोई ऐसा संशोधन नहीं किया जा सकता है ,जिससे संविधान के मूल ढांचे में परिवर्तन हो जाय। इन परिस्थितियों में फिलहाल यह मुद्दा सिर्फ चर्चा में ही बने रहने की संभावना है।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

# जनतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ मजबूत विपक्ष



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

> विपक्ष जनतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ है। मजबूत विपक्ष वह है, जिसमें अगले चुनाव में पक्ष के रूप में अंतरित होने की संपूर्ण संभावना संगर्भित हो।

कौन कहता है, इस महान, प्राचीन देश की महान, प्राचीन संस्थाओं के संरक्षण-परिवर्धन में एक ही राजनीतिक दल का योगदान है? यह तो अन्य दलों के साथ सरासर अन्याय होगा। उदाहरण के लिए जाति प्रथा को ले लीजिए। एक महान प्राचीन संस्था,जो इस देश की अनन्य विरासत है। पहले इसकी व्याप्ति रोटी-बेटी तक सीमित थी। अब मतदान में भी इसका विस्तार हो गया है। जैसे अपनी ही जाति में रोटी-बेटी,वैसे अपनी ही जाति में मतदान। इस विस्तार में सभी दलों का समान योगदान है।

बात राजनीतिक दलों तक सीमित नहीं। अगर आप कॉलेजों एवं अन्य शैक्षिक संस्थाओं के, विशेषकर देहाती इलाकों में नामकरण का अध्ययन करें तो कुछ दिलचस्प तथ्य सामाने आ सकते हैं। पता लगाएं कि महामना मदनमोहन मालवीय इंटर कालेज खोलने और चलाने वाले प्रधानतः किस जाति के लोग हैं। फिर कोई महाराणा प्रताप महाविद्यालय मिलेगा। पता लगाइए, इसे खोलने-चलाने वाले मुख्यतः किस जाति के हैं? महात्मा गांधी इंटर कालेज भी मिलेंगे ही,पता करें इनके पीछे किस जाति के लोग हैं? बाबू राजेंद्र प्रसाद और यहां तक कि बंगाल से दूर-दराज के इलाके में भी सुभाष चंद्र बोस डिग्री कालेज मिल सकते हैं। पता करिए इन सबकी प्रबंध समिति में किस जाति के लोगों का बोलबाला है?

आप पाएंगे कि हमने बड़ी शाइस्तगी से अपने महापुरुषों को जातियों के हिसाब से बांट लिया है। महामना मदन मोहन मालवीय पर सिर्फ एक जाति का हक हो गया है। महाराणा प्रताप पर दूसरी जाति काबिज हो गई है और महात्मा गांधी को तीसरी जाति के लिए छोड़ दिया गया है। बाबू राजेंद्र प्रसाद के साथ भी ऐसा ही कुछ हुआ है और सुभाष चंद्र बोस रहे होंगे पक्के सेक्युलर और अनन्य राष्ट्रभक्त, लेकिन हमारे जातीय बंटवारे में वे बाबू राजेंद्र प्रसाद के साथ एक चौथी जाति के हिस्से में पड़ गए हैं तो क्या किया जाए!

एक जाति ने कब्जाया और बाकी जातियों ने चुप्पी साधकर रजामंदी दे दी,अब और क्या चाहिए? इन महापुरुषों से पूछने की क्या जरूरत कि वे देश के महापुरुष कहलाना चाहेंगे या अपनी-अपनी जाति के? यह महान देश है। हमने तो भगवानों/अवतारों तक को बांट लिया है तो महापुरुषों की क्या बिसात? परशुराम केवल एक जाति के भगवान होकर रह गए हैं। इधर कृष्णावतार पर भी एक नई उभरती जाति ने कब्जा जमाना शुरू कर दिया है। देखना है,वे कब तक और जातियों के भक्तों को उपलब्ध रहते हैं। बात राजनीतिक दलों की हो रही थी। कई वर्षों के अंतराल के बाद कांग्रेस को अपने दम पर अधिकृत विपक्षी दल का तमगा मिल गया है। कुछ अच्छे माने जाने वाले सुधार,जो पहले असंभव लगते थे,साकार हो रहे हैं। कुछ बुरे माने जाने वाले सुधार,जो पहले संभव लगते थे,ठंडे बस्ते में डाल दिए गए हैं। नेता प्रतिपक्ष राहुल जी खानदानी राजनीतिज्ञ हैं। अब वे अधिक गंभीर,आश्वस्त,जिम्मेदार और अधिक वाचाल भी हो गए हैं। प्रधानमंत्री के लिए अन्य पुरुष, एकवचन का व्याकरण सम्मत प्रयोग अधिक करने लगे हैं। हर मुद्दे की तरह व्याकरण के मुद्दे पर भी अधिक मजबूत हुए हैं।

विपक्ष जनतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ है। मजबूत विपक्ष वह है, जिसमें अगले चुनाव में पक्ष के रूप में अंतरित होने की संपूर्ण संभावना संगर्भित हो। कांग्रेस में है और राहुल में है। सबसे बड़ी बात,वे सदन के अकेले गांधी हैं। इस संभावना को मूर्त करने के लिए कांग्रेस ने अन्य प्रमुख दलों के साथ हाथ मिला लिया है। यह समय की मांग है, सत्ताकामी राजनीति की जरूरत है। अन्य दलों की अवांछित महत्वाकांक्षा आड़े आ सकती है। उन्हें ऐसे मजबूत विपक्ष की संरचना के लिए तीन काम करना अनिवार्य है।

एक तो उनके कर्णधारों को अवांछित महत्वाकांक्षा से मुक्त रहकर,कांग्रेस को प्रतिद्वंद्वी के बजाय सहधर्मी दल मानकर उसका नेतृत्व दिल से और हर प्रांत में स्वीकार करना होगा। दूसरा जिन दलों में (उन्हीं की करतूतों के चलते) जातीय रुझान होने का तमगा लग चुका है,इस तमगे से मुक्ति के लिए प्रकट और विश्वसनीय प्रयास करने होंगे और तीसरा काम इनमें से जो क्षेत्रीय दल हैं, उन्हें अखिल भारतीय दृष्टि विकसित करनी होगी और अखिल भारतीय नीति और कार्यक्रम का खाका बनाना पड़ेगा। ये सभी प्रमुख दल कांग्रेस के साथ न्यूनतम साझा कार्यक्रम बना सके तो इनका,कांग्रेस का और जनतंत्र का भविष्य उज्ज्वल होगा। यक्ष प्रश्न है कि क्या ये ऐसा कर पाएंगे?

## सोशल फोरम

# हिंदी प्रदेशों का शिक्षित मध्यवर्ग

पश्चिम बंगाल में जूनियर डाक्टरों ने पिछले 10 अगस्त से एक जूनियर महिला डाक्टर के रेप के विरुद्ध न्याय की मांग को लेकर आंदोलन शुरू किया है, जो पुलिस कमिश्नर, प्रमुख स्वास्थ्य अधिकारियों को उनके पद से हटाए जाने और जूनियर डाक्टरों के काम पर लौटने के बाद भी अभी समाप्त नहीं हुआ है। कोलकाता इसका केंद्र है , जबकि देश के कई नगरों और विदेशों में भी इसकी प्रतिध्वनि सुनाई पड़ी है। हजारों-हजार नागरिकों, बुद्धिजीवियों, शिक्षकों, कलाकारों ने 'रिक्लेम द नाइट' में मोबाइल टॉर्च लेकर जुलूस निकाला। दिन के जूलूस में गीत-संगीत तथा कई कलात्मक प्रयोग होते रहे। लोग बरसात में भीगते हुए रात-दिन डटे रहे, कहीं भी झुके नहीं। कोलकाता में 20 किलोमीटर लंबे शांतिपूर्ण जूलूस में लोगों ने जूनियर महिला डाक्टर के रेप के विरोध में आवाज उठाई। पिछले लगभग 40 दिनों से 'वी वांट जस्टिस' के केंद्रीय नारे के साथ पूरा आंदोलन बिना किसी राजनैतिक झंडे और घुसपैठ के चला। यह सब कोलकाता के लिए भी अभूतपूर्व है। मेरे मन में कुछ प्रश्न उठे : यह एक मध्यवर्गीय आंदोलन ही है और निश्चय ही इसके केंद्र में डाक्टरों के हित की मांगें हैं। इसका चरित्र दिल्ली- हरियाणा-पंजाब के पिछले किसान आंदोलन से भिन्न है। फिर भी जागरूक नागरिकों ने इसका साथ दिया, क्या इसे अभी भी मध्यवर्ग की अंतरात्मा के बचे होने, नागरिक बोध के बचे होने का लक्षण माना जा सकता है?

मध्यवर्ग केवल बंगाल में नहीं, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश आदि हिंदी क्षेत्रों में भी है। क्या वहां का मध्यवर्ग या शिक्षित नागरिक ऐसे किसी भी मुद्दे पर मिल-जुलकर इस तरह लंबे समय तक आंदोलन करने की स्थिति में हैं? और उनमें उच्च अधिकारियों को हटाने और किसी भी एक न्याय के लिए निरंतर लड़ने की ताकत है? यदि नहीं है तो क्यों नहीं है?

जूनियर डाक्टर के आंदोलन के मुद्दों में चिकित्सा क्षेत्र में व्यापक दुर्नीति और नर्सिंग होम, बड़े अस्पतालों में मनमानी लूट के मुद्दे शामिल नहीं हैं और मांगें उनकी सुरक्षा तक सीमित है। यह उनके आंदोलन की सीमा है।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

-फेसबुक वॉल से

# एक देश, एक चुनाव के मायने

पांच साल में प्रत्येक ढाई साल के अंतराल में एक बार केंद्र के लिए और एक बार राज्य के लिए होने चाहिए देश के चुनाव। मोदी सरकार ने इच्छा शक्ति के साथ एक देश-एक चुनाव का फैसला कर लिया। देश की आजादी के वक्त केंद्र और राज्य के चुनाव एक साथ ही हुए थे। किंतु राजनितिक कारणों से उत्पन्न विभिन्न मध्यावधि चुनावों के चलते विभिन्न राज्यों और केंद्र सरकार के समय में अंतर आने लगा। प्रधानमंत्री ने सार्वजनिक मंचों से इस बात को कई बार दोहराया है कि बार -बार चुनाव होने की वजह से देश के विकास में बाधा आती है।

हमारे देश में चुनाव पांच साल में होता है। अमेरिका आदि देशों में यह समय 4 वर्ष का है। भारत में पांच साल के बीच कोई चुनाव ना होने का अर्थ है सत्ता की निरकुंशता। पांच साल तक जो मन चाहे करने का लाइसेंस। बीच -बीच में होने वाले चुनाव केंद्र सरकार को अलोकप्रिय निर्णय लेने से रोकती है और तानाशाही रवैये पर भी लगाम कसती है। आज जो पार्टी सत्ता में है, कभी उसको भी विपक्ष में बैठना पड़ जाए तो इस सत्य का अनुभव उसको भी होगा कि जब देश में राज्य और केंद्र में एक साथ चुनाव होते थे तो अधिकतर सभी राज्यों और केन्द्र में एक ही पार्टी के उम्मीदवार चुनाव जीतते थे। राज्य और केंद्र में एक ही पार्टी का वर्चस्व था।

राज्य और केंद्र के चुनाव एक साथ होने पर केन्द्रीय मुद्दे राज्य की राजनीति को प्रभावित कर सकते हैं एवं राज्य स्तर के क्षेत्रीय मुद्दे केंद्र की राजनीति को। ऐसा बहुत कम होने की संभावना रहेगी कि एक ही समय में एक आम मतदाता लोकसभा में किसी और एवं विधानसभा में किसी और पार्टी के लिए वोट करेगा। आम मतदाता का मन किसी समय में भाजपाई तो किसी समय में कांग्रेसी /समाजवादी तो हो सकता है किंतु एक ही समय में एक साथ केंद्र में भाजपाई और राज्य में कांग्रेसी /सपाई नहीं होगा।

कभी- कभी किसी विशेष लहर (धार्मिक, सामाजिक, सहानुभूति या अन्य) के सहारे एक ही पार्टी या विचारधारा का राज्यों और केंद्र में बहुमत आ सकता है। इस प्रकार विविधताओं वाले देश में एक ही विचार के हावी होने का खतरा है। उदाहरण स्वरूप यदि हम 2024 के लोकसभा चुनाव को साक्ष्य रखते हुए बात करें तो इस बार यूपी में लहर समाजवादी पार्टी समेत विपक्ष के पक्ष में रहीं। अब यदि लोकसभा के साथ ही यूपी विधानसभा चुनाव भी हो गए होते तो केंद्र में मोदी सरकार तो यथावत रहती, योगी जी के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार को खतरा हो जाता। अब यूपी में कम हुई सीटों से यदि उत्तर प्रदेश सरकार सीख ले तो 2027 में फिर से बहुमत हासिल कर लेगी। इसी प्रकार 2014 में मोदी लहर के चलते यूपी की सभी सीटों पर भाजपा ने विपक्षी दलों का सूपड़ा साफ कर दिया। यदि 2014 में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ हुए होते तो अखिलेश सरकार 2017 तक नहीं चल पाती। राज्य और केंद्र के चुनाव एक साथ होने के समय मे विधायक प्रत्याशी अपने और सांसद प्रत्याशी प्राथमिक तौर पर अपने चुनाव जीतने के लिए ही कार्य करते दिखाई देंगे। यदि सरकार एक साथ चुनाव चाहती है तो उसे वन नेशन वन इलेक्शन नहीं, वन नेशन टू इलेक्शन के सिद्धांत पर कार्य करना होगा। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं का चुनाव एक साथ कराएं और लोकसभा की सभी सीटों के लिए एक साथ। और दोनों चुनावों के बीच में ढाई साल का अंतराल होना चाहिए। इस प्रकार राज्य विधानसभाओं के होने वाले चुनाव केंद्र सरकार की ढाई साल की कार्य का परीक्षण जैसा होगा। जिस प्रकार क्रिकेट में वर्ल्ड कप और मिनी वर्ल्ड कप (चैंपियंस ट्राफी) होती है, ठीक उसी तर्ज पर। इस प्रकार की व्यवस्था से जनता के बाद हर ढाई साल में (पहले लोकसभा फिर विधानसभा) के माध्यम से सरकार की कार्यप्रणाली का अवलोकन करने का एवं उस पर अपने निर्णय सुनाने का अधिकार होगा।



अनिरुद्ध चौहान
सीजीएसटी अधिकारी

# शुद्धता - एक दिवास्वप्न

अभी तिरुपति बालाजी मंदिर के लड्डू में प्रयुक्त घी की शुद्धता पर धमाचौकड़ी मची हुई है, परिणाम का पता बाद में चलेगा क्योंकि अभी कुछ गुजरात की प्रयोगशाला पर प्रश्न कर रहे हैं, तो कुछ मुख्यमंत्री नायडू की अपने पूर्व मुख्यमंत्री से राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता देख रहे हैं।

आज मैं मसालों की बात करता हूं। कुछ वर्ष पूर्व मैं केरल के कोच्चि शहर गया था। मसाले उत्पादन में केरल सैकड़ों वर्ष से प्रसिद्ध था। अरब और यूरोपीय व्यापारी मसाले के लालच में मध्य काल से केरल से व्यापार कर रहे थे। मैं कोच्चि के मसाला बाजार की एक दुकान में गया तो मसालों की सुगंध से ही मन भर गया। मेरी पहले लौंग के बोरे पर दृष्टि गई,तो उसमें रखी लौंग का आकार देख हतप्रभ रह गया। सुडौल और उससे निकलने वाली महक से मैं मंत्रमुग्ध हो गया। पूछने पर दुकानदार ने बताया कि हमारे उत्तर प्रदेश आदि में जो लौंग मिलती है, वह लौंग से तेल निकालने के बाद वाली लौंग है, इसीलिए वह सूखी व कम महक वाली होती है। लौंग के तेल का उपयोग चिकित्सीय कार्यों में होता है। यही हाल वहां पैदा होने वाले अन्य मसालों इलायची, काली मिर्च, जायफल आदि का होता है। मैं वहां से थोड़ा मसाले दैनिक उपयोग के लिए घर लाया और अब हम मसाले वहीं से कोरियर से मंगाते हैं। गुणवत्ता के कारण यह मसाले सब्जी या मांसाहारी खाने में कम मात्रा में ही प्रयुक्त होते हैं तथा अब यहां मिलने वाले मसाले कम अच्छे लगते हैं। वहां के शुद्ध मसाले सालों पड़े रहने पर खराब नहीं होते।

फसलों में प्रयुक्त होने वाले रसायनों, कीटनाशकों से फसल के साथ वहां की मिट्टी पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। लौकी का आकार बढ़ाने हेतु, गाय भैंस का दूध बढ़ाने हेतु उनमें इंजेक्शन से दवा पहुंचाई जाती है। बैंगन में तो इतनी जहरीली दवा का छिड़काव होता है कि हमने बाजार का बैंगन खाना ही छोड़ दिया। आम हो या सेब, कीटनाशक दवा तो पड़ती ही है जिससे फल सुरक्षित रहें।अब तो आंवला की बाग में भी कीटनाशक दवा का छिड़काव हो रहा है। पेड़ों व जमीन पर पड़े रसायन एवं विष पानी के रास्ते जमीन के भीतर एकत्रित जल तक जाकर उसे प्रदूषित कर रहे हैं।

मैं 12-15 वर्ष का था, घर के किसी आयोजन के लिए दूध खरीद कर लाने हेतु पिताजी ने एक यादव को लगाया। जब यादव जी दूधिया के घर गए तो उसने शुद्ध दूध का रेट तीन रुपए प्रति लीटर बताया,जबकि तब 2.50 रुपए का रेट था। यादव जी ने कहा, ठीक है लेकिन दूध शुद्ध हो। वह शुद्ध दूध के लिए 3.50 रुपए का रेट लगाया। यादव जी के अपने सामने ही दूध दुहाने की बात करने पर वह 3.75 रुपए प्रति लीटर का रेट बताया। जब रेट के इतना बढ़ने की बात यादव ने की तो उसने शुद्धता के साथ रेट बढ़ना बताया। बाजार में जब हम सस्ता सामान लेंगे तो शुद्धता से समझौता करना ही पड़ेगा। अधिक दाम देने पर भी शुद्धता की गारंटी नहीं है। यह मिलावट और प्रदूषण बढ़ता ही जा रहा है, इससे खाद्य,जल,वायु सभी प्रभावित हो रहे हैं। इसका हल फिलहाल दिख नहीं रहा है।



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक उप्र.

# काम का दबाव

काम के दवाब में एक युवा चार्टेड एकाउंटेड की कार्डियक अटैक से असामयिक मृत्यु देश के सफेद कालर वालों के लिए दिल को छू देने वाली घटना है। इसने पूंजवादी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं और मानवता की ओर गंभीर चिंतन पर अपना ध्यान खींचा है। हमारे नीति निर्धारक जो पूंजीवाद पर आधारित नीतियों के पोषक हैं उनके द्वारा सामाजिक दृष्टिकोण भुला दिया गया है।

केरल निवासी एक होनहार 26 वर्षीय अन्ना सेबेस्टियन पेरायिल की अस्वभाविक मृत्यु ने आधुनिक कार्य संस्कृति के बारे में एक महत्वपूर्ण चर्चा को प्रज्ज्वलित कर दिया है, उसकी मां ने नियोक्ता कंपनी के चेयरमैन राजीव मेनानी को लिखे पत्र में नौकरी के कार्य दवाब को इस मृत्यु से जोड़ा है।

इस त्रासदी भरी खबर का दो महीने बाद सामने आना,और उस पर प्रतिक्रिया ने अचंभित किया है।

क्या हम कर्मचारियों के काम के संकट के सकेतों को समझने और उन पर कारवाई करने में बहुत धीमे है? कंपनी ने घटना पर अपना दुख तो जाहिर किया है। परंतु अंतिम संस्कार में संस्थान के लोगों के शामिल न होने ने एक बड़ा सवालिया निशान लगा दिया है, जबकि इस कंपनी में एक लाख कर्मचारी है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

## एक नजर

### कांग्रेस को अपने खराब दिनों में आती है अनुसूचित वर्ग की याद : मायावती

**अमृत विचार,लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि कांग्रेस को अपने खराब दिनों में अनुसूचित वर्ग की याद आती है। आरक्षित वर्ग के लोगों को इन आरक्षण विरोधी दलों से सचेत रहने की जरूरत है। सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिये उन्होंने कहा कि देश में अभी तक के हुए राजनीतिक घटनाक्रमों से यह साबित होता है कि कांग्रेस व अन्य जातिवादी पार्टियों को कुछ समय के लिए अनुसूचित वर्ग के नेताओं को मुख्यमंत्री या संगठन में प्रमुख पदों पर रखने की याद आती है, जबकि अच्छे दिनों में इन्हें दरकिनार कर देती हैं।



### नीट यूजी : दूसरे चरण में 2691 सीटों के लिए काउंसिलिंग

**अमृत विचार,लखनऊ :** नीट यूजी में दूसरे चरण की काउंसिलिंग कुल 109 कॉलेजों की एमबीबीएस व बीडीएस की 2691 सीटों के लिए हो रही है। काउंसिलिंग में एमबीबीएस में दाखिला लेने के लिए 84 मेडिकल कॉलेज और 25 डेंटल कॉलेजों में अभ्यर्थी प्राथमिकताएं दे सकते हैं। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह द्वारा सोमवार को राज्य में कॉलेजवार सीट व्यौरा वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिया गया है। उन्होंने बताया कि इन सीटों में 2210 सीटें अनारक्षित हैं, जबकि ओबीसी 197, एससी में 180, एसटी की 22, ईडब्लूएच की 82 सीटें शामिल हैं।

### आयुष कॉलेजों में दाखिले के लिए काउंसिलिंग 25 से

**अमृत विचार,लखनऊ :** आयुर्वेद, होम्योपैथ व यूनानी कॉलेजों की करीब साढ़े सात हजार से ज्यादा स्नातक सीटों के लिए आयुष यूजी काउंसिलिंग 25 सितंबर को पंजीकरण के साथ शुरू होगी। 01 अक्टूबर को सीट आवंटित कर परिणाम घोषित होंगे। काउंसिलिंग में सरकारी कॉलेजों में केन्द्रीय कोटे की 15 प्रतिशत सीटों को पृथक रखा जाएगा।

# हिंदू वही जो गोकशी रोके, गोरक्षा को समर्पित हो

## जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने सिस्टम पर साधा निशाना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कहा, हिंदू का वोट लेकर उसके साथ धोखा किया गया
- बहुमत की सरकार ने भी गाय को राष्ट्र माता का दर्जा नहीं दिया

**अमृत विचार:** हिंदू वही है जो गोरक्षा करे, गोकशी रुकवाए। जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने सिस्टम पर निशाना साधते हुए कहा कि हिंदू से वोट लेकर उनके साथ धोखा किया गया है। यदि सत्ताधारी नीति नियंता चाहते तो अब तक गोकशी रोकने के लिए कानून बन गया होता, एक भी गाय की हत्या नहीं होती। गो हत्या रोकने के लिए सरकार को कानून बनाना होगा।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सोमवार को गो-ध्वज स्थापना भारत यात्रा कार्यक्रम में पत्रकारों से बातचीत में शंकराचार्यस्वामी ने कहा कि सरकार जब अभी तक कानून बनाने में असफल रही तो मुझे मठ से बाहर निकलना पड़ा। गो हत्या रोकने के लिए मेरी ओर से निकाली जा रही यात्रा का सबसे पहले विरोध भाजपा ने किया। उन्होंने कहा कि गो रक्षा को लेकर निकाली जा रही यात्रा 33 प्रदेशों में जाएगी। यात्रा नगालैंड भी जाएगी, अभी तक कार्यक्रम में कोई संशोधन नहीं किया है।



अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि देश की जनता ने कई बार गो माता के नाम पर वोट देकर विभिन्न दलों की सरकारें बनवाईं, मगर किसी ने भी गाय की सुरक्षा के लिए कुछ नहीं किया। जब एक देश एक चुनाव को लेकर बात हो रही है तो गो माता को लेकर प्रदेशों में अलग-अलग कानून क्यों हैं।

### योगी सिर्फ मुख्यमंत्री के तौर पर कर रहे हैं काम

जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अभी सिर्फ मुख्यमंत्री के तौर पर काम कर रहे हैं। गोरक्ष पीठ के अध्यक्ष की भूमिका नहीं दिखाई दे रही है। गोरक्ष पीठ के अध्यक्ष के तौर पर काम कर रहे होते तो उत्तर प्रदेश में गाय नहीं कट रहीं होतीं। उन्होंने कहा कि गो रक्षा के लिए पूरे देश में यात्रा करेंगे और गो ध्वज फहराएंगे। बताया कि रविवार को अयोध्या गए थे। वहां प्रभु श्रीराम से शक्ति मांगी ताकि गो हत्या बंद करा सकें। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि जिस दिन देश में गो हत्या बंद हो जाएगी उस दिन सोने के पात्र में गाय के दूध से अयोध्या में भगवान राम का अभिषेक करेंगे और दर्शन कर उनका आशीर्वाद लेंगे।

### तिरुपति के प्रसाद से धर्म किया गया भ्रष्ट

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि तिरुपति के प्रसाद ने सनातनियों का धर्म भ्रष्ट किया है। क्योंकि उसमें जानवरों की चर्बी और मछली का तेल मिलाने की बात सामने आई थी। जिन्होंने प्रसाद ग्रहण किया है वे यदि गो माता के पंच द्रव्य का सेवन करेंगे तो पाप नष्ट हो जाएगा। सनातन धर्म रक्षा बोर्ड को लेकर उन्होंने कहा कि पवन कल्याण को बोलने का कोई अधिकार नहीं है। क्योंकि उनकी नाक के नीचे सब कुछ हो रहा था। सनातन धर्म रक्षा बोर्ड बनाने का काम पवन कल्याण का नहीं है। यह काम शंकराचार्य और महंतों का है। उन्होंने कहा कि सभी मंदिरों में बाहर से लाए जाने वाले प्रसाद को प्रतिबंधित किया जाना चाहिए। बताया कि अल्पसंख्यक नहीं कह सकते कि गो मांस खाना हमारा अधिकार है। इससे बहुसंख्यकों को तकलीफ पहुंचेगी। यदि वे ऐसा कहते हैं तो उनको शरिया और बाइबल मानने वाले देशों में चले जाना चाहिए।

# सिपाही भर्ती की परीक्षा आदर्श मॉडल, अन्य बोर्ड भी अपनाएं

## मुख्यमंत्री ने सभी भर्ती बोर्ड व आयोगों के अध्यक्षों को दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



योगी आदित्यनाथ

- रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी व समयबद्ध ढंग से पूरा कराने के लिए कहा

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न बोर्ड व आयोगों के अध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि रिक्त पड़े पदों पर भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी व समयबद्ध ढंग से पूरा कराया जाए। उन्होंने हिदायत दी कि चिकित्सा व तकनीकी विभागों में भी स्थानीय स्तर पर बोर्ड गठित करके शीघ्र भर्ती की जाए। सभी भर्ती प्रक्रियाओं में आरक्षण के नियमों का पालन हर हाल में हो। यह भी कहा कि किसी भी विभाग की तरफ से भर्ती प्रक्रिया को लेकर पेंडेंसी न हो। योगी के मुताबिक, सिपाही भर्ती की परीक्षा आदर्श परीक्षा मॉडल है, सभी आयोग इसे अपनाएं।

मुख्यमंत्री ने सोमवार को विभिन्न पदों पर भर्ती प्रक्रियाओं के संबंध में बैठक की। इसमें उप्र. लोकसेवा आयोग के अध्यक्ष, अधीनस्थ चयन सेवा आयोग के अध्यक्ष, शिक्षा सेवा चयन आयोग की अध्यक्ष, विद्युत सेवा आयोग के अध्यक्ष, पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के अध्यक्ष, सहकारी संस्थागत सेवा मंडल के अध्यक्ष, डीएम और एसएसपी समेत शासन के अधिकारी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री को पुलिस भर्ती प्रोन्नति बोर्ड के अध्यक्ष ने हाल में ही सकुशल संपन्न कराई गई सिपाही भर्ती परीक्षा की प्रक्रिया व संचालन के संबंध में अवगत कराया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में ई-अधियाचन पोर्टल की व्यवस्था की गई है। सभी विभाग इसका उपयोग कर अधियाचन प्राप्त करें। जिन विभागों में नियुक्ति की जानी है, वहां से अधियाचन आयोग को तत्काल भेजकर नियुक्ति प्रक्रिया को संपन्न कराया जाए। ट्रांसपोर्ट, एजेंसी एवं परीक्षा केंद्रों के चयन की प्रक्रिया में सावधानी बरती जाए। गोपनीयता हर हाल में सुनिश्चित की जाए। किसी भी निजी संस्था को परीक्षा केंद्र न बनाया जाए। केवल राजकीय व राजकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों को ही परीक्षा केंद्र बनाया जाए। परीक्षा केंद्र का चयन जिलाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देशन में किया जाए।

### एआई व सीसीटीवी की भी सहायता लें

मुख्यमंत्री ने कहा कि परीक्षा सकुशल संपन्न कराने के दौरान ऑर्टिफिशियल इंटेलीजेंस व सीसीटीवी की भी सहायता ली जाए। अफवाह को रोकने पर पूरा ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री ने सभी बोर्ड व आयोग के अध्यक्षों से कहा कि सभी भर्ती प्रक्रियाओं को समयबद्ध ढंग से आगे बढ़ाने के लिए क्वेश्चन बैंक तैयार करें।

# मध्यांचल विद्युत निगम ने खोला 'ब्लैक लिस्टेड' कंपनी का टेंडर

## उपभोक्ता परिषद ने उठाए सवाल, जिम्मेदार अफसरों पर कार्रवाई की मांग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बिजली उपभोक्ताओं के आवासों पर स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने के लिए मध्यांचल विद्युत वितरण निगम ने गोवा की उस निजी कंपनी का टेंडर खोल दिया है, जिसे हाल में 'ब्लैक लिस्टेड' किया गया था।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने निगम में टेंडर प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा कि जानकारी के बाद भी टेंडर प्रक्रिया में निजी कंपनी को शामिल करना अफसरों की लापरवाही है। परिषद ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन से मामले की रिपोर्ट तलब कर अफसरों की जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई करने की मांग की है।

सोमवार को ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम गवर्मेंट ऑफ उत्तर प्रदेश की टेंडर विवरण संबंधी रिपोर्ट में सिंगल फेस मीटर के टेंडर प्रक्रिया में आठ निजी कंपनियों का उल्लेख है। इसमें गोवा की निजी कंपनी एचपीएल इलेक्ट्रिक एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड को काली सूची में होने के कारण अयोग्य ठहराया गया है। इसमें 'फाइनेंशियल बिड' खोलने की तारीख 19 सितंबर 2024 का जिक्र है। 24 अगस्त 2024 की बिडिंग में एचपीएल इलेक्ट्रिक के साथ जीनस पावर इंफ्रास्ट्रक्चर्स लिमिटेड को स्वीकार किया गया है।

प्रदेश में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगा रही दोनों मीटर निर्माता कंपनियां गोवा में काली सूची में हैं। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि मध्यांचल निगम ने एक टेंडर में एचपीएल का पार्ट बिड न खोलकर उसे बाहर किया है, पर दूसरे टेंडर में दोनों कंपनियों का टेंडर का भाग दो खोला गया है।

### 5 अगस्त को काली सूची में डाली गईं कंपनियां

उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष का कहना है कि गोवा की दोनों कंपनियों को पांच अगस्त को काली सूची में डाला गया था, ऐसे में जानकारी होने के बाद एक में अयोग्य व दूसरे में योग्य बताए जाने से अफसरों की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं।

# भाजपा को हराया है, भाजपाई उसी का बदला ले रहे हैं : अखिलेश

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने एक बार फिर एनकाउंटर पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराया है, भाजपाई उसी का बदला ले रहे हैं। किसी का भी फर्जी एनकाउंटर नाइंसाफी है। हिंसा के जरिये उप्र की छवि को धूमिल किया जा रहा है। यह उप्र के भविष्य के विरुद्ध एक बड़ा षड्यंत्र है।



सपा मुखिया ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि सबसे कमजोर लोग एनकाउंटर को अपनी शक्ति मानते हैं। सुल्तानपुर में एनकाउंटर में मारे गए एक लाख के इनामी अनुज प्रताप सिंह की बहन का विडियो एक्स पर साझा करते हुए कहा कि शोक में डूबी बहन के आंसू जो शब्द बनकर सबको झकझोर रहे हैं लेकिन हृदयहीन व असंवेदनशील लोगों के लिए इनका कोई महत्व नहीं है।

# नवरात्र में प्रदेशभर के देवी मंदिरों में होंगे विविध आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर संस्कृति विभाग नवरात्र पर 3 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक प्रदेशभर के सभी देवी मंदिरों और शक्तिपीठों में महिलाओं व बालिकाओं की सहभागिता से विविध सांस्कृतिक आयोजन करेगा।

संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम के अनुसार अष्टमी एवं नवमी पर प्रमुख शक्तिपीठ मन्दिरों में सामाजिक मूल्यों व राष्ट्रीय मूल्यों के व्यापक प्रचार-प्रसार व जनसामान्य को जोड़ते हुए रामायण पाठ का आयोजन किया जाएगा। सभी जिलाधिकारी अपनी अध्यक्षता में गठित समिति से अपने जिलों में देवी मन्दिरों, शक्तिपीठों में स्थानीय लोक कालाकारों, भजन मंडलियों, कीर्तन मंडलियों के चयन करेंगे। सभी कार्यक्रम मिशन शक्ति के अनुरूप स्थानीय जनसहभागिता के साथ आयोजित किए जाएंगे। स्थानीय कलाकारों का चयन संस्कृति विभाग की ई-डायरेक्ट्री से किया जा सकता है।

## धर्म दर्शन

### शरः पृथ्वी पर जीवन के उद्भव का प्रथम प्रतीक

उपशमन सूक्त के देवता पर्जन्य हैं। पर्जन्य शब्द सामान्य अर्थों में वर्षा के लिए प्रयुक्त होता है, परंतु सभी का पोषक होने के कारण वह पोषणकर्ता भी है। अतः अनंत आकाश के विभिन्न स्रोतों से बरसने वाले पोषक एवं उत्पादक स्थूल एवं सूक्ष्म प्रवाहों को यहां पर्जन्य के रूप में वर्णित किया गया प्रतीत होता है। इस सूक्त में ऋषि ने धनुष से छूटने वाले विजयशील "शर" (बाण) के उदाहरण से जीवन तत्व के गूढ़ रहस्य को स्पष्ट करने का प्रयास किया है।

"शर" शब्द का सामान्य अर्थ बाण है, किंतु पृथ्वी से जो अंकुर निकलता है,उसे भी शर कहते हैं। इस प्रकार यह शर पृथ्वी पर जीवन के उद्भव का प्रथम प्रतीक है और उसी पर प्राणी मात्र का जीवन निर्भर करता है। बाण अथवा जीवन तत्व के रूप में उसकी उत्पत्ति पिता पर्जन्य के सेचन से तथा माता पृथ्वी के गर्भ से होती है। यह जीवन तत्व ही समस्त बाधाओं एवं रोग आदि को जीतने में, जीवन लक्ष्य को भेदने में समर्थ होता है। इसलिए उसकी उपमा "शर" से दी गई है। जीवन संग्राम में विजय के लिए प्रयुक्त शर (जीवन तत्व) किस धनुष से छोड़ा जाता है, उसका सुंदर अलंकरण यहां प्रस्तुत किया गया है। उस धनुष का एक छोर माता पृथ्वी है तथा दूसरा छोर पिता पर्जन्य है। ज्या अर्थात प्रत्यंचा उन दोनों को खींचकर उनकी शक्ति संप्रेषित करती है। ज्या का एक अर्थ जन्मदात्री भी होता है। अतः आकाश में स्थित पर्जन्य एवं पृथ्वी की शक्ति के सहयोग से जीवन तत्व का संरक्षण करने वाली सृजनशील प्रकृति ही इस धनुष की ज्या (प्रत्यंचा) है। "शर" शब्द का प्रयोग यथास्थान मूत्र रोग के उपचार हेतु शलाका के लिए भी किया गया है। ऋषि अथर्वा कहते हैं कि अनेक प्रकार से चराचर धारक एवं पोषक पर्जन्य को हम इस "शर" के पिता के रूप में जानते हैं। अनेक प्रकार के स्वरूप देने वाली पृथ्वी को भी हम भली प्रकार जानते हैं। हे ज्या! आप हमारे शरीरों को चट्टान की तरह सुदृढ़ता एवं शक्ति प्रदान करें। शत्रुओं (शारीरिक दोषों) को शक्तिहीन बनाकर हमसे दूर करें। द्युलोक एवं पृथ्वी के मध्य स्थित तेज की भांति यह मुंज (मुक्तिदाता या शोधक जीवन तत्व) सभी स्रावों, रसों एवं रोगों के बीच प्रतिष्ठित रहे अर्थात शरीर या प्रकृति के समस्त स्रावों को वह जीवन तत्व रोगों की ओर न जाने दें। रोगों के शमन में उसका उपयोग करें।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

इस शरीर के जनक पर्जन्य से हम भलीभांति परिचित हैं। अनंत बलशाली मित्रदेव (प्राण वायु) जो शर का पिता है, को हम जानते हैं। शर के पालक सशक्त वरुण देव को हम जानते हैं। हम शर के पिता आह्लादक चंद्र देव को जानते हैं। हम जानते हैं कि विशेष शक्ति संपन्न पवित्रतादायक सूर्य शर के पालक हैं। ये सभी तुम्हारा कल्याण करें। उनसे तुम्हें विशिष्ट पोषण प्राप्त हो तथा विकार बाहर निकल जाएं। मूत्र वाहिनी नाड़ियों, मूत्राशय एवं आंतों में स्थित दूषित जल इस चिकित्सा से पूरा का पूरा वेग के साथ शब्द करता हुआ शरीर से बाहर हो जाए। शर (शलाका) से मूत्रमार्ग को खोल देते हैं। बांध टूट जाने से जिस प्रकार जलाशय का जल शीघ्रता से बाहर निकलता है, उसी प्रकार रोगी के उदरस्थ समस्त विकार वेगपूर्वक बाहर निकलें। धनुष से छोड़े गए, तीव्र गति से बढ़ते हुए बाण की भांति तेरा संपूर्ण मूत्र (विकार) वेगपूर्वक बाहर निकले।

### वैष्णव संप्रदाय

वैष्णव पुराणों में, विष्णु, ब्रह्मवैवर्त, हरिवंश तथा भागवत में विष्णु, नारायण, यादव कृष्ण तथा गोपाल कृष्ण के चरितों के विभिन्न पहलूओं का विस्तृत विवरण अंकित है। यह तथ्य विवादरहित है कि "श्रीमद् भागवत पुराण ही भागवत संप्रदाय का प्रमुख ग्रंथ है। मोटे तौर पर, वैष्णव संप्रदाय, भगवान विष्णु को ही परमेश्वर मानने वालों का संप्रदाय है। वैष्णव धर्म की सामान्य जानकारी हमें उपनिषद साहित्य से ही प्राप्त होने लगती है। छान्दोग्य उपनिषद में श्रीकृष्ण का उल्लेख मथुरा में जन्में देवकी पुत्र तथा आंगिरस शिष्य के रूप में होती है। वृष्णिवंशीय वासुदेव कृष्ण इस संप्रदाय के उपास्य देव हैं। वासुदेव को ज्ञान शक्ति, बल, वीर्य, ऐश्वर्य तथा तेज नामक छह गुणों से संपन्न होने के कारण ही भगवान या भागवत कहा गया है। वैरागी, दास, रामानंद, वल्लभ, निम्बार्क, माधव, राधा वल्लभ, सखी तथा गौड़ीय इसके उपसंप्रदाय हैं। प्रमुख वैष्णव संप्रदायों के नाम, प्रमुख आचार्य नाम तथा मत इस प्रकार हैं-वैष्णव संप्रदाय विशिष्टाद्वैत रामानुज, ब्रह्मा संप्रदाय द्वैत आनंद तीर्थ, रुद्र संप्रदाय विशुद्ध द्वैत वल्लभाचार्य और सनक संप्रदाय द्वैताद्वैत निम्बार्क। वैष्णव संतों का प्रमुख संबोधन है- आचार्य, स्वामी और संत।



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

वैष्णव संतों में मूलतः वैरागी संप्रदाय के तीन प्रमुख अखाड़े श्रीदिगंबर अनी अखाड़ा, श्री निर्वाणी अखाड़ा और श्री निर्मोही अखाड़ा। यहीं पर यह तथ्य अत्यंत महत्वपूर्ण है कि जन्मना या जाति से ब्राह्मण न होकर भी वैष्णव धर्म धारण कर, सिर पर चोटी छोड़ सिर मुड़ा और विधिवत यज्ञोपवीत धारण कर वैष्णव ब्राह्मण बन सकता है। जन्मना गैरब्राह्मण से वैष्णव ब्राह्मण बने लोगों मे तमिल बन्निया, तेलगु नायडू, मलयाली गैर ब्राह्मणों की अच्छी खासी संख्या है। अपने सद्कर्म, हार्दिक भक्ति और आस्था के बल पर कोई भी मनुष्य वैष्णव बन सकता है। वैष्णव के लिए शारीरिक सौंदर्य पर ध्यान, तेल मालिश, हजामत से परहेज आवश्यक है। उसके लिए सुबह, दोपहर और सायं बेला में हरि कीर्तन, भजन, सत्संग, धर्म कथा श्रवण अनिवार्य है।

## वर्ग पहेली-201

**बाएं से दाएं**

1. 1. महाप्रलय 2. पितृपक्ष 3. तीर्थस्थान।
4. एक दिशासूचक यंत्र जिसकी सुई सदैव पश्चिम दिशा की ओर रहती है ; कुतुबनुमा, दिग्दर्शक यंत्र।
6. 1. श्रद्धा, आस्था 2. विश्वास, भरोसा, ऐतबार।
7. अभिमानी स्त्री।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. मज़ाक संबंधी 2. हंसोड़, परिहासप्रिय, विनोदी।
2. नियत अनुपात में, अनुपात के अनुसार।
3. 1. घान 2. तेल आदि पेरने का कोल्हू 3. ढेर।
5. यशोदा, कृष्ण की माता।



### वर्ग पहेली -200 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 ह | क | 2 ब | क | |
| | ल | | हु | | 3 जे |
| | फ़ी | | का | | ली |
| | | 4 कु | लि | या | |
| | 5 लि | पि | क | | 6 ता |
| | | त | | | नू |
| 7 जु | ई | | 8 स | फ़ी | र |

## सुडोकू -114

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 5 | 7 | | |
| 1 | | | 7 | | | 9 | | 4 |
| | | 3 | | 6 | 1 | | | 2 |
| | | | 8 | | | 2 | | 1 |
| 2 | | 6 | | | | 4 | | 3 |
| 3 | | 9 | | | 7 | | | |
| 8 | | | 1 | 9 | | 3 | | |
| 4 | | 7 | | | 8 | | | 9 |
| | | 1 | 2 | | | 5 | | |

### सुडोकू - 113 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 4 | 7 |
| 5 | 1 | 4 | 9 | 8 | 7 | 2 | 3 | 6 |
| 7 | 3 | 2 | 5 | 6 | 4 | 9 | 8 | 1 |
| 4 | 7 | 5 | 3 | 2 | 8 | 6 | 1 | 9 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 6 | 4 | 2 | 5 |
| 9 | 5 | 1 | 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 2 |
| 6 | 4 | 3 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 | 8 |
| 2 | 8 | 7 | 6 | 9 | 1 | 3 | 5 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 24 सितंबर मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-सप्तमी 12.38 तक तत्पश्चात अष्टमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मृगशिरा 21.54 तक तत्पश्चात आर्द्रा।

**मेष** — आज अपना व्यवहार सबके प्रति अच्छा रखें। किराये के घर पर रहने वालों के मन में नए घर को लेकर चिन्ता बढ़ सकती है। आज आप अपनी सधी हुई संवादशैली के प्रभाव से लोगों को प्रभावित कर लेंगे। गलत कार्यों में अपना दिमाग न लगाएं।

**वृष** — आज व्यवसाय में में आप काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। नई संपत्ति खरीदने को लेकर विचार बना सकते हैं। अपनी गलतियों और कमजोरियों को दूर करने का प्रयास करें। विपरीत विचारधारा वाले व्यक्तियों के साथ बहस न करें।

**मिथुन** — आज आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। करियर में कुछ अच्छा बदलाव हो सकता है। आपकी दिनचर्या काफी अच्छी रहेगी। आप कुछ विशिष्ट कार्यों की तरफ मुड़ सकते हैं। धर्म-कर्म को लेकर दिखावा न करें। शुभ कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं।

**कर्क** — आज नकारात्मक विचार आपके ऊपर हावी रहेंगे। अनिद्रा और घबराहट की समस्या हो सकती है। दूसरों पर ज्यादा भरोसा न करें। उच्च अधिकारी आपका विरोध कर सकते हैं। प्रेम संबंधों को लेकर थोड़े अधीर रहेंगे, किन्तु आज अपने दिल की बात कहने से बचें।

**सिंह** — आज प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को उत्तम सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। अधूरे काम पूरे होने से मन में काफी खुशी रहेगी। जीवनसाथी आपका उत्साह बढ़ायेंगे। महिला जातकों को महंगे उपहार मिल सकते हैं।

**कन्या** — आज आपकी कार्यशैली लोगों के लिए चर्चा का विषय बन रही है। सभी काम सरलता से होते हुए प्रतीत होंगे। अविवाहित लोग विवाह को लेकर काफी उत्सुक रहेंगे। धर्म-कर्म के मामले में आप काफी रुचि लेंगे। परिवार के लोग किसी कारणवश आपसे नाराज हो सकते हैं।

**तुला** — आज विदेश में रहने वाले लोगों को घर की याद आयेगी। निजी कंपनियों जॉब करने वाले लोग अवकाश को लेकर बॉस से चर्चा कर सकते हैं। व्यवसाय संयमित रखें और दूसरों के मामलों में ज्ञान देने से बचें। अपनी योजनाओं को गुप्त रखें।

**वृश्चिक** — आज दांपत्य जीवन थोड़ा उबाऊ हो सकता है, लेकिन आप अपना व्यवहार जीवनसाथी के प्रति अच्छा रखें। शोध कार्यों के प्रति आपकी रुचि हो सकती है। दोस्तों के साथ मतभेद उभर सकते हैं। निम्न रक्तचाप और थकान की समस्या हो सकती है।

**धनु** — आज जीवनसाथी के साथ क्वालिटी टाइम बिताना पसन्द करेंगे। वैवाहिक संबंध काफी रोमान्टिक रहने वाले हैं। शाम के समय सिरदर्द की शिकायत हो सकती है। किसी रिश्तेदार को लेकर परेशान हो सकते हैं। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**मकर** — आज धन की समस्या दूर होगी। पार्टनर के साथ विवाद समाप्त होगा। आपकी दिनचर्या काफी अनुशासित रहेगी। घर में खुशियों का माहौल रहेगा। आपको कारोबार में मनचाही उन्नति मिलने की संभावना है। मानसिक शांति के लिए मित्रों से मिल सकते हैं।

**कुंभ** — आज दिन की शुरुआत खास ठीक नहीं रहेगी। जीवनसाथी पर नाराज हो सकते हैं। मसालेदार भोजन से बचें वरना कब्ज की समस्या भी हो सकती है। परिवार के कुछ लोग आपकी निन्दा कर सकते हैं, लेकिन आपको उन पर अभी ध्यान देने की आवश्यकता नहीं है।

**मीन** — आज किसी भी काम में मन नहीं लगेगा। घर की परिस्थितियों के सामने स्वयं को असहज महसूस करेंगे। मच्छरों से सावधान रहें। शाम के समय कहीं घूमने के लिए जा सकते हैं। इससे आपका मूड फ्रेश हो जायेगा। भोजन में शुद्धता का ध्यान रखें।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
औलाद — सुबह : 09.24
कुली नं. 1 — रात : 07.16

**&pictures**
खिलाड़ियों का खिलाड़ी — सुबह : 10.53
तरला — रात : 08.00

**SONY PIX**
2012 — सुबह : 10.23
डार्क फोनिक्स — रात : 08.45

**ZEE CINEMA**
रक्षाबंधन — दोपहर : 12.16
स्कंदा — रात : 08.00

**ZEE ACTION**
शिवा द सुपर हीरो 3 — सुबह : 11.27
गुप्त — रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर दोपहर : 12.16 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

चिंटू (पिंटू से)- और सुना यार, बीवी से झगड़ा खत्म हुआ या नहीं?
पिंटू से- अबे घुटनों पर चलकर आई थी मेरे पास, घुटनों पर
चिंटू- क्या बात कर रहा है, सच में?
पिंटू - और नहीं तो क्या
चिंटू- फिर क्या बोली?
पिंटू - बोली बेड के नीचे से बाहर आ जाओ, पक्का अब नहीं मारुंगी!

मिंटू-सोनू जरा अपनी साइकिल देना।
पिंटू- नहीं, मैं नहीं दे रहा।
मिंटू-अगर मुझे साइकिल नहीं दोगे तो मेरा दिल खट्टा हो जाएगा
पिंटू-कोई बात नहीं चीनी खा लेना।

## एक नजर

### कैंप में 122 पेंशन धारकों ने दर्ज कराई शिकायत

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** सरकार के निर्देश पर लालगंज ब्लाक में पेंशन कैंप लगाया गया। जिसमें वृद्धावस्था पेंशन के 71, निराश्रित महिला के 46 और दिव्यांगजनों के पांच लोगों ने पहुंचकर बताया कि उन्हें पेंशन नहीं मिल रही है। कैंप में समस्याओं का निराकरण कर रहे खंड विकास अधिकारी गगनदीप सिंह और समाज कल्याण अधिकारी रवि भूषण पांडेय ने सभी की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना और उन्हें भरोसा दिलाया कि एक माह के अंदर उन्हें पेंशन मिल जाएगी। समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि पेंशन धारकों ने अपने खाते में केवाईसी नहीं कराई है जिसके कारण पेंशन बंद हो गई है। सभी से बैंक पहुंचकर केवाईसी कराने को कहा गया है। साथ ही उन्होंने कहा कि ऑफिस में भी इन सब की केवाईसी करा दी जाएगी जिसके चलते पेंशन मिलना शुरू हो जाएगी।

### पानी भरने के विवाद में मां-बेटी को पीटा

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** हैंड पाइप में पानी भरने को लेकर हुए विवाद में मां बेटी को मारपीट करके घायल कर दिया गया है। इसकी शिकायत करने पर महिला के पति को भी धमकी दी गई। मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव परसीपुर का है। गांव के राम पदारथ का आरोप है कि उनके पड़ोस के गांव मवई निवासी कुछ सरहंग किस्म के लोग आतंक फैलाने के उद्देश्य से उनके गांव पहुंचे और नल पर पानी भरने गई उसकी पत्नी और बेटी को अकारण मारपीट करके घायल कर दिया। इसकी जानकारी मिलने पर जब महिला का पति उनके पास गया तो उसे भी गाली दी गई और धमकाया गया। परेशान होकर पीड़ित कोतवाली पहुंचा और मामले की तहरीर दी है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### पूर्व भाजपा नेता ने डॉक्टर पर लगाए गंभीर आरोप

**रायबरेली, अमृत विचार।** पूर्व भाजपा नेता ने एक निजी होटल में प्रेसवार्ता कर जिला अस्पताल में तैनात एक डॉक्टर पर गंभीर आरोप लगाए हैं। संतोष पांडेय का आरोप है कि जिला अस्पताल में तैनात डॉक्टर के काले कारनामों को उनके द्वारा लगातार उजागर किया जा रहा है जिसको लेकर डाक्टर साहब घबराए हुए हैं। घबराए डॉक्टर टॉप टेन अपराधियों से मिलकर उनकी हत्या कराने की सुपारी दे दी है। जिसकी फोटो भी उनके पास है। इस मामले में डॉक्टर का कहना है कि उन्होंने 302 के मामले में पोस्टमार्टम किया था जिसका बयान देने कोर्ट गया था। यहां इनके कान में दिक्कत थी तो बात करने लगा था। लगाए गए आरोप निराधार है।

# जिलाधिकारी ने किया बाढ़ प्रभावित गांवों का निरीक्षण

## ग्रामीणों को प्रशासन से हर संभव मदद का दिलाया भरोसा, सभी विभागों के अफसरों को सतर्कता बरतने के दिए निर्देश

संवाददाता, सरेनी, रायबरेली

**अमृत विचार:** गंगा नदी के बढ़े जलस्तर का असर अब कटरी क्षेत्र के गांवों में देखने को मिल रहा है। नदी से जुड़े नालों में पानी भरने लगा है। वहीं, कई जगह सड़क के ऊपर से गंगा नदी का पानी बह रहा है। इससे ग्रामीण भयभीत हैं। वहीं उनके रात की नींद तक उड़ी हुई है। हालांकि देर रात से जलस्तर स्थिर होता नजर आ रहा है। वहीं प्रशासनिक महकमा भी अलर्ट मोड पर आ गया है। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने अलग-अलग गांवों में जाकर निरीक्षण किया। ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि प्रशासन पूरी तरह से बाढ़ के हालात से निपटने को तैयार है। बाढ़ चौकियों को सक्रिय होने के साथ ही स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग समेत सभी विभागाध्यक्षों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं।

सरेनी क्षेत्र में गंगा का जल स्तर स्थिर हो जाने के बावजूद बाढ़ के हालात भयावह बने हुए हैं। निसगर-भक्ताखेड़ा मार्ग के ऊपर से पानी बह रहा है, जिससे सीसी रोड का किनारा कटने लगा है। फसलें पूरी तरह से पानी में जलमग्न हैं, जबकि घरों के चारों ओर पानी भर चुका है। ग्रामीणों के अनुसार अधिकारियों के दौरे तो हुए किंतु अभी तक किसी तरह की कोई सरकारी इमदाद मुहैया नहीं कराया गया है। ग्रामीणों में शासन व प्रशासन की अनसुनी से गुस्सा है।

**पानी में डूबी सब्जी की फसल, किसान परेशान :** सरेनी क्षेत्र में कटरी इलाके दुग्ध, सब्जी व पान के उत्पादन में आगे रहते हैं। यहां पशुपालन के अलावा प्याज, मिर्चा, धनिया व धान की खेती बहुतायत से होती है। भक्ता खेड़ा के प्रधान रज्जन लाल ने बताया है कि गत एक सप्ताह से गंगा के जलस्तर में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे सात पुरवे पूरे सुकुरु, पूरे वंशी, अहिरन का पुरवा, पूरे रामप्रसाद, पूरे पुखहिन आदि गांवों में रह रहे लोगों के घर पानी से घिरे हुए हैं। उन्होंने बच्चों के स्कूल जाने के लिए नाव की व्यवस्था करा दी है। फसलें पूरी तरह पानी में जलमग्न हैं। अधिकारी आते हैं व आश्वासन देकर चले जाते हैं। अभी तक किसी तरह की सरकारी सहायता मुहैया नहीं कराई गई है।

**ऊंचाई वाले स्थानों की ओर करने लगे रूख:** जलस्तर बढ़ने से हर कोई भयभीत है। निचले क्षेत्रों से ग्रामीण अब ऊंचाई वाले स्थानों की ओर रूख करने लगे हैं। ऊंचे स्थानों पर खाना बनाकर व पकाकर खाने को मजबूर हैं। ग्राम प्रधान रज्जन लाल ने यह भी बताया है कि पिछले 16 घंटे से पानी स्थिर है, किंतु ग्रामीण दहशत में हैं। उनकी जीविका पानी डूब चुकी है। क्षेत्र के नन्हकऊ, रज्जू, राजेश पुत्र रामरतन, रामकिशोर, कंधई पुत्र भरोसा, छेदू पुत्र मोहनलाल, बाबू पुत्र बहादुर, रघुवीर आदि की फसल पानी में डूब चुकी है। ये सभी पूरे सुकुरू गांव के रहने वाले हैं। रघुवीर ने बताया है कि प्रशासनिक अधिकारी गांव में पिकनिक मनाकर लौट जाते हैं। आश्वासन भी दे जाते हैं किंतु सरकारी मदद नहीं मिली है। किसान का कहना है कि बाढ़ पीड़ित परिवार इस समय भगवान भरोसे जीने को मजबूर हैं।


बाढ़ प्रभावित गांव में ग्रामीणों की समस्या सुनतीं डीएम हर्षिता माथुर। अमृत विचार

### रास्ते में खड़े ग्रामीणों ने डीएम के न रुकने पर जतायी नाराजगी

**डलमऊ, रायबरेली।** बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण करने के बाद जब डीएम अपने दलबल के साथ वापस आ रही थी तभी पूरे रेवती सिंह के एक दर्जन से अधिक ग्रामीण रास्ते में डीएम से अपनी समस्या बताने के लिए खड़े थे। लेकिन डीएम अपने काफिले के साथ आगे बढ़ गई। डीएम के न रुकने पर लोगों में भारी नाराजगी देखने को मिली। ग्रामीण दयाराम, प्रमोद, दिनेश, पार्वती, शिव दुलारी, सावित्री, सियावती, बीटान, गुड़िया, शिव कांति, राजकुमारी, अजय, सहित दर्जनों लोगों ने बताया कि हम लोग बाढ़ की समस्या से परेशान हैं। कोई अधिकारी देखने तक मौके पर नहीं पहुंच रहा है। रास्ते में खड़े होकर डीएम को बाढ़ से होने वाली समस्या को बताने के लिए इंतजार कर रहे थे, लेकिन वह अपने काफिले के साथ रवाना हो गई। पीछे आ रहे एसडीएम ने गाड़ी रोककर लोगों की बात सुनी और आश्वासन देकर चले गए। बुजुर्ग महिलाओं ने बताया कि अधिकारी सिर्फ कागजों पर ही हम लोगों की समस्या सुन रहे हैं। हकीकत में परेशानी देखने के लिए कोई नहीं आ रहा है। एक सप्ताह से बढ़ लगातार बढ़ती जा रही है। घरों से निकलना मुश्किल हो रहा है।

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों पर लगातार नजर बनाएं रखें अधिकारी : डीएम

- बिजली कटौती से परेशान लोगों ने की डीएम से शिकायत
- डीएम ने निर्बाध बिजली आपूर्ति के दिए निर्देश

**डलमऊ, रायबरेली, अमृत विचार।** पिछले एक सप्ताह से गंगा कटरी क्षेत्र में आई बाढ़ का जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने अन्य अधिकारी के साथ अंबाहा, बबूरा, पूरे रेवती सिंह, जहांगीराबाद, जमाल नगर मोहद्दीनपुर एवं चक मलिक भीटी के बाढ़ प्रभावित स्थानों का निरीक्षण किया। चक मलिक भीटी के पूरे डांगरी प्राथमिक विद्यालय में जल भराव की समस्या भी देखने पहुंची। वहां पर पढ़ने वाले बच्चों को पास के ही पंचायत भवन में शिफ्ट किया गया। लगातार जलस्तर में हो रही बढ़ोतरी से जहां किसानों की फसले जलमग्न हो गई है। वहीं पर गांव के अंदर पानी लगातार बढ़ने से लोगों की दुश्वारियां बढ़ती जा रही हैं।

ग्रामीण शिव दुलारी, सावित्री, सियावती, शिव कांति, रामबरन, राम कुमारी ने बताया कि घर के चारों तरफ पानी भर जाने से जीव जंतुओं की समस्या बनी रहती है। बिजली की व्यवस्था सही न होने से भी परेशानी बढ़ रही है, जिस पर जिलाधिकारी ने बिजली विभाग के कर्मचारियों को निर्बाध बिजली आपूर्ति किए जाने के निर्देश दिए। पशुपालन, स्वास्थ्य विभाग एवं राजस्व की टीम लगातार गांव में लगी हुई है। उपजिलाधिकारी अभिषेक वर्मा को लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए गए है। जिलाधिकारी ने बताया कि गंगा के जलस्तर पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। बाढ़ से प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचने के लिए कर्मचारियों को लगा दिया गया है, किसी भी अनहोनी से निपटने के लिए एनडीआरएफ की टीम की तैनाती कर दी गई है। क्षेत्रीय लेखपाल, पंचायत सचिव एवं तहसीलदार लगातार गांव में कैंप कर रहे है।


गांव में भरे बाढ़ के पानी का जायजा लेतीं जिलाधिकारी हर्षिता माथुर। अमृत विचार

# जिले में कानून व्यवस्था फेल, दहशतगर्दों का बोलबाला

संवाददाता, डलमऊ, रायबरेली

**अमृत विचार:** जिले में लगातार कानून व्यवस्था को चुनौती दे रहे लुटेरे पुलिस की धरपकड़ से दूर हैं। जिले में लालगंज की घटना के बाद गदागंज में दिनदहाड़े लूट होना कहीं न कहीं पुलिसिंग को चुनौती दे रहा है। दिनदहाड़े ट्रक ड्राइवर से बाइक सवार लुटेरों ने नगदी लूट ली और ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गए। पुलिस को सूचना मिली तो हड़कंप मच गया। एसओजी क्षेत्राधिकारी एवं थाने की पुलिस नाकेबंदी में लगी रही लेकिन लुटेरों का कहीं पता नहीं चल सका है।

गदागंज थाना क्षेत्र में सीएचसी संचालक से हुई लूट की घटना का अभी पुलिस पर्दाफाश नहीं कर सकी है कि उसी जगह पर एक ट्रक ड्राइवर को दिनदहाड़े लूटकर लुटेरों ने पुलिस को बड़ी चुनौती दी है। घटना सोमवार सुबह लगभग 10:30 बजे की है प्रतापगढ़ के थाना बाघराज निवासी धर्मराज त्रिपाठी प्रतापगढ़ से ट्रक लेकर डलमऊ फ्लोर मिल जा रहे थे जैसे ही गदागंज थाने से लगभग दो किलोमीटर आगे झसवा मोड़ के पास पहुंचे तभी पीछे से आए बाइक सवार दो युवकों ने ट्रक के आगे बाइक लगा दी और ड्राइवर से गाली-गलौज करने लगे जैसे ही ट्रक ड्राइवर नीचे उतरा उसे धक्का देकर चोटिल करके गिरा दिया। ट्रक लेकर निकल गए गोविंदपुर माधव स्थित पेट्रोल पंप से लगभग सौ मीटर आगे सड़क किनारे ट्रक छोड़कर लुटेरे आराम से फरार हो गए ट्रक में रखी हुई लगभग चार लाख की नगदी लुटेरे लेकर चले गए। पुलिस को सूचना मिली तो मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल शुरू की गई एसओजी टीम एवं क्षेत्राधिकारी डलमऊ अरुण कुमार नौहवार मौके पर पहुंचे नाकेबंदी की गई लेकिन लुटेरों का कहीं पता नहीं चल सका है। दिनदहाड़े हुई ट्रक ड्राइवर से लूट की घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। क्षेत्राधिकारी डलमऊ अरुण कुमार नौहवार ने बताया कि प्रतापगढ़ निवासी ट्रक ड्राइवर से बाइक सवार ने ट्रक ड्राइवर को घायल कर लूट की घटना को अंजाम दिया है जांच पड़ताल की जा रही है। जल्द ही आरोपी पकड़े जाएंगे।


सड़क किनारे खड़े ट्रक की जांच करती पुलिस। अमृत विचार

### पूर्व में भी हो चुकी है लूट, नही हुआ खुलासा

गदागंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत अभी हाल ही में लुटेरों ने सीएससी संचालक से लूट की घटना को अंजाम दिया था। जिसमें पुलिस ने निर्दोष को जेल भेजकर अपनी किरकिरी करवा ली थी। पिछले महीने हुई लूट की घटना के तुरंत बाद दिनदहाड़े लूट की घटना को अंजाम देकर लुटेरे ने पुलिस को चुनौती दी है।

### आसपास के सीसीटीवी खंगालने में जुटी पुलिस

ट्रक ड्राइवर से चार लाख की लूट के बाद मौके पर एसओजी, क्षेत्राधिकारी, समेत गदागंज, डलमऊ और ऊंचाहार के थानों की फोर्स आसपास के सीसीटीवी खंगालने में जुटी रही लेकिन कोई सुराग नही मिला। पुलिस के मुताबिक लुटेरे जान पहचान के ही है जिनको हर पल की जानकारी थी। जिससे दिनदहाडे इतनी बड़ी घटना को अंजाम दिया गया है।

## सार-संक्षेप

### स्वच्छता सेवा पखवाड़े में कई कार्यक्रम आयोजित


एनटीपीसी में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी। अमृत विचार

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** एनटीपीसी ऊंचाहार में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अंतर्गत 17 से दो अक्टूबर तक विभिन्न स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान की शुरुआत स्वच्छता शपथ के साथ की गई, जहां एनटीपीसी ऊंचाहार के परियोजना प्रमुख, मनदीप सिंह छाबड़ा ने सभी वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों और संविदा कर्मियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने और इसे अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की। इस अभियान के तहत स्वच्छता कर्मियों के लिए हेल्थ टॉक और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सफाई कर्मियों के लिए बीमा योजना, हेल्थ कैंप, गोकर्ण घाट विशेष सफाई अभियान, नुक्कड़ नाटक, गांवों में डस्टबिन वितरण और बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट जैसी गतिविधियां शामिल हैं। स्कूली बच्चों के लिए स्वच्छता प्रश्नोत्तरी एवं नारा लेखन प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी।

### बुजुर्गों की सेहत का ख्याल रख रही सरकार : डॉ. मनोज पांडेय

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** सोमवार को सीएचसी में आयुष्मान भारत योजना के छह वर्ष पूरे होने पर एक वृहद कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें पूर्व मंत्री और विधायक डॉ. मनोज पांडेय ने कहा कि सरकार की आयुष्मान कार्ड योजना बहुत उपयोगी है। बुजुर्गों की सेहत का ख्याल रखने के उद्देश्य से उनका नि:शुल्क इलाज सरकार करा रही है। इस मौके पर बुजुर्गों का स्वास्थ परिक्षण और नया आयुष्मान कार्ड बनाने का कैंप भी लगाया गया। शिविर में 872 लोगों का स्वास्थ परिक्षण किया गया और 37 लोगों का गोल्डन कार्ड बनाया गया। इस मौके पर सीएचसी अधीक्षक डा मनोज शुक्ल, भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन सिंह, राजकुमार तिवारी, स्वास्थ शिक्षा अधिकारी एस के पांडेय, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. महमूद अख्तर, डॉ. निधि, डॉ. वान्या मिश्रा, डॉ. हिमांशु त्रिपाठी, डॉ. शिव त्रिपाठी, डॉ. राधा, डॉ. हेमलता, सहायक शोध अधिकारी कुलदीप सिंह, योगेश मिश्र आदि मौजूद थे।

### महराजगंज में लगा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित हरदोई व घुरौना के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें सौ से अधिक विभिन्न समास्याओं से ग्रस्त वृद्ध मरीजों ने अपना पर्चा बनवाकर इलाज कराया। शिविर में डॉक्टरों द्वारा उनका उपचार कर दवाएं बांटी गई। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 44 मरीजों को अधीक्षक प्रजेश श्रीवास्तव व डॉ. अनिल भारद्वाज एवं डॉ. संजय राय द्वारा देखा गया। वहीं हरदोई में 41 और घुरौना में 42 वृद्ध मरीजों ने पहुंचकर अपना इलाज करवाया कुल 127 मरीजों का उपचार किया गया। अधीक्षक प्रजेश श्रीवास्तव ने बताया कि शिविर में फाइलेरिया बुखार, टीवी सांस आदि से पीड़ित वृध्दो को देखा गया है, जिसमें महिलाएं भी शामिल थीं जरूरत के हिसाब से जांच करा उन्हें दवाईयां दी गई है। इस मौके फार्मासिस्ट हिमांशु श्रीवास्तव, ऋषि यादव, अशोक आदि मौजूद रहे।

### गुरुवंदन-छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**रायबरेली, अमृत विचार।** नगर के रतापुर स्थित चौधरी दीनदयाल पटेल इंटर कॉलेज में गुरुवंदन कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर किया। अतिथियों का स्वागत प्रबंधिका चंद्रकांति के द्वारा किया गया। संचालन पूर्व अध्यक्ष राकेश कक्कड़ द्वारा किया गया। भारत विकास परिषद के द्वारा चलाए जा रहे सेवा कार्यों की जानकारी और गुरुवंदन कार्यक्रम के महत्व को प्रांतीय उपाध्यक्ष नवल किशोर बाजपेयी ने विस्तार से बताया। इस मौके पर परिषद पदाधिकारियों द्वारा प्रधानाचार्य अमर सिंह को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को ईमानदारी और राष्ट्र के प्रति प्रेम भावना की शपथ कार्यक्रम संयोजक अरविंद श्रीवास्तव द्वारा दिलायी गई। इस अवसर पर जहां शैक्षणिक क्षेत्र में नीरज कुमार का सम्मान किया गया। वहीं खेल के क्षेत्र में अग्रणी छात्र राजदीप का अभिनंदन किया गया। इस मौके पर विद्यालय की बहुमुखी प्रतिभा की धनी छात्रा सौम्या का सम्मान भी किया गया। भारत विकास परिषद के द्वारा सर्वश्रेष्ठ शिक्षिका का सम्मान प्रवीना श्रीवास्तव को प्रदान किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के उप प्रधानाचार्य सुनील श्रीवास्तव सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं विशेष रूप से उपस्थित रहे।


छात्र को सम्मानित करते संयोजक अरविंद श्रीवास्तव।

# शिविर में 362 मरीजों ने कराया उपचार


जगतपुर सीएचसी में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में मौजूद डॉक्टर। अमृत विचार

संवाददाता, जगतपुर, रायबरेली

**अमृत विचार:** सीएचसी में आयुष्मान भारत योजना के तहत छह वर्ष पूर्ण होने पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विनायक प्रताप सिंह ने की। स्वास्थ्य शिविर में 362 लोगों ने परीक्षण करवाया।

जिसमें सरकार द्वारा आयुष्मान भारत योजना के तहत 60 वर्ष से ऊपर के बुजुर्गों को इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड से पांच लाख रुपये तक बुजुर्गों का इलाज करवाने में लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य शिविर में आयुष्मान कार्ड व गोल्डन कार्ड भी बनाए गए। इस मौके पर सीएचसी अधीक्षक एपीजी सोनकर, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी संजीव गुप्ता सहित आदि लोग मौजूद रहे।

**बछरावां में भी लगा स्वास्थ्य मेला शिविर :** विकास खंड बछरावां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयुष्मान पखवाड़ा एवं स्वास्थ्य मेला आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह रहे। इस मौके पर परवेश वर्मा, ब्लॉक प्रमुख अमन सिंह, सुरेंद्र सिंह, मारुति मिश्रा, रण बहादुर सिंह, शुघर सिंह, उप जिलाधिकारी रश्मिलता, डा. एके जैसल सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# जलभराव की समस्या से मिलेगी निजात

जगतपुर, रायबरेली

### खबर का असर

- अमृत विचार में खबर प्रकाशित होने पर जागे आरएनसी कंपनी के अधिकारी
- प्रोजेक्ट मैनेजर ने मौके का निरीक्षण कर जल निकासी के दिए निर्देश

**अमृत विचार:** कस्बे के डलमऊ रोड पर एक माह से सड़क पर पानी बह रहा था। अमृत विचार में प्रमुखता से खबर प्रकाशित होने के बरइ आरएनसी कंपनी के अधिकारी हरकत में आए। प्रोजेक्ट मैनेजर ने मौके का निरीक्षण कर वैकल्पिक जल निकासी की व्यवस्था की बात कही।

जगतपुर कस्बे के डलमऊ रोड पर एक माह से पानी बह रहा है। जिसकी वजह से किसानों की फसल व हजारों लोग अब तक गिरकर चोटिल हो गए। सड़क पर पानी भर जाने की वजह से सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिससे कई ऑटो रिक्शा पलट चुके हैं। जिसमें महिलाएं व बच्चे अक्सर घायल हो रहे हैं। अमृत विचार ने महीने भर से डलमऊ रोड पर भरा पानी लोगों में आक्रोश शीर्षक के नाम से खबर प्रकाशित की। इसके बाद अधिकारी हरकत में आए और मौके पर आरएनसी कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर संदीप सिंह ने निरीक्षण किया। इसकी भनक लगते व्यापारी नेता राजन शुक्ला जगतपुर प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार राय व अन्य कस्बे के व्यापारी व जिला पंचायत सदस्य राकेश सिंह राना भी मौके पर पहुंच गए। प्रोजेक्ट मैनेजर से इस समस्या को निदान कराए जाने की बात कही। इसके तुरंत बाद गड्ढों मे प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा गिट्टी गिरवाई गई तथा सड़क पर बह रहे पानी को पंपिंग सेट के माध्यम से बाहर निकलवाने की बात कही गई है। जिसको लेकर स्थानीय व्यापारियों ने खुशी जताई है और अमृत विचार को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस बाबत आरएनसी कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर संदीप सिंह ने बताया जल निकासी की वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। पूरे मामले में उच्चाधिकारियों से वार्ता की जाएगी। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य राकेश सिंह राना ने कहा है कि पूरे मामले में जिलाधिकारी से मिलकर स्थाई रूप से नाला निर्माण कराए जाने की मांग की जाएगी।

# बदमाशों ने महिला को पीटकर लूटे जेवरात व नकदी, भर्ती

संवाददाता, खीरों, रायबरेली

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के अंतर्गत अतरी मजरे दुकनहा में रविवार की रात अज्ञात बदमाशों ने छत पर बने कमरे की दीवार में नकाब लगाकर जीने के रास्ते घर में घुस गए। महिला के साथ मारपीट कर लगभग दो लाख से अधिक के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी लूट लिया। इतना ही नहीं महिला के गले को तार से कस दिया, जिससे वह बेहोश हो गई। बदमाश उसे मृत समझकर चले गए। बदमाशों के साथ एक महिला का सम्मिलित होना बताया जाता है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच की। परिजनों ने पीड़िता को बेहोशी की हालत में सीएचसी ले गए। वहां जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

अतरी मजरे दुकनहा निवासी सोहनलाल लोधियाना की एक निजी कंपनी में नौकरी करता है। घर पर पत्नी खुशबू बच्चों के साथ रहती है। रविवार की रात छत पर बने कमरे की दीवार में नकाब लगाकर अज्ञात बदमाश घर में घुस गये खुशबू को मारपीट कर दो लाख से अधिक के जेवरात और साढ़े सात हजार नकद लूट ले गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच की। थानाध्यक्ष देवेंद्र सिंह भदौरिया ने कहा कि घटना की जांच की जा रही है। जांच के मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# टोल मैनेजर के खिलाफ वाहन चालकों का प्रदर्शन

संवाददाता, लालगंज, रायबरेली

**अमृत विचार।** लालगंज-रायबरेली मार्ग पर स्थित टोल के मैनेजर की मनमानी सामने आई है। टोल मैनेजर के द्वारा वाहन धारकों का उत्पीड़न किया जा रहा है। यहां तक की स्थानीय पांच किलोमीटर तक के क्षेत्र के लोगों से भी जबरदस्ती टैक्स वसूला जा रहा है।

टोल मैनेजर की मनमानी के खिलाफ मैजिक वाहन चलाने वाले ड्राइवरों व उनके मालिकों ने कोतवाली लालगंज पहुंचकर प्रदर्शन करते हुए शिकायत दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक ने थाने पहुंचे लोगों को भरोसा दिलाया कि समस्या का समाधान कराया जाएगा। बताते चले कि 16 सितंबर को टोल के कर्मचारियों ने एक मैजिक वाहन के ड्राइवर को मारा पीटा था, जिसका मुकदमा लालगंज कोतवाली में दर्ज है।

इस मुकदमे को समाप्त कराने के लिए टोल के मैनेजर और कर्मचारी मनमानी पर उतर आए हैं और वाहन चालकों को परेशान कर रहे हैं। थाने पहुंचे निरंजन, अनिल ,संजय यादव, सर्वेश यादव, अभिषेक यादव, धर्मेंद्र गुप्ता, हरिओम शर्मा, राजन गुप्ता ने बताया कि झगड़े के बाद से टोल प्लाजा के मैनेजर ने टोल की धनराशि बढ़ा दी है और न देने पर आमादा फौजदारी होते हैं। पहले टोल का 70 रुपए प्रतिदिन पड़ता था। अब 120 रुपए मांगा जा रहा है।


थाने के गेट पर प्रदर्शन करते मैजिक वाहन चालक। अमृत विचार

## एक नजर

### पुलिस चेकिंग के दौरान चोरी की बाइक बरामद

राही, रायबरेली, अमृत विचार। एम्स से चोरी हुई बाइक को चेकिंग के दौरान पुलिस ने चोर को पकड़ कर जेल भेज दिया। एम्स चौकी इंचार्ज कपिल चौहान, आरक्षी दुर्गा यादव और अवधेश संग बेंद नाला के निकट वाहन चेकिंग कर रहे थे तभी एक संदिग्ध युवक चेकिंग टीम को आता दिखाई पड़ा। पुलिस को देखकर वह भागने लगा, तभी पुलिस की टीम ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। पूछताछ में उसकी पहचान ऊंचाहार थाना क्षेत्र के सराय मोहल्ला निवासी जियाउल मोस्तफा पुत्र मोहम्मद चांद के रूप में हुई। एम्स चौकी इंचार्ज कपिल चौहान ने बताया कि दो दिन पहले एम्स आए एक मरीज की बाइक चोरी हो गई थी। जिसे जियाउल के पास से बरामद किया गया है। आरोपित को जेल भेजा गया है।

### बाइक सवार बदमाश ने महिला की छीनी चेन

लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के कानपुर रोड पर एसजेएस स्कूल के आगे रायगढ़ निवासी महिला गीता शर्मा पत्नी सुरेंद्र शर्मा के साथ छिनैती की घटना हुई है। पल्सर सवार बदमाश ने दिनदहाड़े महिला के गले से चेन छीन कर पुलिस को खुली चुनौती दी है। चेन छिनैती की घटना की सूचना मिलते ही कोतवाल संजय कुमार मय फोर्स मौके पर पहुंचे और महिला से घटना के बाबत जानकारी ली। वहीं लूट की घटना से पीड़ित महिला को सिपाही के साथ ई-रिक्शा से कोतवाली भेजा। दिनेश शर्मा ने बताया कि पल्सर सवार बदमाश सड़क पर गिर गया था जिसके चलते उसकी बाइक का नंबर पुलिस को मिल गया है। वहीं प्रभारी निरीक्षक का करना है कि मामले की जानकारी मिली है। बदमाश को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

### पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से की शिकायत

जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के छीछे मऊ की रहने वाली राजेश्वरी ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर जगतपुर पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए तथा दबंग से जान माल का खतरा बताते हुए उन पर कार्यवाही की मांग की है। छीछे मऊ गांव की रहने वाली राजेश्वरी ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि उनके दरवाजे पर पानी भरा था। जिस पर वह मिट्टी डाल रही थी। इसी दौरान विपक्षियों ने पीड़िता के साथ मारपीट की। बचाने दौड़े उसके पति बच्चू लाल को पीट-पीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर जगतपुर पुलिस ने मामूली धाराओं में केस दर्ज कर लिया। पीड़ित के पति का आरोप है कि जब वह जिला अस्पताल से वापस लौट रहे था तभी दबंगों ने रास्ते में रोककर उन्हें मारने का प्रयास किया। इस बाबत सीओ अरुण कुमार नौहार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मारपीट के मामले में केस दर्ज है।

# सीएमएस की मेहनत पर पानी फेर रहे डॉक्टर

## सीसीटीवी कैमरे के सामने ओपीडी में चिन्हित स्थान पर जांच कराने के लिए मरीजों को किया जा रहा प्रेरित

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार:** राणा बेनी माधव सिंह के नाम स्थापित जिला पुरुष चिकित्सालय में प्रतिदिन तीसरी आंख के सामने मरीज लूटा जा रहा है। ओपीडी में मरीजों को सिर्फ परामर्श ही नहीं दिया जा रहा बल्कि डॉक्टर कमीशन पाने के चक्कर में टू-इन वन का काम कर रहे हैं। उनकी ओपीडी में मौजूद उनके सहयोगी या फिर उनका प्राइवेट ड्राइवर डॉक्टर के परामर्श देने के बाद वह मरीजों को बड़ी सावधानीपूर्वक जांच व दवा लेने वाले स्थान पर जाने के लिए प्रेरित करते हैं। यह सारा नाटक डॉक्टर और सीसीटीवी के सामने हो रहा है लेकिन इस पर किसी भी तरह का अंकुश नहीं लगाया जा रहा है। हालांकि सीएमएस अस्पताल में प्रत्येक मरीज को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने की जो भरपूर प्रयास कर रहे हैं, परन्तु सहयोगी चिकित्सक अतिरिक्त कमाई के चक्कर में सीएमएस के प्रयासों पर पानी फेरने से बाज नहीं आ रहे हैं।

मरीज और तीमारदारों के शुभचिंतक, स्वास्थ्य कर्मियों व डॉक्टरों के मध्य सामंजस्य स्थापित कर परिसर में स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने का सीएमएस डा. प्रदीप कुमार अग्रवाल प्रयास कर रहे हैं वह काबिले तारीफ है।


जिला पुरुष चिकित्सालय। अमृत विचार

जिला अस्पताल परिसर पूरी तरह से तीसरी आंख की निगरानी में है। यह सीसीटीवी कैमरे इसलिए लगाए गए हैं कि अस्पताल में होने वाली गतिविधियां कैमरे में रिकार्ड होंगी और यदि कोई अप्रिय घटना होती है तो उसे कैमरे में देखकर कार्रवाई की जा सकती है। यही नहीं इससे लापरवाह स्वास्थ्य कर्मियों की कार्यशैली व व्यवहार में भी परिवर्तन लाने का प्रयास भी जारी है। अस्पताल के कोने-कोने में जिस तरह से तीसरी आंख का पहरा बिछा है उससे कहीं आगे निकल कर लापरवाह स्वास्थ्यकर्मियों ने अपना मिजाज बदलकर वह सारे काम कर रहे हैं जिनकी अस्पताल में सख्त मनाही है। सबसे अहम और खास बात तो यह है कि जब ओपीडी में डॉक्टर की मौजूदगी में उनके ही अपने वर्कर मरीजों को डॉक्टर के बताए गए स्थान पर आने के लिए प्रेरित कर रहे हैं तो मरीजों को लूटने से कैसे बचाया जा सकता है।

हालांकि सीएमएस डॉ. प्रदीप कुमार अग्रवाल जिस तरह से कमीशनखोरी की दवाएं लिखने पर रोक लगाने, प्राइवेट प्रैक्टिस करने वाले डॉक्टरों को हिदायत देने तथा अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को मरीज व उनके तीमारदारों से अच्छा व्यवहार करने का पाठ पढ़ा रहे हैं उसे शायद ही कोई स्वास्थ्यकर्मी अमल में ला रहा हो। जिला अस्पताल की इमरजेंसी व अधिकांश ओपीडी में डॉक्टर की रजामंदी होने के कारण प्रतिदिन यहां आने वाले मरीज व उनके तीमारदारों को तीसरी आंख के सामने बाजार की महंगी दवाएं लिखकर न सिर्फ उनकी जेबे खाली कराई जा रही हैं, बल्कि वह अपनी मर्यादा, गरिमा व दायित्वों की भी बलि चढ़ाई जा रही है। ऐसा ओपीडी में डॉक्टरों द्वारा शायद इसलिए किया जा रहा है कि वह जल्दी से अकूत संपति के मालिक बन जाएं, चाहे उन्हें नियमों और आदेश के विपरीत ही क्यों न जाना पड़े।

> जिला अस्पताल में जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं। ओपीडी में बाहरी व्यक्ति के बैठने पर रोक लगाई गई है। ओपीडी में बाहरी लोगों के मिलने पर संबंधित डॉक्टर के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। गार्ड को इस पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं।
>
> -डॉ. प्रदीप कुमार अग्रवाल, सीएमएस, जिला पुरुष चिकित्सालय, रायबरेली।

## तर्पण

### पीड़ितों व मजबूरों को दिलवाया अधिकार


स्व. प्रेम त्रिपाठी



मेरे पिता स्व. प्रेम त्रिपाठी कर्मठ, ईमानदार व सत्य के मार्ग पर चलने वाले थे। मुझे व मेरी तीनों बहनों को उन्होंने कभी किसी प्रकार का अभाव महसूस नहीं होने दिया। वह परिवार की एकजुटता को महत्व देते थे, जिसके चलते उन्होंने अपने तीनों भाइयों के परिवारों को भी जोड़कर रखा था। हम भाई बहनों की दूरस्थ शिक्षा के लिए भी उन्होंने हर संभव प्रयास किया, जिसका नतीजा है कि मेरी तीनों बहनें अल्पना, आकांक्षा व अंकिता शिक्षिका हैं। उन्होंने पीड़ितों व मजबूरों को उनका अधिकार दिलवाया। आज हम सब जो भी हैं उन्हीं के आशीर्वाद का प्रतिफल है।

-अतुल त्रिपाठी, साकेत नगर, रायबरेली।

# सीएचसी में कैंप लगाकर किया गया मरीजों का इलाज


फीता काटकर स्वास्थ्य कैंप का उद्घाटन करते पूर्व विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह।

लालगंज, रायबरेली

**अमृत विचार:** भाजपा प्रधानमंत्री मोदी के जन्म दिवस 17 सितंबर से सेवा पखवाड़ा मना रही है। सेवा पखवाड़ा के तहत लालगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयुष्मान भारत की वर्षगांठ पर कैंप लगाकर मरीजों का इलाज किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकारें सत्ता के लिए नहीं सेवा के लिए कार्य करती हैं। इस अवसर पर सुशील शुक्ला ने कहा कि कैंप लगाकर करीब सौ मरीजों का इलाज किया गया। साथ ही जांच व दवा भी फ्री दी गई। कैंप में डॉ. राजेश गौतम, डॉ.अरुण सागर, डॉ. कुमार विमल, डॉ.सत्यजीत आदि की भूमिका सराहनीय रही।

# चिकित्सकों ने सफाई कर्मियों का किया स्वास्थ्य परीक्षण, दीं दवाएं

संवाददाता, नसीराबाद, रायबरेली

**अमृत विचार:** स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहतनगर पंचायत नसीराबाद कार्यालय में स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष मो. अली और अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार सिंह ने फीता काटकर शुभारम्भ किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों ने नगर के सभी सफाई कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और उन्हें निःशुल्क दवा दी गई।

डॉ. अर्पित कक्कड़, डॉ. अजय राजपूत द्वारा सभी सफाई मित्रों की सेहत की जांच कर निःशुल्क दवा दी।


नगर पंचायत कार्यालय में आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम में मौजूद लोग।

साथ ही उन्हें सावधानी बरतने की सलाह दी। स्वास्थ्य परीक्षण में ब्लड प्रेशर एवं शुगर की जांच आशीष राव ने की। डॉ.अर्पित कक्कड़ ने बताया कि स्वास्थ्य परीक्षण में 60 सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इसमें दो लोगों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नसीराबाद रेफर किया। इस मौके पर लिपिक मनीष तिवारी, सभासद मो. इस्माइल, सभासद मो. गुफरान, सभासद असगर अली, मोहम्मद आदिल, सलीम, अजय कुमार, मो जावेद, सत्येंद्र सिंह, मनीष कोरी आदि लोग मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### संदिग्ध हालात में गंगा एक्सप्रेस-वे पर मिला युवक का शव

डलमऊ, रायबरेली, अमृत विचार। निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस-वे पर एक युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने से हड़कंप मच गया। शव के पास उसकी क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल पड़ी थी। पुलिस के मुताबिक निर्माणाधीन एक्सप्रेस-वे पर दुर्घटना से मौत हुई है। जबकि परिजन अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत होने की आशंका जता रहे हैं। रायबरेली के रेवती खुर्द निवासी संजीत (35) रविवार को डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के पूरे कालू तेरुखा अपनी बहन रामश्री के घर गया हुआ था। शाम को खाना खाने के बाद वह गंगा एक्सप्रेस-वे से अपनी मोटरसाइकिल से घर जा रहा था। तभी वह दुर्घटना का शिकार हो गया और उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। घुरवारा चौकी इंचार्ज हिमांशु मलिक की मानें तो युवक शाम को बहन के घर खाना खाने के बाद निकला था। युवक नशे की हालत में था। वह निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस-वे से जा रहा था। अभी एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य पूरा नहीं है रास्ते में वह दुर्घटना का शिकार हो गया जिससे उसकी मौत हो गई। उसकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं मृतक की पत्नी पूनम ने अज्ञात वाहन की टक्कर से घटना की आशंका जताते हुए तहरीर दी है। डलमऊ पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है और शव को पीएम के लिए भेज दिया है।

### कोचिंग फेडरेशन आफ इंडिया की कोर कमेटी की बैठक


कोचिंग फेडरेशन आफ इंडिया की कोर कमेटी की बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

रायबरेली, अमृत विचार। कोचिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा कोर कमेटी अैइक आयोजित किया गया। मास्टरमाइंड इंस्टीट्यूट नेहरू नगर में कोचिंग रजिस्ट्रेशन से संबंधित समस्याओं पर व्यापक चर्चा की गई, जिसमें इन समस्याओं के समाधान के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इसके अतिरिक्त, संगठन के उत्तरदायित्वों, आगामी रणनीतियों और संगठन के विस्तार पर भी चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता फेडरेशन के अध्यक्ष विक्रम सिंह ने की। मीटिंग के दौरान, यह निर्णय लिया गया कि कोचिंग रजिस्ट्रेशन में आ रही समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। इसके साथ ही संगठन के विस्तार और बेहतर समन्वय के लिए कार्ययोजनाएं बनाई गईं। अध्यक्ष विक्रम सिंह ने कहा कि कोचिंग संचालक हर हाल में विभागीय कार्रवाई को पूरा करें। संरक्षक शक्तिधर बाजपेई ने भी अपने सुझाव रखे। इस मौके पर उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, सचिव विमलेश सोनकर, संगठन मंत्री सत्यप्रकाश गुप्ता, कोषाध्यक्ष विनय त्रिपाठी, म्यूजिक और डांस प्रभारी कीर्ति श्रीवास्तव, एकेडमिक इंस्टिट्यूट प्रभारी राहुल सिंह और मीडिया प्रभारी उमेश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# संगठन मजबूत होने से ही हक की आवाज उठा सकते हैं : मनोज

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार:** रायबरेली पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन का वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें पेट्रोलियम पदार्थों से संबंधित समस्याओं पर गहन विचार विमर्श हुआ। वहीं एसोसिएशन का आम चुनाव भी हुआ, जिसमें सर्वसम्मति रायबरेली पेट्रोलियम डीलर रायबरेली सर्वसम्मति से जितेन्द्र शर्मा को फिर से अध्यक्ष चुना गया।

मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री व ऊंचाहार विधायक डॉ. मनोज कुमार पांडेय ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को बधाई देते हुए कहा कि संगठन मजबूत होने से ही हम अपने हक की आवाज उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि हर्ष की बात यह है कि पूर्व अध्यक्ष रहे जितेन्द्र शर्मा को ही अध्यक्ष चुना जाना कहीं ना कहीं उनके कुशल नेतृत्व का परिचायक है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में पेट्रोलियम से जुड़ें डीलरों के समक्ष ढेर सारी चुनौतियां है। तमाम शर्ते भी हैं, जिनसे निपटना डीलरों के लिए आसान नहीं रह गया है, फिर भी हम सबको एकजुट होकर समस्याओं का मुकाबला करना होगा। उन्होंने कहा कि हम हमेशा संगठन के साथ रहेंगे। इससे पहले सुल्तानपुर रोड पर एक लान में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता विमल तलरेजा ने की। कार्यक्रम में डीलर वासुकीनाथ बाजपेयी, कमलेश रस्तोगी, रामशंकर गुप्ता, अरविन्द प्रकाश पाण्डेय, रामकुमार सिंह, नन्हे, चौधरी, अख्तर शमीम, देवीशंकर, अश्विनी बाजपेयी आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। नए अध्यक्ष के रूप में जितेन्द्र शर्मा को 21 किलो की पुष्पमाला पहनाकर सभी ने बधाई दी। अंत में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विमल तलरेजा ने सबके प्रति आभार जताया और आह्वान किया कि हम सब एक रहेंगे। तभी समस्याओं का समाधान कर पाएंगे।


वार्षिकोत्सव की शुरुआत करते विधायक डॉ. मनोज पांडेय व साथ ही अध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा।

- पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन अध्यक्ष चुने गये जितेंद्र शर्मा
- ऊंचाहार विधायक ने रायबरेली पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी को दी बधाई

नवमनोनीत अध्यक्ष ने कहा कि संगठन हित में पहले भी कार्य किया और आगे भी करते रहेंगे। स्थानीय प्रशासन से लेकर शासन तक समस्याओं के समाधान को लेकर निरंतर प्रयासरत रहूंगा। कार्यक्रम में नये डीलरों को प्रमाणपत्र वितरित किया गया। संचालन त्रियुगी नारायण त्रिपाठी ने किया।

### समाजसेवियों ने किया वृहद स्तर पर पौधरोपण

ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार। सोमवार को एनटीपीसी परियोजना से जुड़े गांव बिकई के प्राथमिक विद्यालय में पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष हरिशरण सिंह मुन्नू के नेतृत्व में वृहद स्तर पर पौधरोपण किया गया। इसके मुख्य अतिथि सलोन के पूर्व ब्लाक प्रमुख आजाद सिंह रहे। इस मौके पर ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे बढ़कर भूमिका निभाने की अपील की। कार्यक्रम में मुन्नू सिंह, जितेंद्र सिंह, पवन पांडेय, बकरीदी तिवारी, मनोज सिंह कोथरिया, डॉ. बृज भान सिंह, जय शंकर भदौरिया, मदन सिंह, बाल जी मालवीय, कृष्णा जायसवाल, पूर्व प्रधान मो. रईस, प्रधान बबलू पासी, शत्रुघ्न पासी, देवता दीन मास्टर, मो शमी, मुन्ना बहेरवा, अंशु सिंह, प्रांशु सिंह, कुलदीप भदौरिया, स्कूल के प्रधानाध्यापक अनिल कुमार, शिक्षक हेमलता श्रीवास्तव, मधुरेश तिवारी आदि लोग मौजूद थे।


प्राथमिक विद्यालय में पौधरोपण करते समाजसेवी।

# युवक की दबंगई से परेशान होकर परिवार ने छोड़ा गांव

संवाददाता, लालगंज, रायबरेली

**अमृत विचार:** एक युवक पर दबंगई करने का आरोप लगाकर पूरा परिवार घर में ताला लगाकर गांव छोड़कर चला गया है। इस बात से नाराज ग्रामीणों ने मामले में पुलिस प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार पूरे तबीजन मजरे मुबारकपुर निवासी अमरनाथ का कहना है कि 16 सितंबर को उसकी बहू को घर के सामने दुकान करने वाले अल्पसंख्यक समुदाय का एक युवक अपने साथ भगा ले गया था। शिकायत पर पुलिस ने बहू को बरामद कर उसके माता-पिता को सौंप दिया। वहीं, अमरनाथ का आरोप है की पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न करने से आरोपित के हौसले बुलंद हैं। वह दुकान पर लोगों की भीड़ लगाकर फब्तियां कसने के साथ ही अश्लील गाने बजाता है। जिससे परेशान होकर अमरनाथ ने अपनी पत्नी, दोनों बेटों के साथ घर में ताला लगाकर गांव छोड़ दिया है। अमरनाथ के गांव छोड़ने से नाराज ग्रामीणों ने पुलिस को ज्ञापन सौंपते हुए आरोपित के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्राधिकारी एके सिंह ने बताया कि दीपक का अपनी पत्नी से विवाद है। शायद इसी वजह से परिजन घर में ताला लगाकर चले गये हो फिर भी मामले की जांच कराई जा रही है।

# चोरी के शक में ग्रामीणों ने युवक को पीटा

संवाददाता, सतांव, रायबरेली

**अमृत विचार:** लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त है। स्थानीय पुलिस से भरोसा उठने के बाद ग्रामीणों ने अपने-अपने गांवों में पहरा देकर स्वयं अपनी सुरक्षा की जिम्मेदारी उठा ली है। बीती रात से सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में ग्रामीणों द्वारा एक युवक को पकड़कर चोरी के शक में पिटाई की जा रही है। पुलिस अपनी किरकिरी के डर से मीडिया से बात करना उचित नही समझ रही है।

रविवार की देर रात थाना क्षेत्र के रजवापुर गांव में पहरा दे रहे ग्रामीणों को दो संदिग्ध युवक मोटरसाईकिल से घूमते नजर आये। ग्रामीणों ने उनके चोर होने की आशंका के चलते मोटरसाईकिल रोंककर जानकारी लेने का प्रयास किया तो बाइक चला रहा युवक अपने साथी को छोड़कर फरार हो गया। इसके बाद ग्रामीणों ने पकड़ में आये युवक की पिटाई करनी शुरू कर दी। बाद में पुलिस के हवाले कर दिया। संबंधित मामले में कार्यवाहक थानाध्यक्ष संजय सिंह से जानकारी ली तो वो इस मामले में चुप्पी साधे रहे। बस जमीन विवाद का हवाला देकर कुछ भी बताने से इन्कार करते रहे।

**मामले को दबाने का प्रयास कर रही पुलिस**

संबंधित प्रकरण को लेकर जिम्मेदारों से बात करने की कोशिश की गई तो काफी समय तक तो उनका फोन ही नहीं उठा। गुरबक्शगंज पुलिस का सीयूजी नंबर न उठाकर प्रदेश सरकार के आदेशों को ठेंगा दिखाया जा रहा है। आखिरी में कार्यवाहक थानाध्यक्ष इस मामले में कुछ बोलने को तैयार नहीं है। पूछने पर कहा कि हम अभी इसके बारे में कोई जानकारी नहीं दे सकते हैं। उनके द्वारा दिया गया बयान कहीं ना कहीं गलत दिशा की ओर संकेत करता है। इसकी वजह थानाध्यक्ष तैनात न होना। पूर्व में यहां पर तैनात रहे प्रवीर गौतम का गैरजनपद स्थानांतरण हो गया है। वहीं नवागंतुक एसपी डॉ. यशवीर सिंह जिले में फेरबदल करने में लगे हुए हैं। अब देखना है कि कब तक यहां पर नए थानाध्यक्ष की तैनाती होती है, ताकि व्यवस्था में कुछ सुधार आ सके।

- जमीन विवाद बताकर पुलिस ने साधी चुप्पी, युवक का नाम बताने से किया इंकार
- मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से हो रहा वायरल

# घरों में दूषित पानी की आपूर्ति से लोग परेशान

**महराजगंज, रायबरेली।** नगर पंचायत नगरवासियों घरों में हफ्तेभर से लगातार दूषित व बदबूहार पानी की सप्लाई होने से नगरवासी परेशान है। कस्बे के अनिल, नैतिक, राहुल व अनमोल सहित दर्जनों ग्रामीणों ने बताया की यह दूषित पानी लगभग एक सप्ताह से सप्लाई हो रही है। जिससे हम लोगों को बाहर से गैलेंन 20 रुपये का पानी लेना पड़ता है। नगर पंचायत की इस लापरवाही से नगरवासियों में आक्रोश व्याप्त है। ईओ राम आशीष वर्मा ने दूषित पानी के सवाल पर कहा की कोई आवेदन कर दे तो जांच करा दी जाए। खबर को लेकर बयान की बात कहने पर इन्होंने कहा की ऐसे कैसे खबर बनाएंगे यह तो पहले बता देते।

### गोल्ड मेडल जीतने पर आनंद का हुआ स्वागत


लालगंज पहुंचने पर आनंद प्रताप सिंह को जीत की बधाई देते लोग। अमृत विचार

लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार। अग्निशमन लालगंज फायर ब्रिगेड विभाग में तैनात आनंद प्रताप सिंह के द्वारा चार गोल्ड मेडल लेकर आने पर अग्निशमन अधिकारियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। फायर स्टेशन लालगंज प्रभारी मुकेश कुमार गिरी अपने स्टाफ के साथ-साथ खुशी मनाते हुए फायर सर्विस चालक आनंद प्रताप सिंह को रास्ते में पहुंचकर आशीर्वाद दिया। डिग्री कालेज के पूर्व प्राचार्य अरुण कुमार मुन्ना सिंह, शेर बहादुर सिंह, भाजपा नेता राजेश सिंह फौजी, विश्वनाथ तिवारी, जिला पंचायत सदस्य प्रभात सिंह त्रिलोक चंदी, विनय सविता तथा युवा क्षेत्र के सभी गणमान्य लोगों द्वारा भी गोल्ड मेडलिस्ट आनंद प्रताप सिंह का जोरदार सम्मान किया गया। भाजपा नेता राजेश सिंह फौजी ने कहा कि आनंद प्रताप सिंह ने डेनमार्क में चार खेल प्रतियोगिताओं में गोल्ड मेडल जीतकर जहां अपनी धाक जमाई है। वही भारत के तिरंगे की भी शान बढ़ाई है।

### प्राथमिक विद्यालय से मिडडे मील का सामान व राशन चोरी

सेमरी, रायबरेली, अमृत विचार। थाना खीरों के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय ग्राम सेमरी चौराहा की प्रधानाध्यापिका मधुरिमा बाजपेई ने पुलिस चौकी सेमरी थाना खीरो में एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया है। 22 सितम्बर को अवकाश था तथा 23 सितम्बर को विद्यालय पहुंची तो एमडीएम कक्ष के किचन की कुंडी कटी, ताला टूटा हुआ था। जूनियर विद्यालय का भी ताला टूटा था, जिसमें विज्ञान किट का सामान भी गायब है। मिड डे मील की सामग्री व अन्य सामान गायब था। प्रधानाध्यापक ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

लापरवाही

रेल कोच फैक्ट्री में अवकाश पर अनलोडिंग की व्यवस्था न होने से सड़क पर ट्रकों का रहता है जमावड़ा

# ट्रकों की लंबी कतार से हादसे की आशंका

लालगंज, रायबरेली

**अमृत विचार:** आधुनिक रेल कोच कारखाने में अवकाश के दिन ट्रकों से आने वाले सामान की अनलोडिंग की व्यवस्था नहीं है, जिसके कारण रायबरेली-लालगंज मुख्य मार्ग पर भारी वाहनों का जमावड़ा लगा रहता है। कभी-कभी जब दो दिन का अवकाश हो जाता है, तब तो रेल कोच के सामने से निकलने में बहुत मुश्किल का सामना करना पड़ता है।

सड़क पर हैवी ट्रकों के खड़े होने से हमेशा हादसे की आशंका बनी रहती है। वहीं बाल्हेश्वर मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं और स्कूली बच्चों सहित राहगीरो को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। रेल कोच के सामने कई बार दुर्घटनाएं भी हो चुकी है जिनमें कई लोगों की मौतें भी हो चुके हैं। इसके बाद भी जिम्मेदारों की नींद नहीं टूट रही है।


रायबरेली-लालगंज मुख्य मार्ग पर लगी भारी वाहनों की लंबी कतार।

रेल कोच के आसपास का क्षेत्र डेंजर जोन भी घोषित है। फिर भी रेल कोच के अधिकारी रेल कोच सामान लाने वाले ट्रकों की लोडिंग अनलोडिंग की व्यवस्था समय पर नहीं करते हैं, जिसके कारण रेल कोच के गेट से लेकर लालगंज-रायबरेली मुख्य मार्ग तक भारी लंबे वहां खड़े रहते हैं जिसका खमियाजा मंदिर जाने वाले और स्कूल आने जाने वाले बच्चों को उठाना पड़ता है। सोमवार सुबह नौ बजे के करीब एक साइकिल सवार बस से बचने के चक्कर में ट्रक के साइड में भिड़ गया, हालांकि उसे गहरी चोट नहीं आई, लेकिन फिर भी वह रेल कोच प्रबंधन के प्रति नाराजगी व्यक्त कर रहा था। वास्तव में ट्रकों के खड़े होने से सड़क के किनारे का मार्ग अवरुद्ध रहता है, जिसके कारण राहगीरों को भारी मुसीबत का सामना करना पड़ता है।मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि अवकाश के दिन अनलोडिंग की समस्या रहती है। फिर भी ट्रक सड़क पर ना खड़े हो इसके लिए रेलवे पुलिस बल को निर्देशित किया जाएगा।

# झोलाछाप के उपचार से युवक की गयी जान

संवाददाता,सलोन, रायबरेली

**अमृत विचार:** झोलाछाप के इलाज से एक युवक की मौत हो गई। युवक की मौत से परिवार में हड़कम्प मच गया। परिजनों ने डॉक्टर पर इलाज के दौरान लापरवाही का आरोप लगाया है। आरोप है कि सीता क्लीनिक के डॉक्टर ने फोन बंद कर बिल्डिंग से बोर्ड हटा दिया है।

सलोन कोतवाली अंतर्गत ममुनी राम नगर निवासी राजू गुप्ता के (18) बुखार आने पर ऊंचाहार रोड पर लक्ष्मी चौराहा पर स्थित सीता क्लीनिक नाम से चल रहे हॉस्पिटल में डॉ. हेमन्त को दिखाया था। परिजनों ने बताते है कि चार दिनों तक लड़के को भर्ती कर रखा था, जिससे उसकी हालत बिगड़ती चली गई। परिजनों ने बताया कि लड़के को निकाल कर एम्स ले जा रहे थे, तभी डॉ. हेमन्त अपने परचित डॉक्टर के यहां रायबरेली में भर्ती करा दिया, जहां उनके लड़के की मौत हो गई। युवक की मौत की खबर गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया, और डॉक्टर पर इलाज के दौरान लापरवाही का आरोप लगाने लगे। परिजनों ने आरोप लगाया कि क्लीनिक से होर्डिंग बैनर और फोन स्विच ऑफ कर डॉक्टर फरार है। अधीक्षक डॉ. अमित सिंह ने बताया कि मीडिया के जरिये जानकारी मिली है। शिकायत मिलने पर सम्बंधित लोगो के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# नोएडा में बिखरेगा अवध के चिकनकारी व जरी-जरदोजी का जलवा

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार:** वैश्विक पर्यटन नगरी बन रही अयोध्या अब व्यापार के क्षेत्र में कदमताल करेगी। यहां के उत्पाद, इंटरनेशनल व्यापार मेले में धूम मचाने वाले हैं। 25 सितंबर से ग्रेटर नोयडा मे लगने वाले व्यापार शो में अन्य उत्पादों के साथ अवध की चिकनकारी, जरी-जरदोजी अपना जलवा बिखेरेंगे।

ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में 25 से 29 सितंबर तक आयोजित होने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में अयोध्या के तीन उत्पादों को स्थान मिला है।

▸▸ 25 से 29 सितंबर तक आयोजित होगा यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो



उम्मीद है कि यह प्रदेश के विभिन्न जिलों के उत्पादों के बीच अपनी छाप छोड़ेंगे। व्यापार मेले में यहां की अर्चिता इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मसाले, प्रमिला आर्ट एंड क्राफ्ट्स की ओर से चिकनकारी जरी-जरदोजी और बैट्री निर्माण करने वाली हाइफ्लो इंडस्ट्रीज का स्टॉल लगेगा। हाइफ्लो के सुमित जायसवाल कहते हैं कि यह एक सुखद अनुभव है कि उनका उत्पाद व्यापार मेले में शोभा बढ़ाएगा। साथ ही इसको इंटरनेशनल पहचान मिलेगी। इसके साथ अन्य उत्पादों के मालिकान भी पुलकित हैं। कहते हैं कि वहां उत्पादों को ग्लोबल प्लेटफार्म मिलेगा। पहचान बनेगी। अयोध्या का नाम रोशन होगा।

### चिकनकारी से अयोध्या को नई पहचान की उम्मीद

मेले में यहां से भेजे जा रहे उत्पादों में सबसे ज्यादा फोकस और उम्मीद अन्य के साथ चिकनकारी और जरी-जरदोजी से है। इससे अयोध्या को एक और पहचान मिल सकती है। यह कारीगरी का नायाब नमूना है। इससे जुड़े लोग बताते हैं कि लखनऊ इसका केंद्र है, लेकिन लखनऊ के साथ आस-पास के अंचलों के गांव-गांव तक फैला है। अवध के लोग भी कुछ हद तक इसके काम से जुड़े हैं। महिलाएं इसका काम ज्यादा करती हैं। वस्त्र की पारंपरिक कढ़ाई और कशीदाकारी, चिकन की प्रसिद्ध शैली है। चिकनकारी, लखनऊ के साथ ही थोड़ा बहुत अवध के अन्य क्षेत्र में भी फैली है। जानकार लोग बताते हैं कि चिकनकारी का एक खूबसूरत आर्ट पीस लंदन के रायल अलबर्ट म्यूजियम में भी पर्यटकों को देखने के लिए रखा है।

### क्या है चिकनकारी और जरी-जरदोजी

चिकनकारी मलमल, रेशम और शिफान जैसे अन्य कपड़ों पर सुई और महीन सूती धागे का इस्तेमाल करके हाथ से कढ़ाई की जाती है। इसे लघु उद्योग में माना जाता है। एक वस्त्र को तैयार करने में कई-कई दिन लग जाते हैं, लेकिन खासतौर से गर्मियों में शरीर पर धारण करने से लुक बदल जाता है। अयोध्या में भी रईश तबियत के लोगों में इसका प्रचलन है। इसीलिए यहां के बाजारों में भी कशीदाकारी वाले चिकन के कपड़े बहुतायत में मिलते हैं। व्यापार मेले में चयन के पीछे एक कारण यह भी है। जरी-जरदोजी धातु कढ़ाई से जुड़ी शैली है। इसमें सोने और चांदी के धागों, मोतियों और मनकों का प्रयोग किया जाता है। यह भी रेशम, मखमल, साटन आदि के कपड़ों पर किया जाता है। इससे बने कपड़ों का प्रयोग किसी समय राजाओं के द्वारा प्रयोग किया जाता था। राजसी पोशाक को सुंदर दिखाने के लिए इसका प्रयोग होता है। यह महीन काम है। ज्यादातर हाथ से किया जाता है।

> यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के लिए उत्पादों का चयन सोच विचार कर किया गया है। आधुनिक तकनीक से बनी बैट्री और मसाले मेले के बेहतर उत्पाद हो सकते हैं, लेकिन यदि लोगों को पसंद आया तो चिकनकारी, जरी जरदोजी से व्यापार के क्षेत्र में जिले को नई पहचान मिल सकती है। - जीसी गौर, सहायक आयुक्त, उद्योग अयोध्या

# विकास कार्यों की प्रगति में अयोध्या को मिली 9वीं रैंक

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के प्राप्तांक और ग्रेडिंग के आधार पर नवागत मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह ने विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बेहतर प्रगति लाने का निर्देश दिया। साथ जिले को प्रदेश में नौवीं रैंक मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

कलेक्ट्रेट में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने विद्युत आपूर्ति, माध्यमिक शिक्षा, उद्यान, पंचायती राज विभाग के तहत स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम विकास विभाग, बीसी सखी, स्वयं सहायता समूह, पंचायती राज विभाग के तहत 15 वें वित्त आयोग, पर्यटन, प्राथमिक शिक्षा विभाग के तहत निपुण भारत आकलन एवं मध्याह्न भोजन, समाज कल्याण विभाग से मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, लोक निर्माण विभाग के तहत पूर्ण परियोजनाओं की समीक्षा की। योजनाओं मे अपेक्षित प्रगति लाने का निर्देश दिया। विभाग से प्रतिदिन इसकी समीक्षा की जाए। प्रत्येक चार दिन में इसकी सूचना भेजी जाए। जिला पंचायत राज अधिकारी को आरआरसी सेंटर को संचालित कराने का निर्देश दिया।

# कई ट्रेनों के मार्ग में किया गया बदलाव

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के शाहगंज जंक्शन पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य और बाराबंकी जंक्शन-अयोध्या कैंट-अकबरपुर-जफराबाद सेक्शन पर यार्ड रिमॉडलिंग के चलते रेल प्रशासन ने इस मार्ग से गुजरने वाली कई ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित किया है। यह ट्रेनें अयोध्या के रास्ते गुजरेंगी।

शनिवार को वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कुलदीप तिवारी ने बताया कि यार्ड रिमॉडलिंग के चलते वाराणसी जं.-मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं-रायबरेली जं-लखनऊ के बजाय 4 अक्टूबर तक रेल संख्या 13307 और 13308 गंगा सतलज एक्सप्रेस और 13009 और 13010 दून एक्सप्रेस अब बाबतपुर, खालिसपुर,

### यार्ड रिमॉडलिंग के चलते अयोध्या से होकर गुजरेंगी ट्रेनें

जलालगंज, जफराबाद जं, जौनपुर जं, मेहरावां, खेता सराय, शाहगंज जं, बिलवाई, मालीपुर, अकबरपुर जं, गोशाईगंज, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, सोहावल, रुदौली, पटरंगा, दरियाबाद, बाराबंकी जं के रास्ते आएगी-जाएगी। 22, 26, 27, 29 सितंबर व 03,04 अक्टूबर को 13238 कोटा-पटना एक्सप्रेस (वाया अयोध्या छावनी) लखनऊ-सुलतानपुर जं-जफराबाद जं के बजाय अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम, अकबरपुर जं, शाहगंज जं, जौनपुर जं, 22,24,25,27, 29 सितबर व 01,02,04 अक्टूबर को 13483 और 13484 फरक्का एक्सप्रेस (अयोध्या कैन्ट के रास्ते) जफराबाद जं-सुलतानपुर जं-लखनऊ के बजाय जौनपुर जं, शाहगंज जं, मालीपुर, अकबरपुर जं, गोशाइगंज, अयोध्या धाम, कैंट, सोहावल, रुदौली, दरियाबाद, बाराबंकी जं, 23 व 30 सितंबर को 15636 गुवाहाटी-ओखा द्वारका एक्सप्रेस जफराबाद जं- सुल्तानपुर जं-लखनऊ के बजाय अकबरपुर जं, अयोध्या कैंट, 25 सितंबर व 2 अक्टूबर को 15668 कामाख्या-गांधीधाम एक्सप्रेस जफराबाद जं-सुलतानपुर जं-लखनऊ के बजाय अयोध्या कैंट, 27 सितंबर व 4 अक्टूबर को 15934 अमृतसर-न्यू तिनसुकिया एक्सप्रेस लखनऊ-सुलतानपुर जं-जफराबाद जं के बजाय अयोध्या कैंट, अकबरपुर जं, 28 सितंबर को 19321 इंदौर-पटना एक्सप्रेस (वाया अयोध्या कैंट) लखनऊ-सुल्तानपुर जं-जफराबाद जं के बजाय अयोध्या कैंट, अकबरपुर जं, जौनपुर जं, 23 व 30 सितंबर को 22103 मुंबई लोकमान्य तिलक टर्मिनल-अयोध्या कैन्ट सुपरफास्ट एक्सप्रेस जफराबाद जं-सुलतानपुर जं-अयोध्या कैंट के बजाय जौनपुर जं, शाहगंज जं, अकबरपुर जं, 23 व 25 सितंबर को 18103 टाटानगर-अमृतसर जलियांवाला बाग एक्स जफराबाद जं- सुलतानपुर जं-लखनऊ के बजाय शाहगंज जं, अयोध्या कैंट और 23, 24, 25, 26, 28, 29, 30 सितंबर व 1,2,3,5 अक्टूबर को पटना वंदे भारत ट्रेन जफराबाद जं-सुलतानपुर जं-अयोध्या कैंट के बजाय बाराबंकी जं-गोमती नगर,अयोध्या धाम मार्ग पर संचालित होगी। उन्होंने बताया कि समय-सारिणी, ठहराव आदि के लिए यात्री वेबसाइट अथवा हेल्पलाइन से संपर्क कर लें।

# केंद्रीय विवि के सहायक प्रोफेसर पर 8 लाख रुपये हड़पने की रिपोर्ट दर्ज

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** लखनऊ स्थित केंद्रीय विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर के खिलाफ बेईमानी कर आठ लाख रुपये हड़पने की रिपोर्ट दर्ज हुई है। यह रिपोर्ट चिकित्सक की पत्नी ने नगर कोतवाली पुलिस में दर्ज कराई है। पुलिस ने तहकीकात शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के देवकाली रोड अश्वनीपुरम वजीरगंज जप्ती निवासी शिप्रा सिंह पत्नी स्व. डा. विशाल सिंह का कहना है कि बाबा साहब भीमराव केंद्रीय विश्वविद्यालय लखनऊ में अर्थशास्त्र विभाग में सहायक प्रोफेसर के पद पर तैनात विनीत पटेल ने निजी जरूरत के लिए उनसे 9 लाख रुपया उधार लिया था। उन्होंने 3 लाख रुपया नकद और 6 लाख रुपया उनके बैंक खाते में भुगतान किया था। स्वयं के बैंक खाते में इतनी रकम न होने के चलते तीन लाख रूपये की रकम विनीत पटेल के खाते में आरटीजीएस के जरिए अपनी बहन प्रियंका सिंह के बैंक खाते से भेजवाया था। पीड़िता का आरोप है कि वह कई बार तकादा करने लखनऊ गई, लेकिन वह कभी मिलते ही नहीं। नगर कोतवाल अश्विनी कुमार पांडेय ने बताया कि सहायक प्रोफेसर के खिलाफ आठ लाख रूपये वापस न करने और धमकी की धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की विवेचना कराई जा रही है।

# भदरसा गैंगरेप मामले में दाखिल हुआ आरोप पत्र

अयोध्या, कार्यालय

▸▸ मामले में पॉक्सो एक्ट अदालत में 26 सितंबर को तय है रिमांड पेशी

**अमृत विचार।** सियासत के साथ शासन-सत्ता तक हलचल मचाने वाले पूराकलंदर थाना क्षेत्र निवासी किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म मामले में विवेचक ने आरोप पत्र विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट प्रथम निरुपमा विक्रम की अदालत में प्रस्तुत कर दिया है। अभियुक्तों के रिमांड की पेशी 26 सितंबर पहले से ही नियत की गई है। मामले में आरोप पत्र दाखिल किए जाने की पुष्टि अभियुक्त मोईद खान के अधिवक्ता वाईवी मिश्रा ने किया है।

थाना क्षेत्र के भदरसा कस्बा निवासी किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म की रिपोर्ट पीड़िता की मां ने 29 जुलाई 2024 को दर्ज कराई थी। आरोप लगाया था कि उसकी 12 वर्षीय पुत्री खेत में काम कर रही थी। इसी दौरान मोईद खान का नौकर राजू खान खेत में पहुंचा और उसे बुलाकर बेकरी के कारखाने में ले गया। वहां मोईद खान ने उसके साथ दुष्कर्म किया और राजू ने मोईद खान के मोबाइल से इसका वीडियो बनाया और इसी आपत्तिजनक वीडियो के सहारे बलैकमेल कर राजू ने पुत्री के साथ कई बार दुष्कर्म किया, जिसके चलते वह गर्भवती हो गई। तहरीर पर पूराकलंदर थाना पुलिस ने दोनों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट की धारा के तहत अभियोग पंजीकृत किया था।

आरोप पत्र में मामले की विवेचना कार्यवाही पूरी होने के बाद विवेचक की ओर से मोईद अहमद और राजू खान की ओर से पीड़िता के साथ सामूहिक बलात्कार किए जाने, जिससे पीड़िता के गर्भवती होने तथा जान से मार डालने की धमकी देने तथा पाक्सो एक्ट की धाराओं के तहत आरोप बखूबी साबित होने की बात कही गई है।

# घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार :** थाना कोतवाली अंतर्गत मंजू कनौजिया को कल गांव गुड़िया ताली के पास सुनसान जगह पर बैठे सूरज कुमार कनौजिया और उसके दोस्त रोशन कश्यप के साथ बाइक से महमदपुर से भद्र जा रहा था। तभी उसको मुकेश कुमार अग्रहरी ने बोलेरो से टक्कर मार दी और बोलेरो को बाइक के आगे ले जाकर खड़ी कर दिया।

उसके बाद मुकेश कुमार अग्रहरी ने मंजू कनौजिया, सूरज कुमार कनौजिया और रोशन कश्यप के ऊपर लोहे की राड और चैन से मारना शुरू कर दिया, जिससे वो बुरी तरह घायल हो गए, जिसके बाद मंजू कनौजिया को अमेठी सीएचसी

▸▸ लोहे के रॉड और चेन से पिटाई के थे आरोप



मंजू कनौजिया (फाइल फोटो)

ले जाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सोमवार को मंजू कनौजिया की उपचार के दौरान मौत हो गई। शव को लेकर परिजन सोमवार को अमेठी बाईपास पहुंचे जहां पर शव को डाला गाड़ी में रखकर अमेठी बाईपास के पास प्रदर्शन करने लगे। जिसकी सूचना पुलिस वालों को लगी तो तुरंत कई थानों की भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची और अमेठी सीओ लल्लन सिंह अमेठी और प्रभारी अमर सिंह ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को लगभग आधे घंटे समझाया बुझाया और दोषी मुकेश कुमार अग्रहरी के ऊपर सूरज कुमार कनौजिया के दिए हुए तहरीर के अनुसार विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज की। परिजनों से कहा कि आपके परिवार की सुरक्षा की जिम्मेदारी हमारी है। दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। तब जाकर परिजनों ने शव को लेकर घर वापस गए। सूरज कुमार कनौजिया ने कोतवाल के ऊपर लगाए आरोप बोला समय से अगर इलाज मिल जाता तो आज मेरी मां यहां मेरे पास होती।

# आयुष्मान निःशुल्क स्वास्थ्य पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार :** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजनान्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी में सोमवार को सेवा पखवाड़ा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें घर-घर आयुष्मान, हर-घर आयुष्मान, देश हो रहा आयुष्मान, आयुष्मान पखवाड़ा का आयोजन 20 सितंबर से 30 सितंबर तक पखवाड़ा दिवस का कार्यक्रम मनाया जा रहा है।

मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी मसाला



नि :शुल्क स्वास्थ्य पखवाड़ा कार्यक्रम में मौजूद लोग। अमृत विचार

ने सीएचसी अमेठी में आयुष्मान स्वास्थ्य सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में शामिल हुए। इसमें लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। वहीं, संग्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भी आयुष्मान स्वास्थ्य पखवाड़ा कार्यक्रम मनाया गया। संग्रामपुर सीएचसी में आयुष्मान सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम मुकेश कुशवाहा के नेतृत्व में मनाया गया। जिसमें अब तक 6 मरीजों का इलाज आयुष्मान कार्ड से किया जा सका। सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर संतोष सिंह ने बताया की आयुष्मान कार्ड सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत लोगो को इसका समुचित लाभ मिल रहा है।

## सार-संक्षेप

### कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



कबड्डी खेलते प्रतियोगी। अमृत विचार

**संवाददाता, मुसाफिरखाना, अमेठी। अमृत विचार :** क्षेत्र के पूरे पहलवान चौराहे पर स्थिति शक्ति बाबा धाम पर रविवार को कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र की 18 टीमों ने प्रतिभाग किया। आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉ. संत कुमार तिवारी ने फीता काट कर किया। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाते हुए परिचय प्राप्त कर उनका उत्साह वर्धन किया। प्रतियोगिता में सेमरा, अलीगंज, दाऊदपुर, सादीपुर, पलिया, मठाभुसुन्डा सहित 18 टीमों ने प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। फाइनल मैच सादीपुर और पूरे पहलवान के बीच खेला गया। जिसमें सादीपुर टीम 7 अंक से विजयी हुई। विजेता व उपविजेता टीम को डॉ. संत कुमार तिवारी ने नगद राशि के साथ पुरुस्कृत किया। मो. असगर, मनोज मिश्रा और प्रेमचंद ने रेफरी की भूमिका में रहे। राजबहादुर यादव कमेंटेटर की कमान संभाले रहे। उक्त कार्यक्रम में राजेंद्र कुमार यादव, राम नरेश, समर बहादुर, उमेश पाण्डेय, अर्जुन यादव, सुरेश कुमार पाण्डेय, राम अंजोर यादव तथा वीरेंद्र यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### मंडल अध्यक्ष ने मुफ्त स्वास्थ्य परीक्षण कैंप का किया उद्घाटन



फीता काटते मंडल अध्यक्ष। अमृत विचार

**संवाददाता, मुसाफिरखाना, अमेठी। अमृत विचार :** प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर 17 सितंबर से प्रारंभ होकर 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सोमवार को क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुसाफिरखाना में 60 वर्ष से अधिक महिलाओं एवं पुरुषों व और वरिष्ठ नागरिकों हेतु नि :शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कैंप का आयोजन किया गया। इस कैम्प का उद्घाटन भाजपा मंडल अध्यक्ष महेन्द्र कुमार मिश्र ने फीता काट कर किया। नि :शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कैंप में आये मरीजों को फल वितरित किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल महामंत्री रामगोपाल कौशल सीएचसी प्रभारी डॉक्टर आलोक मिश्र, डॉ. केके वर्मा, डॉ. अमित सिंह, डॉ. आशुतोष पाण्डेय, एचइओ अभय प्रताप सिंह, बीसीपीएम राजीव कुमार पांडेय, बीपीएम हिना खान, फार्मासिस्ट राज करन डीके यादव तथा संदीप सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पॉक्सो एक्ट में वांक्षित अभियुक्त के घर कुर्की नोटिस चस्पा



घर पर नोटिस चस्पा करती पुलिस। अमृत विचार

**संवाददाता, शुकुल बाजार, अमेठी, अमृत विचार :** जनपद अमेठी के शुक्ल बाजार थान क्षेत्र के हसनपुर गांव में शिव बक्श कोरी पुत्र रामदीन के ऊपर पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज है। पुलिस द्वारा अभियुक्त को पकड़ने की कई बार कोशिश की गई लेकिन अभी तक पुलिस की पकड़ से दूर है। अभियुक्त के ऊपर थाना बाजार शुक्ल में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 219/2024 धारा 64,115(2),315(2) बीएनएस एवम 5/6 पॉक्सो एक्ट से संबंधित अभियुक्त शिव बक्श कोरी पुत्र रामदीन निवासी ग्राम हसनपुर तिवारी थाना बाजरा शुक्ल जनपद अमेठी के विरुद्ध माननीय न्यायालय द्वारा जारी आदेश अंतर्गत धारा 84 बीएनएसएस ( कुर्की) की नोटिस उसके घर पर गवाहों के समक्ष चस्पा की गई। और लोगों के सामने मुनादी कराई गईं।





महिला कल्याण जागरूकता रैली निकालती हुईं महिलाएं। अमृत विचार

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**संवाददाता, अमेठी, अमृत विचार :** जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल कुमार मौर्य ने बताया महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित बेटी-बचाओ, बेटी-पढ़ाओ योजना के अंतर्गत सोमवार को माधवपुर गौरीगंज में शासन द्वारा संचालित टोल फ्री हेल्पलाइन नम्बर 181, 102, 1098, 108, 1090, 112 तथा महिला कल्याण विभाग की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री स्पॉन्सरशिप योजना, वन स्टॉप सेन्टर योजना के बारे में विस्तार से वन स्टाप सेंटर की सेंटर मैनेजर गायत्री देवी द्वारा विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। घरेलू हिंसा से पीड़ित महिला 181 महिला हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करके शिकायत कर सकती है। कार्यक्रम के दौरान वन स्टॉप सेंटर से सेन्टर मैनेजर गायत्री देवी ग्रामीण महिलाए और बालक बालिकाएं उपस्थित रही।

# गोदभराई कार्यक्रम का आयोजन

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम के अन्तर्गत आज दखिनवारा ग्राम पंचायत में पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय दखिनवारा के कोलोकेटेड आंगनबाड़ी नंदघर केन्द्र में पोषण अभियान में गोद भराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव एवं खंड विकास अधिकारी जामों विजयंत सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी जामों शोभनाथ, संतोष कुमार गुप्ता सीडीपीओ गौरीगंज, चिकित्सक डॉक्टर अनूप तिवारी जिला समन्वयक आयुष्मान भारत योजना, डॉक्टर राणा अजीत प्रताप



पोषण अभियान में गोद भराई कार्यक्रम में मौजूद लोग। अमृत विचार

सिंह, सीएम फेलो शतुह्न व ग्राम पंचायत दखिनवारा प्रधान अजय सिंह, बीपीएम उपस्थित रहे। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई, बच्चों का अन्नप्राशन व किशोरी एनीमिया जांच आदि गतिविधियां आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन नोडल शिक्षक संकुल अजय कुमार मौर्य द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य पोषण आहार पर जानकारी प्रदान की गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा विभागीय कार्यक्रम के बारे में जानकारियां प्रदान की गई। कार्यक्रम का नेतृत्व दिनेश कुमारी तिवारी सुपरवाइजर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाडी रीता तिवारी, पूनम, तारावती, सरोज आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में हत्या का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**संवाददाता, अमेठी, अमृत विचार :** नसीराबाद रोड़ पर स्थित लोहिया पुल के निकट नदी के पुराने रास्ते पर थाना जायस पुलिस बल एवं अपराधी के बीच हुई मुठभेड़ में अभियुक्त मारुक अहमद उर्फ राजा पुत्र महमूद अहमद निवासी पूरे हसन मजरे हरकरनपुर थाना जामो जनपद अमेठी को 1 अदद देशी तमंचा, 1 अदद खोखा कारतूस व 1 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया है। मुठभेड़ के दौरान अभियुक्त मो. मारूक अहमद उर्फ राजा के बाये पैर में घुटने के नीचे गोली लगी है। अभियुक्त मारुक उर्फ राजा उपरोक्त थाना स्थानीय पर दर्ज हत्या के अभियोग मु.अ.सं. 254/24 धारा 103 (1) बीएनएस में प्रकाश में आया वांछित अभियुक्त है, जिसे पुलिस हिरासत में लेकर चिकित्सकीय इलाज हेतु मौके से सीएचसी फुरसतगंज भेजा जा रहा है। पुलिस मुठभेड़ के सम्बन्ध में अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर अलग से अभियोग धारा 109 बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

**लापरवाही** | विधायक सुरेश पासी ने भूमि पूजनकर की थी निर्माण कार्य की शुरुआत

# घटिया सामग्री से बन रहा कस्तूरबा गांधी इंटर कॉलेज

संवाददाता, शुकुल अमेठी

**अमृत विचार:** जनपद के सभी प्रखंडों में गरीब परिवार की बालिकाओं को मुफ्त शिक्षा दिलाने के लिए कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की स्थापना की गई है। इसी के तहत जनपद अमेठी के बाजार शुकुल विकासखंड क्षेत्र के हरखुमऊ में क्षेत्र के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के भवन का निर्माण चल रहा है जिसमे पीली ईंटें लगाई जा रही है जो अत्यंत ही घटिया किस्म की है। इसके अलावा सीमेंट, मौरंग, बजरी भी मानक के अनुरूप नहीं लग रही है। भवन



निर्माण के लिए रखे पीले ईंट।

निर्माण के शुरुआत के समय ही खराब कार्य की गुणवत्ता पर प्रश्न चिन्ह लग रहा है । जहां हाल ही में क्षेत्र के भाजपा विधायक सुरेश पासी द्वारा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में काफी जोर शोर से भूमि पूजन किया गया था और निर्माण कार्य का शुभारंभ हुआ था। वहीं ग्रामीण बताते हैं की कस्तूरबा गांधी इंटर कॉलेज के निर्माण में पीले ईंटों का प्रयोग किया जा रहा है जहां बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है ऐसे में कितना गुणवत्तापूर्ण कार्य होगा इस पर बड़ा सवाल है। जहां शासन के गुणवत्तापूर्ण निर्माण के निर्देश के बाद भी भवन के निर्माण में पीली ईट का प्रयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है ग्रामीणों की माने तो विद्यालय में प्राक्कलन के अनुरूप कार्य नहीं हो रहा है। इसमें लोकल ईंट का उपयोग किया जा रहा है। शासन के निर्देश व भाजपा विधायक के कार्य शुभारंभ करने के बावजूद विद्यालय भवन का निर्माण मानक के अनुरूप ना होना कई सवालों को जन्म दे रहा है। और क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है वहीं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों पर भी सवाल उठ रहा है और ग्रामीण हो रहे गुणवत्ता विहीन कार्य पर क्षेत्र के जिम्मेदारों की भी मिली भगत होने की चर्चा कर रहे हैं।

इस संबंध में बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने बताया कि घटिया सामग्री व पीले ईंट से निर्माण यदि कार्यदायी संस्था द्वारा हो रहा है तो मौके पर जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# ग्रामीण इलाकों में डेंगू की दस्तक, चार मरीज मिले

संवाददाता, भेटुआ, अमेठी

**अमृत विचार :** अमेठी में लगातार हो रहे मौसम के बदलाव के बाद अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ने लगी हैं। रोजाना अस्पताल में डॉक्टर के द्वारा लगभग 200 मरीज देखें जा रहे हैं, जिसमें बुखार, खांसी से परेशान है, जो अपना इलाज कराने अस्प्ताल आ रहे हैं। भेटुआ इलाके में जांच के दौरान डेंगू के चार मरीज मिले, जिसमें सीएचसी के अंतर्गत क्षेत्र के शिवगंज, पिंडोरिया, कोरारी हीरशाह और घटकौर में एक-एक डेंगू के मरीज मिलने से हड़कंप मच गया है।

जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य विभाग भेटुआ की टीम ने गांव पहुंचकर जांच की तो पूरे गांव में कई लोगों के घरों में लार्वा का छिड़काव कराया गया। डॉ. अभिमन्यु वर्मा ने बताया कि लोगों के घरों में 10 से 15 दिन पुराने पानी को बर्तन से बाहर निकलवा दिया गया है। डेंगू के पॉजिटिव मरीजों का इलाज किया जा रहा है। गांवों में सफाई व्यवस्था ध्वस्त गांवों में सफाई व्यवस्था ध्वस्त हो गई हैं। गांवों की नालियां गन्दगी से बजबजा रही हैं जिसके कारण गांवों में मच्छर पैदा हो रहे हैं। कीटाणु जनित बीमारियां भी फैल रही हैं।

# विकास में बैरियर बन रहा विपक्ष : मुख्यमंत्री

## सीएम योगी ने मिर्जापुर जिले को दी 765 करोड़ की सौगात, बोले : माफिया राज का हुआ अंत

संवाददाता, मिर्जापुर

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी जनपद में योजनाओं परियोजनाओं की सौगात दे रहे थे। इस दौरान जब मुख्यमंत्रीने मंच संभाला तो पहले योजनाओं के लाभ और बदलते उत्तर प्रदेश के बारे में जनता को बताया। इसके बाद विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग कभी माफियाओं के साथ थे, आज वो विकास में बैरियर का काम कर रहे हैं।

सीएम ने मंच से कहा कि मैं सबसे पहले मां विन्ध्यवासिनी के चरण में यहां के 765 करोड़ की योजनाओं के लिए धन्यवाद देता हूं। इन योजनाओं का लाभ आप सभी को मिले, इसके लिए मां विंध्यवासिनी से प्रार्थना करता हूं। आज ये मंच अनेक योजनाओं को लेकर आया है, ये जनपद विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संदेश पर अपना योगदान दे पाएगा, इसलिए ये मंच लगा है। सीएम ने जनता से सवाल किया कि दस वर्ष पहले मिर्जापुर की स्थिति क्या थी, यहां की सड़कों की क्या हालत थी। कहा कि यहां गुण्डा और माफिया राज कितना हावी था। मुख्यमंत्री ने कहा, आपने बदलते हुए भारत को साढ़े सात साल में देखा होगा। आज मां विंध्यवासिनी धाम भव्य रूप ले चुका है। पहले मां विंध्यवासिनी धाम में संकरी गलियां थीं, इस बार 3 अक्टूबर से नवरात्र शुरू हो रहा है और ये भव्यधाम दिखेगा। सीएम ने कहा, अब मिर्जापुरवासी भी यह कह सकते हैं कि हमारे पास मेडिकल कॉलेज है। लोगों ने कहा, यहां विश्वविद्यालय भी बनना चाहिए, एक भव्य विश्वविद्यालय यहां पर मिल गया है। हर घर नल की योजना प्रधानमंत्री के विजन का परिणाम है। लोगों को शुद्ध पेयजल मिलेगा, बीमारियों की रोकथाम होगी। सीएम बोले सोनभद्र में मेडिकल कॉलेज का निर्माण कराया है, इस बार एडमिशन होगा, अब बेटियों को नर्सिंग के लिए बाहर नहीं जाना होगा, बेटी पढ़ेगी तो बढ़ेगी।

सीएम ने मिर्जापुर के युवाओं का आह्वान किया और कहा कि जो भी युवा स्वयं का स्टार्ट अप करना चाहते हैं नामांकन करवाएं, आने वाले दिनों में दस लाख रुपये बिना ब्याज के उपलब्ध करवाने जा रहे हैं। सीएम ने कहा 2017 के पहले माफिया सक्रिय थे, आज माफिया गिड़गिड़ा रहे हैं।


प्रदर्शनी को देखते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

# हॉस्पिटल में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, अफरातफरी


नारीबारी में मां शारदा हॉस्पिटल में आग लगने के बाद जुटी भीड़। अमृत विचार

**बारा/नैनी, अमृत विचार:** नारीबारी स्थित शारदा हॉस्पिटल में शार्ट सर्किट से आग लग गई। इससे वहां भर्ती मरीजों में अफरातफरी मच गई। जानकारी के मुताबिक बिजली कटौती के कारण हॉस्पिटल में जेनरेटर चल रहा था। तभी दोपहर एक बजे के बाद अचानक लाइट आने पर केबल और इलेक्ट्रिक मीटर धमाके के साथ धू-धू जलने लगा। इससे भर्ती मरीजों में अफरातफरी मच गई। जो जिस स्थिति में था, बोतल चढ़ते हुए, डीप लगाए हुए बाहर की ओर भागने लगे। तभी हॉस्पिटल संचालक मनोज सिंह ने पावर हाउस फोन कर बिजली कटवाया और अग्नि शमन यंत्र से किसी तरह आग पर काबू पाया।

## एक नजर

### चोरी की तीन बाइक व पांच मोबाइल के साथ गिरफ्तार

**बाबागंज, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** संग्रामगढ़ थाने में तैनात दरोगा राजेश कुमार, अमित सिंह पुलिस टीम के साथ वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान लखपेड़ा चौकी के पास से पुलिस ने रमेश यादव निवासी सहिजनी,थाना मानिकपुर को रोका। पूछताछ में उसके पास से मिली बाइक चोरी की निकली। तलाशी में उसके पास से पांच मोबाइल बरामद हुए। पूछताछ के दौरान युवक ने बाइक चोरी करने, बेचने की बात स्वीकार किया। यह भी बताया कि चोरी की दो बाइक अशोगी गांव के पास ईंट भट्ठे में छिपाकर रखी है। पुलिस आरोपी को लेकर मौके पर पहुंची उसकी निशानदेही पर दो बाइक और बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे जेल भेज दिया।

### संयुक्त किसान मोर्चा ने मनाया काला दिवस

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** केंद्रीय श्रम संगठन एवं संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर सोमवार को राष्ट्रव्यापी काला दिवस मनाया गया। जिला ट्रेड यूनियन काउंसिल एटक के तत्वावधान में प्रदर्शन कर सभा का आयोजन किया गया। कलक्ट्रेट में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी को मांग पत्र सौंपा गया। मांग पत्र में कहा गया है कि मजदूर और कर्मचारियों के असंतोष को लगातार सरकार की ओर से नकारा जा रहा है। प्रस्तावित श्रम कानून में जो संशोधन किया गया है उससे कर्मचारी मजदूर का उत्पीड़न बढ़ गया है। मजदूरों को नियमित किया जाए तथा समान कार्य के लिए समान वेतन दिया जाए, नेशनल पेंशन स्कीम एवं यूनिफाइड पेंशन स्कीम की जगह पुरानी पेंशन योजना बहाल की जाए। स्कीम वर्कर जैसे आंगनबाड़ी, रसोइया, आशा, पंचायत मित्र आदि को राज्य कर्मचारी घोषित किया जाए और उनका 26 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय करने की मांग की गई है।

### श्रीमद्भागवत कथा में भजन सुन मुग्ध हुए श्रोता


भागवत कथा सुनातीं साध्वी ऋचा मिश्रा।

**सीखड़ (मिर्जापुर), अमृत विचार।** क्षेत्र के गोरैया ग्राम पंचायत के कालूपुर में चल रहे संगीतमय सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराते हुए कथा व्यास साध्वी ऋचा मिश्रा ने गिरिराज गोवर्धन पूजन और 56 भोग माखन चोरी लीला आदि पर विस्तार से चर्चा की। साध्वी ऋचा मिश्रा ने भजन सुना कर श्रोताओं को नाचने एवं झूमने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर ज्योतिषाचार्य चंद्रमौली पाण्डेय, हीरालाल मिश्र, सुषमा मिश्रा, उमेश पाण्डेय, तारकेश्वर मिश्रा, संजय सिंह, ग्राम प्रधान धनंजय मिश्रा, मुन्नी पांडेय, श्रेयव्रत त्रिपाठी, गुड्डू तिवारी, नागेंद्र तिवारी सहित काफी संख्या में श्रोतागण उपस्थित रहे।

# दरोगा के पुत्र ने फंदे से लटककर दी जान

संवाददाता, बारा/नैनी

**अमृत विचार :** शंकरगढ़ थाना अंतर्गत पीपीजीसीएल बारा पावर प्लांट में कार्यरत दरोगा के पुत्र ने गले में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। युवक की मौत के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजे को तोड़कर शव को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

दिलीप सोनकर (28) पुत्र गंगाराम सोनकर निवासी ग्राम लोमर, थाना चिल्ला, जिला बांदा, बारा पीपीजीसीएल पावर प्लांट में सुरक्षा सुपरवाइजर पद पर कार्य करते था। उसके पुलिस विभाग में दरोगा के पद पर हैं। मृतक दिलीप परिसर में ही अन्नपूर्णा गेस्ट हाउस के बगल बने आवासीय बैरक में रहता था। सोमवार को सुबह 6 बजे उसे ड्यूटी पर पहुंचना था। जब वह नहीं पहुंचा तो प्लांट के लोग परेशान हुए और बैरक में पहुंच गये। दरवाजा पीटने पर कोई आहट नहीं मिली। जिसके बाद सूचना पुलिस को दी गयी। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी ने दरवाजे को तोड़कर मृतक के शव को बाहर निकलवाया। पुलिस के मुताबिक अभी मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। मृतक के कान में ईयर फोन लगा हुआ था। वहीं उसका मोबाइल फोन जमीन पर पड़ा हुआ था।

# एडीएम ने जेल का निरीक्षण कर बंदियों का जाना हाल

संवाददाता, नैनी (प्रयागराज)

**अमृत विचार :** नैनी जिला जेल का निरीक्षण करने सोमवार को एडीएम मदन कुमार एसीपी वरुण कुमार सिंह पहुंचे। उन्होंने जेल की बैरकों, अस्पताल, हाई सिक्योरिटी बैरक का निरीक्षण किया।

इसके बाद उन्होंने बंदियों से उनका हाल भी जाना। उन्होंने वरिष्ठ जेल अधीक्षक अमिता दुबे और जेलर शैलेन्द्र प्रताप सिंह की मौजूदगी में जेल की बैरकों, पाकशाला, अस्पताल, हाई सिक्योरिटी बैरक और अन्य व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने नई जिला जेल की तमाम सुविधाओं को देखा। उन्होंने जेल में बंदियों से मुलाक़ात कर उन्होंने उनका हाल भी जाना। उन्होंने जिला जेल की व्यवस्था और कम समय में जेल को शुरू कराने की बात पर एडीएम ने जेलर शैलेन्द्र प्रताप के कार्यों की सराहना की।


कारागार का निरीक्षण कर बाहर आते एडीएम मदन कुमार।

# गायों के साथ सड़क पर उतरे पशुपालक

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** पशुपालक और किसान ने सोमवार को अपनी गायों को लेकर सड़क पर उतर आए। पशु पालकों ने मवेशियों की गर्दन पर तख्ती और पोस्टर लटकाकर सड़क पर मार्च निकाला। तख्ती पर लिखा गया था कि योगी आपके अधिकारी हमें भगाते हैं। स्मार्ट सिटी के नाम तो हमारे साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है। मवेशियों को शहर में प्रवेश करने पर रोक लगाई जा रही है। पशुपालकों के इस आंदोलन में सपा नेता और छात्रों ने भी समर्थन किया।

बता दें कि पशुपालक पशुओं के शहर में प्रवेश करने पर लगाई जा रही रोक के विरोध में सड़क पर उतरे थे। वह जार्जटाउन से गाय और भैंस के साथ मार्च लेकर निकले। पशु पालक मवेशियों के साथ डीएम कार्यालय तक पहुंचना चाहते थे, लेकिन सड़क पर अफरातफरी की वजह से उन्हें पुलिस ने रोक लिया। जार्जटाउन थाने के सामने पुलिस ने जब रोका तो नोंक-झोंक भी हुई। पुलिस ने पशुपालकों से बातचीत की। इसके बाद सिटी मजिस्ट्रेट ने पहुंचकर पशुपालकों को समझाया और उनसे उनका ज्ञापन ले लिया। उस दौरान पशुपालकों का पूरा गुस्सा नगर निगम के खिलाफ था। उनका कहना है कि प्रयागराज शहर में कुत्ता पालने के लिए नगर निगम लाइसेंस दे रहा है जबकि गायों, भैंसों को शहर से बाहर भेज दिया जा रहा है।


पशुपालकों ने गोवंशों पर पोस्टर लगाकर जताया विरोध। अमृत विचार

# नवागत डीएम ने लोगों को दिलाई राहत

संवाददाता, जौनपुर

▸▸ **महज 8 दिन में लंबित 24,866 आवेदन कराये निस्तारित**

**अमृत विचार।** जनपद के नवागत जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र सिंह ने आय, जाति, निवास और वरासत प्रमाण पत्र के लिये तहसील और जिलाधिकारी कार्यालय पर भटकने वाले आवेदकों को बड़ी राहत दी है। उन्होंने प्रभार ग्रहण करने के महज 8 दिन के भीतर आय, जाति, निवास के 15 सितम्बर को 50938 लम्बित आवदेनों के सापेक्ष 23 सितम्बर तक 24866 आवेदनों का निस्तारण कराया गया। इसमें 15 सितम्बर को आय प्रमाण पत्र के लम्बित कुल 25924 मामलों के सापेक्ष 23 सितम्बर तक 12281, जाति प्रमाण पत्र के 12330 के सापेक्ष 7050 और निवास प्रमाण पत्र के 12684 के सापेक्ष मात्र 6741 मामले लम्बित रह गये हैं जिनका निस्तारण यथाशीघ्र करा लिया जायेगा।

बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उच्चस्तरीय बैठक में राजस्व संबंधी मामलों को तय समय सीमा में निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं जिससे बड़ी संख्या में आम जनमानस उससे लाभान्वित हो सके। मुख्यमंत्री की मंशानुरूप जिलाधिकारी के प्रयासों से महज 8 दिन के अंदर आय, निवास और जाति प्रमाण पत्रों को निर्गत करने में सफलता प्राप्त की गयी। उत्तराधिकार/वरासत हेतु 15 से 23 सितम्बर के मध्य वरासत के लगभग 5176 आवेदनों का निस्तारण कराया गया। इनमें समय सीमा के उपरान्त लम्बित लगभग 150 आवेदनों का निस्तारण भी सुनिश्चित किया गया। उल्लेखनीय है कि आलोच्य अवधि में समस्त तहसीलों के लेखपालों को प्रेरित कर निर्विवाद वरासत के कुल 2235 नये मामले भी दर्ज कराये गये।

जिलाधिकारी ने बताया कि उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व के मामलों के निस्तारण में लापरवाही कतई बर्दाश्त ही की जायेगी।

# सड़क पर झुका पेड़ दे रहा हादसे को न्योता


लेदुका-बटाऊवीर मार्ग पर झुका हुआ पेड़। अमृत विचार

**जौनपुर, अमृत विचार।** जिले के लेदुका-बटाऊवीर मार्ग पर प्राण पट्टी गांव के पास सड़क पर खतरनाक ढंग से लटक रहा पेड़ पूरी तरह सूख चुका है, जो कभी भी गिरकर किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है। बता दें कि इस मार्ग से रोजाना बड़ी संख्या में वाहन और लोग गुजरते हैं, जिससे हादसे की आशंका और बढ़ जाती है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि इस पेड़ को हटाने के लिये वन विभाग और स्थानीय प्रशासन से कई बार अपील की जा चुकी है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। हरे पेड़ तो रोज कटते जा रहे हैं, लेकिन इस सूखे और जानलेवा पेड़ को न जाने क्यों नजरअंदाज किया जा रहा है। अगर तत्काल इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है।

## सार-संक्षेप

### एसडीएम ने कोटेदार के अनुबंध को किया निरस्त

**हलिया (मिर्जापुर), अमृत विचार।** एसडीएम लालगंज गुलाब चंद ने ग्राम पंचायत गजरिया के सार्वजनिक वितरण प्रणाली सस्ते गल्ले के विक्रेता दुकानदार के अनुबंध को शिकायत पर जांच के बाद निरस्त कर दिया है। ग्राम पंचायत गजरिया के मुडपेली गांव निवासी रामनरेश ने एसडीएम लालगंज को शिकायती पत्र देकर शिकायत किया था कि ग्राम पंचायत गजरिया के कोटेदार उर्मिला देवी का चयन कोटेदार पद के लिए हुआ है जबकि शासनादेश है कि कोटेदार का शैक्षणिक योग्यता हाई स्कूल होना चाहिए। कोटेदार के लिये चयनित उर्मिला देवी का शैक्षिक योग्यता हाई स्कूल नहीं है। इस संबंध में एसडीएम लालगंज गुलाब चंद ने बताया कि ग्राम पंचायत गजरिया के कोटेदार का अनुबंध पत्र शिकायत पर जांच के बाद निरस्त कर दिया गया है।

### मध्यमवर्गीय परिवारों को स्टांप भार में दी जाएगी छूट

**विंध्याचल (मिर्जापुर), अमृत विचार।** प्रदेश के स्टांप, न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवींद्र जायसवाल ने कहा कि मध्यम वर्गीय परिवार जो अपनी मेहनत की कमाई के भरोसे प्लाट, मकान आदि बनवा रहे हैं, उन्हें सरकार की ओर से स्टांप भार में छूट प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी गरीब परिवारों का अपना मकान हो, इस पर सरकार गंभीर है। रवींद्र जायसवाल रविवार को अष्टभुजा गेस्ट हाउस में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी गरीबों का अपना खुद का मकान हो, इस मुद्दे पर सरकार गंभीर है। मझवां विधानसभा उप चुनाव के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि जिले में मुख्यमंत्री आ रहे है और निश्चय ही जिले को बड़ी सौगात मिलने उम्मीद है। पत्रकारों से बातचीत के दौरान नगर विधायक पं. रत्नाकर मिश्रा, पहाड़ी ब्लॉक प्रमुख इंद्रबहादुर पांडेय आदि मौजूद रहे।

### आरएसएस ने सामाजिक समरसता पर दिया जोर


सामाजिक समरसता मंच के आयोजन के दौरान उपस्थित अतिथि। अमृत विचार

**जौनपुर, अमृत विचार।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में सामाजिक समरसता मंच का आयोजन नगर के शास्त्री नगर मोहल्ले में स्थित एक मैरिज हॉल में हुआ। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए संघ के प्रान्त कार्यवाह मुरली पाल ने कहा कि समाज में फैले भेदभाव,ऊंच-नीच, अगड़ा-पिछड़ा भाव को समाप्त करना ही हमारा उद्देश्य है। समाज के सभी व्यक्तियों के प्रति हमारा समरस भाव होना चाहिये, तभी देश और समाज का भला होगा। जब-जब हम बंटे, देश बंटा है। आज राजनीतिक पार्टियां हमें अलग-थलग करने के लिये षड्यंत्र कर रही हैं। हम सावधान एवं जागरूक रहें, समाज एक रहे एवं नेक रहे, यह हमारा उत्तरदायित्व है। मंच द्वारा सफाईकर्मियों को अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह, मिष्ठान देते हुये माल्यार्पण करके स्वागत किया गया। इस अवसर पर शिव प्रकाश मौर्य, मानिक चन्द सेठ, डॉ. संदीप पांडेय अध्यक्ष भारत विकास परिषद शौर्य, पंकज सिंह, अवधेश गिरि, राकेश विश्वकर्मा, अजय गुप्ता, संतोष श्रीवास्तव, संदीप, जायसवाल, सोमेश अग्रहरि, नीरज श्रीवास्तव, रमेश श्रीवास्तव, राधेरमण जायसवाल, आलोक गुप्ता, कृष्ण कुमार जायसवाल सहित तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


स्वास्थ्य शिविर में जांच कराते मंत्री नंद गोपाल गुप्ता। अमृत विचार

### स्वास्थ्य शिविर में पहुंचे नंदी, कराई बीपी की जांच

**प्रयागराज, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस सेवा पखवाड़ा के अवसर पर सोमवार को महानगर के 100 वार्डों में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने मालक राज के कीडगंज स्थित शिव पार्क में आयोजित शिविर में शामिल होकर शिविर की शुरुआत की। उन्होने स्वयं अपना बीपी का जांच कराया। इसके बाद सीएमओ डॉक्टर आशु पांडे व डिप्टी सीएमओ डॉ राघवेंद्र सिंह की मौजूदगी में डॉक्टर की टीम ने लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और उचित परामर्श दिया। इसी क्रम में महापौर गणेश केसरवानी ने कोहराना कीडगंज शिविर का उद्घाटन किया। इसी क्रम में दरियाबाद चाचा नाले पर हो पिछड़ा वर्ग पद मंडल अध्यक्ष सुशील कुमार निषाद की मौजूदगी में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जहां लोगो का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

### शैलेंद्र वर्मा सदर एसडीएम व अरविंद तहसीलदार नियुक्त

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** डीएम संजीव रंजन ने सदर तहसील का नया एसडीएम लालगंज में तैनात रहे शैलेन्द्र कुमार वर्मा और तहसीलदार रानीगंज में तैनात रहे अरविंद कुमार को नियुक्त किया है। सदर एसडीएम के पद पर रहे उदयभान सिंह को जिलाधिकारी कार्यालय से सम्बद्ध कर दिया गया है। सदर तहसीलदार के पद पर तैनात रहे अजय संतोषी को रानीगंज तहसीलदार के पद पर नई तैनाती दी है। लालगंज तहसील में एसडीएम न्यायिक के पद पर तैनात रहीं नैनसी सिंह को एसडीएम लालगंज के पद पर तैनाती देने के साथ रिक्त पद एसडीएम न्यायिक का कार्यभार दिया गया है।

# बच्चे की गला रेतकर हत्या

संवाददाता, कछवां (मिर्जापुर)

▸▸ **खेल-खेल में बच्चे ने मारी ईंट तो आरोपी पड़ोसी ने काटा गला, गड्ढा खोदकर जमीन में दफनाया**

**अमृत विचार :** जिले में एक बच्चे की गला रेतकर हत्या कर दी गई। मामले में पुलिस ने आरोपी पड़ोसी युवक को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि खेल-खेल में बच्चे ने उसको ईंट मार दी थी।

थाना क्षेत्र के बजहा गांव में एक आठ वर्षीय बालक की गला रेतकर हत्या कर दी गई। आरोपी ने बालक का गला रेतने के बाद गला जमीन के अंदर गड्ढा खोदकर मिट्टी में दफन कर दिया था। जानकारी के अनुसार बजहा दलित बस्ती के आशु (10) पुत्र सचानू रविवार की शाम चार बजे बकरी चराने निकला था। देर शाम तक जब घर नहीं लौटा तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। लोगों ने बताया कि गांव के पीछे बरम बाबा मंदिर के पास गैस एजेंसी के पास में बकरी चरा रहा था। परिजन खोजते हुए जब 10 बजे रात वहां पहुंचे तो देखा कि एक गड्ढे में बच्चे को मिट्टी से ढका गया है। ऊपर बबूल के पेड़ की छोटी डाल डाल दी है। मौके पर पहुंची पुलिस शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसको लेकर परिजनों सहित ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्र के गेट पर तीन घंटे तक प्रदर्शन करते रहे। सुबह लगभग चार बजे पुलिस अधीक्षक अभिनंदन के समझाने पर शव को पुलिस को पोस्टमार्टम के लिए सौंपा।

पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने बताया कि लापता बच्चे का ही पड़ोसी हिमांशु उपाध्याय, जिसका मकान उस बच्चे के मकान से 100 मीटर की दूरी पर है, उसने ही धारदार हथियार से बच्चे पर वार किया। जिससे उसकी मौत हो गई। इसके बाद शव को छिपा दिया। घटना का कारण ये पता चला कि सुबह में खेल-खेल में ही बच्चे नें उसके ऊपर ईंट मार दिया था, जिससे हिमांशु आक्रोशित होकर इस घटना को अंजाम दिया। थाना कछवां पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। मुकदमा दर्ज कर आलाकत्ल बरामद किया गया।

**समस्या** | लूप कटिंग से बढ़ी जल की समस्या, फसलें हो रही हैं प्रभावित

# बकुलाही नदी सूखी, 22 गांवों की 50 हजार से अधिक आबादी प्रभावित

रवि प्रकाश सिंह चन्दन, प्रतापगढ़

▸▸ **पेयजल और सिंचाई तक के लिए करनी पड़ रही मशक्कत**

**अमृत विचार :** करीब साढ़े तीन दशक पूर्व आसपास के गांवों के लिए बाढ़ के खतरे के रूप में जानी जाने वाली बकुलाही नदी आज सूखे का परिचायक बन गई है। तकरीबन 35 वर्ष पूर्व तत्कालीन केंद्रीय मंत्री रहे राजा दिनेश सिंह के कार्यकाल में लूप कटिंग परियोजना के तहत बकुलाही नदी की धारा को मोड़ दिया गया। जिससे भयहरणनाथ धाम के पास से गौरा पूरे वैष्णव और बाबूपुर की तरफ जाने वाली मुख्यधारा को काटकर बासूराजा ढ़ेमा गांव की तरफ सीधा कर दिया गया। शुरुआती दिनों में तो लूप कटिंग परियोजना सबको रास लेकिन आगे चलकर जब इसने अपना असर दिखाना शुरू किया तो क्षेत्र में लोगों के हैंडपंप, कुएं और तालाब सूखने लगे। पानी के बजाए नदी में जगह-जगह मिट्टी के टीले और जंगली सरपत ही नजर आ रहे हैं। बकुलाही नदी की लूप कटिंग से गौरा,भटपुरवा, रामनगर, पूरे तोरई, पूरे वैष्णव, जदवापुर, सराय देवराय, हिंदूपुर, बाबूपुर, जमुआ, छतौना, सराय मेदीराय, पूरे पंगुल,शिवरा,मनेहू,बुकनापुर, मिश्रपुर और शोभीपुर सहित तकरीबन 22 गांवों की पचास हजार से अधिक आबादी प्रभावित है।

जमुआ के अनिल सिंह बताते हैं कि नदी की धारा ने गांव से रुख मोड़ा तो जल स्तर नीचे गिरने लगा। यह हाल है कि गांवों में डेढ़ सौ से अधिक हैंडपंप सूख गए हैं। लगभग सवा सौ से अधिक कुएं सूख गए हैं। अब हालात ये हैं कि पानी का कोई भी प्राकृतिक स्रोत काम नहीं कर रहा है। निजी सबमर्सिबल नहीं तो पीने के पानी के लिए भी संकट है।

जमुआ के बंश बहादुर सिंह कहते हैं कि 71 वर्ष के किसान कहते हैं कि नदी की वजह से किनारे के गांवों की जमीन की मिट्टी में नमी रहती थी। जिससे बेर्रा, चना, मटर सहित अन्य मोटे अनाज बिना सिंचाई के लिए पैदा होते थे। अब अपनी ही आंखों के सामने इन फसलों का अस्तित्व खेतों से मिटता देख रहे हैं।

गौरा के विवेक सिंह चौहान का कहना है कि अब तो सबमर्सिबल आ गया तो जान लौट आई है। वरना नदी सूखने के शुरुआती सालो में तो रोजी-रोटी के लिए लोगों का पलायन शुरू होने लगा था। हमारे मवेशी तक सूखा चारा खाने को मजबूर थे। पानी गांव में वापस लाने को बंधा बनाने के लिए चंदा भी वसूला गया,लेकिन निरर्थक रहा।


बाबूपुर और पूरे वैष्णव गांव के बीच बकुलाही नदी में उगी घास व झाड़ियां। अमृत विचार

### हैंडपंप दे रहे मटमैला पानी

पूरे तोरई के निवासी राम नरायण मिश्र ने बताया कि लूप कटिंग से प्रभावित गांवों में जलस्तर 50 फीट से गिरकर 150 फीट तक पहुंच गया है। नतीजा यह है कि पेयजल के स्रोत के रूप में बचे हैंडपंपों ने भी दगा देना शुरू कर दिया है। दो-दो सौ फीट की गहराई तक लोगों ने बोरिंग करा ली है। जिससे हैंडपंप अब पानी कम और मिट्टी ज्यादा दे रहे हैं। पानी भरकर कुछ देर के लिए रखते हैं फिर जब मिट्टी बैठ जाती है तो उसी पानी को छानकर पीते हैं।



> यह क्षेत्र के किसानों और आमजनमानस के लिए बड़ी समस्या है। हमने सदन में यह मुद्दा रखा था। शुरुआत में लघु सिंचाई विभाग ने कुछ तकनीकी समस्या बताई थी। अब याचिका समिति ने विभाग को सभी विवरण के साथ तलब किया है।
>
> **-डॉ.आरके वर्मा, विधायक/सदस्य संसदीय अनुश्रवण समिति**

### विधायक का गांव भी सूखे की चपेट में

बकुलाही नदी में लूप कटिंग से सूखे के चपेट में आये गांवों में रानीगंज से सपा विधायक डॉ. आरके वर्मा का भी गांव जदवापुर सरायदेवराय भी है। वर्ष 2014 में विश्वनाथगंज विधानसभा से जब वह अपना दल एस से विधायक थे तब डॉ. आरके वर्मा ने ग्राम प्रधान उर्मिला चौधरी के मांग पत्र पर मुद्दे को सदन में रखा। कहा कि खेत बंजर बनते जा रहे हैं इससे लोग बाहर पलायन करने को मजबूर हैं।उन्होंने भयहरणनाथ धाम के पास ( जहां लूप कटिंग हुई है) चेकडैम बनाने की मांग की। जिससे पेयजल संकट व सिंचाई की समस्या दूर हो सके। एक दशक बीत जाने के बाद बीते पांच सितम्बर को संसदीय अनुश्रवण समिति के सामने जवाब आया। जिसमें यह बताया गया है कि लघु सिंचाई विभाग के अधिकारियों को तलब किया गया है।

## लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल गेहूं (आरआर 21) 2360-2800 गेहूं (के 65) 3500-3800 बाजरा 2200-2300 मक्का 2700-2800 जौ 2900-3000 चावल प्रति कुन्तल चावल सेल्हा 2800-3100 चावल बासमती 7000-8000 चावल मोटा 2800-3000 चावल मन्सूरी 3200-3500 चावल शक्कर चीनी 4800-5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600 चावल राजरानी 7000-7500 दाल दलहन चना देशी 6800-7000 चना फार्मी 7200-7500 चना काबली 14500-17000 मटर हरा 6000-620 मटर सफेद 6100-6500 दाल चना 8000-8400 दाल मटर 6400-6500 उड़द हरा 12000-12500 उड़द काला 9000-9500 दाल उड़द हरी 15500-16000 दाल उड़द काली 10500-11000 दाल उड़द धोवा 12000-12500 मूंग खड़ा 10000-10500 मूंग दाल 10500-11000 मूंग धोवा 12000-13000 मसूर 8800-9000 मलका 9000-9500 दाल अरहर फूल 16000-17000 दाल स्पेशल 13000-14000 राज्मा सफेद 13000-14000 राज्मा काला 11500-12500 मूंगफली का दाना 11000-12000 तेल तिलहन अलसी 5310-5510 लाही 4800-5200 काली सरसों 4900-5300 पीली सरसों 5600-5800 तेल सरसों (प्रति 15) 1475-1900 तेल अलसी 2600-2700 तेल तिल्ली 2600-2700 तेल मूंगफली रिफाइन्ड 3400-3500 तेल नारियल 2700-2800 तेल सोयाबीन 1650-1700 वनस्पति बावर्ची 1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड लड्डू 5200 मैदा 3000-3100

## सर्राफा

लखनऊ

| | |
| --- | --- |
| सोना स्टैंडर्ड | 76,250 |
| सोना रवा | 76,100 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 89,700 |
| चांदी (999) | 89,600 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |

# वॉयस-इंटरनेट दरों में 95% की कमी: सिंधिया

### दूरसंचार विभाग के चार समावेशित, विकसित, त्वरित और सुरक्षित सेवाओं का लक्ष्य संचार मंत्री ने बताया

नई दिल्ली, एजेंसी



- मंत्रालय के 100 दिनों की उपलब्धियों पर बोले- 117 करोड़ मोबाइल धारकों की संख्या
- 2014 में कॉल की दरें 54 पैसे प्रति मिनट थी जो 2024 में घटकर 3.5 पैसे प्रति मिनट है
- 2014 में इंटरनेट की दरें 287 रुपये प्रति जीबी थी जो 2024 में घटकर 8.75 रुपये प्रति जीबी है

संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दूरसंचार विभाग के 4 समावेशित, विकसित, त्वरित और सुरक्षित सेवाएं देने का लक्ष्य बताते हुए सोमवार को कहा कि कॉल ड्राप में धीरे-धीरे सुधार करने की दूरसंचार विभाग द्वारा तैयारी की गई है। सिंधिया ने अपने मंत्रालय के 100 दिनों की उपलब्धियों पर कहा कि अभी देश में 117 करोड़ मोबाइलधारकों की संख्या है। एक दशक पहले 2014 में देश में छह करोड़ इंटरनेट के कनेक्शन थे जो अभी बढ़कर 95 करोड़ हो गया है। इसी तरह से ब्रॉडबैंड कनेक्शन की संख्या भी छह करोड़ से बढ़कर 94 करोड़ हो गयी है।

उन्होंने कहा कि 2014 में कॉल की दरें 54 पैसे प्रति मिनट थी जो 2024 में 94 प्रतिशत घटकर औसतन 3.5 पैसे प्रति मिनट है। 2014 में इंटरनेट की दरें 287 रुपये प्रति जीबी थी जो 2024 में 95 प्रतिशत घटकर 8.75 रुपये प्रति जीबी है। इस तरह से कॉल और इंटरनेट दरों में 95 प्रतिशत की कमी आई है। मंत्री ने कहा कि साइबर धोखाधड़ी पर काबू पाने के उद्देश्य से संचार साथी पोर्टल के माध्यम से निगरानी की जा रही है कार्रवाई के तहत 15 सितंबर तक 2.3 लाख से अधिक मोबाइल फोन को ब्लॉक किया गया है।

साथ ही 3.50 लाख हैकर को ब्लॉक किया गया है और साथ एक करोड़ मोबाइल कनेक्शन बंद कर दिये गये हैं। कॉल ड्रॉप पर सिंधिया ने कहा कि इसके तहत चरणबद्ध काम करने की योजना बनायी गयी है। शुरूआत में तिमाही स्तर पर कॉल ड्राप निगरानी की समीक्षा की जा रही है और आगे चलकर इसको मासिक करने की योजना है। साथ ही प्रति टावर भी इसकी समीक्षा की जायेगी। इसको इस तरह से काबू पाने का लक्ष्य तय किया गया है। उन्होंने कहा कि दूरसंचार विभाग चार स्तंभ समावेशित, विकसित, त्वरित और सुरक्षित सेवा देने के लक्ष्य के साथ काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश में 6.5 लाख गांव में से 36621 गांव में दूरसंचार सेवाओं को पहुंचाना है जिसमें से 100 दिनों में 9500 गांवों में यह सेवा पहुंची है। 7200 से अधिक टावर लगाए गए हैं। गावों में सेवायें पहुंचाने के लिए 27600 से अधिक टावर लगाये जाने हैं। बीएसएनएल के लिए 4 जी की तैयारी जोरों से जारी है। इसके लिए 4 जी स्टैक लगाने का काम चल रहा है।

# रत्न-आभूषण निर्यात 18.79% घटा

मुंबई, एजेंसी

सुस्त वैश्विक मांग से अगस्त में भारत का रत्न और आभूषण निर्यात 18.79घटकर 2.01 अरब डॉलर रहा है। रत्न आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) के आंकड़ों से जानकारी मिली है। अगस्त, 2023 के दौरान रत्न एवं आभूषण निर्यात 2.47 अरब डॉलर रहा था।

जीजेईपीसी ने कहा कि समीक्षाधीन महीने के दौरान निर्यात जुलाई से बेहतर रहा, जब यह 1.66 अरब डॉलर का रहा था। जीजेईपीसी के चेयरमैन विपुल शाह ने बताया कि अगस्त में तराशे और पॉलिश किए गए हीरों का निर्यात 26% घटकर एक अरब डॉलर रह गया, जबकि पिछले वर्ष यह 1.36 अरब डॉलर रहा था। समीक्षाधीन महीने के दौरान सोने के आभूषणों का निर्यात भी 1.15% घटकर 68 करोड़ 76.9 लाख डॉलर का रह गया। कामा ज्वेलरी के प्रबंध निदेशक, कॉलिन शाह ने कहा कि वैश्विक बाजार परिदृश्य की तुलना में घरेलू स्तर पर रत्न और आभूषण क्षेत्र अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। सीमा शुल्क में कटौती के बाद सोने की कीमत में आई कमी खरीदारों तक पहुंचेगी, जिससे अंततः बिक्री बढ़ेगी।

### सोना 600 रुपये चढ़ा, चांदी में 1,000 की गिरावट

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच देश के सर्राफा बाजार में सोने का भाव सोमवार को 600 रुपये चढ़कर 76,950 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। सूत्रों ने स्थानीय बाजारों में सोने की कीमतों में तेजी का श्रेय आभूषण विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं की बढ़ती मांग को दिया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, औद्योगिक इकाइयों और सिक्का निर्माताओं की कमजोर मांग से सात दिन की तेजी का क्रम टूट गया और चांदी 1,000 रुपये गिरकर 90,000 रुपये प्रति किलो रह गई। पिछले सत्र में यह 91,000 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी।

## प्याज की कीमतों पर नियंत्रण को बफर स्टॉक से बढ़ी बिक्री

- केंद्र ने दिल्ली और अन्य शहरों के बाजारों में भंडार से प्याज निकालना कर दिया शुरू

**नई दिल्ली।** सरकार ने निर्यात शुल्क हटाने के बाद खुदरा कीमतों में आए उछाल के मद्देनजर थोक बाजारों में बफर स्टॉक से बिक्री बढ़ाकर प्याज की कीमतों पर अंकुश लगाने के प्रयास तेज कर दिए हैं। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने सोमवार को कहा कि केंद्र ने दिल्ली और अन्य प्रमुख शहरों के थोक बाजारों में अपने बफर स्टॉक (भंडार) से प्याज निकालना शुरू कर दिया है। सरकार की योजना पूरे देश में सब्सिडी वाले प्याज की खुदरा बिक्री की है। खरे ने कहा कि निर्यात शुल्क हटाने के बाद हमें कीमतों में उछाल का अनुमान था। हमारे 4.7 लाख टन के बफर स्टॉक और खरीफ की बुवाई के बढ़े हुए रकबे के साथ हमें उम्मीद है कि प्याज की कीमतें नियंत्रण में रहेंगी। सरकार समूचे भारत में 35 रुपये प्रति किलो की रियायती दर पर प्याज की खुदरा बिक्री बढ़ाने की योजना बना रही है।

## मोटर इंश्योरेंस क्लेम के लिए एक आसान गाइड

# वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो जाए तो कैसे पाएं क्लेम



आज लोगों के बड़ी संख्या में निजी वाहन खरीदने से मोटर इंश्योरेंस सबसे प्रचलित बीमा उत्पाद बन गया है। परिणामस्वरूप हर साल सबसे ज्यादा क्लेम भी होते हैं, लेकिन हममें से अधिकांश लोग अपना पहला मोटर क्लेम करते समय कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करते हैं। लेकिन मोटर इंश्योरेंस के प्रकार, क्लेम से पहले और बाद की प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी हो तो मुश्किलें खत्म हो जाती हैं। आइए जानते हैं इसके बारे में...

**क्लेम के प्रकार-** मोटर इंश्योरेंस के क्लेम आमतौर पर दो श्रेणियों में होते हैं - कैशलेस और रीइम्बर्समेंट क्लेम।

**कैशलेस क्लेम :** इसके तहत अगर आपके वाहन को कोई नुकसान पहुंचता है, जिसे मरम्मत की जरूरत हो तो आपको आगे बढ़कर कोई खर्च नहीं करना पड़ता। बीमा प्रदाता सीधे अपने नेटवर्क गेराज को वाहन की मरम्मत के लिए खर्चों का भुगतान करता है। आप यानी ग्राहक केवल मूल्यह्रास (डेप्रिसिएशन) और डिडक्टेबल लागू होने पर उसका भुगतान करते हैं। मूल्यह्रास का प्रतिशत वाहन की आयु और भाग के अनुसार अलग-अलग होता है।

**रीइम्बर्समेंट क्लेम :** इसके तहत अगर आपके वाहन को कोई भी नुकसान होता है, तो आप किसी भी गेराज में अपने वाहन की मरम्मत करवा सकते हैं। आपको मरम्मत की लागत का भुगतान करना होगा और बीमा प्रदाता से रीइम्बर्समेंट (प्रतिपूर्ति) के लिए अप्लाई करना होगा। सुनिश्चित करें कि आप वर्कशॉप से मरम्मत से संबंधित सभी रसीदें और बिल ले लें। बीमा प्रदाता क्लेम संबंधी दस्तावेजों और बिलों को सत्यापित करने के बाद आपको भुगतान करेगा।

### तीन तरह के क्लेम

**थर्ड पार्टी (टीपी) :** भारत में थर्ड पार्टी कवर कानूनन अनिवार्य है। टीपी का उद्देश्य है आपके वाहन द्वारा किसी थर्ड पार्टी को हुए नुकसान के मुआवजे की स्थिति में आपको कानूनी दायित्वों के लिए कवरेज प्रदान करना। टीपी सेक्शन आपको या आपके वाहन को कोई कवर प्रदान नहीं करता। टीपी सेक्शन में एक थर्ड पार्टी जिसे आपके वाहन से चोट लगी हो, संपत्ति को नुकसान हुआ हो या मृत्यु हो गई हो, मुआवजे के लिए क्लेम कर सकता है। मृत्यु या चोट के मामले में मुआवजे पर कोई सीमा नहीं होती और मुआवजे की राशि कोर्ट द्वारा निर्धारित की जाती है। अगर आप दुर्घटना में थर्ड पार्टी हैं, तो आपको तुरंत एफआईआर दर्ज करवानी चाहिए और वाहन के मालिक से उनके टीपी इंश्योरेंस के विवरण लेने चाहिए।

**ओन डैमेज (ओडी) :** दुर्घटना में आपके वाहन को हानि पहुंचने पर ओडी क्लेम लागू हो जाता है। पहला कदम है पुलिस और अपने बीमा प्रदाता को सूचित करना। पुलिस और बीमा प्रदाता की सहमति के बिना अपने वाहन को दुर्घटना स्थल से न हटाएं। दुर्घटना स्थल से वाहन को हटाने की सहमति मिलने के बाद आप अपने वाहन को मरम्मत के लिए ले जा सकते हैं और बीमा प्रदाता कैशलेस या रीइम्बर्समेंट के आधार पर भुगतान करेगा।

**चोरी :** अगर आपका वाहन चोरी हो जाता है तो आपको पुलिस में एफआईआर दर्ज करवानी होगी और बीमा प्रदाता व आरटीओ को चोरी के बारे में सूचित करना होगा। आपको बीमा प्रदाता के पास एफआईआर, ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट आदि की एक कॉपी जमा करवानी होगी। पुलिस इस मामले की जांच करेगी, लेकिन अगर आपका वाहन 90 दिनों के भीतर नहीं मिलता, तो पुलिस एक "नो ट्रेस रिपोर्ट" जारी करेगी। चोरी के मामले में क्लेम सेटलमेंट के लिए नो ट्रेस रिपोर्ट अनिवार्य होती है।



### डिजिटल क्लेम प्रक्रिया

बीमा उद्योग तेजी से डिजिटलीकरण की ओर बढ़ रहा है और समय पर क्लेम सेटलमेंट करने के लिए नए उपायों का उपयोग कर रहा है। क्लेम सेटलमेंट में ऐसा एक नया इनोवेशन है ऑन द स्पॉट सेटलमेंट। यह बीमा प्रदाता के एप या वेबसाइट के माध्यम से किया जाता है। बीमित व्यक्ति को केवल अपने वाहन को हुए नुकसान की कुछ फोटो क्लिक करके बीमा प्रदाता के एप या पोर्टल पर उन्हें अपलोड करना होगा। बीमा प्रदाता उन फोटो और अपने डेटा एनालिटिक्स टूल का उपयोग करके क्लेम राशि निर्धारित करते हैं। स्वीकार किए जाने पर क्लेम 20 मिनट के अंदर मिल जाता है।

**टीए रामलिंगम**
(चीफ टेक्निकल ऑफिसर, बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस)

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### तृणमूल विधायक, डॉक्टर से सीबीआई की पूछताछ

**कोलकाता।** पिछले महीने यहां आरजी कर अस्पताल में एक महिला चिकित्सक के साथ बलात्कार और हत्या की सीबीआई जांच के सिलसिले में सोमवार को तृणमूल कांग्रेस विधायक निर्मल घोष से केंद्रीय एजेंसी की पूछताछ जारी है। अधिकारियों ने बताया कि अस्पताल के फॉरेंसिक विभाग में डॉक्टर-प्रोफेसर अपूर्ब बिस्वास से भी इसी मामले के सिलसिले में सीबीआई अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस के पानीहाटी से विधायक घोष सुबह साढ़े 10 बजे साल्टलेक स्थित सीबीआई के सीजीओ कॉम्प्लेक्स कार्यालय पहुंचे। सीबीआई ने कहा कि हमने उन्हें आरजी कर अस्पताल की घटना के बारे में पूछताछ के लिए बुलाया था।

### मेडिकल की दो छात्राओं की डूबने से मौत

**अल्लूरी सीताराम राजू जिला (आंध्र प्रदेश)।** जिले में झरने में डूबने से दो मेडिकल छात्राओं की मौत हो गई तथा एक की तलाश जारी है। सोमवार को एसपी अमित बरदार ने बताया कि मारेडुमिल्ली के जलाथरंगिनी झरने में रविवार शाम चार बजे मेडिकल की शिक्षा ले रहे पांच विद्यार्थी बह गए, जिनमें से दो को पुलिस और वन अधिकारियों ने बचा लिया, हालांकि तीन को नहीं बचाया जा सका।

### राउज के सीईओ और समन्वयक को जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने सोमवार को राउज आईएएस स्टडी सर्किल के सीईओ अभिषेक गुप्ता और समन्वयक देशपाल सिंह को जुलाई में कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भर जाने से सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे तीन विद्यार्थियों की मौत से संबंधित मामले में सात दिसंबर तक अंतरिम जमानत दे दी।

# कोर्ट पहुंचे स्वामी, निगरानी में जांच का अनुरोध

### तिरुपति लड्डू विवाद: याचिका में मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के आरोपों की जांच के निर्देश देने की मांग की

नई दिल्ली, एजेंसी

- टीटीडी के पूर्व अध्यक्ष ने सेवानिवृत्त जज की समिति से जांच का किया अनुरोध

भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने तिरुपति लड्डू बनाने में पशुओं की चर्बी के कथित इस्तेमाल की जांच अदालत की निगरानी में किये जाने के अनुरोध के साथ सोमवार को उच्चतम न्यायालय का रुख किया। भाजपा नेता ने न्यायालय से अनुरोध किया कि वह आंध्र प्रदेश सरकार को लड्डू बनाने में इस्तेमाल किए गए घी के स्रोत और नमूने पर एक विस्तृत रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दे।

स्वामी ने आग्रह किया कि वह अधिकारियों से विस्तृत फोरेंसिक रिपोर्ट के लिए अंतरिम निर्देश जारी करे। याचिका अनुसार प्रसाद में इस्तेमाल होने वाली सामग्रियों के आपूर्तिकर्ताओं की गुणवत्ता या उसकी कमी की निगरानी और सत्यापन के लिए आंतरिक रूप से अंकुश होना चाहिए था। स्वामी ने याचिका की जानकारी एक्स पर पोस्ट की है। उन्होंने पोस्ट में लिखा कि मैंने जनहित याचिका दायर कर मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के आरोपों की जांच के निर्देश की मांग की। नायडू ने आरोप लगाया है कि तिरुपति तिरुमाला मंदिर के प्रसाद में जानवरों के मांस और सड़े पदार्थों की मिलावट की गई है। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के पूर्व अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य वाई.वी. सुब्बा रेड्डी ने भी न्यायालय में याचिका दायर कर शीर्ष अदालत के सेवानिवृत्त न्यायाधीश के नेतृत्व वाली स्वतंत्र समिति द्वारा जांच कराये जाने का अनुरोध किया है।

### मिलावट के आरोपों का स्वतः संज्ञान ले न्यायालय : विहिप

**तिरुपति।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने उच्चतम न्यायालय से तिरुपति के लड्डुओं में मिलावट के आरोपों का स्वतः संज्ञान लेने और दोषियों का पता लगाने के लिए जांच शुरू करने की सोमवार को अपील की। विहिप के केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल की तिरुपति में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। विहिप ने कहा कि उच्चतम न्यायालय को इस मामले का स्वतः संज्ञान लेना चाहिए तथा एक निश्चित समयावधि में इसकी जांच कर इस अक्षम्य अपराध के दोषियों की पहचान करनी चाहिए तथा उन्हें कड़ी सजा देनी चाहिए। उसने कहा कि इस मामले में लापरवाही और देरी की कोई गुंजाइश नहीं है, क्योंकि ऐसा होने पर हिंदू समुदाय के सदस्य राष्ट्रव्यापी आंदोलन कर सकते हैं, जो इस मामले को लेकर पहले से ही अधीर हैं। विहिप के अनुसार, तिरुपति के लड्डुओं को लेकर पिछले चार-पांच दिन में दक्षिणी राज्य में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और विपक्षी वाईएसआरसीपी द्वारा एक दूसरे पर लगाए गए आरोपों-प्रत्यारोपों से हिंदू समुदाय स्तब्ध है।

### एफएसएसएआई की रिपोर्ट का इंतजार

**नई दिल्ली।** तिरुपति मंदिर में बांटे गए लड्डुओं पर जारी विवाद के बीच उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने सोमवार को कहा कि उनका विभाग भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) की रिपोर्ट मिलने के बाद ही बाजार में घी की गुणवत्ता की निगरानी के लिए अतिरिक्त उपायों पर विचार करेगा। खरे ने कहा कि हम रिपोर्ट का इंतजार करेंगे।

# कांग्रेस दलित विरोधी पार्टी, उसने सैलजा का किया अपमान : शाह

चंडीगढ़, एजेंसी



केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए उसे दलित विरोधी पार्टी करार दिया और कहा कि उसने कुमारी सैलजा और अशोक तंवर जैसे दलित नेताओं का अपमान किया है। शाह ने आरक्षण के संबंध में टिप्पणी के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर कोई आरक्षण की रक्षा कर सकता है, तो वह केवल प्रधानमंत्री हैं।

शाह हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए टोहाना में रैली को संबोधित कर रहे थे। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि कांग्रेस दलित विरोधी पार्टी है। कांग्रेस ने दलित नेताओं का अपमान किया, चाहे वह अशोक तंवर हों या बहन सैलजा। सत्तारूढ़ भाजपा दलित नेता सैलजा के चुनाव प्रचार से दूर रहने को लेकर कांग्रेस पर निशाना साध रही है। सैलजा के चुनाव प्रचार से दूर रहने की खबरों के बीच हाल में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने सैलजा को भाजपा में शामिल होने का न्योता दिया था।

### मैं कांग्रेसी हूं, दो-तीन दिन में शुरू करूंगी प्रचार: सैलजा



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव कुमारी सैलजा ने नाराजगी की खबरों के बीच सोमवार को कहा कि वह कांग्रेसी हैं और दो-तीन दिन में चुनाव प्रचार शुरू करेंगी। उन्होंने पार्टी नेतृत्व के साथ बैठक को लेकर कहा कि शीर्ष नेताओं के साथ अक्सर चर्चा होती रहती है। पूर्व केंद्रीय मंत्री सैलजा ने कहा कि पार्टी में 100 तरह की बातें होती हैं, लेकिन वो पार्टी के अंदर की बातें होती हैं।

# सूरत : पटरी से छेड़छाड़ मामले में रेलवे के ही कर्मचारी गिरफ्तार

सूरत, एजेंसी

- हादसा टालने का श्रेय लेने और सम्मान पाने के लिए पटरी पर फिश प्लेट रखकर दी थी सूचना

गुजरात के सूरत जिले में रेल पटरी से छेड़छाड़ करने और फिर संभावित हादसे को टालने का श्रेय लेने के आरोप में रेलवे के तीन कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया। एसपी होतेश जॉयसर ने बताया कि सुभाष पोद्दार, मनीष मिस्त्री और शुभम जायसवाल रेलवे के रखरखाव विभाग में ट्रैकमैन हैं।

पोद्दार और अन्य ने कोसांबा और किम स्टेशन के बीच निरीक्षण के दौरान शनिवार सुबह 5.30 बजे रेलवे प्रशासन को सतर्क किया था कि शरारती तत्व ट्रेन को पटरी से उतारने के लिए एक तरफ की पटरी से इलास्टिक क्लिप और दो फिश प्लेट हटाकर उन्हें दूसरी तरफ की पटरी पर रख रहे हैं। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि तीनों के पटरियों से छेड़छाड़ देखे जाने से ठीक पहले मार्ग से एक ट्रेन गुजरी थी। उन्होंने बताया कि छेड़छाड़ का पता चलने और ट्रेन के गुजरने के समय के बीच अंतर बहुत कम था और इतने कम समय में इलास्टिक क्लिप और फिशप्लेट को हटाना संभव नहीं था। पूछताछ के बाद तीनों ने इस कृत्य को कबूल किया। बताया कि उन्हें लगा कि इसके लिए सम्मानित किया जाएगा और आगे भी रात की ड्यूटी पर तैनात किया जाएगा।

# जाति जनगणना बोलने से डरते हैं मोदी : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आरक्षण पर भाजपा पलटवार करते हुए सोमवार को कहा कि बहुजन विरोधी भाजपा चाहे कितना भी झूठ फैला ले, लेकिन मुख्य विपक्षी दल आरक्षण पर आंच तक नहीं आने देगा। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जाति जनगणना बोलने तक से डरते हैं और वह नहीं चाहते कि बहुजन को उनका हक मिले।

राहुल गांधी ने आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा को हटाने की पैरवी करते हुए कहा कि बहुजन को न्याय दिलाना उनके जीवन का मिशन है। अमेरिका में राहुल गांधी द्वारा आरक्षण के संदर्भ में दिए बयान को लेकर भाजपा और उसके शीर्ष नेता उन पर हमले कर रहे हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर की सभा में राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा था कि किसी को भी पहाड़ी, गुज्जर, दलित, अन्य पिछड़े वर्गों सहित वंचित वर्गों को दिए आरक्षण को छूने की इजाजत नहीं दी जाएगी। राहुल अमेरिका में कह रहे हैं कि आरक्षण की जरूरत नहीं है।



श्रीनगर में सभा को संबोधित करते राहुल गांधी।

### जम्मू-कश्मीर में बोले राहुल- संसद में बनूंगा आपकी आवाज

**श्रीनगर।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने संसद में जम्मू-कश्मीर के लोगों की आवाज बनने का सोमवार को वादा किया और जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए भाजपा शासित केंद्र पर दबाव बनाने की कांग्रेस की प्रतिबद्धता दोहराई। श्रीनगर के बाहरी इलाके जैनाकोट में चुनावी रैली में गांधी ने कहा कि जब भी आपको मेरी जरूरत होगी, आप मुझे सिर्फ आदेश दीजिए, मैं आपके समक्ष हाजिर हो जाऊंगा। मैं आपके मुद्दों को संसद में उठाऊंगा। आप जानते हैं कि मेरा आपसे कितना खास रिश्ता है। मुझे इसका जिक्र करने की भी जरूरत नहीं है।

### किश्तवाड़ में आतंकियों व सुरक्षाबलों में मुठभेड़

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में सोमवार को सुरक्षा बलों और आतंकियों के समूह में कुछ देर तक गोलीबारी होने के बाद बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। किश्तवाड़ के चटरू इलाके में मुठभेड़ तीसरे दिन में प्रवेश कर गई है। माना जा रहा है कि दो से तीन आतंकियों के जंगली इलाके में छिपे होने की उम्मीद है। जहां सुरक्षा बलों की टीम ने घेराबंदी कर रखी है। चटरू के गुरिनाल गांव में डन्ना धार वन क्षेत्र के पास 21 सितंबर को शुरू हुई मुठभेड़ तीसरे दिन में प्रवेश कर गई है। 13 सितंबर को हुई गोलीबारी में दो जवान शहीद हो गए थे और कई घायल हो गए थे।

## हिमाचल सरकार और सोनिया के खिलाफ आरोप साबित करें कंगना

- राज्य सरकार पर कर्ज लेकर सोनिया गांधी को पैसे देने का कंगना ने लगाया है आरोप

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस ने सोमवार को मंडी की सांसद कंगना रनौत को चुनौती दी कि वह अपने इस आरोप को साबित करें कि राज्य सरकार ने कर्ज लेकर सोनिया गांधी को पैसे दिए। कांग्रेस ने कहा कि कंगना रनौत ने यदि आरोप साबित नहीं किया तो वह उनके खिलाफ मानहानि का मामला दायर करेगी। हिमाचल प्रदेश के मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने संवाददाताओं से कहा कि कंगना रनौत की टिप्पणी भाजपा सांसद के बौद्धिक दिवालियापन को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि इससे बड़ा मूर्खतापूर्ण बयान कोई नहीं हो सकता कि केंद्र से आने वाला धन या राज्य का विकास कोष सोनिया गांधी को दिया जा रहा है।

# सैन्य अधिकारी व महिला मित्र के उत्पीड़न को लेकर आयोग गठित

भुवनेश्वर, एजेंसी

ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने पुलिस थाने में सैन्य अधिकारी को कथित तौर पर प्रताड़ित करने और उसकी मंगेतर के यौन उत्पीड़न के मामले की न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं। राज्य सरकार ने हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति चितरंजन दास की अध्यक्षता में जांच आयोग गठित किया है।

आयोग घटनाक्रम और उससे जुड़ी परिस्थितियों के साथ ही इससे संबद्ध व्यक्तियों तथा प्राधिकारियों की भूमिका, आचरण और जवाबदेही पर गौर करेगा। जांच रिपोर्ट 60 दिन में सौंपी जाएगी। आयोग भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उपाय सुझाएगा। एक अधिकारी ने बताया कि सेना अधिकारी, उसकी मंगेतर और महिला के पिता ने सोमवार सुबह राज्य सचिवालय में माझी से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने कहा था कि सरकार दोषियों पर कार्रवाई को प्रतिबद्ध है।

## महिलाओं के पवित्र वजूद की हर हाल में रक्षा आवश्यक : अदालत

**इंदौर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति प्रेमनारायण सिंह की इंदौर पीठ ने कथित तौर पर क्रूरतापूर्ण दुष्कर्म के मामले में पीड़ित और आरोपी पक्ष के बीच समझौते पर प्राथमिकी रद करने से इनकार करते हुए कहा है कि महिलाओं के पवित्र वजूद की हर हाल में रक्षा आवश्यक है।

इस मामले के आरोपी के खिलाफ अपनी प्रेमिका की आपत्तिजनक तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित करने की धमकी देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने का इल्जाम है। आरोपी ने पीड़िता से हुए समझौते पर याचिका दायर करते हुए हाईकोर्ट से गुहार की थी कि उसके खिलाफ इंदौर के थाने में इस साल तीन मई को दर्ज प्राथमिकी और निचली अदालत की लंबित कार्यवाही रद कर दी जाए।

# राहुल गांधी का विरोध करे कांग्रेस : बिट्टू

जयपुर, एजेंसी



- केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस नेता पर की टिप्पणी का बचाव करते हुए ये बात कही

केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर की गई टिप्पणी का बचाव करते हुए सोमवार को कहा कि कांग्रेस को विरोध करना है तो राहुल गांधी का करना चाहिए।

वहीं, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बिट्टू के खिलाफ सीबीआई फाटक क्षेत्र में विरोध प्रदर्शन करने की कोशिश की लेकिन पुलिस उन्हें बसों में बैठाकर ले गई। यहां खेल कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे मंत्री बिट्टू से हवाई अड्डे पर मीडिया ने जब राहुल गांधी के खिलाफ उनके बयान के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि इसमें कांग्रेस या भाजपा की बात नहीं है। बात पंजाब व सिखों की है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी तो खुद कितनी बार गुरुद्वारा दरबार साहिब जाते हैं ... कौन रोकता है? इसलिए यह पार्टी की बात नहीं है, पार्टी से ऊपर की बात है। बिट्टू ने कहा कि आप कोई भी एक आदमी बताओ... किसने हमें कड़ा पहनने से रोका है? किसने हमें पगड़ी बांधने से रोका है? किसने हमें गुरुद्वारे जाने से रोका है? इसलिए अगर कांग्रेस को विरोध करना है तो राहुल गांधी का करना चाहिए। रेल और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री बिट्टू जगतपुरा शूटिंग रेंज में 57वीं अंतर रेलवे निशानेबाजी प्रतियोगिता का उद्घाटन करने आए थे। कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ता बिट्टू का विरोध करने सीबीआई फाटक क्षेत्र पहुंचे लेकिन पुलिस उन्हें वहां से बसों में बैठाकर ले गई।

# 20 साल में पहली बार खिताब जीतना गर्व का पल

- हरिका बोलीं- सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं करने के बाद भी शतरंज ओलंपियाड जीतने की खुशी है

नई दिल्ली, एजेंसी



शतरंज ओलंपियाड खिताब जीतने के बाद ट्रॉफी के साथ जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी। ● एजेंसी

अनुभवी डी हरिका को प्रतिष्ठित शतरंज ओलंपियाड खिताब जीतने के सपने को साकार करने के लिए लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा लेकिन उन्हें बुडापेस्ट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं करने के बाद भी इस खिताब को जीतने की खुशी है।

भारत ने रविवार को शतरंज ओलंपियाड में इतिहास रच दिया जब उसकी पुरुष और महिला टीमों ने अंतिम दौर के मैचों में क्रमशः स्लोवेनिया और अजरबैजान को हराकर दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक जीते। अजरबैजान के खिलाफ महिला टीम के लिए 33 वर्षीय हरिका ने लय में वापसी करते हुए जीत दर्ज की, जबकि 18 वर्षीय दिव्या देशमुख ने तीसरे बोर्ड पर गोवर बेयदुल्यायेवा को पछाड़ कर अपना व्यक्तिगत स्वर्ण पदक भी पक्का किया। हरिका ने कहा मेरे लिए जाहिर तौर पर यह इन लोगों (टीम के साथी खिलाडियों) से ज्यादा भावुक क्षण है। मैं लगभग 20 साल से खेल रही हूं लेकिन पहली बार स्वर्ण पदक जीतने का मौका मिला है। मैं इन खिलाड़ियों के लिए काफी खुश और गर्व महसूस कर रही हूं। युवा खिलाड़ियों ने टीम के लिए काफी अच्छा प्रदर्शन किया। शायद मेरा प्रदर्शन संतोषजनक नहीं था लेकिन टीम के स्वर्ण पदक से मैं सब कुछ भूलने में सफल रही। मुझे खुशी है कि हम निराशा को पीछे छोड़कर मजबूत वापसी करने में सफल रहे।

दिव्या ने कहा इसकी शुरुआत काफी अच्छी रही, लेकिन बीच में हमें कुछ सफलता मिली और जिस तरह से मैंने और मेरी टीम ने इसे संभाला उस पर मुझे गर्व है। हमने दृढ़ता के साथ मुकाबला किया और आखिरकार हम स्वर्ण पदक के साथ यहां हैं। मैं अभी भावनाओं से भरी हुई हूं। मैं काफी खुश हूं। मैंने यहां अच्छा प्रदर्शन किया है। यह करो या मरो जैसे हालात थे, आपको देश के लिए सब कुछ झोंकना होता है। दिव्या तीसरे बोर्ड पर 11 में से 9.5 अंक हासिल कर व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने में भी सफल रही। तानिया ने कहा यह वह क्षण है, मुझे लगता है कि हम इसके लिए ही बने थे। पिछली बार (2022 में टीम मामूली अंतर से चूक कर कांस्य पदक जीती थी) ऐसा नहीं हुआ। पिछली बार कांस्य पदक का जश्न मनाना कठिन था लेकिन मैं अभी बहुत खुश हूं।

# श्रीलंका ने जीता पहला टेस्ट मैच

गाले, एजेंसी



प्रबथ जयसूर्या को प्लेयर ऑफ द मैच।

- पांचवें दिन 275 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड 68 रनों की हारी

प्रबथ जयसूर्या की शानदार गेंदबाजी की बदौलत श्रीलंका ने सोमवार को पहले टेस्ट मैच के पांचवें दिन न्यूजीलैंड को 68 रनों से हरा दिया है। आज यहां मैच के पांचवें दिन न्यूजीलैंड की टीम कल के स्कोर आठ विकेट पर 207 रन से आगे खेलना शुरु किया।

प्रबथ ने शतक की ओर बढ़ रहे रचिन रविंद्र (92)को पगबाधा आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके दो रन बाद विलियम ओरूर्क (शून्य) को बोल्ड कर प्रबथ ने न्यूजीलैंड की पारी को 211 के स्कोर पर समेट कर मुकाबला 68 रनों से जीत लिया। मैच में नौ विकेट लेने वाले श्रीलंकाई स्पिनर प्रबथ जयसूर्या को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया।

इससे पहले 275 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। और उसने छह रन के स्कोर पर डेवन कॉन्वे (चार) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद प्रबथ ने केन विलियमसन (30) को स्टंप आउट करा दिया। टॉम लेथम (28) को धनंजय ने पगबाधा किया। टॉम ब्लंडल (30) को प्रबथ ने बोल्ड आउट किया। रचिन रवींद्र ने न्यूजीलैंड के लिए सबसे अधिक 92 रन बनाए। न्यूजीलैंड के सात खिलाड़ी दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। श्रीलंका के लिए प्रबथ जयसूर्या ने 68 रन देकर पांच विकेट लिए। रमेश मेंडिस को तीन विकेट मिले। धनंजय डी सिल्वा और असिथा फर्नांडो को 1-1 बल्लेबाज को आउट किया।

## खेल डायरी

### भारत अंडर-19 ने ऑस्ट्रेलिया को नौ विकेट से हराया

**पुडुचेरी।** साहिल पारेख (नाबाद 109) और अभिज्ञान कुंडू (नाबाद 53) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत भारत की अंडर-19 क्रिकेट टीम ने सोमवार को नौ विकेट से हराकर तीन मैचों की शृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली हैं। आज यहां 177 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत की अंडर-19 टीम शुरुआत अच्छी नहीं रही। तीसरे ओवर में हैरी होकेस्ट्रा ने रुद्ध पटेल को (10) पर रोनाल्डो के हाथों कैच आउट करा दिया। इसके बाद साहिल पारेख और अभिज्ञान कुंडू ने भारतीय पारी को संभालते हुए ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 22 ओवर में एक विकेट पर 177 रन बनाकर नौ विकेट से मुकाबला जीत लिया। साहिल ने 75 गेंदों में 14 चौके और पांच छक्के लगाते हुए (नाबाद 109) रनों की शतकीय पारी खेली। वहीं अभिज्ञान कुंडू ने 50 गेंदों में नौ चौके लगाते हुए (नाबाद 50) रन बनाए। इसी के साथ भारत ने तीन मैचों की शृंखला 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है।

### द. अफ्रीका ने अफगानिस्तान को क्लीन स्वीप से रोका

**शारजाह।** दक्षिण अफ्रीका ने तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में सात विकेट से जीत दर्ज करके अफगानिस्तान को शृंखला में सूपड़ा साफ करने से रोका दिया। एडेन मार्कराम की नाबाद 69 रन की पारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने 170 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 17 ओवर शेष रहते तीन विकेट पर 170 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। अफगानिस्तान की टीम इससे पहले 34 ओवर में सिर्फ 169 रन पर ढेर हो गई। अफगानिस्तान ने शृंखला 2-1 से जीती। दक्षिण अफ्रीका की अनुभवहीन टीम शुरुआती दो मैच में 106 और 134 रन पर सिमट गई थी लेकिन शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में एक बार फिर धीमी पिच पर मार्कराम ने अच्छी पारी खेलते हुए अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। अफगानिस्तान के लिए पिछले मैच के शतकवीर रहमानुल्लाह गुरबाज ने 94 गेंद में 89 रन की पारी खेली। टीम का शीर्ष आठ में शामिल कोई अन्य बल्लेबाज 10 रन से अधिक नहीं बना पाया। इनमें से तीन बल्लेबाज रन आउट हुए। नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे एएम गजनफर ने नाबाद 31 रन की पारी खेली।

### तैराक प्रत्याशा रे को मिलेगा एकलव्य पुरस्कार

**भुवनेश्वर।** ओडिशा की उभरती हुए तैराक प्रत्याशा रे को 2024 के प्रतिष्ठित एकलव्य पुरस्कार के लिए चुना गया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। प्रत्याशा ने इस साल फरवरी में गुवाहाटी में खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेलों में चार स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक सहित कुल छह पदक जीते थे। विभिन्न क्षेत्रों से चुने गए जूरी सदस्यों वाली एकलव्य पुरस्कार समिति ने यहां एक बैठक में सर्वसम्मति से प्रत्याशा का चयन किया। प्रत्याशा को एक समारोह में प्रशस्ति पत्र के साथ सात लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। धावक डोंडापति मृत्युम जयराम और बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी पत्री को भी विभिन्न अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया जाएगा। प्रत्येक को प्रशस्ति पत्र के साथ डेढ़ लाख रुपये का नकद पुरस्कार मिलेगा।

### बार्सीलोना ने स्पेनिश लीग में लगातार छठी जीत दर्ज की

**मैड्रिड।** बार्सीलोना ने स्पेनिश फुटबॉल लीग में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए रविवार को यहां विलारीयाल को 5-1 से हराकर लगातर छठी जीत दर्ज की। इस मुकाबले के दौरान हालांकि बार्सीलोना को झटका भी लगा तब उसके कप्तान और गोलकीपर मार्क आंद्रे टेर स्टेगेन के घुटने में गंभीर चोट लगी और उन्हें स्ट्रेचर पर मैदान से बाहर जाना पड़ा। स्थानीय मीडिया की खबरों के अनुसार टेर स्टेगेन स्टेडियम से अस्पताल एंबुलेंस में गए और अस्पताल से वापस व्हीलचेयर पर लौटे। बार्सीलोना के कोच हेंसी फ्लिक ने कहा इस चोट से हम दुखी हैं। मुझे लगता है कि चोट बहुत बड़ी होगी लेकिन हमें अधिक जानकारी के लिए इंतजार करना होगा। हमें इसे स्वीकार करना होगा। यह आसान नहीं है। बार्सीलोना ने अब तक हुए छह मुकाबलों में 22 गोल किए हैं जबकि उसके खिलाफ सिर्फ पांच गोल हुए हैं। टीम ने अंक तालिका के शीर्ष पर रीयाल मैड्रिड पर चार अंक की बढ़त बना ली है जिसने शनिवार को इस्पानयोल को 4-1 से हराया। एटलेटिको मैड्रिड ने रेयो वालेकानो से 1-1 से ड्रॉ खेला जबकि गेटाफे और लेगानेस का मुकाबला भी 1-1 से बराबर रहा। एथलेटिक बिलबाओ ने सेल्टा विगो को 3-1 से हराया।

# डब्ल्यूटीसी की तालिका में भारत का वर्चस्व

## बांग्लादेश पर जीत के साथ मजबूत हुई स्थिति, श्रीलंका तीसरे स्थान पर पहुंचा

दुबई, एजेंसी



जीत के बाद जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी। (फाइल फोटो) ● एजेंसी

भारत ने बांग्लादेश पर 280 रन की जीत के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका के शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली जबकि श्रीलंका ने गॉल में न्यूजीलैंड को हराकर लाड्‌र्स में अगले साल होने वाले फाइनल के लिए अपना दावा मजबूत किया। श्रीलंका अपने मौजूदा प्रतिद्वंद्वी न्यूजीलैंड को पछाड़कर तीसरे स्थान पर पहुंचा है।

चेन्नई में जीत और 12 डब्ल्यूटीसी अंक के साथ भारत ने 71.67 प्रतिशत अंक के साथ तालिका के शीर्ष पर ऑस्ट्रेलिया (62.50 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे स्थान पर) पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। पाकिस्तान के खिलाफ शृंखला 2-0 से जीतकर चौथे स्थान पर पहुंचा बांग्लादेश (39.29 प्रतिशत अंक) इस हार के बाद छठे स्थान पर खिसक गया है। बांग्लादेश ने चौथे दिन भारत के 515 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए चार विकेट पर 158 रन से आगे खेलना शुरू किया। कप्तान नजमुल हुसैन शंटो और शाकिब अल हसन ने कुछ देर हार को टाला लेकिन रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा की भारत की स्पिन जोड़ी ने मात्र 40 रन देकर शेष छह विकेट चटका दिए। अश्विन को पहली पारी में शानदार शतक जड़ने और दूसरी पारी में छह विकेट लेने के लिए मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। गॉल में जीत के बाद तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंचे श्रीलंका के पास 2025 के फाइनल में जगह बनाने के लिए 2023 डब्ल्यूटीसी के फाइनलिस्ट भारत और ऑस्ट्रेलिया को चुनौती देने का सबसे अच्छा मौका है।

गॉल में न्यूजीलैंड पर 63 रन की जीत श्रीलंका की आठ मैचों में चौथी जीत है जिससे उनके 50 प्रतिशत अंक हो गए हैं। श्रीलंका की टीम मौजूदा चक्र में अब अधिकतम 69.23 प्रतिशत अंक हासिल कर सकती है जो उसे अगले साल लॉर्ड्स में होने वाले फाइनल में जगह दिलाने के लिए पर्याप्त होगा और फिर दक्षिण अफ्रीका तथा ऑस्ट्रेलिया का सूपड़ा साफ करना होगा। भारत को डब्ल्यूटीसी चक्र में अभी नौ टेस्ट और खेलने हैं और उसकी नजरें लगातार तीसरी बार डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाने पर टिकी हैं। भारत पिछले दो सत्र में उपविजेता रहा था जब उसे न्यूजीलैंड (2020) और ऑस्ट्रेलिया (2022) के खिलाफ फाइनल में हार झेलनी पड़ी।

### गिल के साथ मैदान के बाहर की दोस्ती काम आई : पंत



**चेन्नई।** भारत के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच की दूसरी पारी में शुभमन गिल के साथ सफल साझेदारी के रहस्य का खुलासा करते हुए कहा कि दोनों के बीच मैदान के बाहर की दोस्ती से मैदान पर काफी मदद मिली। पंत और गिल दोनों पहली पारी में नहीं चल पाए थे लेकिन उन्होंने दूसरी पारी में 167 रन की साझेदारी की जिसका आखिर में मैच के परिणाम पर असर पड़ा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया है जिसमें पंत ने कहा जब मैदान के बाहर आपके बीच बहुत अच्छे संबंध होते हैं तो फिर उस खिलाड़ी के साथ बल्लेबाजी करते हुए काफी मदद मिलती है। हम एक दूसरे के खेल का आनंद ले रहे थे, आपस में खूब बातें कर रहे थे और मैच पर भी बात कर रहे थे तथा बेहद सहज थे। आखिर में हम दोनों यह जानते थे कि हमें क्या करना है। दिसंबर 2022 में सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद अपना पहला टेस्ट मैच खेलने वाले पंत ने कहा मेरी खेल की समझ यह कहती है कि आप जहां भी खेल रहे हों, आपके खेल में सुधार होना चाहिए। इसलिए मैं टीम की मदद करने की कोशिश कर रहा था और यह शानदार रहा। मैंने इसका पूरा लुत्फ उठाया।

### बुमराह सभी प्रारूपों में सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज : स्टीव स्मिथ



**नई दिल्ली।** अनुभवी ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले जसप्रीत बुमराह की सराहना की और उन्हें सभी प्रारूपों में सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज बताया। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच टेस्ट मैच की शृंखला 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होगी। भारत ने ऑस्ट्रेलिया में पिछली दो शृंखला जीती हैं। अगर भारत को लगातार तीसरी टेस्ट शृंखला जीतनी है तो ऑस्ट्रेलिया में बुमराह के असाधारण कौशल पर काफी कुछ निर्भर करेगा। स्मिथ ने कहा वह एक बेहतरीन गेंदबाज हैं, चाहे मैं नई गेंद से, थोड़ी पुरानी गेंद से या पुरानी गेंद से उनका सामना करूं। उनके पास सभी तरह का शानदार कौशल है। 35 वर्षीय स्मिथ पिछली कुछ शृंखला से ऑस्ट्रेलिया के लिए पारी का आगाज कर रहे हैं और उनके भारत के खिलाफ भी ऐसा ही करने की उम्मीद है।

# टीम यूरोप ने टीम विश्व को हराकर लीवर कप जीता

**बर्लिन।** चार बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन कार्लोस अल्कारेज ने टेलर फ्रिट्ज को 6-2, 7-5 से हराया जिससे टीम यूरोप ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए टीम विश्व को लीवर कप टेनिस टूर्नामेंट में 13-11 से शिकस्त दी।

अल्कारेज ने दूसरे सेट के 11वें गेम में अमेरिकी ओपन उप विजेता फ्रिट्ज की सर्विस तोड़ी और फिर अपनी सर्विस बचाकर मैच जीतकर टीम यूरोप की जीत सुनिश्चित की। तीन दिन के मुकाबले के तीसरे और अंतिम दिन के खेल से पहले टीम विश्व 8-4 की बढ़त बनाकर लगातार तीसरा खिताब जीतने के करीब थी। रविवार को टीम यूरोप ने वापसी की जब अल्कारेज और कास्पर रूड ने बेन शेल्टन और फ्रांसेस टियाफो की अमेरिका की जोड़ी को युगल मुकाबले में 6-2, 7-6 से हराया। शेल्टन ने इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई ओपन के उप विजेता दानिल मेदवेदेव को 6-7, 7-5, 10-7 से हराकर टीम विश्व को फिर बढ़त दिलाई। टियाफो के पास टीम विश्व को जीत दिलाने का मौका था लेकिन वह फ्रेंच ओपन के फाइनल में पहुंचे एलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ हार गए। अल्कारेज ने इसके बाद फ्रिट्ज को हराकर टीम यूरोप की जीत पक्की की।

# सुर्खियों से दूर भारत के तारणहार बने रहे हैं जडेजा



- कानपुर टेस्ट में 300 विकेट और 3,000 रन के साथ ग्रैंड डबल एलीट क्लब में शामिल होने का मिलेगा मौका

चेन्नई, एजेंसी

अगर आप जसप्रीत बुमराह जैसे विलक्षण नहीं हैं तो फिर रविचंद्रन अश्विन के साथ खेलने वाले गेंदबाजों के लिए इस दिग्गज ऑफ स्पिनर की छाया से बाहर निकलना आसान नहीं होता, फिर भले ही वह रविंद्र जडेजा जैसा प्रतिभाशाली खिलाड़ी ही क्यों ना हो।

इस हफ्ते शुरू होने वाले कानपुर टेस्ट में जडेजा के पास टेस्ट क्रिकेट में 300 विकेट और 3,000 रन के ग्रैंड डबल को हासिल करने वाले खिलाड़ियों के एलीट क्लब में शामिल होने का मौका होगा। इस ऑलराउंडर के नाम पर अभी 299 विकेट और 3,122 रन दर्ज हैं। भारत के दो खिलाड़ियों अश्विन और कपिल देव सहित अब तक दुनिया के केवल 10 खिलाड़ी ही इस उपलब्धि को हासिल कर पाए हैं।

गैरी सोबर्स और जाक कैलिस जैसे महान खिलाड़ी भी इस सूची का हिस्सा नहीं हैं लेकिन इसके बावजूद जडेजा को उतनी सुर्खियां नहीं मिलती जितनी इन्हें मिला करती थी। एक तरह से जडेजा का काम करने का तरीका इसका मुख्य कारण है।

अश्विन बोलने में तेज हैं और वह प्रेस कांफ्रेंस या अपने यूट्यूब चैनल पर अपने कौशल के बारे में बात करने से नहीं डरते। जडेजा इनमें से कुछ भी नहीं करते। वह रडार की पकड़ में नहीं आने वाले लड़ाकू विमान की तरह अपना काम करते हैं। हालांकि भारत जब भी मुश्किल में होता है तो जडेजा की लड़ाकू प्रवृत्ति तुरंत सामने आ जाती है।

### स्वदेश में हमने 45 मैच खेले, जडेजा ने लिए 218 विकेट : अश्विन

अश्विन ने कहा अब यह प्रशंसा एक कदम और बढ़ गई है, यह जानते हुए कि मैं जडेजा को कभी नहीं हरा सकता। इसलिए मैं अपने खेल में सहज हूं, लेकिन उन्होंने जो किया है, उससे पूरी तरह प्रेरित हूं। उन्होंने पहले टेस्ट के बाद कहा वह काफी प्रेरणादायक है। कभी-कभी जब आप अपने साथी क्रिकेटरों के साथ दौड़ में होते हैं तो आप एक-दूसरे से आगे निकलना चाहते हैं, और फिर आप धीरे-धीरे एक-दूसरे की प्रशंसा करने लगते हैं। वर्ष 2012 में जोड़ी बनाने के बाद से अश्विन और जडेजा स्वदेश में एक साथ 45 टेस्ट खेले जिनमें से भारत ने 34 जीते, तीन में हार और शेष आठ ड्रॉ रहे। इन 45 मैचों में जडेजा ने 218 जबकि अश्विन ने 263 विकेट चटकाए।

## बॉलीवुड हलचल

# मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 बनीं रिया सिंघा



**जयपुर।** गुजरात की रिया सिंघा मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 की विजेता बन गईं हैं। मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 का ग्रैंड फिनाले को राजस्थान के जयपुर में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में देश भर से चुनी गई 51 फाइनलिस्टों ने एक से बढ़कर एक जबरदस्त परफॉर्मेंस दी। 51 फाइनलिस्टों में पहले दो राउंड के बाद से टॉप 20 फाइनलिस्ट चुनी गई ।दिल्ली की प्रांजल प्रिया को हराकर गुजरात की रिया सिंघा ने मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 का खिताब अपने नाम कर लिया। मिस यूनिवर्स इंडिया 2015 एवं बॉलीवुड स्टार उर्वशी रौतेला ने रिया सिंघा को मिस यूनिवर्स इंडिया का ताज पहनाया। रिया इस वर्ष मैक्सिको में होने वाले मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। रिया ने इस अवसर पर कहा, मैंने मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 का खिताब जीत लिया है। मैंने इस मुकाम तक पहुंचने के लिए बहुत मेहनत की है, जहां मैं खुद को इस ताज के लायक समझ सकती हूं। मैं पिछले विजेताओं से बहुत प्रेरित हूं। कार्यक्रम में जज के रूप में मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 के डायरेक्टर निखिल आनंद, बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला, फिलीपींस के जाने माने फैशन डिजाइनर ग्युयें कुयन्ह, रियान फर्नांडिस एवं राजीव श्रीवास्तव थे। गौरतलब है कि तीन भारतीय सुंदरियों ने मिस यूनिवर्स का ताज जीता है, जिसमें वर्ष 1994 में सुष्मिता सेन, वर्ष 2000 में लारा दत्ता और वर्ष 2022 में हरनाज संधू शामिल है।

### गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित हुए चिरंजीवी



**हैदराबाद।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार चिरंजीवी को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित किया गया। चिरंजीवी अब गिनीज वर्ल्ड रिकॉड्‌र्स के धारक बन गए हैं। चिरंजीवी को यह सम्मान 45 वर्षों में अपनी 156 फिल्मों के 537 गानों में 24,000 डांस मूव्स करने के लिए मिला। इसी दिन सुपरस्टार चिरंजीवी 1978 में भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी। चिरंजीवी को यह सम्मान आमिर खान ने दिया। इस अवसर पर आमिर खान ने कहा, यहां आना मेरे लिए खुशी और सम्मान की बात है। मैं चिरंजीवी गारू के प्रशंसकों को देखकर खुश हूं और मुझे भी अपने बीच शामिल करने के लिए आप सभी का धन्यवाद क्योंकि मैं भी उनका बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। मैं उन्हें अपने बड़े भाई की तरह देखता हूं। जब चिरंजीवी गारू ने मुझे फोन किया और मुझे इस कार्यक्रम में आमंत्रित करना चाहा तो मुझे नहीं पता कि उन्होंने मुझसे क्यों बुलाया था और मैंने उनसे पहले ही कहा था कि आपको केवल ऑर्डर करना है, कोई मांग नहीं है। मुझे बहुत खुशी है कि चिरंजीवी गारू को यह सम्मान दिया गया है। चिरंजीवी ने कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वह गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक बन जाएंगे। उन्होंने दर्शकों का आभार व्यक्त किया।

### अल्लू अर्जुन की आने वाली फिल्म पुष्पा 2 का रोमांचक पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की आने वाली फिल्म पुष्पा 2 का रोमांचक पोस्टर रिलीज हो गया है। पुष्पा 2 : द रूल इस साल की सबसे ज्यादा प्रतीक्षित फिल्म है। दिलचस्प बात यह है कि फिल्म अब अपनी रिलीज से सिर्फ 75 दिन दूर है और जल्द ही दुनिया पुष्पा और उनके बेमिसाल जलवे को बड़े पर्दे पर देखेगी। पुष्पा 2 : द रूल के निर्माताओं ने अपने सोशल मीडिया पर अल्लू अर्जुन का एक रोमांचक पोस्टर शेयर किया है, जिसमें वे पुष्पराज के रूप में नजर आ रहे हैं, जिसमें उनका सिग्नेचर स्वैग साफ झलक रहा है। उन्होंने कैप्शन में लिखा 75 दिन में दुनिया को पुष्पा और उनकी बेमिसाल आभा को बड़े पर्दे पर देखने का मौका मिलेगा। #पुष्पा 2 द रूल भारतीय सिनेमा में एक अभूतपूर्व अध्याय लिखेगा द रूल 6 दिसंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। सुकुमार द्वारा निर्देशित और माइथ्री मूवी मेकर्स द्वारा निर्मित इस फिल्म में अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहाद फासिल मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म का संगीत टी सीरीज का है।

# भांबरी, जीवन और प्रशांत अलग-अलग टूर्नामेंट के युगल फाइनल में

नई दिल्ली, एजेंसी



विजय सुंदर प्रशांत व जीवन नेदुनचेझियान।

- फाइनल मुकाबला जीवन और विजय का कॉन्स्टेंटिन फ्रांत्जेन और हेंड्रिक जेबेंस की जर्मन जोड़ी से होगा

भारत के जीवन नेदुनचेझियान, विजय सुंदर प्रशांत और युकी भांबरी ने सोमवार को चीन में खेले जा रहे दो अलग-अलग एटीपी टूर्नामेंट के पुरुष युगल के फाइनल में जगह बनाई।

जीवन और विजय की गैर वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने हांग्झोऊ ओपन के सेमीफाइनल में एरियल बेहार (उरुग्वे) और रॉबर्ट गैलोवे (अमेरिका) की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी के खिलाफ पहले सेट में करारी हार के बाद शानदार वापसी की तथा एक घंटे और 11 मिनट के रोमांचक मुकाबले में 0-6, 6-2, 10-4 से जीत हासिल की। फाइनल में जीवन और विजय का मुकाबला कॉन्स्टेंटिन फ्रांत्जेन और हेंड्रिक जेबेंस की गैरवरीयता प्राप्त जर्मन जोड़ी से होगा।

उन्होंने रिंकी हिजिकाटा (ऑस्ट्रेलिया) और मैकेंजी मैकडोनाल्ड (अमेरिका) से वॉकओवर मिलने के बाद फाइनल में जगह बनाई। इस बीच चेंगदू ओपन में युकी और फ्रांस के अल्बानो ओलिवेटल की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने एक घंटे और 31 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में क्रोएशिया के इवान डोडिग और ब्राजील के राफेल माटोस को 6-3, 7-6 से हराया। फाइनल में युकी और अल्बानो का मुकाबला सादियो डौम्बिया और फैबियन रेबौल की शीर्ष वरीयता प्राप्त फ्रांसीसी जोड़ी से होगा, जिन्होंने सेमीफाइनल में मिगुएल रेयेस-वरेला और जॉन-पैट्रिक स्मिथ को 4-6, 6-3, 12-10 से हराया।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत* 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## अनोखी प्रतियोगिता



केरल में बैलों की दौड़ प्रतियोगिता चर्चा में रहती है। खास मौकों पर यह प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। कोझिकोड जिले में एक किसान अपने बैलों के साथ दौड़ता हुआ। एजेंसी

# सामाजिक दबावों के बीच पुरुष अकेलेपन की महामारी से जूझ रहे

जस्टिन बीबर और उनकी पत्नी हैली ने मई 2024 में घोषणा की थी कि वे बच्चे की उम्मीद कर रहे हैं, उससे कुछ हफ्ते पहले पॉप आइकन ने एक सेल्फी सोशल मीडिया पर साझा की थी जिसमें उनकी आंखों में आंसू थे और वह परेशान दिखाई दे रहे थे। मीडिया का ध्यान तुरंत ही हैली की गर्भावस्था की ओर चला गया जबकि एक पुरुष सेलिब्रिटी और भावी पिता द्वारा सार्वजनिक रूप से अपनी कमजोरी साझा करने के महत्व पर बहुत कम ध्यान दिया गया। फिर भी, बीबर का सोशल मीडिया पोस्ट उनके आंतरिक संघर्ष को उजागर करने के लिए काफी है। भावनात्मक दर्द गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से जुड़ा हुआ है। लेकिन, पुरुषों की भावनाओं और कमजोरियों की अभिव्यक्ति के प्रति लोगों की प्रतिक्रिया अक्सर कमतर होती है, भले ही उन्हें पूरी तरह खारिज नहीं किया जाता हो। उदाहरण के लिए, बीबर के आंसू भरे पोस्ट के जवाब में हैली ने उन्हें काफी रोने वाला बताया।



### कनाडाई रैप गायक ने अपने दिल की भावनाएं पेश की

एक साल पहले, कनाडाई रैप गायक डैक्स ने टू बी ए मैन गाना रिलीज किया था। उस समय उन्होंने कहा था, यह एक ऐसा गाना है जिसमें मैंने अपने दिल की भावनाएं पेश की हैं। मैं प्रार्थना कर रहा हूं कि यह उन सभी तक पहुंचे जिन्हें इसकी जरूरत है। आज, इस गाने का संदेश समय के अनुकूल है। इस गाने का भाव कुछ इस तरह है : हां, मुझे पता है कि यह जिंदगी आपको वाकई हरा सकती है, तुम चीखना चाहते हो लेकिन तुम आवाज नहीं निकाल पाओगे, इतना वजन है कि तुम उसे थामे हुए हो लेकिन एक पुरुष के तौर पर कोई भावना नहीं दिखा पाओगे, जो अनकही रह जाएगी।

### अमेरिकी सर्जन ने महामारी बताया

पुरुषों पर अकेलेपन का असर को लेकर अमेरिकी सर्जन डॉ. विवेक मूर्ति ने एक सलाह जारी की, जिसमें उन्होंने देश में अकेलेपन और अलगाव को एक महामारी के रूप में वर्णित किया। हाल ही में हमने 75 नए और भावी पिताओं पर एक अध्ययन किया, जिसमें उन्होंने व्यक्तिगत और सामूहिक आघात से निपटने की आवश्यकता पर बात की। उन्होंने कहा कि इससे अंतत: उनके परिवारों को सहायता मिलेगी। लेकिन नए और भावी पिताओं का कहना है कि पुरुषों को उनके मानसिक स्वास्थ्य में मदद करने के लिए संसाधन अक्सर अनुपलब्ध या बहुत सीमित होते हैं।

### पुरुष होने के नाते बाहर से दिखाते मजबूत

शोध में शामिल एक प्रतिभागी ने कहा एक पिता और एक पुरुष होने के नाते, आपको माहौल खुशनुमा रखना है और बाहर से खुद को मजबूत दिखाना है। लेकिन, अंदरुनी तौर पर आप कुछ अलग ही महसूस कर रहे होते हैं। शोध एक स्थायी सामाजिक स्वास्थ्य चुनौती को दर्शाता है, वह चुप्पी जो आमतौर पर पुरुषों के मानसिक स्वास्थ्य के इर्द-गिर्द रहती है।

## एक नजर

### ईरान में भूकंप के झटकों में 28 लोग घायल

**तेहरान।** ईरान के पूर्वी प्रांत उत्तरी खुरासान के बोजनुर्द काउंटी में रविवार को आए भूकंप के तीव्र झटकों के कारण कम से कम 28 लोग घायल हो गए। आधिकारिक समाचार एजेंसी इरना ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने बताया कि भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.2 मापी गयी एवं कम से कम 28 लोग घायल हो गए। ईरानी भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार स्थानीय समयानुसार 16:13 बजे आए भूकंप की गहराई आठ किमी पर थी। इसके बाद चार झटके महसूस किए गए जिनमें एक ही काउंटी में 4.7 और 4.1 तीव्रता के दो झटके शामिल थे।

### पाकिस्तान में युवक पर लगा ईशनिंदा का आरोप

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की पुलिस ने साहीवाल जिले के चिचावतनी शहर के एक युवक (25) पर सोशल मीडिया पर साझा पोस्ट को लेकर ईशनिंदा का आरोप लगाया है। स्थानीय अखबार डॉन ने सोमवार को बताया कि शनिवार रात चिचावतनी के सदर थाना के सहायक उप-निरीक्षक शमसुल हसन की शिकायत पर युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। वह शख्स इस्लामाबाद में सीनेट का कर्मचारी था, लेकिन हाल ही में उसे नौकरी से हटा दिया गया।

### इराक के आतंकवादी गुट ने ड्रोन हमले की जिम्मेदारी ली

**बगदाद।** इराक के आतंकवादी गुट एक शिया मिलिशिया समूह ने रविवार शाम को जॉर्डन घाटी में एक इजराइली ठिकानों पर ड्रोन हमले की जिम्मेदारी ली। मिलिशिया समूह ने एक बयान में कहा कि रविवार को अपनी तरह का पांचवां हमला गाजा पट्टी के लोगों के साथ एकजुटता में किया गया था जिसमें दुश्मन के गढ़ों को निशाना बनाना जारी रखने का संकल्प लिया गया था। समूह ने प्रभावित स्थलों को निर्दिष्ट नहीं किया या किसी हताहत की सूचना नहीं दी। इससे पहले दिन में समूह ने इज़रायली ठिकानों पर कई ड्रोन और मिसाइल हमलों की जिम्मेदारी ली जिसमें भोर में दक्षिणी इज़राइल में स्थलों पर ड्रोन हमला, उत्तर में कई स्थलों पर उन्नत अल-अरक़ब क्रूज मिसाइलों से हमले और सुबह में जॉर्डन घाटी में एक इजराइली सैन्य अड्डे पर ड्रोन हमला शामिल है।

# भारत में विकास की अनंत संभावनाएं : मोदी

## प्रधानमंत्री ने अमेरिका की 15 प्रमुख प्रौद्योगिक कंपनियों के सीईओ के साथ की बैठक

न्यूयॉर्क, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका में प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) के साथ सार्थक गोलमेज सम्मेलन में हिस्सा लिया और इस दौरान भारत में विकास की संभावनाओं पर जोर दिया एवं विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने की पहलों पर चर्चा की। बैठक मोदी की तीन दिवसीय अमेरिका यात्रा के दूसरे दिन रविवार को लोट्टे न्यूयॉर्क पैलेस होटल में हुई।

बैठक में एआई क्वांटम कंप्यूटिंग और सेमीकंडक्टर जैसी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों पर काम करने वाली अमेरिका की 15 प्रमुख कंपनियों के सीईओ ने हिस्सा लिया। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया न्यूयॉर्क में प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनियों के सीईओ के साथ सार्थक गोलमेज सम्मेलन में हिस्सा लिया। प्रौद्योगिकी, नवोन्मेष और अन्य विषयों से संबंधित पहलुओं पर चर्चा की। इस क्षेत्र में भारत की प्रगति पर भी प्रकाश डाला। भारत के प्रति आशावादी दृष्टिकोण को देखकर मुझे खुशी हुई। विदेश मंत्रालय के अनुसार, सम्मेलन के दौरान मोदी ने कहा कि प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग और महत्वपूर्ण एवं उभरती प्रौद्योगिकियों पर पहल (आईसीईटी) जैसे प्रयास भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी के मूल में हैं। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि उनके तीसरे कार्यकाल में भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा और उन्होंने कंपनियों को सहयोग एवं नवोन्मेष के मामले में भारत की विकास गाथा का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। कंपनियां भारत में दुनिया के लिए सह-विकास, सह-डिजाइन और सह-उत्पादन कर सकती हैं। भारत के आर्थिक और तकनीकी विकास से अवसरों का लाभ उठा सकती हैं। मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई, अडोब के सीईओ शांतनु नारायण, एक्सेंचर की सीईओ जूली स्वीट के सीईओ शामिल हुए।



न्यूयॉर्क के एक होटल में कंपनियों के सीईओ के साथ उपस्थित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। एजेंसी

### प्रधानमंत्री ने आर्थिक परिवर्तन पर प्रकाश डाला

बौद्धिक संपदा की सुरक्षा और तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने के लिए भारत की गहरी प्रतिबद्धता के बारे में उद्योगपतियों को आश्वस्त करते हुए मोदी ने देश में विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी विनिर्माण और सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में हो रहे आर्थिक परिवर्तन पर प्रकाश डाला। सम्मेलन में भाग लेने वाले अन्य लोगों में एएमडी की सीईओ लिजा सु, एचपी इंक के सीईओ एनरिक लोरेस, आईबीएम के सीईओ अरविंद कृष्णा, मॉडर्ना के चेयरमैन डॉ. नौबर अफयान और वेरिजॉन के सीईओ हैंस वेस्टबर्ग शामिल थे।

### भारत को सेमीकंडक्टर विनिर्माण का वैश्विक केंद्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध

सीईओ के साथ बैठक में मोदी ने जोर देकर कहा कि उनकी सरकार भारत को सेमीकंडक्टर विनिर्माण का वैश्विक केंद्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने देश को बायोटेक पावरहाउस के रूप में विकसित करने के लिए भारत की बायो ई3 (पर्यावरण, अर्थव्यवस्था और रोजगार के लिए जैव प्रौद्योगिकी) नीति के बारे में भी बात की। उन्होंने एआई के विषय पर कहा कि भारत की नीति सभी के लिए एआई को बढ़ावा देने तथा इसके नैतिक और जिम्मेदारी से उपयोग पर आधारित है।

### सीईओ ने भारत के साथ निवेश और सहयोग करने में गहरी रुचि व्यक्त की

सीईओ ने ऐसे वैश्विक प्रौद्योगिकी केंद्र के रूप में भारत के बढ़ते प्रभुत्व की सराहना की, जो इसकी नवोन्मेष-अनुकूल नीतियों और समृद्ध बाजार के अवसरों से प्रेरित है। उन्होंने भारत के साथ निवेश और सहयोग करने में भी गहरी रुचि व्यक्त की। सम्मेलन में भाग लेने वाले अन्य लोगों में बायोजेन इंक के सीईओ क्रिस विहबैकर, ब्रिस्टल मायर्स स्क्विब के सीईओ क्रिस बोर्नर, एली लिली एंड कंपनी के सीईओ डेविड ए रिक्स, एलएएम रिसर्च के सीईओ टिम आर्चर, ग्लोबलफाउंड्रीज के सीईओ थॉमस कौलफील्ड और किंड्रिल के सीईओ मार्टिन श्रोएटर शामिल थे।

# प्रधानमंत्री ने औली समेत विश्व के कई नेताओं से की मुलाकात

न्यूयॉर्क, एजेंसी

- द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की
- प्रधानमंत्री ने फिलस्तीनी राष्ट्रपति सहित से की गहन चर्चा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने नेपाली समकक्ष केपी शर्मा ओली और फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास सहित विश्व के कई नेताओं के साथ अलग-अलग बैठकें की, जिनमें द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। मोदी अमेरिका की तीन दिवसीय यात्रा के तहत न्यूयॉर्क में हैं। उन्होंने रविवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) सत्र के इतर अब्बास से मुलाकात की।

मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, न्यूयॉर्क में प्रधानमंत्री केपी ओली के साथ बैठक बहुत अच्छी रही। भारत और नेपाल की मित्रता बहुत मजबूत है और हम अपने संबंधों को और गति देना चाहते हैं। हमारी बातचीत ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और व्यापार जैसे मुद्दों पर केंद्रित रही। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट में कहा गया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घनिष्ठ मित्रता को और प्रगाढ़ करते हुए यूएनजीए सत्र से इतर नेपाल के प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली से आज मुलाकात की। इसमें कहा गया दोनों नेताओं ने सदियों पुरानी, बहुआयामी और विस्तारित साझेदारी के तहत सभी क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के लिए आपसी हित के मामलों पर चर्चा की। ओली प्रधानमंत्री का कार्यभार संभालने के बाद सबसे पहले किसी पड़ोसी देश का दौरा करने की परंपरा को तोड़ते हुए संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 79वें सत्र में भाग लेने के लिए अपनी पहली विदेश यात्रा पर अमेरिका आए हैं।



नेपाल के प्रधानमंत्री के साथ मोदी।

### गाजा में मानवीय स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की

मोदी ने फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास से भी यहां मुलाकात की और गाजा में मानवीय स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता की शीघ्र बहाली के प्रति भारत के समर्थन की पुष्टि की। मोदी ने एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, न्यूयॉर्क में (फलस्तीन के) राष्ट्रपति महमूद अब्बास से मुलाकात की।

## अगर हारा, तो 2024 का चुनाव मेरा आखिरी मुकाबला होगा : ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को कहा कि अगर वह 2024 में व्हाइट हाउस (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक कार्यालय और आवास) में वापसी करने में नाकाम रहते हैं तो उन्हें नहीं लगता कि वह 2028 में राष्ट्रपति पद के लिए दोबारा चुनाव लड़ेंगे। जब पत्रकार शेरिल एटकिसन ने ट्रंप से फिर से राष्ट्रपति चुनाव लड़ने के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा नहीं, मैं (चुनाव नहीं) लड़ पाऊंगा। ट्रंप की यह टिप्पणी इसलिए उल्लेखनीय है क्योंकि उन्होंने व्हाइट हाउस के लिए चौथी बार दावेदारी की संभावना को खारिज कर दिया है और वह कभी इस संभावना को स्वीकार नहीं करते हैं कि वह वैध रूप से चुनाव हार सकते हैं।

# रूसी व अमेरिकी नागरिक को लेकर पृथ्वी पर लौटा कैप्सूल

मॉस्को, एजेंसी

- दो यात्रियों ने परिक्रमा कर रही अंतरिक्ष प्रयोगशाला में रिकॉर्ड-लंबा प्रवास पूरा किया

अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से दो रूसी और एक अमेरिकी नागरिक को लेकर सोयूज कैप्सूल सोमवार को कजाकिस्तान में उतरा। इसके साथ ही रूस के दोनों अंतरिक्ष यात्रियों का लंबा प्रवास समाप्त हो गया। आईएसएस से अलग होने के लगभग साढ़े तीन घंटे बाद कैप्सूल कजाकिस्तान के मैदान पर उतरा। ओलेग कोनोनेंको और निकोलाई चूब अंतरिक्ष स्टेशन पर 374 दिन बिताने के बाद वापस लौटे, जो वहां उनका सबसे लंबा निरंतर प्रवास था। इस कैप्सूल में अमेरिकी ट्रेसी डायसन भी थीं, जो छह महीने तक अंतरिक्ष स्टेशन में रहीं। कोनोनेंको और चूब 15 सितंबर, 2023 को अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रवाना हुए और शुक्रवार को आईएसएस पर सबसे लंबे समय तक लगातार रहने का रिकॉर्ड बनाया। डायसन, बाहरी अंतरिक्ष में अपने तीसरे मिशन में छह महीने अंतरिक्ष में रहीं।



## लेबनान एक और गाजा में हो सकता है तब्दील : गुटेरेस

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि इजराइल व हिजबुल्ला के मध्य बढ़ते हमलों के बीच लेबनान एक और गाजा में तब्दील हो सकता है। गुटेरेस ने अमेरीकी समाचार आउटलेट सीएनएन के साथ एक साक्षात्कार के दौरान कहा कि लेबनान में संचार उपकरणों के हाल ही में विस्फोट का मतलब है कि बहुत अधिक वृद्धि की संभावना है जिसके बारे में उन्हें डर है कि यह दुनिया के लिए विनाशकारी त्रासदी हो सकती है। लेबनान के लिए संयुक्त राष्ट्र की विशेष समन्वयक जीनिन हेनिस ने एक्स पर कहा क्षेत्र एक आसन्न तबाही के कगार पर है और इसे अनदेखा नहीं किया जा सकता है, ऐसा कोई सैन्य समाधान नहीं है जो किसी भी पक्ष को सुरक्षित कर सके।

# इजराइली हमलों में 182 लोग मारे गए

## लेबनान के लिए 2006 के बाद सर्वाधिक घातक दिन, 300 ठिकानों पर हमला किया

मरजायौन (लेबनान), एजेंसी

लेबनान के लिए वर्ष 2006 के बाद सोमवार सर्वाधिक घातक दिन रहा और हिजबुल्ला के खिलाफ इजराइल के हमलों में 180 से अधिक लोग मारे गए। इजराइली सेना ने हिजबुल्ला के खिलाफ व्यापक हवाई अभियान से पहले दक्षिणी और पूर्वी लेबनान के निवासियों को अपने घर खाली करने की चेतावनी दी थी।

दक्षिण लेबनान से इजराइल की चेतावनी के बाद हजारों लेबनानी अपने घरों को छोड़कर भाग गए। वर्ष 2006 के इजराइल-हिज़बुल्ला युद्ध के बाद इस सबसे बड़े पलायन में दक्षिणी बंदरगाह शहर सिडोन के पास मुख्य राजमार्ग बेरूत की ओर जाने वाली कारों से जाम हो गया। इजराइल की सेना ने कहा कि उसने हिजबुल्ला आतंकवादी समूह के खिलाफ दबाव बढ़ाते हुए लेबनान में सोमवार को लगभग 300 ठिकानों पर हमला किया। इजराइल की सेना ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में तस्वीर जारी करते हुए घोषणा की कि सैन्य प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल हर्जी हलेवी, तेल अवीव स्थित सैन्य मुख्यालय से अतिरिक्त हमलों को मंजूरी दे रहे हैं। हिजबुल्ला के खिलाफ पिछले एक साल से चल रही लड़ाई में यह सबसे घातक हवाई हमलों में से एक है।



# मध्यस्थता सुनवाई में रूस पर जड़े आरोप

द हेग, एजेंसी

- यूक्रेन और रूस के बीच एक उच्चस्तरीय मध्यस्थता मामले की सुनवाई शुरू

यूक्रेन और रूस के बीच एक उच्च-स्तरीय मध्यस्थता मामले की सुनवाई सोमवार को शुरू हुई। इस दौरान, कीव ने मॉस्को पर रणनीतिक रूप से अहम अजोव सागर और केर्च जलडमरूमध्य पर अवैध रूप से कब्जा करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। स्थायी मध्यस्थता न्यायालय (पीसीए) में यह सुनवाई रूस और यूक्रेन से जुड़े अंतर्राष्ट्रीय कानूनी मामलों की श्रृंखला में नवीनतम है। ये मामले 2014 में मॉस्को के क्रीमिया पर कब्जा करने और 2022 में यूक्रेन पर पूर्ण आक्रमण करने से जुड़े हुए हैं। यूक्रेन के प्रतिनिधि एंटन कोरिनविच ने मध्यस्थों के एक पैनल को बताया रूस अजोव सागर और केर्च जलडमरूमध्य पर कब्जा करना चाहता है। इसलिए उसने प्रवेश स्थल पर एक विशाल द्वार बनाया है, ताकि छोटी रूसी नौकाओं को प्रवेश की अनुमति दी जा सके और अंतर्राष्ट्रीय जहाजों को बाहर रखा जा सके। प्रवेश द्वार से यूक्रेन का संदर्भ क्रीमिया पर कब्जे के बाद केर्च जलडमरूमध्य पर रूस द्वारा बनाए गए एक पुल से था।



मध्यस्थता सुनावाई के दौरान पक्ष रखते जेलेंस्की। • एजेंसी

### जेलेंस्की ने गोला बारूद फैक्टरी का दौरा किया

**स्क्रैंटन (अमेरिका)।** यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने अत्यधिक कड़ी सुरक्षा के बीच रविवार को पेंसिल्वेनिया में गोला-बारूद की उस फैक्टरी का दौरा किया जो रूसी बलों के साथ उनके देश की लड़ाई के लिए आवश्यक हथियारों में से एक का उत्पादन कर रही है। स्क्रैंटन सेना गोला बारूद संयंत्र के निरीक्षण के साथ ही अमेरिका की उनकी यात्रा शुरू हो गयी है और इस दौरान वह युद्ध में यूक्रेन के लिए समर्थन जुटाने का प्रयास करेंगे।

## माली के राष्ट्रपति ने आतंकवाद पर अंकुश लगाने का लिया संकल्प

**बमाको।** पश्चिमी अफ्रीकी देश माली के राष्ट्रपति असिमी गोइता ने देश में शांति, सुरक्षा एवम विकास को आगे बढ़ाने के अपने दृढ़ संकल्प की पुष्टि की और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई तेज करने का संकल्प लिया। गोइता ने देश की आजादी की 64वीं वर्षगांठ के अवसर पर एक सैन्य परेड के बाद यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा जब तक हमारा देश इस खतरे से पूरी तरह मुक्त नहीं हो जाता, हम दिन-रात इन सशस्त्र समूहों का समर्थन करेंगे। मालियान लोगों की प्रतिबद्धता की प्रशंसा करते हुए, जो चुनौतियों के बावजूद राष्ट्र की रक्षा के लिए अपने मिशन में मालियान सशस्त्र बलों का सक्रिय रूप से समर्थन करना जारी रखते हैं। गोइता ने रक्षा और सुरक्षा बलों के आसपास एक पवित्र संघ की आवश्यकता पर जोर दिया।

**बदलाव** श्रीलंका के नव नियुक्त राष्ट्रपति ने ली शपथ

# दिसानायके ने नया युग लाने का किया वादा

कोलंबो, एजेंसी

मार्क्सवादी नेता अनुरा कुमारा दिसानायके ने सोमवार को श्रीलंका के नए राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली और कहा कि वह अपने देश में पुनजार्गरण की शुरुआत करेंगे। दिसानायके (56) ने सोमवार को श्रीलंका के नौंवे राष्ट्रपति के तौर पर शपथ ली। प्रधान न्यायाधीश जयंत जयसूर्या ने राष्ट्रपति सचिवालय में उन्हें शपथ दिलायी।

दिसानायके ने चुनाव जीतने के बाद पहली बार देश को संबोधित करते हुए जनादेश का सम्मान करने और शांतिपूर्ण सत्ता हस्तांतरण के लिए पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे का आभार जताया। उन्होंने शपथ ग्रहण करने के बाद दिए संबोधन में कहा मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि मैं लोकतंत्र को बचाने और नेताओं का सम्मान बहाल करने की दिशा में काम करने के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रयास करूंगा क्योंकि लोगों के बीच नेताओं के आचरण को लेकर संदेह है। दिसानायके ने कहा कि श्रीलंका अलग-थलग नहीं रह सकता और उसे अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वह कोई जादूगर नहीं हैं बल्कि उनका उद्देश्य आर्थिक संकट से जूझ रहे देश को ऊपर उठाने की सामूहिक जिम्मेदारी का हिस्सा बनना है। मैं इस देश में जन्मा आम नागरिक हूं। मुझमें क्षमताएं और अक्षमताएं हैं। मैं कुछ चीजें जानता हूं और कुछ नहीं जानता। मेरा पहला काम लोगों की प्रतिभाओं का इस्तेमाल करना और इस देश का नेतृत्व करने के लिए बेहतर निर्णय लेना है। उन्होंने कहा मैं सामूहिक जिम्मेदारी में एक योगदानकर्ता बनना चाहता हूं।



शपथ ग्रहण समारोह के बाद संबोधन करते राष्ट्रपति दिसानायके।

### मोदी का जताया आभार

एक अन्य पोस्ट में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उन्हें बधाई दिए जाने पर उनका आभार जताया और कहा कि वह द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिबद्धता का समर्थन करते हैं। दिसानायके ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी, आपके स्नेहपूर्ण शब्दों और समर्थन के लिए धन्यवाद।